The guilds had their own funds and properties which were used for the maintenance of religious institutions. They received permanent deposits, annual interest of which was devoted on specific charities. The Kāmān Stone Inscription.[47] (786-205 A. D.) refers to the guilds of potters, artisans and gardeners that made permanent endowments. Similarly the Gwalior Inscription[48] of 877 A. D. records that the guilds of oilmen and of gardeners made some permanent endowments to the temple. The Pratāpgarh Stone Inscription of Mahendrapāla-II (946 A. D.) found from Rājasthān refers to the guild of traders making endowment in favour of Vaṭayakṣiṇīdevī.[49] The Jain Kathā texts like the *Bṛhatkathākośa* and *Puṇyāsravakathākośa*[50] also refer to Śresṭhis or heads of the merchants' guilds who donated wealth worth crores for repairs of the temples and ritualistic worship etc.

---

45. *Bṛh*, XVII, 11, 2; Nār. X, 33.

46. *Bṛh.*, XVII, 11 12.

47. *E. I.* XXIV, p. 335.

48. *E. I.*, I, p. 159.

49. *Select Inscriptions*, Vol. II, 1st Edition, Delhi, 1983, p. 249 FF.

50. *Pu. K. K.*, p 69.

From the economic point of view, the guilds of the primary producers were considered very useful for the society. They attended to the needs of the community. The guild-life led to much economic progress in ancient India. The Śreṣṭhi worked as a link between the king and business community. Two inscriptions (592 A. D. and 10th century A. D.)[51] belonging to the Gujarat-Kathiawār region confirm this fact. The permanent organisation of guilds represents the cooperate activity in the ancient economic life at its best. Unitedly, the traders could put up a successful resistance to the antisocial elements like robbers and wild tribes etc.

The organisation of crafts and trades in guilds gave to craftsmen and traders great political and economic power. The heads of the guilds played an important role in state polity. The rules and regulations of the guilds were usually accepted by the king.[52] In certain specific cases the king could interfere with them,[53] otherwise the king was bound to accept their decision.

Often persons related to the royal family were appointed at the post of Śreṣṭhi as is evident from the *Puṇyāsravakathākośa*.[54] In the Paṇḍukeśvara Plate of Lalitāsurdeva[55] (later half of the 9th century A. D.), the

---

51. R. C. Majumdar, p. 80-81.

52. Yāj. II, 191-2.

53. *Bṛh.* XVVII, 19.

54. *Pu. K. K.*, p. 139, Story No. 28. The hereditary character of the post of Śreṣṭhi is known from *B. K. K.*, p. 265, *Kathākośa*, p. 7, and Pu. K. K., p. 143.

55. I. A. XXV, p. 177 FF.

'Śreṣṭhi-Purogāḥ' or the foremen of guilds and Vaṇikas or merchants figure as important personages among officials. The chiefs of guilds played an important role in local administration also. It appears from the Siyaḍoni Inscription[56] that the merchants were the members of the local administrative body known as 'Pañchamukha-nagara'. The merchants included Sādhu (Sāhūkāra), Śreṣṭhi (Seṭha), Ṭhākur, Sonī (goldsmith), Kaṁsāra (brazier) and the Vaṇijyakāras (Vaṇjras). From the Shergarh Inscription[57] also it is known that the merchants became the members of the Town Committee, which was incharge of the collection of the market taxes.

The guilds also contributed immensely towards the development of art. The worker's guilds and the guilds of artists through their skill were instrumental in the growth and development of the art-activity. The guilds made liberal donations towards art-activity in the country. The Jain Kathā texts[58] refer to some Śreṣṭhis who had erected a number of Jain temples. Indian art is an outcome of different professional groups. The different artisans and craftsmen working together under a corporate organisation contributed immensely towards the development of art. Thus it is quite evident from the Jain Kathā literature as well as the other contemporary literary and epigraphic records that the economic guilds played a significant role in the Socio-economic


---

56. A. K. Majumdar, Chalukyas of Gujarāt; p. 233. *Sam. Kahā*—VI, 560-61, also refers to the Pañcakula', of which merchants and industrists were the members.

57. K. C. Jain, Malwā Through The Ages, p. 502.

58. *Pu. K. K.*, p. 186, 320.

and cultural life of ancient India. On the one hand they led to much economic progress of the common man for the individual craftsman could thus find scope to develop his skill and talent and on the other hand, they helped in the growth and development of the State economy. That is why great importance was attached to guild life not only by the common people but also by the State.



# "मूल्य" की अवधारणा और स्वरूप

## ( मानव-स्वभाव के परिप्रेक्ष्य में )

अतुल कुमार सिनहा

बरेली

Man is a social being. Unlike animals, he has a certain goal of his very existence. His intellect pushes him incessantly to go ahead and proceed further and further to achieve a superior state of life from finite to infinite. This is the process of self-realization, i. e. *mokṣa*, conceived in Indian Philosophy as the final goal of human life. This is the highest level of knowledge. It is in itself a *sādhya* after which nothing remains unknown.

पशु-जीवन की भाँति मानव-जीवन मात्र इन्द्रियजगत् तक ही सीमित नहीं है। इन्द्रिय-विषय-बोध उसकी चेतना का निम्नतम स्तर है जो प्राणिमात्र का स्तर है और प्राथमिक रूप से एक "प्राणी" होने के कारण मानव जीवन के लिए भी एक अनिवार्य सत्य है किन्तु जहाँ पशु-जगत् के लिए चेतना का यह स्तर ही अंतिम स्तर है और उसके किसी उच्चतर स्तर की हम कल्पना नहीं कर सकते वहीं मानव-समाज के मूल्याभिमुखी होने के कारण यह स्तर निम्नतम स्तर से ऊपर नहीं उठ पाता।[1] प्राणि जगत् को सामान्यता में यही मानव-जीवन का वैशिष्ट्य है जो उसे पशु-स्तर से पृथक् करता है अन्यथा जैव-चेतना के प्राथमिक धरातल पर दोनों में आकृति-भेद के अतिरिक्त अन्य कोई अन्तर नहीं है।[2] बुद्धि से युक्त होने के कारण एक स्तर के बाद मानव अपनी सहज प्रवृत्तियों का दास बन कर नहीं रहता बल्कि अपने संकल्पयुक्त विवेक के द्वारा इन प्रवृत्तियों को अपने अधीन कर वह एक उच्चतर जीवन की ओर उन्मुख होता है और इन्द्रिय जगत् के क्षुद्र बन्धनों का

---

१. एम० हिरियन्ना, इण्डियन कांसेप्शन आॅफ वैल्यूज, मैसूर, १९७५, पृ० ५-६.

२. ऐतरेय आरण्यक, २.३.२. हिरियन्ना, वही, पृ० ५.

अतिक्रमण कर आत्म-स्वातन्त्र्य की ओर कदम बढ़ाता है जो उसके आत्म-स्वरूप की प्रथम अभिव्यक्ति है।[३] ससीम से असीम तक की यह यात्रा ही मानव-जीवन के सम्पूर्ण विकास की कहानी है और मूल्य इस लम्बी यात्रा के दौरान स्थान-स्थान पर आने वाले वे पड़ाव हैं जहाँ थोड़ी देर ठहर कर मानव अपनी अब तक की यात्रा से उत्पन्न थकान दूर करता है और आगे की यात्रा के किए शक्ति-संचय करता है। नये-नये मूल्यों का अन्वेषण और एक मूल्य से दूसरे उच्चतर मूल्य की ओर अभिगमन, इस प्रकार, अपने-आप को जानने की ही क्रमिक प्रक्रिया है[४] जो चाहे सुकरात के know thyself के रूप में हो अथवा उपनिषदों के "आत्मानं विद्धि" के रूप में, मानव-संस्कृति के विकास का चरम स्तर है और उसी में मानव-जीवन अपनी पूर्णता प्राप्त करता है। अवर मूल्यों के व्यवस्थापन के माध्यम से मानव-संस्कृति का सम्पूर्ण विकास इस चरम मूल्य के चतुर्दिक् ही होता है और दृष्टि-भेद के अनुसार इस चरम मूल्य की अभिव्यक्ति में भले ही अन्तर दिखायी दे, है वह निर्विवाद रूप से आत्म-साक्षात्कार ही और उसी के सानुकूल होकर मानव-संस्कृति आत्म-लाभ करती है।[५]

## मूल्य चेतना अथवा मूल्य बोध

जैव-चेतना के निम्नतम स्तर पर मानव निर्विवाद रूप से एक प्राणी है किन्तु "बुद्धि" से युक्त होने के कारण प्राणि-जगत् में उसकी सामान्य सहभागिता के बावजूद अन्य प्राणियों की तुलना में उसकी श्रेष्ठता में भी सन्देह नहीं किया जा सकता।[६] प्राणी वह अवश्य है किन्तु है बुद्धि-प्रधान और उसकी यही विशिष्टता उसकी चेतना को जैव-चेतना की संकुचित परिधि से मुक्त कर उसे असीम और अनन्त की खोज के लिये उद्दिष्ट करती है,[७] फलस्वरूप सभ्यता और संस्कृति के नये-नये प्रतिमानों का अन्वेषण होता रहता है और मानव-जीवन अपने विकास की ऊँचाइयाँ तय करता चलता है। निम्न से उच्च, उच्च से उच्चतर और उच्चतर से उच्चतम की यह खोज ही मानव का मूल्यान्वेषण है और एक की प्राप्ति के बाद

---

३. जी० सी० पाण्डे, मूल्य-मीमांसा, जयपुर, १९७३, पृ० ७४-७५.

४. वही, पृ० ३२.

५. तु०, एन० के० देवराज, संस्कृति की दार्शनिक मीमांसा, लखनऊ, १९७२, पृ० १८६.

६. मूल्य-मीमांसा, पृ० ७५, तु०, एस०, राधाकृष्णन, ऐन आइडियलिस्ट व्यू ऑफ लाइफ, (पुनर्मुद्रित), दिल्ली, १९७९, पृ० २०८.

७. राधाकृष्णन, वही, पृ० २०८.

दूसरे को प्राप्त करने के लिये प्रेरित करने वाली जिज्ञासा-मूलक असंतुष्टि उसका मूल्यबोध है, जो चेतना और विवेक के सामंजस्य से युक्त उसके आत्मबोध के अतिरिक्त और कुछ नहीं है।[8] मूल्यबोध इस प्रकार पूर्णरूपेण चेतना का विषय है और जैसे-जैसे चेतना का विकास होता जाता है, वैसे-वैसे मूल्यबोध भी व्यापक होता चलता है यद्यपि एक स्तर के बाद विवेक से भी उसका अटूट सम्बन्ध स्थापित हो जाता है।[9] यही कारण है कि चेतना के जैव-स्तर पर मनुष्य का सारा मूल्यबोध जैव-आवश्यकताओं तक सीमित रहता है और उन आवश्यकताओं की पूर्ति में ही जीवन की सारी सार्थकता सिद्ध प्रतीत होती है। विवेक का सारा सम्बन्ध यहाँ जीवन-रक्षण से जुड़ा होता है। किन्तु चेतना और विवेक से संयुक्त होने के बावजूद इस स्तर का मूल्यबोध मूल्य विज्ञान के अध्येताओं के लिये वास्तविक मूल्यबोध नहीं कहा जा सकता क्योंकि मूल्यबोध में "शुभतर का वरण करने के लिये जो इच्छा-स्वातन्त्र्य" अनिवार्य रूप से होना चाहिये, वह इस स्तर पर नहीं होता। इस स्तर का मूल्यबोध, इस प्रकार, "विवशता का मूल्यबोध" है जिसे यदि मूल्यबोध नहीं कहा जा सकता तो भी चेतना (भले ही वह जैव-चेतना हो) तथा विवेक (भले ही वह जीवन-रक्षण-विवेक हो) से संयुक्त होने के कारण मूल्यबोध की पूर्वपीठिका माना जा सकता है।

मूल्यबोध का प्रारम्भ चेतना के अगले स्तर से होता है जब कि उसमें इच्छा और रुचि का भाव जागृत हो जाता है और "वरण" का प्रश्न जुड़ जाता है। उदाहरणार्थ—जीवित रहने के लिये भोजन करना मनुष्य की विवशता है किन्तु भोजन के लिये यदि उसे रोटी भी मिले तथा माँस और फल भी तो वह किसे ग्रहण करता है, यह उसकी इच्छा और रुचि पर निर्भर करता है और यही मानव के मूल्यबोध का निम्नतम स्तर है जो उसकी चेतना के प्राणि-स्तर से इन्द्रिय-स्तर तक के विकास को द्योतित करता है। यद्यपि इस स्थान पर यह शंका प्रकट की जा सकती है कि चेतना के स्तर का मूल्यबोध भी वास्तविक मूल्यबोध नहीं कहा जा सकता क्योंकि इस स्तर पर "वरण" विवेक के आधार पर स्वतंत्रतापूर्वक नहीं हो पाता बल्कि विभिन्न इन्द्रिय विषयों के विशिष्ट 'रसों' की पराधीनता में होता है तथापि ऐसा मानना ठीक नहीं लगता क्योंकि हम जानते हैं कि मूल्य-विज्ञान के किसी भी अध्ययन में इन्द्रियों के विषय को अलग करके नहीं देखा जा सकता

---

८. देखिए, एन० ए० निकाम. सम कांसेप्ट्स ऑफ इण्डियन कल्चर, शिमला, १९७३, पृ० १५.

९. "......जिस विषय को खोज का विषय होने पर विवेक का समर्थन प्राप्त होता हो, वही मूल्य है।"—मूल्य-मीमांसा, पृ० २१.

और मूल्यों की विभिन्न श्रेणियों के निर्धारण में उनकी भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है।[10] सुखवाद का दर्शन प्रतिपादित करने वाले पाश्चात्य और भारतीय विचारकों के विचारों का प्रारम्भ इन्हीं ऐन्द्रिक विषयों के उपभोग से उत्पन्न होने वाले स्थूल सुखों से होता है जो आगे चलकर मानसिक और आत्मिक सुखों की सूक्ष्मता तक जा पहुँचता है।[11] इस प्रकार मूल्यबोध का प्राथमिक स्तर अनुभूति-प्रधान होता है और विवेक से किसी न किसी प्रकार सम्बन्धित होते हुये भी उसमें तर्क की बहुत अधिक गुंजाइश नहीं होती।[12] सुख को सर्वोच्च मूल्य मानने वाली सुखवादी विचारधारा का सम्भवतः यही प्राथमिक स्तर है जो मामवीय मूल्यबोध का भी प्राथमिक स्तर है और मानव-जीवन एवं संस्कृति विकास का आरम्भ बिन्दु है। मूल्यबोध के इस प्राथमिक स्तर को पार कर मानव-चेतना क्रमशः व्यापक होती हुई मानव के सहज विवेक के नियंत्रण में मानव-स्वभाव के अनुकूल मूल्यों के एक विश्व का सृजन करती है और अन्ततः एक ऐसे उच्चतम स्तर पर जा पहुँचती है जो मानव के विवेक का भी उच्चतम स्तर है और मानव-स्वभाव का भी।[13] इस स्तर पर पहुँचकर सारे भेद अभेद हो जाते हैं और कोई द्वैत नहीं रह जाता। यह मानव का उच्चतम मूल्यबोध के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है। इस प्रकार मोटे तौर पर यह कहा जा सकता है कि मूल्यबोध मानव-स्वभाव में निहित वह नैसर्गिक चेतना है जो उसे "नाल्पे सुखमस्ति" का मंत्र देकर "भूमा" के अनुसंधान के लिये

---

१०. "मूल्य प्राण अथवा जैव प्रेरणाओं की साक्षात् एवं अनिर्वचनीय प्रतिक्रिया से उत्पन्न होते हैं और हमारे स्वभाव के रजस्तत्व (इर्रैशनल) भाग में उनका मूल है।" मूल्यबोध में "ऐन्द्रिय-ग्रहण का एक तत्व गृहीत विषय के गुण के रूप में परिवर्तित हो जाता है।" जार्ज सैन्टायना, द सेन्स ऑफ ब्यूटी, पृ० १९, ४४, मूल्य-मीमांसा, पृ० ६७ पर उद्धृत।—साथ ही देखिए एन० के० देवराज, फिलासफी, रिलिजन एण्ड कल्चर, वाराणसी, १९७४ पृ० २.

११. देखिए—एच० रैशडाल, द थियरी ऑफ गुड एण्ड ईविल, जिल्द—१ लंदन, १९२४, पृ० २५ तथा आगे।

१२. "सुख-संवेदन और दुःख से मुक्ति ही एक मात्र एषणीय लक्ष्य है।"—"चरम साध्यता को तर्क से प्रमाणित नहीं किया जा सकता।" "सुख की चरम-साध्यता लोक सिद्ध है।" जे० एस० मिल०, यूटिलिटेरियनिज्म, पृ० १०, ५२, ५३, जी० सी० पाण्डे, द्वारा मूल्य-मीमांसा, पृ० ६७ पर उद्धृत,

१३. तु०, राधाकमल मुकर्जी, द डेस्टिनी ऑफ सिविलिजेशन, बम्बई, १९६४, पृ० २२.

प्रेरित करती रहती है[१४] और उसे उच्चतम अथवा पूर्णतम से एक बिन्दु से भी कम की स्थिति में समझौता नहीं करने देती।

## मूल्य-अवधारणा एवं स्वरूप

मूल्यबोध के इस संक्षिप्त विवेचन के बाद जो प्रश्न अत्यन्त स्वभाविक रूप से हमारे सामने उठते हैं, वे ये कि आखिर मूल्य क्या है और मानव-स्वभाव के साथ उसका सम्बन्ध क्या है? उसका स्वरूप क्या है? वह विषयगत है अथवा विषयीगत यदि विषयगत है तो क्या उसका पूरी तरह से वस्तुनिष्ठ विश्लेषण किया जा सकता है और यदि विषयीगत है तो क्या उसकी वस्तु-निरपेक्ष सत्ता सम्भव है? इन प्रश्नों का उत्तर पाने के लिये हमें एक बार पुनः मानव जीवन और पशुजीवन के बीच की विभाजक रेखा को छूना पड़ेगा और मानव-चेतना को प्राणिमात्र की चेतना से पृथक् करना पड़ेगा क्योंकि यद्यपि इसमें कोई सन्देह नहीं किया जा सकता कि मूल्य चेतना का विषय है तथापि उसका बोध विवेक के द्वारा ही सम्भव है और इसी कारण वह मानवीय चेतना का विषय है। विवेक का अभाव ही पशुत्व का प्रमुख लक्षण है।[१५]

जैसा कि ऊपर संकेत किया जा चुका है, "पशु-जीवन के समान मानव-जीवन एक सहज और नियत प्रवृत्ति-चक्र में बँधा हुआ नहीं है। आत्मबोध के विकास के साथ मनुष्य में अपनी प्रवृत्तियों की ओर एक सजग भाव उदित होता है जो उनके सहज रूप को पूरी तरह से स्वीकार नहीं करता। अज्ञात-विषयक प्रवृत्तियों से बरबस संचालित न होकर मनुष्य विवेक के द्वारा अनुमोदित विषयों के अनुसंधान में अपनी स्वतन्त्रता पाता है। आत्मबोध, विवेक और स्वतंत्रता के न्यूनाधिक अवभास नियत प्राकृतिक प्रवृत्ति-चक्र को मानवीय पर्येषणा के अनन्त ऋजुपथ में रूपान्तरित करने की ओर उद्दिष्ट रहते हैं। यथाप्राप्त विषयों के अन्तराल से आदर्श विषयों की खोज, यही मनुष्य का मनुष्योचित जीवन है और यही मूल्यान्वेषण अथवा पर्येषणा है।"[१६] स्पष्ट है कि मूल्य-बोध का कोई भी विवेचन मानव-स्वभाव-बोध के बिना सम्भव नहीं है। मूल्य मानव-स्वभाव की नैसर्गिकता

---

१४. "यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ति।" छान्दोग्य उपनिषद्, ७.२३.१.

१५. देखिए जी० सी० पाण्डे, भारतीय परम्परा के मूल स्वर, दिल्ली १९९१, पृ० ६३.

१६. मूल्य-मीमांसा, पृ० ३०.

से ही उद्भूत होते हैं,[१७] बल्कि यह कहना शायद अधिक उचित होगा कि वे मानव-स्वभाव के अपने ही स्वरूप की बाह्य अभिव्यक्ति हैं और जैसे-जैसे मानव-स्वभाव का विकास होता जाता है वैसे-वैसे नये और उच्चतर मूल्यों का सृजन होता चलता है।[१८] उच्चतम स्तर का स्वभाव-बोध उच्चतम मूल्य को जन्म देता है। मूल्य, इस प्रकार, मानव-स्वभाव का संतुष्टि-बोध है[१९] और उन्हीं के माध्यम से मानव-स्वभाव के क्रमिक विकास का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है।

अपने नैसर्गिक रूप में मानव-स्वभाव चेतना का एक पुंज है जिसमें एक ओर जहाँ जैव-चेतना का वह सामान्य स्तर है जो प्राणिमात्र का स्तर है और अपनी सहज प्रवृत्तियों की अनिवार्य संतुष्टि के लिये उसके द्वारा किये गये प्रयासों के माध्यम से अभिव्यक्त होता है, वहीं दूसरी ओर उसमें अपनी उच्चता और दिव्यता का भी बोध है जो उसे किसी निम्नतर स्थिति में संतुष्ट नहीं रहने देता और उसे एक के बाद दूसरे उच्चतम आदर्श की खोज के लिये प्रेरित करता रहता है तथा उच्चतम एवं पूर्णतम से तनिक भी कम की स्थिति पर संतुष्ट नहीं होता। विकास की प्रत्येक स्थिति चूँकि अपनी पूर्ववर्ती स्थिति पर इस प्रकार आधारित होती है कि पूर्व-स्थिति का अंतिम बिन्दु और वर्तमान स्थिति का प्रारम्भ-बिन्दु एक दूसरे से जुड़े होते हैं और इस प्रकार स्थितियों में परिवर्तन होते हुये भी उनमें एक सातत्य बना रहता है। अतः मानव-स्वभाव का विकास हो अथवा तदनुकूल मूल्यों का, प्रत्येक स्तर एक दूसरे से सम्बन्धित होता है और प्रत्येक मूल्य अपने से उच्चतर मूल्य के लिये आधार प्रस्तुत करता है। यही तथ्य मूल्यों की एक श्रेणीबद्ध व्यवस्था को जन्म देता है जो मानव-स्वभाव के निम्नतम स्तर को संतुष्ट करने वाले जैव-मूल्यों से प्रारम्भ होकर उसके उच्चतम स्तर को संतुष्ट करने वाले उच्चतम मूल्य तक जा पहुँचता है।[२०] इस व्यवस्था के अन्तर्गत सारे मूल्य जंजीर की कड़ियों

---

१७. एन० ए० निकाम, वही पृ० ४७.

१८. तु०, एन० ए० निकाम, समकांसेप्ट्स ऑफ इण्डियन कल्चर, (द्वि० सं०) शिमला, १९७३, पृ० ४.

१९. वही, पृ० ४७, विलियम लिलि, ऐन इन्ट्रोडक्शन टू इथिक्स, (पुनर्मुद्रित), दिल्ली, १९७५, पृ० २०८.

२०. एन० के० देवराज, फिलॉसफी, रिलिजन एण्ड कल्चर, वाराणसी, १९७४. द्रष्टव्य एस० एन० गुप्त, इण्डियन कांसेप्ट ऑफ वैल्यू, पृ० १६०, १६१, एस. राधाकृष्णन, आइडियलिस्ट व्यू ऑफ लाइफ, (पुनर्मुद्रित) दिल्ली, १९७६, पृ० २१६.

की तरह एक दूसरे से जुड़े होते हैं और निम्नस्तर मूल्य उच्चतर मूल्य की पूर्वपीठिका का काम करते हैं।[२१] इस आधार पर हम कह सकते हैं कि मूल्य मानव-स्वभाव का संतुष्टि-बोध है जो उसे (मानव-स्वभाव को) अपने "प्राप्त" के सीमित होने के कारण उससे असंतुष्ट होकर किसी उच्चतर "प्राप्य" की खोज के लिये प्रेरित करता है और उसके भी "प्राप्त" हो जाने पर उससे भी उच्चतर किसी अन्य "प्राप्य" की ओर उद्दिष्ट करता है। "प्राप्य" जब तक प्राप्त नहीं हो जाता, तब तक प्राप्य ही बना रहता है। "प्राप्त" हो जाने पर उसकी प्राप्यता समाप्त हो जाती है और वह "प्राप्त" हो जाता है। यही स्थिति मूल्य की है। किसी मूल्य को आदर्श अथवा लक्ष्य बना कर हम उसकी प्राप्ति के लिये उन्मुख होते हैं किन्तु ज्यों ही हम उसे प्राप्त कर लेते हैं वह वस्तु में रूपान्तरित हो जाता है और उसकी सारी मूल्यता किसी अन्य आदर्श में स्थानान्तरित हो जाती है जो अब हमारी प्राप्ति का लक्ष्य हो जाता है।[२२] मूल्य, इस प्रकार, एक अमूर्त अवधारणा है जिसे अनुभूत तो किया जा सकता है[२३] किन्तु स्पष्टतः व्यक्त नहीं किया जा सकता है।[२४] यही कारण है कि मूल्य को जानने के लिये हमें "तथ्य" की आवश्यकता पड़ती है और "तथ्य' के माध्यम से ही हम "मूल्य" का ज्ञान प्राप्त करते हैं। "तथ्य" का सारा महत्व इसी कारण है कि वे मूल्य को जानने में हमारे सहायक हैं और इसी में उनकी सारी मूल्यवत्ता भी समाहित है।[२५] किन्तु "मूल्यवत्ता" से युक्त होते हुये भी तथ्य मूल्य नहीं होते, यद्यपि मूल्य की बोधगम्यता तथ्य पर ही आधारित होती है। इस सैद्धान्तिक समस्या का व्यावहारिक समाधान तथ्य और मूल्य को अन्योन्याश्रित मानकर निकाला जा सकता है और यही "साधन" और "साध्य" की श्रेणी में मूल्य का व्यावहारिक विभाजन है।[२६] साधन मूल्य अपने-आप में मूल्य नहीं होते

---

२१. तु०, एम० हिरियन्ना, पूर्वोद्धृत, पृ० ९-१०, एस० एन० गुप्त, इण्डियन कांसेप्ट ऑफ वैल्यू, दिल्ली, १९७८, पृ० १५७.

२२. के० सी० भट्टाचार्य, 'द कांसेप्ट ऑफ वैल्यू" द फिलॉसाफिकल क्वार्टरली, जिल्द, ९, सं०-४, अमलनेर, खानदेश, पृ० १०.

२३ वही, पृ० १, डी० डी० रून्स, ए डिक्शनरी ऑफ फिलासफी, लंदन, १९४५, पृ० ३३०.

२४. तु०, एफ० सी० एस० शिलर, वैल्यू इन्टरनेशनल इन्साइक्लोपीडिया ऑफ सोशल साइन्सेज, जिल्द-१२, पृ० ५८४.

२५. देखिए एम० हिरियन्ना, पूर्वोद्धृत, पृ० २-३.

२६. इसका स्पष्टतम उदाहरण पुरुषार्थ-चतुष्टय के मूल्य हैं जो मानव जीवन के भौतिक और पारमार्थिक दोनों ही धरातलों को समाविष्ट कर लेते हैं और

बल्कि वे किसी साध्य-मूल्य की प्राप्ति का साधन होते हैं और उनकी सारी मूल्यवत्ता उनकी इस "साधनता" में ही समाहित होती है। किन्तु उनके माध्यम से ही चूंकि उस साध्य मूल्य की प्राप्ति सम्भव होती है अतः उन्हें मूल्य से सर्वथा रहित भी नहीं माना जा सकता उसी प्रकार जैसे तथ्य की मूल्यवत्ता मूल्य का ज्ञान प्राप्त कराने में निहित होती है और इस मूल्यवत्ता से युक्त होने के कारण उसे (तथ्य को) निर्मूल्य नहीं कहा जा सकता किन्तु दूसरी ओर इस "निर्मूल्य न कहे जा सकने के कारण" ही उसे मूल्य भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि वह अपने-आप में मूल्य नहीं होता और अपने आप में मूल्य होना ( value in itself ) ही मूल्य का लक्षण है।[२७] मूल्य के इस प्रमुख लक्षण को ध्यान में रखते हुये मूल्यवान-निर्मूल्यता अथवा निर्मूल्य-मूल्यवत्ता से सम्बन्धित कठिनाई का समापन मूल्य का अवर, प्रवर और चरम के रूप में विभाजन करके किया गया है। अवर मूल्य किसी प्रवर मूल्य की सिद्धि के लिये साधन होते हैं और उसके सिद्ध हो जाने पर वह प्रवर मूल्य स्वयं अवर मूल्य बन कर अपने से उच्चतर किसी अन्य प्रवर मूल्य का साधन बन जाता हैं और यह क्रम तब तक चलता रहता है जब तक कि प्रवर चरम को स्थिति तक नहीं पहुँच जाता जिसके पश्चात् कुछ और प्राप्तव्य न रह जाये।[२८] मूल्य की यह उच्चतम अवस्था है जो उच्चतम स्तर के स्वभाव-बोध की अपेक्षा रखती है।

प्राथमिक तौर पर एक बार यह मान लेने के बाद कि मूल्य मानव-स्वभाव का संतुष्टि-बोध है, उसकी (मूल्य की) अवधारणा और उसके स्वरूप के विषय में की गयी कोई भी विवेचना, चाहे वह जितनी भी वैज्ञानिक और वस्तुनिष्ठ हो, मूल्य के वास्तविक स्वरूप को स्पष्ट नहीं कर सकती क्योंकि मूल्य कोई वस्तु नहीं है जिसका वस्तुनिष्ठ अथवा वैज्ञानिक अध्ययन किया जा सके। वह मूल्य है और इसलिये मूल्य है क्योंकि मानव-स्वभाव के साथ उसका नैसर्गिक सम्बन्ध है और यही

---

जहाँ भौतिक धरातल पर त्रिवर्ग के तीनों मूल्य आवश्यकतानुसार "साधन-मूल्य" और "साध्यमूल्य" की भूमिका निभाते हैं वहीं चतुर्थ वर्ग अर्थात् मोक्ष की चरम साध्यता में वे सभी साधन बन कर रह जाते हैं।

२७. एन० के० देवराज, संस्कृति का दार्शनिक विवेचन, पृ० १६६, १७४, के० सी० भट्टाचार्य०, वही, पृ० ११.

२८. तु० ए० के० कुमारस्वामी, द रिलिजस बेसिस ऑफ द फार्म्स ऑफ इण्डियन सोसाइटी, न्यूयार्क, १९४६, पृ० ४; एस० राधाकृष्णन, द हिन्दू व्यू ऑफ लाइफ, (पुनर्मुद्रित) दिल्ली, १९७९, पृ० ४६.

वह प्राथमिक मूल्यवत्ता है जो मूल्य को मूल्य बनाती है।[२९] कहने का तात्पर्य यह नहीं है कि मूल्यविज्ञान अथवा मूल्यशास्त्र का वस्तुनिष्ठ अध्ययन हो ही नहीं सकता अथवा वैज्ञानिक विवेचनों की आधारभूत मान्यताओं के अनुरूप कार्य-कारण-परिणाम की तार्किक परिधि में उसका विवेचन नहीं किया जा सकता बल्कि हमारा कहना सिर्फ इतना है कि मूल्य का वैज्ञानिक अथवा वस्तुनिष्ठ अध्ययन भी मानव-स्वभाव और मानव-जीवन के बृहत्तम परिप्रेक्ष्य में ही किया जा सकता है और मूल्यों के अस्तित्व और स्वरूप-निर्धारण में मानव-स्वभाव की अनुकूलता और प्रतिकूलता का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जो कुछ भी मानव जीवन और स्वभाव के अनुकूल और उसके विकास में सहायक है, वही मूल्य है और इसके विपरीत सभी कुछ निर्मूल्य अथवा मूल्यहीन।[३०] यही कारण है कि मानव-स्वभाव के अलग-अलग स्तरों पर "संतुष्टि-बोध" के रूप में अपनी आंतरिकता के बावजूद बाह्यतः मूल्य का स्वरूप अलग-अलग दिखायी देता है और यही मूल्यों की श्रेणीबद्धता (Hierarchy of Values) को जन्म देता है जिसमें स्वभाव-बोध के क्रमिक विकास के साथ-साथ छोटे मूल्य अपने से बड़े और उच्चतर मूल्य की प्राप्ति के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं और यह क्रम स्वभाव-बोध के उच्चतम स्तर तक चलता रहता है जब तक कि मूल्य-बोध का भी उच्चतम स्तर न आ जाये। यद्यपि मानव-स्वभाव की संरचना अत्यन्त जटिल और परस्पर विरोधी भावों से परिपूर्ण है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि उसके अध्ययन के किसी भी प्रयास को पूर्ण नहीं कहा जा सकता तथापि यह भी निर्विवाद है कि अपने नैसर्गिक रूप में मानव-स्वभाव चेतना का एक पुंज है जिसका निम्नतम स्तर यदि जैव-चेतना का स्तर है तो उच्चतम स्तर दिव्य चेतना का भी स्तर है और निम्नतम तथा उच्चतम के इन दो स्तरों के बीच मानव-स्वभाव के अन्य भी कई स्तर हैं जो एक दूसरे से एक स्पर्श-बिन्दु पर इस प्रकार जुड़े होते हैं कि उनमें एक परस्परारोहण (overlapping) होता रहता है और कभी-कभी मनुष्य के क्रिया-कलापों में जो अन्तर्विरोध दिखायी देता है उसका कारण यह परस्परारोहण ही है।

## स्वभाव-बोध और मूल्यबोध

मानव स्वभाव बोध और मूल्य-बोध की इस अभिन्नता के कारण उनमें से

---

२९. देखिए—विल डूरो, द प्लेजर्स ऑफ फिलासफी, न्यूयार्क, १९७३ पृ० ७६-७७०. राधाकमल मुकर्जी, द सोशल स्ट्रक्चर ऑफ वैल्यूज, दिल्ली, १९६५, पृ० ४-५.

३०. राजबली पाण्डेय, भारतीय नीति का विकास, पटना, १९६५-पृ० ४.

एक की सहायता से दूसरे का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है बल्कि हम ऐसा भी कह सकते हैं कि उनमें से एक का अध्ययन दूसरे के लिए पूरक का काम करता है। अतः मानव स्वभाव के विभिन्न स्तरों का विश्लेषणात्मक अध्ययन कर जहाँ एक ओर प्रत्येक स्तर के लिए उद्दिष्ट मूल्य का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है और इस प्रकार मूल्यबोध का क्रमिक विकास जाना जा सकता है, वहीं किसी मानव समुदाय अथवा समाज के मान्य मूल्यों का ज्ञान प्राप्त कर उस समुदाय अथवा समाज की मानसिक ऊँचाई भी जानी जा सकती है और उसके आधार पर यह भी जाना जा सकता है कि वह समुदाय अथवा समाज मानव-स्वभाव-बोध के किस स्तर को प्राप्त कर चुका है। मानव का स्वभाव-बोध और मूल्यबोध इस प्रकार परस्परपेक्षी होते हैं और एक के बिना दूसरे का अस्तित्व नहीं होता किन्तु मूल्य चूंकि ज्ञान स्वरूप होते हैं और ज्ञान की पहली शर्त है जिज्ञासा, जिसका स्रोत है यथा स्थिति के प्रति असंतोष-भाव, उच्चतर स्थिति को प्राप्त करने की इच्छा,[३१] अतः मूल्यबोध के माध्यम से स्वभाव-बोध को जानने की अपेक्षा बोध के माध्यम से मूल्यबोध को जानने का प्रयास अधिक उचित एवं स्वाभाविक होगा और शायद किसी भी अन्य प्रयास की अपेक्षा अधिक प्रामाणिक भी[३२]।

जैसा कि हमने देखा है, मानव-स्वभाव बोध का प्राथमिक अथवा निम्नतम स्तर प्राणिमात्र का स्तर है। इस स्तर पर मनुष्य अपनी सारी क्रियायें यांत्रिक ढंग से सम्पादित करता है! उसके क्रिया-कलापों का साधारण उद्देश्य एक "प्राणी" के रूप में अपने अस्तित्व को बनाये रखना होता है और जाने-अनजाने, उसके जीवन की सारी सार्थकता इस उद्देश्य की केन्द्रीयता में ही समाहित होती है। मानव-स्वभाव का यह निम्नतम स्तर, इस प्रकार, किसी भी प्रकार के मूल्यबोध की अपेक्षा से परे का स्तर है।[३३] इस स्तर पर "अस्तित्व-रक्षण" के प्रयासों में दिखायी पड़ने वाला आत्मबोध वस्तुतः प्राणिमात्र की चेतना में अन्तर्निहित वह स्वाभाविक बोध है जो सृष्टि जगत् के जड़ और चेतन तत्वों के बीच एक विभाजक रेखा खींचता है। प्रसंगवश यह कहना शायद अनुचित न होगा कि *तैत्तिरीय उपनिषद्* के पंचकोष सिद्धान्त में जिस "अन्नमय-कोष" की चर्चा की गयी है[३४] (यद्यपि वहाँ सन्दर्भ अलग

---

३१. देखिए—एस० राधाकृष्णन, ऐन आइडियलिस्ट व्यू ऑफ लाइफ, पृ० १८८-८७.

३२. तु०, मूल्य-मीमांसा, पृ० २५६, २६८.

३३. विस्तार के लिए देखिए—ए० के० सिन्हा, "शुभ की अवधारणा तथा मानव-स्वभाव के साथ उसके अन्तर्सम्बन्धों की विवेचना", परामर्श, पूना, १९८३.

३४. तैत्तिरीय उपनिषद्, २.७, एस० एन० दासगुप्त, ए हिस्ट्री ऑफ इण्डियन फिलासफी, जिल्द—१, (पुनर्मुद्रित) दिल्ली, १९७५, पृ० ४६.

है) वह मानव-स्वभाव-बोध का यह निम्नतम स्तर है जिसके लिए "अन्न" अर्थात् भोजन ही जीवन का सर्वोच्च मूल्य (ब्रह्म) है। यद्यपि "अन्न" से यहाँ हमारा तात्पर्य सिर्फ भोजन ही से नहीं, बल्कि प्राणिमात्र की जैव-चेतना से सम्बन्धित सभी जैव आवश्यकताओं से है और इन आवश्यकताओं की पूर्ति से उत्पन्न होने वाली संतुष्टि अथवा "सुख" स्वभाव-बोध के इस प्राथमिक स्तर पर मानव-जीवन का चरम उद्देश्य होता है। प्राथमिक तौर पर अस्तित्व-रक्षण से सम्बन्धित होते हुए भी मानव-स्वभाव बोध के इस स्तर पर प्रधानता तात्कालिक "सुख-प्राप्ति" की ही होती है, यद्यपि "सुख" की कोई चेतन अवधारणा इस स्तर पर नहीं की जा सकती। स्वभाव-बोध का अलग स्तर भी इन्द्रिय-स्तर ही होता है किन्तु इस स्तर पर मानव-स्वभाव में इच्छा और रुचि का भाव जागृत हो जाता है और अस्तित्व-रक्षण की परिधि में रहते हुए भी उसके क्रिया-कलापों में उसकी इच्छा और रुचि का प्रभाव बढ़ता जाता है और अपने वास्तविक अर्थ में "सुख" की प्राप्ति उसके जीवन का लक्ष्य बन जाती है। "सुख", इस प्रकार, इन दोनों ही स्तरों पर जीवन का लक्ष्य होता है किन्तु दोनों स्तरों के सुखों में एक गुणात्मक अन्तर होता है। प्रथम स्तर का सुख यदि आवश्यकताओं की पूर्ति का सुख है तो द्वितीय स्तर का सुख इच्छा अथवा कामना की पूर्ति का सुख है। पहले में यदि एक प्रकार की विवशता होती है तो दूसरे में चयन की स्वच्छन्दता होती है, भले ही वह इन्द्रिय-रसों की परिधि के अन्दर प्राप्त सीमित स्वच्छन्दता ही हो। मानव-स्वभाव-बोध के इस स्तर को उसके मूल्यबोध का निम्नतम स्तर मान सकते हैं क्योंकि यह मानव-स्वभाव के अन्तर्गत उसकी इच्छा और रुचि का स्तर है और इस कारण उसमें चयन की स्वतन्त्रता भी है भले ही वह, जैसा कि पहले दिखाया जा चुका है, रोटी, मांस और फल के बीच से ही चयन करने की स्वतंत्रता हो।[३५]

सुखप्राप्ति, इस प्रकार, मानव के जीवन का प्रधान लक्ष्य बन जाती है और वह अधिक से अधिक सुख को अधिक से अधिक समय तक भोगने की इच्छा रखता है किन्तु अधिक से अधिक सुख को अधिक से अधिक समय तक भोगने की यह इच्छा तभी पूरी हो सकती है जब उसे आश्वासन हो कि अधिक से अधिक समय तक वह स्वयं सुरक्षित रहेगा और सुख के ये स्रोत भी सुरक्षित रहेंगे।[३६] अतः "सुरक्षा" की यह भावना उसके लिए "सुख" से बड़ी हो जाती है और यद्यपि इसके पीछे अधिक

---

३५. ए० के० सिन्हा, शान्तिपर्व में विश्लेषित नैतिक विचार, इलाहाबाद, १९८५, दूसरा अध्याय।

३६. "एक मूल्य के रूप में सुख" के मापन के लिए बेन्थम ने अपनी पुस्तक "ऐन

से अधिक समय तक भोगने की ही कामना रहती है तथापि यह कामना ही अधिक से अधिक सुख भोगने की उसकी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाती है,[३७] उदाहरणार्थ, किसी को आम बहुत पसन्द हैं और वह उसे अधिक से अधिक खाना चाहता है किन्तु एक सीमा के बाद जब आम के कारण उसका स्वास्थ्य खराब होने लगे और उसे अपना जीवन असुरक्षित लगने लगे तब उसके सामने दो ही विकल्प रह जाते हैं—या तो वह जीवन की रक्षा करने के लिए आम खा कर सुख प्राप्त करने की अपनी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाये अथवा आम खाने से प्राप्त ''सुख'' को ''जीवन'' से बड़ा मानकर जीवन त्यागने के लिए तैयार हो जाये। यहीं मनुष्य का मूल्यबोध सामने आता है जो उसके स्वभाव-बोध के विकास के अगले स्तर को द्योतित करता है और हम जानते हैं कि बुद्धि से युक्त होने के कारण कोई भी विवेकशील व्यक्ति आम के लिए जीवन त्यागने के बजाय जीवन के लिए आम को त्यागना अधिक श्रेयस्कर मानेगा। स्वभाव-बोध के इस स्तर पर, इस प्रकार, सुरक्षा सुख से बड़ा मूल्य बनकर सामने आती है जिसके लिए सुख का बलिदान किया जा सकता है[३८] और उपनिषद्कार का ''प्राणमय कोष'' शायद मानव-स्वभाव-बोध का यही स्तर है।

यहाँ हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यद्यपि स्वभाव-बोध के इस स्तर पर मानव सुरक्षा के लिए सुख का बलिदान कर देता है तथापि सुरक्षा की इस भावना के मूल में उसकी अधिक से अधिक सुख को अधिक से अधिक समय तक प्राप्त करने की ही प्रवृत्ति होती है और यहाँ तक एक ओर जहाँ यह प्रवृत्ति मनुष्य के वैयक्तिक जीवन को सुरक्षा प्रदान करती है, वहाँ दूसरी ओर वही प्रवृत्ति व्यक्ति में सामाजिकता का सूत्रपात कर उसे ''व्यक्ति'' से ''मनुष्य'' बनाती है और इस प्रकार एक व्यवस्थित क्रम में सामाजिक जीवन का प्रारम्भ होता है जो एक ओर तो व्यक्ति के वैयक्तिक जीवन को सुरक्षा प्रदान करता है और दूसरी ओर समाज के व्यापक परिप्रेक्ष्य में उसकी स्वच्छन्दता को नियमित करता है।[३९] मानव-स्वभाव-बोध का यह एक

---

इन्ट्रोडक्शन टू द प्रिन्सिपुल्स ऑफ मॉरल्स एण्ड लेजिस्लेशन'' में जो आधार प्रस्तुत किए हैं, वे हैं—तीव्रता, दीर्घता, निश्चितता, फलदायकता और शुद्धता। मैकेंजी के अनुसार इनमें तीव्रता और दीर्घता ही ''सुख'' के मापन के मुख्य आधार बताये जा सकते हैं। देखिए—मैकेन्जी, वही, पृ० १७०.

३७. जे० एस० मैकेन्जी, ए मैनुअल ऑफ इथिक्स, लंदन, १६२६, पृ० १७०.

३८. ए० के० सिनहा, शान्तिपर्व में विश्लेषित नैतिक विचार, पृ० ५६.

३६. मूल्य-मीमांसा, पृ० ६७.

उच्चतर स्तर है जिसमें मनुष्य "स्व" से "पर" की ओर उन्मुख होता है, फलतः उसका मूल्यबोध भी व्यापक हो जाता है और व्यक्ति-हित के स्थान पर सामाजिक हित मूल्य की कसौटी बन जाता है।[४०] नये-नये उच्चतर व सामाजिक मूल्यों का सृजन होता है और उनके पालन तथा उल्लंघन से नैतिक जीवन का विभाजन प्रारम्भ हो जाता है। अधिक से अधिक सुख प्राप्त करना जीवन का लक्ष्य अभी भी रहता है किन्तु अब उसका दायरा बढ़ जाता है और वह व्यक्ति के बजाय समाज का लक्ष्य बन जाता है।[४१] इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए यह आवश्यक है कि हर व्यक्ति, टकराव की स्थिति में, समाज के हित को अपने हित से बड़ा माने किन्तु ऐसा होता नहीं। यदि बहुत से लोग समाज के हित को अपने हित से बड़ा मान कर चलते हैं तो कुछ लोगों के लिए अपना हित ही सर्वोपरि होता है और ऐसे लोग अपनी शक्ति के बल पर दूसरे अधिक लोगों के हित की कीमत पर भी अपने हितों की पूर्ति का प्रयास करते हैं। तब ऐसे लोगों का दमन कर "सामान्य हित" की सर्वोपरिता बनाये रखने के उद्देश्य से राज्य और राजा का प्रादुर्भाव होता है जिसका स्रोत मानव-स्वभाव बोध का वही स्तर है जो सुरक्षा को सुख से बड़ा मान कर चलता है।[४२] इस प्रकार स्वभाव बोध का यह स्तर यद्यपि सुरक्षा को सुख से बड़ा मानकर उसी के चतुर्दिक् विकसित होता है तथापि उसका नैसर्गिक विवेक और सहज ज्ञान इस उच्चतर मूल्य के परिप्रेक्ष्य में ही सारे सामाजिक और राजनैतिक मूल्यों का विकास करता है जो देखने में तो अलग-अलग प्रतीत होते हैं किन्तु केन्द्रीयता में सुरक्षा के ही रहते हैं। जैसे-क्षुधा से सुरक्षा के लिए अधिक समय तक भोजन प्राप्त करने के उद्देश्य से जीविका के भिन्न-भिन्न साधनों का और कामेच्छा की पूर्ति के लिए

---

४०. मूल्य-मीमांसा, पृ० ६८.

४१. तु० विलियम लिलि, पूर्वोद्धृत, पृ० २४०.

४२. यद्यपि इस स्तर पर मानव स्वभाव-बोध के व्यापक हो जाने के कारण सुरक्षा का स्वरूप वैयक्तिक न रह कर "राज्य" और "दण्ड" के रूप में संस्थागत हो जाता है, और इस रूप में अपनी दमनात्मकता के बावजूद वह "अधिकतम लोगों के लिए अधिकतम सुख" का स्रोत बन जाती है। भारतीय परम्परा में दण्ड को "दमनमूलक" तथा "धर्म का पुत्र" घोषित करने की प्रवृत्ति में सुरक्षा और "सुख" के इस अन्तर को संस्थात्मक आधार पर निर्मूल करने की ही चेष्टा दिखायी देती है। ए० के० सिनहा, "द मॉरल बेसिस ऑफ ऐन्शिएन्ट इण्डियन पॉलिटिकल कांसेप्ट ऑफ दण्ड", प्राच्य-प्रतिभा, भोपाल, १६८४.

विवाह एवं परिवार तथा इन दोनों की सुरक्षा के लिए राज्य और राजनीति का विकास।

मानव-स्वभाव के साथ-साथ विकसित होने वाला मूल्यबोध, इस प्रकार, नितान्त वैयक्तिक स्वार्थों की संकीर्णता से प्रारम्भ होता है और क्रमशः सामाजिक और राजनीतिक प्राणी के रूप में व्यक्ति को रूपान्तरित करते हुए स्वयं अपना धरातल भी बदल लेता है। स्वभाव-बोध के इस स्तर पर आकर मूल्य व्यक्तिनिष्ठ नहीं रह जाते बल्कि उनका एक समाजनिष्ठ स्वरूप सामने आ जाता है। उनकी कसौटी व्यष्टिहित के स्थान पर समष्टिहित बन जाती है। समष्टि का हित और समष्टि का सुख ही मूल्य का प्रमुख लक्षण हो जाते हैं और उसके लिए वैयक्तिक सुख-हित की उपेक्षा कर दी जाती है।[४३] वैयक्तिक सुख-हित यद्यपि मूल्यहीन नहीं हो जाते किन्तु उनकी मूल्यवत्ता का परीक्षण समष्टिगत सुख-हित के सन्दर्भ में होने लगता है। मूल्यबोध के इस स्तर पर आकर मूल्य देश-काल निरपेक्ष नहीं रह जाते बल्कि उनका निर्धारण देश और काल की सापेक्षता में ही संभव हो पाता है।[४४] यही कारण है कि किसी एक काल या समाज के मूल्य किसी दूसरे काल या समाज में अपनी मूल्यवत्ता खो बैठते हैं,[४५] फिर भी समष्टिगत सुख-हित की चेतना ही किसी भी समय में या किसी भी समाज में सामाजिक मूल्यों के स्वरूप निर्धारण के लिए प्रमुख आधार होती है। मानव-स्वभाव-बोध का यह स्तर उसके विवेक का स्तर है किन्तु यह विवेक सभी जीवित प्राणियों में अन्तर्हित वह नैसर्गिक विवेक नहीं है जो प्राणि स्तर पर उन्हें आत्म-लाभ के लिए सचेष्ट बनाता है बल्कि यह वह ज्ञानमूलक विवेक है जो समष्टि के हित को दृष्टिपथ में रख कर नये और उच्चतर मूल्यों के एक अन्य विश्व का सृजन करता है जिसकी परिधि एक ओर व्यष्टि से

---

४३. दान, शरणागत-रक्षण, परोपकार आदि ऐसे ही सामाजिक मूल्य हैं जो वैयक्तिक हित-सुखों की कीमत पर भी प्राप्त किए जाने चाहिए और यद्यपि ऊपर से देखने पर ये वैयक्तिक स्तर के नैतिक गुण ही प्रतीत होते हैं जिनसे वैयक्तिक चरित्र का उत्थान होता है किन्तु अन्तिम रूप से इनकी मूल्यवत्ता सामाजिक ही होती है क्योंकि ये व्यक्ति के दूसरे व्यक्तियों के साथ के आपसी सम्बन्ध को घोषित करते हैं और दो व्यक्तियों के बीच का आपसी सम्बन्ध ही सामाजिक जीवन की आधारशिला है।

४४. मूल्य की यह गत्यात्मक अवधारणा भारतीय परम्परा में धर्म की अवधारणा में समाहित हो जाती है। द्रष्टव्य महाभारत, १२.७८.३१.

४५. इसी के कारण "कलचरल गैप" और "टाइम-गैप" (पीढ़ीगत अन्तर या जेनेरेशन-गैप) होते हैं।

समष्टि तक बढ़ जाती है और दूसरी ओर सुख से श्रेय तक। यहाँ मूल्यबोध में स्तर-भेद सामने आता है जो स्वभाव-बोध के स्तर-भेद के सापेक्ष चलता है। जिस स्तर का स्वभाव-बोध होता है व्यक्ति उसी स्तर के मूल्य का चयन करता है, यद्यपि चयन की यह स्वतंत्रता समष्टिहित की परिधि में ही होती है। सत्य, क्षमा, अक्रोध, परोपकार, अचौर्य आदि नैतिक गुणों के समग्र के रूप में "धर्म" की उद्‌भावना मानव-स्वभाव के इसी स्तर से होती है और हम जानते हैं कि प्राथमिक रूप से "धर्म" का अर्थ व्यक्ति को यह सिखाना है कि वह दूसरे लोगों के साथ कैसे रहे[४६] अथ त् "धर्म" सामाजिक पहले है, आधिभौतिक अथवा दैवी बाद में, भले ही आधुनिक चिंतन उसकी उत्पत्ति का स्रोत प्रकृति की रहस्यात्मकता और उसके प्रति मानव-स्वभाव के अज्ञानमूलक "भय" में ढूँढने की चेष्टा करें। धर्म अपने वास्तविक अर्थ में विवेक के अतिरिक्त और कुछ नहीं है[४७] और विवेक हमेशा छोटे मूल्यों की अपेक्षा बड़े मूल्यों के चयन को प्राथमिकता देगा। ज्ञान से वृद्ध यह विवेक ही "पर" के लिए "स्व" के बलिदान की प्रेरणा देता है और समष्टि के लिए स्वयं का बलिदान कर देने वाले इतिहास-पुरुष स्वभाव-बोध की इसो भाव-भूमि पर अवतरित होते हैं। "पर" के लिए : स्व" का त्याग कर देने वाला यह स्वभाव-बोध किन्तु हर व्यक्ति का नहीं होता। अधिकांश लोगों के लिए "स्व" ही "पर" की अपेक्षा प्राथमिक होता है। अतः जब तक समष्टि का अहित किये बिना कोई "स्व" का पोषण करता है तब तक तो कोई बात नहीं, किन्तु जब किसी का "स्व-पोषण" समष्टि-हित की कीमत पर होने लगता है तब स.ष्टि हित की न्यायिक सुरक्षा की भावना से सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्थायें उसका नियंत्रण करती हैं[४८] और इस प्रकार समष्टि हित की प्राथमिक मूल्यवत्ता स्थापित करने वाले सामाजिक-राजनैतिक मूल्यों का जन्म होता है।

व्यक्ति में सामाजिकता का सूत्रपात कर उसे "सामाजिक प्राणी" बना देने वाला यह स्वभाव-बोध ही उसकी इस सामाजिकता को बनाये रखने के लिए उसमें राजनैतिक चेतना के बीज बो देता है और इस प्रकार उसे अरस्तू के "राजनीतिक प्राणी" में रूपान्तरित कर देता है जो पाश्चात्य सभ्यताओं की जननी प्राचीन यूनानी सभ्यता के अनुसार मानव-जीवन का चरम पुरुषार्थ है और उसी में मानव जीवन की

---

४६. ए० बी० क्रील, धर्म इन हिन्दू इथिक्स, कलकत्ता १६७७, पृ० ८३.

४७. "जिस धर्म" से भारतीय संस्कृति परिभाषित होती है, वह विवेक का एक विशिष्ट इतिहास है ......। गोविन्द चन्द्र पाण्डे, भारतीय परम्परा के मूल्य स्तर, दिल्ली, १६८१, पृ० ६६-६७.

४८. तु० विलियम लिलि, वही, पृ० २४२, ४३.

सारी सार्थकता समाहित होती है।[४९] यूनानी जीवन-दर्शन के अनुसार मानव-जीवन का यह उच्चतम मूल्य है जो अपने बोध के लिए मानव-स्वभाव-बोध के उच्चतम स्तर की अपेक्षा रखता है। किन्तु मानव-स्वभाव-बोध के इन विभिन्न स्तरों तथा तदनुरूप मूल्यबोध के क्रमिक विकास के प्रति आस्था रखते हुए भी भारतीय जीवन-दर्शन में राज्य के विकास को मानव-जीवन का सर्वोच्च मूल्य नहीं माना गया है।[५०] भारतीय विचारधारा जीवन के सर्वोच्च मूल्य के रूप में मोक्ष को अवधारित करती है जिसकी प्राप्ति मनुष्य के वैयक्तिक प्रयासों से ही संभव है। समाज और राज्य उसकी प्राप्ति में मनुष्य की कोई सहायता नहीं कर सकते। वे अधिक से अधिक समाज में स्थिरता और शान्ति स्थापन द्वारा इस चरम मूल्य की प्राप्ति का प्रयास करने के लिए उपयुक्त वातावरण का निर्माण कर सकते हैं और उसी में उनकी सारी सार्थकता समाहित होती है। उनकी सारी मूल्यवत्ता इस प्रकार, इस चरम मूल्य की प्राप्ति के लिए एक ''साधन'' के रूप में होती है।[५१] अपने-आप में वह चरम साध्य नहीं है। मानव-जीवन का चरम साध्य मोक्ष है जो अपने-आप को पूरी तरह जान लेने के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। अपने-आप को जान लेने वाला यह आत्म-बोध मानव के स्वभावबोध का उच्चतम स्तर है जो उसके मूल्य बोध का भी उच्चतम स्तर है। स्वभाव-बोध के इस उच्चतम स्तर पर प्राप्त होने वाला आत्म-बोध ही मानव-जीवन का उच्चतम मूल्यबोध है जो अपने आप में ही साध्य है और जिसके बाद कुछ भी प्राप्त करना शेष नहीं रह जाता और उपनिषद्कार के अनुसार जिसे जानकर ही सब कुछ जाना जाता है, उसे जानने के बाद जानने को क्या रह जाता है?

●●

---

४९. देखिए, जी० एच० सैबाइन, ए हिस्ट्री ऑफ पोलिटिकल थियरी, न्यूयार्क, १९६१, पृ० १२-१३, ई०, बार्कर, पॉलिटिक्स ऑफ अरिस्टॉटिल, आक्सफोर्ड, १९४६, पृ० ३५५ तथा आगे।

५०. ए० के० सिनहा, प्राचीन भारतीय वैयक्तिक एवं सामाजिक मूल्य-बोध, इलाहाबाद, १९८१, पृ० १०५.

५१. एच० जिमर, फिलॉसफीज ऑफ इण्डिया, (सं०) जे० कैम्पबेल (पुनर्मुद्रित), न्यूयार्क, १९५६, पृ० ४१, आर० एन० दाण्डेकर, "द रोल ऑफ मैन इन हिन्दुइज्म" रिलिजन ऑफ द हिन्दूज, (सं०) के० डब्ल्यू० मोरगन, न्यूयार्क, १९५३, पृ० १३५.

# सृजनशीलता की अवधारणा
## (संस्कृत काव्यशास्त्र के परिप्रेक्ष्य में)

डा० निशा अग्रवाल

प्रयाग

*Pratibhā* is often discussed by Sanskrit Poeticians along with *vyutpatti*, *abhyāsa* and *Śakti* as the *hetu* (cause) of a *kāvya*. On the higher spiritual level the *Śakti* of *Brahma* containing *spanda* is *pratibhā* whereas on the lower practical (*vyāvahārika*) level it is the power of *darśana* (insight) and *sṛjana* (creation) of a *kavi*. The author in this paper has discussed the nature of *pratibhā* in the light of various views of the *ācāryas* of Indian Poetics and Philosophy.

संस्कृत साहित्याचार्यों ने सृजनशीलता के सन्दर्भ में 'शक्ति' एवं 'प्रतिभा' का उल्लेख किया है। इसके साथ ही काव्य-हेतुओं के सन्दर्भ में उन्होंने 'व्युत्पत्ति' एवं 'अभ्यास' को भी परिगणित किया। व्युत्पत्ति को व्याख्यायित करते हुये राजशेखर ने इसे 'बहुज्ञता' एवं 'उचितानुचितविवेक', मम्मट ने लोकशास्त्र एवं काव्य के अवलोकन से होने वाली 'निपुणता', 'केशव ने 'नाना तन्त्रों का ज्ञान', अलंकार-महोदधिकार ने 'शास्त्रादि में प्राप्त प्रागल्भ्य', वाग्भटालंकार ने शब्द, अर्थ, धर्म, काम आदि शास्त्रों में होने वाली असामान्य प्रतिपत्ति तथा द्वितीय वाग्भट्ट ने 'विभिन्न क्षेत्रों की निपुणता' कहा है। भामह ने स्पष्टतया कहा है कि ऐसा कोई भी शिल्प, विद्या, कला एवं शास्त्र नहीं, जो काव्य का अंग न हो'। कवि के इस महान भार को देख कर उन्हें आश्चर्य हो आता है।

आचार्य मंगल अभ्यास की व्याख्या करते हुये कहते हैं कि यह निरन्तर परिशीलन का ही दूसरा नाम है। काव्यज्ञ से शिक्षा लेकर उसका परिशीलन ही मम्मट और वाग्भट्ट के अनुसार 'अभ्यास' है। अलंकारमहोदधि मे पुनः पुनः प्रवृत्ति को अभ्यास कहा गया है। वाग्भटालंकार ने इस सम्बन्ध में कहा है—'गुरुओं के पास बैठ कर सादर काव्य-क्रिया में लगे रहना ही अभ्यास है'। सारांश यह कि 'परिशीलन' ही प्रायः सभी के मत से अभ्यास है।

प्राचीन आचार्यों ने प्रतिभा, व्युत्पत्ति एवं अभ्यास तीनों को काव्य हेतुओं में परिगणित किया तथा प्रतिभा को कवित्व का बीज माना। भामह स्पष्टतया कहते हैं—

'काव्यं तु जातु जायेत कस्यचित्प्रतिभावतः'[१]

किसी प्रतिभावान् में ही काव्य की उत्पत्ति हो सकती है।

वामन ने प्रतिभान को कवित्व का बीज कहा है—

'कवित्वबीजम् प्रतिभानम्'[२]

नाट्याचार्य भरतमुनि ने 'रस' को काव्य रूपी वृक्ष का मूल माना। वे कहते हैं—

यथा बीजाद्भवेद् वृक्षो वृक्षात् पुष्पं फलं यथा।
तथा मूलं रसाः सर्वे तेभ्यो भावा व्यवस्थिताः ॥[३]

जिस प्रकार वृक्ष के मूल में बीज स्थित है, जिससे क्रमशः वृक्ष, पुष्प तथा फल होते हैं, उसी प्रकार रस मूल है जिस पर भावों की स्थिति अवस्थित है।

ध्वनिवादी एवं रसवादी आचार्यों ने भी रस को ही काव्य का मूल माना जो प्रतिभा का विषयीभूत है। आनन्दवर्द्धन कहते हैं—

सरस्वती स्वादु तदर्थवस्तु निःष्यन्दमाना महतां कवीनाम्।
अलोकसामान्यमभिव्यनक्ति परिस्फुरन्तं प्रतिभाविशेषम् ॥[४]

---

१. काव्यालंकार १।५।

२. काव्यालंकारसूत्रवृत्ति १।१३।१६।

३. नाट्यशास्त्र ६।३८।

४. ध्वन्यालोक १।६।

उस स्वादु (रसस्वभावरूप) अर्थ वस्तु को प्रवर्तित करती (प्रवाहित करती) हुई महाकवियों की सरस्वती (वाणी) अलौकिक, परिस्फुरित होती हुई प्रतिभा-विशेष को अभिव्यक्त करती है। राजेश्वर ने आनन्दवर्द्धन के मत को 'काव्यमीमांसा' में इस प्रकार उद्धृत किया है—

'प्रतिभाव्युत्पत्त्योः प्रतिभा श्रेयसी' इत्यानन्दः[५]

प्रतिभा तथा व्युत्पत्ति में प्रतिभा श्रेष्ठ है।

अभिनवगुप्त भी 'प्रतिभान' को ही कवि की मूल शक्ति मानते हैं। वे कहते हैं—

'शक्तिः प्रतिभानम वर्णनीयवस्तुनूतनोल्लेखशालित्वम्'[६]

शक्ति (प्रतिभान) वर्णनीय वस्तु के सम्बन्ध में नयी बात की उल्लेखशीलता है। ध्वन्यालोकलोचन के आरम्भ में नमस्कारात्मक मंगल में कला के उत्स पर प्रकाश डालते हुये उन्होंने कवि की प्रतिभा को 'प्रख्या' और वर्णनाशक्ति को 'उपाख्या' की संज्ञा दी है। वे कहते हैं जो कारण-सामग्री के लेश के बिना, अपूर्व वस्तु को उत्पन्न करता है, फैला देता है और पत्थर के समान नीरस जगत् को अपने रसभार से सारवान बना देता है और क्रम से प्रख्या और उपाख्या के प्रसर से हृद्य होता हुआ वस्तुजात को भासित करता है, वह कवि और सहृदय द्वारा आख्यात सरस्वती का तत्त्व विजयी है।[७] प्रथम उद्योत के अन्तिम श्लोक में उन्होंने प्रतिभा को शिव की शक्ति की भाँति अपनी आत्मा में विश्रान्त होने का उल्लेख करते हुये कहा है—

यदुन्मीलनशक्त्यैव विश्वमुन्मीलति क्षणात्
स्वात्मायतनविश्रान्तां तां वन्दे प्रतिभाम् शिवाम् ॥[८]

जिसकी उन्मीलन-शक्ति से क्षण भर में ही विश्व उन्मीलित हो जाता है, अपने आयतन में स्थित उस शिवा प्रतिभा की मैं वन्दना करता हूँ। काव्य पक्ष में इसका अर्थ है, कवि की प्रज्ञा या नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा को प्रणाम है जो नित्य अपने

---

५. काव्यमीमांसा, पंचम अध्याय।
६. ध्वन्यालोकलोचन।
७. ध्वन्यालोकलोचन १।१।
८. वही।

आयतन कवि में विराजती है और अपनी शक्ति के द्वारा एक अलग ही संसार का उन्मीलन करती रहती है।

आचार्य मम्मट ने यद्यपि शक्ति, निपुणता, लोक-शास्त्र एवं काव्यादि का वेक्षण, काव्यज्ञों द्वारा शिक्षा तथा अभ्यास सभी को काव्य हेतुओं के रूप में उल्लिखित किया है, तथापि इसमें शक्ति का सर्वप्रथम कथन कर तथा यह कह कर 'अव्युत्पत्तिकृत दोषों का संवरण शक्ति द्वारा हो जाता है' उन्होंने शक्ति को श्रेष्ठता मानी है। शक्ति की व्याख्या करते हुये वे कहते हैं—'शक्तिः कवित्वबीजरूपः संस्कारविशेषः यां विना काव्यं न प्रसरेत्, प्रसृतं वा उपसहनीयं स्यात्।'[९]

शक्ति कवित्व बीज रूप है, संस्कार विशेष है जिसके बिना काव्य का प्रसार नहीं होता और यदि होता भी है तो वह उपहास के योग्य होता है।

पंडितराज जगन्नाथ भी प्रतिभा को ही काव्य का हेतु मानते हैं --

'प्रतिभैव केवला कविगता हेतुः'[१०]

जैन आचार्य हेमचन्द्र तथा वाग्भट्ट भी प्रतिभा को ही सृजन का मूल रूप स्वीकार करते हैं। हेमचन्द्र कहते हैं—

'व्युत्पत्त्यभ्याससंस्कृता प्रतिभाऽस्य हेतुः। प्रतिभैव च कारणम्'[११]

व्युत्पत्ति और अभ्यास से संस्कृत प्रतिभा ही हेतु है। वाग्भट्ट का कहना है—

'प्रतिभाऽस्य हेतुः'

काव्य का हेतु प्रतिभा ही है।

प्रतिभा या शक्ति को काव्य-सृजन का मूल हेतु मानने वाले आचार्यों के मतों का उपस्थापन करने के साथ ही, हमें इस तथ्य को उपेक्षित नहीं कर देना है कि कुछ आचार्य ऐसे भी हुये हैं जिन्होंने व्युत्पत्ति एवं अभ्यास को प्रतिभा से श्रेष्ठतर माना। राजशेखर आचार्य मंगल का कथन इस सन्दर्भ में उद्धृत करते हैं—

---

९. काव्यप्रकाश १।३ वृत्ति।

१०. रसगंगाधर पृ० ९।

११. काव्यानुशासन १।२।

'व्युत्पत्तिः श्रेयसीति मंगलः'

आगे वे कहते हैं—

'अभ्यास इति मंगलः। अविच्छेदेन शीलनमभ्यासः। स हि सर्वगामी सर्वत्र निरतिशयं कौशलमाधत्ते।[१२]

मंगल नामक विद्वान् का मत है कि 'काव्य-निर्माण के लिये अभ्यास ही प्रधान कारण है। निरन्तर अनुशीलन का न म अभ्यास है। अभ्यास सभी विषयों के ~ये आवश्यक है और उसके द्वारा उत्कृष्टतम कुशलता प्राप्त होती है।

राजशेखर समाधि एवं अभ्यास को शक्ति का उद्भावक घोषित करते हुये कहते हैं -

'समाधिरान्तरः प्रयत्नो बाह्यस्त्वभ्यासः। तावुभावपि शक्तिमुद्भासयतः।
'सा केवलं काव्ये हेतुः' इति यायावरीयः।[१३]

वास्तव में समाधि या एकाग्रता आन्तरिक प्रयत्न है और अभ्यास बाह्य। समाधि और अभ्यास ये दोनों कवित्व शक्ति को उत्पन्न करते हैं। 'यह शक्ति ही काव्य-निर्माण में प्रधान कारण होती है।'

आचार्य दण्डी नैसर्गिकी प्रतिभा, श्रुत (व्युत्पत्ति) एवं अभियोग (अभ्यास) तीनों को काव्य का कारण मानते हैं, लेकिन इसके साथ वे यह भी कहते हैं कि जिस व्यक्ति में पूर्व वासनागुणानुबन्धी अद्भुत प्रतिभान न हो उसे निराश नहीं होना चाहिये। यदि ऐसा व्यक्ति भी व्युत्पत्ति प्राप्तिपूर्वक अभ्यास करता रहे तो सरस्वती की कृपा उस पर होती है।

उपर्युक्त समस्त विवेचनों के आधार पर यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि कुछ अपवाद स्वरूप आचार्यों को छोड़ कर प्रायः सभी ने प्रतिभा को ही कवित्व-बीज माना है। अभ्यास एवं समाधि को शक्ति का जनक मानने वाले आचार्य राजशेखर भी अन्ततः यही मानते हैं कि 'जिसे प्रतिभा नहीं है, उसके लिये प्रत्यक्ष दीखते हुये भी अनेक पदार्थ परोक्ष से मालुम पड़ते हैं और प्रतिभा-सम्पन्न व्यक्ति के लिये अनेक अप्रत्यक्ष पदार्थ भी प्रत्यक्ष से प्रतीत होते हैं।' कवि अपनी अलौकिक प्रतिभा से

१२. काव्यमीमांसा, चतुर्थ अध्याय।

१३. वही।

ही अप्रत्यक्ष भावों का प्रत्यक्ष के समान वर्णन करता है। राजशेखर ने प्रतिभा के दो भेद (१) कारयित्री प्रतिभा और (२) भावयित्री प्रतिभा करते हुये कहा कि कारयित्री प्रतिभा कवि की उपकारक होती है। कारयित्री प्रतिभा के पुनः उन्होंने तीन रूप बतलाये—

(१) सहजा — पूर्व जन्म के संस्कारों से प्राप्त

(२) आहार्या — जन्म, शास्त्र एवं काव्यों के अभ्यास से उत्पन्न

(३) औपदेशिकी — मन्त्र-तन्त्र, देवता, गुरु आदि के वरदान से प्राप्त।

जिसकी सरस्वती जन्मान्तरीय संस्कारों से प्रवृत्त होती है, उस स्वाभाविक बुद्धिमान कवि को उन्होने 'सारस्वत' कहा जो स्वतन्त्रता के साथ रचना करता है। इस जन्म के अभ्यास से जिसकी सरस्वती का उन्मेष होता है वह 'आभ्यासिक' कहा जाता है। आभ्यासिक कवि, सीमित रूप से काव्य-निर्माण करता है। मन्द बुद्धि होने पर भी मन्त्रोपदेश, अनुष्ठान आदि से वाणी का वैभव प्रदर्शित करने वाला कवि 'औपदेशिक' कहा जाता है। औपदेशिक कवि सुन्दर, किन्तु सारहीन रचना करता है। राजशेखर के द्वारा किया गया प्रतिभा के विविध रूपों का विवेचन यह अभिव्यक्त करता है कि अभ्यास एवं समाधि को 'शक्ति' का उद्भावक मानते हुए भी उन्होंने उस 'सारस्वत' कवि को श्रेष्ठ माना जिसमें जन्मान्तरीय संस्कारों से काव्य की प्रवृत्ति हो, न कि शास्त्राभ्यास के कारण। जहाँ तक 'समाधि का प्रश्न है, प्रतिभा को बीज रूप मानने वाले आचार्य भी यह स्वीकार करते हैं कि समाहित चित्त में ही पदार्थ बोध होता है। पदार्थ का अर्थ है पद + अर्थ, अर्थात् वस्तु के साथ उसके अर्थ-वाहक पद का भी बोध। प्रतिभा को दो रूपों में विभक्त करने का तात्पर्य भी यही दिखलाना है कि दर्शन और वर्णन, वस्तुतः परस्पर भिन्न नहीं, वरन् एक ही प्रतिभा से अनुस्यूत हैं।

अन्ततः कहा जा सकता है कि भारतीय आचार्यों के अनुसार प्रतिभा कवित्व-बीज है तथा व्युत्पत्ति एवं अभ्यास इसके संस्कारक धर्म। इस सन्दर्भ में कुन्तक का कथन उल्लेखनीय है—

'प्राक्तनाद्यतनसंस्कारपरिपाकप्रौढा प्रतिभा काचिदेव कविशक्तिः'[१४] प्राक्तन (पूर्व जन्म) तथा अद्यतन (वर्तमान जन्म) संस्कारों से परिपक्व प्रतिभा ही कवि-शक्ति है। तात्पर्य यह कि प्रतिभा ही प्रौढ होकर शक्ति कहलाती है तथा इसकी

---

१४. वक्रोक्तिजीवितम् १।२९ वृत्ति।

परिपक्वता में जन्मान्तरीय संस्कारों का होना तो अपेक्षित है ही, अर्जित संस्कारों का भी योगदान अनिवार्य है। अर्जित संस्कार व्युत्पत्ति एवं अभ्यास से प्राप्त होते हैं।

इस सन्दर्भ में एक विवादास्पद प्रश्न यह उठता है कि क्या प्रतिभा और शक्ति पर्यायवाची हैं, क्योंकि कुछ आचार्यों ने दोनों को भिन्नार्थक माना है। भिन्नार्थक मानने वाले आचार्यों में राजशेखर, मम्मट एवं साहित्य-मीमांसाकार मङ्खुक प्रभृति आचार्यों के नाम उल्लेखनीय हैं।

मङ्खुक ने प्रतिभा एवं शक्ति का पृथक्-पृथक् प्रयोग करते हुए कहा है, कि कवि वही है जो श्रुत (व्युत्पत्ति), अभियोग (अभ्यास), प्रतिभा एवं शक्ति से युक्त हो।[१५] इन्होंने शक्ति एवं प्रतिभा दोनों का अलग-अलग शब्दशः कथन किया है। आचार्य मम्मट ने यद्यपि प्रत्यक्षतः प्रतिभा एवं शक्ति में पार्थक्य उपस्थित नहीं किया, तथापि उनके द्वारा प्रस्तुत काव्य-हेतुओं के विवेचन से ऐसा ज्ञात होता है कि वे शक्ति को संस्कार विशेष मानते हैं और प्रतिभा को काव्य निर्माणोपयोगी शब्दार्थ का स्फुरण।

राजशेखर सम्भवतः प्रथम आचार्य हैं जिन्होंने प्रत्यक्षतः शक्ति को प्रतिभा से पृथक् उल्लिखित करते हुए केवल शक्ति को काव्य का हेतु माना। वे कहते हैं—

'समाधि आभ्यन्तर प्रयत्न है तथा बाह्य प्रयत्न का नाम अभ्यास है। ये दोनों शक्ति की उद्भावना करते हैं। शक्ति ही केवल काव्य का हेतु है'। वे पुनः लिखते हैं—

'विप्रसृतिश्च सा प्रतिभाव्युत्पत्तिभ्याम्। शक्तिकर्तृके हि प्रतिभाव्युत्पत्ति-कर्मणी। शक्तस्य प्रतिभाति शक्तश्च व्युत्पद्यते।'[१६]

वह शक्ति प्रतिभा तथा व्युत्पत्ति से भिन्न है। प्रतिभा तथा व्युत्पत्ति शक्ति से ही उत्पन्न होती है। शक्ति वाले को ही प्रतिभा आती है तथा व्युत्पत्ति होती है।

शक्ति और प्रतिभा में पार्थक्य मानने के मूल में कारण यह था कि शक्ति को इन आचार्यों ने जन्मान्तरीय संस्कार माना तथा प्रतिभा को काव्योपयोगी शब्दार्थ-स्फुरण। इस प्रकार दोनों में जनक-जन्य भाव सम्बन्ध स्थापित किया। वस्तुतः यह पार्थक्य औपचारिक है तात्त्विक नहीं। अनेक आचार्यों ने तो प्रतिभा को भी जन्मान्तरगत संस्कार विशेष कहा है। जैसे वामन कहते हैं—

---

१५. 'श्रुताभियोग-प्रतिभा-शक्तियुक्तः कवि स्मृतः' पृ० ११८।

१६ वही, पृ० ३०-३१।

'कवित्वबीजं प्रतिभानम् । कवित्वस्य बीजं कवित्वबीजम्, जन्मान्तरगतसंस्कार-विशेषः कश्चित्' ।

वह प्रतिभान काव्योत्पत्ति का हेतु एक विशेष प्रकार का संस्कार है ।

दण्डी भी गुणमयी वासना या संस्कार को प्रतिभान कहते हैं । लोचनकार ने भी कहा है—

'अनादिप्राक्तनसंस्कारप्रतिभानमयः'

केशवमिश्र का कहना है कि 'शक्तिः पुण्यविशेषः, स एव प्रतिभेत्युच्यते' । शक्ति पुण्य विशेष है, वह प्रतिभा भी कही जाती है ।

प्रतिभा शब्द की व्युत्पत्ति पर भी हम विचार करें तो पायेंगे कि इसमें 'भाव' और 'करण' दोनों रूप समाहित हैं । इस शब्द की व्युत्पत्ति 'प्रति' उपसर्ग-पूर्वक दीप्ति अर्थ वाली 'भा' धातु एवं अङ् प्रत्यय के योग से हुई है । अङ् प्रत्यय 'भाव' एवं करण दोनों अर्थों में प्रयुक्त होता है । इस दृष्टि से 'प्रतिभात्यर्थोऽनया सा प्रतिभेति' तथा 'प्रतिभानं प्रतिभेति' ये दो व्युत्पत्तियाँ हुईं । पहली व्युत्पत्ति के अनुसार जिससे पदार्थ का प्रतिभान हो वह प्रतिभा है तथा दूसरे के अनुसार 'प्रकाश' या 'स्फुरण' ही प्रतिभा है । इस प्रकार प्रतिभा 'करण' और 'भाव' दोनों रूप हैं । यदि हम जन्मान्तरीय संस्कार को कारण रूप मानकर काव्योपयोगी शब्दार्थ-स्फुरण को कार्य रूप भी मानते हैं, तो यह तथ्य तो सिद्ध ही है कि दोनों एक ही प्रतिभा के दो पहलू हैं । अतः शक्ति को अगर हम प्रतिभा का कारण मानते हैं, तो वस्तुस्थिति यह है कि यह प्रतिभा का ही दूसरा नाम है ।

प्रतिभा और शक्ति को एक मानने वाले आचार्य रुद्रट कहते हैं —

मनसि सदा सुसमाधिनी विस्फुरणमनेकधाऽभिधेयस्य ।
अक्लिष्टानि पदानि च विभान्ति यस्यामसौ शक्तिः ।।[१७]

मन के समाहित होने पर जिसमें अनेक प्रकार के अर्थों तथा रसमय शब्दों का स्फुरण हो, वह शक्ति है, और यही 'प्रतिभेत्यपरैरुदिता' दूसरों द्वारा प्रतिभा के नाम से पुकारी गयी है ।

सारांशतः हम कह सकते हैं कि प्रतिभा और शक्ति में कोई तात्त्विक अन्तर नहीं है ।

---

१७. काव्यालंकार, १।१५ ।

**प्रतिभा का स्वरूप**

आचार्यों ने प्रतिभा को संस्कार विशेष तथा पुण्य कर्मों एवं दैवी कृपा से उद्भूत 'अन्तःस्फुरण' रूप प्रतिपादित किया है। वस्तुतः प्रतिभा की व्याख्या पर विभिन्न दर्शनों का प्रभाव है। प्रतिभा शब्द का प्रयोग अन्यत्र सहज समुद्भूत ज्ञान के रूप में तथा आगमों में 'पराशक्ति' के रूप में मिलता है। पहले अर्थ में प्रतिभा के दो रूप हैं—

१—सर्वसामान्यगत एवं।

२—ऋषिगत।

'उत्तररामचरित' में ब्रह्मा ने वाल्मीकि के लिये कहा है—

'अव्याहतज्योतिरार्षं ते चक्षुः प्रतिभातु। आद्यः कविरसि'। तुम्हारी आर्ष प्रतिभा इस समय पूर्णतः प्रकट है। सो करो 'रामचरित'। कवि की प्रतिभा यहाँ पर आर्ष कही गयी है। आर्ष ज्ञान का अर्थ है ऋषि का वह ज्ञान, जो योग के प्रयत्न से प्राप्त हुआ है। तात्पर्य यह कि प्रतिभा ज्ञान की वह सामर्थ्य है जिससे योगी जन दृष्ट कारणों के बिना ही सहसा अतीत एवं अनागत वस्तुओं का साक्षात्कार करते हैं। 'वाल्मीकि रामायण' में एक प्रसंग आया है जिसमें कहा गया है कि दैवी कृपा से योग में स्थित होकर महर्षि ने सम्पूर्ण रामचरित को हस्तामलकवत् देखा, तभी वे लोकाभिराम राम के चरित को श्लोकबद्ध करने को तत्पर हुए।[१८]

यह प्रतिभा साधना एवं दैवी कृपा से प्राप्त होती है। 'योगकालतंत्र' में इसे प्रज्ञा भी कहा गया है। न्याय, वैशेषिक एवं वेदान्त में प्रतिभा या आर्षज्ञान पर्याय रूप में ही प्रयुक्त है। भारतीय साहित्यशास्त्रियों ने प्रतिभा, शक्ति और प्रज्ञा को पर्यायवाची मानते हुये इसका स्वरूप-निरूपण संभवतः योगदर्शन में प्रतिपादित 'प्रज्ञा' के आधार पर किया है।

पतंजलि 'सम्प्रज्ञात समाधि' का लक्षण प्रस्तुत करते हुये कहते हैं—

"यस्त्वेकाग्रे चेतसि सद्भूतमर्थं प्रद्योतयति, क्षिणोति च क्लेशान्कर्मबन्धनानि श्लथयति, निरोधमभिमुखं करोति स सम्प्रज्ञातो योग इत्याख्यायते॥"[१९]

---

१८. ततः पश्यति धर्मात्मा तत्सर्वं योगमास्थितः
पुरा यत्तत्र निवृत्तं पाणावामलकं यथा॥६॥
तत्सर्वं तत्त्वतो दृष्ट्वा धर्मेण स महाद्युतिः
अभिरामस्य रामस्य चरितं कर्तुमुद्यतः॥७॥ तृतीय सर्ग, बालकाण्ड

१९. योगभाष्य १।१।

प्रज्ञा एकाग्र चित्त में सदर्थ को प्रकाशित करती है, क्लेश का क्षय करती है, कर्म बन्धन को शिथिल करती है और चित्त को निरोध समाहिति की ओर उन्मुख करती है।

रुद्रट, महिमभट्ट, भट्टतोत, राजशेखर एवं पंडितराज जगन्नाथ प्रभृति आचार्य प्रतिभा को 'स्फुरण' रूप मानकर इसी प्रकार का स्वरूप प्रतिभा का निरूपित करते हैं।

रुद्रट के अनुसार[२०]—

शक्ति उसे कहते हैं जिसके द्वारा सुसमाहित चित्त में निरन्तर अनेक प्रकार के अर्थ स्फुरित होते रहते हैं तथा अविलष्ट अर्थात् शीघ्र ही अर्थ प्रतिपादन में समर्थ पदों का प्रस्फुटन होता है।

महिमभट्ट के अनुसार—

रसानुगुणशब्दार्थचितास्तिमितचेतसः।
क्षणं स्वरूपस्पर्शोत्था प्रज्ञैव प्रतिभा कवेः॥[२१]

जब कवि का चित्त रसानुकूल शब्द अर्थ के चिन्तन में एकाग्र हो जाता है, उस समय क्षण भर के लिये भी पदार्थ के वास्तविक स्वरूप का स्पर्श करते हुये उसकी जो प्रज्ञा स्फुरित होती है, उसी का नाम प्रतिभा है।

भट्टतोत कहते हैं—

प्रज्ञा नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा मता।
तदनुप्राणनाज्जीवद्वर्णनानिपुणः कविः॥[२२]

नव-नव रूपों का उन्मेष करने वाली प्रज्ञा का नाम है प्रतिभा और ऐसी प्रतिभा से अनुप्राणित सजीव वर्णना में निपुण व्यक्ति का नाम है कवि।

राजशेखर प्रतिभा को परिभाषित करते हुये कहते हैं, "प्रतिभा वह तत्त्व है

---

२०. काव्यालंकार १।१५

२१. व्यक्तिविवेक पृ० ३६०

२२. काव्यानुशासन, हेमचन्द्र में उद्धृत, पृ० ३

जो (काव्योपयोगी) शब्द-राशि, अर्थ-सम्पत्ति, अलंकार पुंज, उक्ति-मार्ग और उस प्रकार की अन्य वस्तुओं को भी प्रतिभासित करती है।'[२३]

अभिनवगुप्त प्रतिभा का स्वरूप वर्णित करते हुये कहते हैं -

'प्रतिभा अपूर्ववस्तुनिर्माणक्षमा प्रज्ञा'

प्रज्ञा, शक्ति एवं प्रतिभा के स्वरूप-विवेचन से यह लक्षित होता है कि प्रतिभा के दो कार्य हैं—एक तो यह कि वह परोक्ष वस्तुओं का भी अपरोक्ष की भाँति साक्षात्कार कर लेती है। यह साक्षात्कार लोकोत्तर होता है। तात्पर्य यह कि कवि की आँखें वस्तु में निहित 'विशेष' का दर्शन कर लेती हैं, जिसे 'अपूर्व' या 'नव नव' जैसे शब्दों द्वारा घोषित किया जाता है। दूसरा कार्य यह है कि कवि की प्रतिभा न केवल 'दर्शन' करती है वरन् 'वर्णन' भी करती है। सुसमाहित चित्त में पदार्थ के वास्तविक एवं नव-नव रूपों का स्फुरण कराना इसी प्रतिभा का कार्य है। प्रतिभा न केवल अर्थ को स्फुरित करती है वरन् उसके वाहक पद को भी। अतः वस्तु के स्वरूप-बोध का अर्थ है, पदार्थ (पद अर्थ) बोध। दर्शन एवं वर्णन की द्विविध शक्तियाँ प्रतिभा से ही अनुस्यूत हैं। आचार्य जगन्नाथ ने भी 'काव्यघटनानुकूलशब्दार्थोपस्थितिः' काव्यघटनानुकूल शब्द एवं अर्थ की उपस्थिति प्रतिभा का ही कार्य उल्लिखित किया है। राजशेखर 'कारयित्री' और 'भावयित्री', को एक ही प्रतिभा के दो भेद मानते हैं, अर्थात् कवि भावक के रूप में दर्शन करता और कारक के रूप में सर्जन करता है। भट्टतोत के प्रस्तुत श्लोक से भी इस कथन की पुष्टि होती है कि दर्शन और वर्णन एक ही प्रतिभा से अनुस्यूत हैं—

नानृषिः कविरित्युक्तं ऋषिश्च किल दर्शनात्
विचित्रभावधर्मांशतत्वप्रख्या च दर्शनम्।
स तत्त्वदर्शनादेव शास्त्रेषु पठितः कविः
दर्शनात् वर्णनाच्चाथ रूढा लोके कविश्रुतिः॥[२४]

तात्पर्य यह कि जो ऋषि न हो वह कवि नहीं हो सकता। ऋषि तो दर्शन से होता है। इसलिये तत्त्व दर्शन के कारण ही वह शास्त्र में कवि कहा गया है। दर्शन एवं वर्णन के कारण ही कवि श्रुति लोक में प्रसिद्ध है।

प्राचीन आचार्यों द्वारा की गयी प्रतिभा की व्याख्या से ऐसा ज्ञात होता है

---

२३. काव्यमीमांसा, चतुर्थ अध्याय।

२४. काव्यानुशासन में उद्धृत पृ० ३१६।

कि उन्होंने सामान्य कवि को दृष्टि में रख कर प्रतिभा का स्वरूप निरूपित नहीं किया वरन् 'महाकवि' को दृष्टिपथ में रख कर किया। उनका कवि ऋषि कोटि का है, तभी तो उसे 'प्रजापति'[२५] की संज्ञा से उन्होंने अभिहित किया है। ये स्पष्टतया कहते हैं कि कवित्व शक्ति एक प्रकार का संस्कार है जो 'प्राक्तनपुण्याभ्यास' के परिपाक से प्राप्त होता है। शक्ति को पुण्य-लब्ध मानते हुये अग्निपुराणकार कहते हैं—

कवित्वं दुर्लभं लोके शक्तिस्तत्र सुदुर्लभा।
व्युत्पत्तिर्दुर्लभा तत्र विवेकस्तत्र दुर्लभः॥

ध्वनिकार आनन्दवर्द्धन कहते हैं—

"येषां सुकवीनां प्राक्तनपुण्याभ्यासपरिपाकवशेन प्रवृत्तिस्तेषां परोपरचितार्थपरिग्रहनिःस्पृहाणां स्वव्यापारो न क्वचिदुपयुज्यते। सैव भगवती सरस्वतीस्वयमभिमतमर्थमाविर्भावयति। एतदेव हि महाकवित्वं महाकवीनामित्योम्॥[२६]"

जिन सुकवियों की प्रवृत्ति पूर्व जन्म के पुण्य और अभ्यास के परिपाक के कारण होती है, दूसरों द्वारा रचित अर्थ के ग्रहण में निःस्पृह सुकवियों को अपना व्यापार कहीं नहीं करना पड़ता। वही भगवती स्वयं अभिमत अर्थ को आविर्भूत करती है। यही महाकवियों का महाकवित्व है।

सारांशतः कहा जा सकता है कि साहित्यिक आचार्यों को प्रतिभा का 'स्वतः स्फुरित' रूप ही मान्य है जो दर्शन एवं वर्णन की द्विविध शक्तियों से युक्त है। 'प्राक्तनाद्यतन' संस्कारों से परिपक्व प्रतिभा को कविशक्ति मानते हुये वे यह मानते हैं कि बिना दैवी कृपा और पुण्य कर्मों के कोई 'सुकवि' या 'महाकवि' नहीं बन सकता। राजशेखर ने 'काव्यमीमांसा' में एक स्थल पर कहा है—

"बुद्धिमत्ता, काव्य एवं उसके अंगभूत विद्याओं का अभ्यास तथा कवियों का उपनिषद् (शक्ति) ये तीनों एक स्थान पर अत्यन्त दुर्लभ है।"

## प्रतिभा : दार्शनिक पृष्ठभूमि

न्याय, वैशेषिक एवं वेदान्त में प्रतिभा या आर्षज्ञान पर्याय रूप में प्रयुक्त है। 'योगकालतंत्र' में इसे प्रज्ञा कहा गया है। व्याकरण दर्शन में प्रज्ञा एवं प्रतिभा दोनों

---

२५. 'अपारे काव्यसंसारे कविरेकः प्रजापतिः' ध्वन्यालोक।

२६. ध्वन्यालोक ४।१७ वृत्ति।

का प्रयोग है और वहाँ उसे 'पश्यन्ती' के स्तर की वस्तु कहा गया है। वैयाकरणों के अनुसार जिससे पदार्थ का प्रतिभान हो वह प्रतिभा है। अंतःकरण की बुद्धि नामक निश्चयात्मिका वृत्ति को उन्होंने प्रतिभा कहा। बौद्ध केवल 'प्रज्ञा' से ही परिचित हैं। जैनों ने भी केवल अवधिज्ञान एवं केवल ज्ञान के रूप में आर्षज्ञान की विवेचना की है। इस प्रकार आर्ष ज्ञान के अर्थ में प्रतिभा की चर्चा सर्वत्र है, रूप चाहे कुछ हो। आगमों में इसका पर्याय 'संवेद' मिलता है तथा प्रतिभा शब्द का प्रयोग 'पराशक्ति' के रूप में हुआ है।

साहित्यशास्त्र में काव्योपयोगी 'प्रतिभा' का विचार दो दर्शनों के प्रकाश में मिलता है - एक तो प्रत्यभिज्ञा दर्शन और दूसरा जैन दर्शन। काश्मीरी आचार्यों ने कहीं-कहीं 'प्रत्यभिज्ञा दर्शन' के अनुसार प्रतिभा का विमर्श किया है। अभिनवगुप्त 'लोचन' में कहते हैं—

यदुन्मीलनशक्त्यैव विश्वमुन्मीलति क्षणात्।
स्वात्मायतनविश्रान्तां तां वन्दे प्रतिभां शिवाम्॥

उस ज्ञानात्मिका, विमर्श रूप शिवा (शक्ति तत्व) की वन्दना करता हूँ, जिसके उन्मीलित होते-होते सारा विश्व उन्मीलित हो जाता है। व्याख्याकारों ने इस श्लोक की व्याख्या कवि-प्रतिभा परक भी की है। उनके अनुसार कवि यहाँ उस प्रतिभा को नमस्कार करता है, जिसके उन्मीलित होते ही सारा विश्व प्रतिक्षण नवीन-नवीन छाया से मंडित होकर कुछ और ही दृष्टिगोचर होने लगता है। यह प्रतिभा-शक्ति आत्मा में ही मूलतः वासना के रूप में स्थित है। उसी का उद्बुद्ध रूप प्रतिभा है। 'स्वात्मायतन' का व्याख्यान अभिनवभारती में इस प्रकार मिलता है —

"कवेरपि स्वहृदयायतनसततोदितप्रतिभाभिधानपरवाग्देवतानुग्रहोत्थितविचित्रापूर्वार्थनिर्माणशक्तिशालिनः प्रजापतेरिव कामजनितगतः"[२७]

अपने हृदय मन्दिर में निरन्तर प्रकाशमान प्रतिभा रूप, वाग्देवता के अनुग्रह से प्राप्त, नाना प्रकार के लोकोत्तर (अपूर्व) अर्थों की रचना करने की शक्ति रखने वाले और प्रजापति के समान अपनी इच्छानुसार (काव्य) जगत की रचना करने वाले कवि के लिये भी नाट्य की वर्जनीयता का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। यहाँ प्रतिभा का आवास कवि का अन्तःकरण कहा गया है। जिस प्रकार शिव के साथ शक्ति अवस्थित है, उसी प्रकार कवि के साथ प्रतिभा। प्रतिभा के ही उन्मीलन से नवीन काव्य-जगत् का निर्माण होता है।

---

२७. अभिनवभारती, प्रथम अध्याय, कारिका १।

महिमभट्ट ने प्रतिभा को शिव का तीसरा नेत्र कहा है। ये मानते हैं कि "प्रतिभा कवि की वह प्रज्ञा है, जो वस्तुमात्र के प्रत्यक्षायमाण स्वरूप का स्पर्श करती हुई स्फुरित होती रहती है और प्रज्ञा भी कवि की वही है, जो रसोपयोगी शब्दार्थ की चिन्तना में एकतान है। यह प्रज्ञा भगवान चन्द्रमौलि की वह तीसरी आँख है, जिससे वे निखिल त्रैकालिक पदार्थों का साक्षात्कार करते हैं।"[२८]

जैन दर्शन के अनुयायियों में हेमचन्द्र और वाग्भट्ट का नाम उल्लेखनीय है। इन लोगों ने प्रतिभा का स्वरूप अपने दर्शन के अनुसार स्थिर किया है। हेमचन्द्र ने माना है कि प्रत्येक जीव निसर्गतः अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन एवं अनन्त सामर्थ्य आदि सद्गुणों से सम्पन्न है, परन्तु जीवों के शुभाशुभ कर्म उसके स्वरूप पर आवरण डाले रहते हैं। शुभ कार्यों के अनुष्ठान से इस आवरण का नाश हो जाता है तथा प्रतिभा का उन्मेष होता है। इन्होंने प्रतिभा के दो भेद माने हैं—

१ सहजा और।

२—उत्पाद्या।

प्रतिभा का स्वरूप इनके मत से नव-नवोल्लेखशालिनी है तथा 'सहजा' प्रतिभा का उन्मेष असदाचरण के अभाव से तथा 'व्युत्पाद्या' का सदाचरण द्वारा आवरण के नाश से होता है।

वाग्भट्ट भी प्रतिभा का इसी प्रकार का विवेचन उपस्थापित करते हैं। केवल सहजा के लिये उनका संशोधन यह है कि 'एतामपि वयं कर्मक्षयहेतुकामेव मन्यामहे' इसका भी उन्मेष कर्मक्षय होने पर ही होता है।

विभिन्न दार्शनिक मान्यताओं के आलोक में प्रतिभा का स्वरूप विवेचित करने पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि इसकी व्याख्या दो धरातलों पर सम्भव है—

१—पारमार्थिक तथा।

२—व्यावहारिक।

पारमार्थिक धरातल पर ब्रह्म की स्पन्दमय शक्ति ही प्रतिभा है, क्योंकि मूल तत्त्व में स्पन्दन होने से ही जगत् का निर्माण एवं ध्वंस होता है, और वही संसार

---

२८. व्यक्तिविवेक, द्वितीय उद्योत, पृ० ३६०।

का मूल है । वैयाकरणों के ब्रह्म वाचक शब्द का अर्थ भी यही प्रतिभा है । व्यावहारिक धरातल पर कवि की शक्ति प्रतिभा है, क्योंकि इसी के आधार पर वह अपूर्व वस्तुओं का दर्शन एवं नवीन वस्तुओं का सृजन करता है । इस प्रकार कहा जा सकता है कि जन्मान्तरीय संस्कारों से प्राप्त प्रतिभा अंतश्चेतना की वह शक्ति है जिसके द्वारा अपूर्व अर्थ का भान एवं नवीन वस्तु का सृजन होता है तथा व्युत्पत्ति एवं अभ्यास द्वारा जिसे प्रौढ किया जा सकता है ।



# पारस्करगृह्यसूत्र के रचयिता का विचार

डॉ० ओम्प्रकाश पाण्डेय

हरदोई

PGS—The only *gṛhyasūtra* of *Śukla Yajurveda*, is a work on ceremonies and their rules relating to family or domestic affairs. The authorship of the said *gṛhyasūtra* has been critically examined in this paper.

पारस्कर गृह्यसूत्र शुक्लयजुर्वेद का एकमात्र गृह्यसूत्र है। उसकी व्याप्ति सम्पूर्ण उत्तर भारत के साथ दक्षिण भारत के कुछ भागों में भी है। परम्परा इसके प्रणयन का श्रेय आचार्य पारस्कर को देती है, किन्तु कतिपय आधुनिक विद्वानों ने इसके विपरीत विचार व्यक्त किये हैं। पारस्कर गृह्यसूत्र के भाष्यकारों ने कहीं-कहीं इसे 'कातीय गृह्यसूत्र' भी कहा है, इसके आधार पर कुछ इसे कात्यायन-प्रणीत मानने के पक्ष में हैं। ओल्डेनवर्ग ने तो अत्यन्त स्पष्ट शब्दों में इसे कात्यायन श्रौतसूत्र का परिशिष्ट बतलाया है।[1] 'पारस्कर' की फिर क्या सार्थकता है? इस विषय में वे मौन हैं। पारस्कर नामक व्यक्ति के अस्तित्व के विरोध में प्रमाण-स्वरूप यह कहा जाता है कि अष्टाध्यायी में यह नाम व्यक्तिवाचक रूप में नहीं आया है। अष्टाध्यायीगत 'पारस्करप्रभृतीनि संज्ञायाम्'[2] सूत्र के आधार पर प्रो० कीथ[3] ने यह विचार व्यक्त किया था कि इसमें पाणिनि ने पारस्कर गृह्यसूत्र के रचयिता की ओर संकेत किया है; किन्तु विरोधी विद्वानों का कथन है कि इसमें पारस्कर नामक किसी

---

१. Sacred Books of the East XXIX, 264.

२. अष्टाध्यायी, ६-१-१५७.

३. तैत्तिरीय संहिता की भूमिका।

व्यक्ति का उल्लेख नहीं है। प्रमाणस्वरूप उन्होंने ऋक्तन्त्र[४] और व्याकरण महाभाष्य[५] के वे अंश उद्धृत किये, जिनमें 'पारस्कर' का अभिप्राय क्रमशः पर्वत और देश बताया गया है। काशिका भी इससे सहमत प्रतीत होती है। डॉ० वा० श० अग्रवाल के मत से[६] पारस्कर संभवतः सिन्ध का पूर्वी जिला 'थर पारकर' है। 'थर' रेगिस्तानवाची 'थल' का सिन्धी भाषागत रूप है। तदनुसार कच्छ के इरिण या रन्न प्रदेश के उत्तर का समस्त भूभाग पारकर कहलाता था।

किन्तु हमारे विचार से उपर्युक्त पाणिनीय सूत्र से इस तथ्य का निषेध नहीं होता कि पारस्कर किसी व्यक्ति-विशेष का नाम था। पाणिनि के अभिमतार्थ तक पहुँचने के लिये यह आवश्यक है कि उक्त सूत्र के पूर्वापर अन्य सूत्रों पर भी विचार किया जाये। तत्पूर्ववर्ती ४ सूत्र ये हैं—

(१) प्रस्कण्व हरिश्चन्द्रावृषी (अष्टा० ६.१.१५३); (२) मस्करमस्करिणौ वेणुपरिव्राजकयोः (वही ६.१.१५४); (३) कास्तीराजस्तुन्दे नगरे (वही ६.१.१५५); (४) कारस्करो वृक्षः (वही, ६.१.१५६)।

इनमें उल्लिखित शब्द जिन-जिन पदार्थों के वाचक हैं, उनका उल्लेख स्वयं सूत्रकार ने कर दिया है, जैसे प्रस्कण्व और हरिश्चन्द्र—ये ऋषि नाम हैं; कास्तीर और अजस्तुन्द ये नगरों के नाम हैं। कारस्कर किसी वृक्ष का नाम है, किन्तु 'पारस्कर' के साथ सूत्रकार ने ऐसा कोई उल्लेख नहीं किया; वहाँ वे केवल 'संज्ञायाम्' ही कह कर रुक गये। इसका अभिप्राय यही हो सकता है कि पाणिनि इसे किसी एक वस्तु का नाम नहीं मानते थे। यह अनेक पदार्थों का वाचक रहा होगा। पर्वत और देश (प्रदेश) के साथ ही व्यक्ति विशेष का भी यह ज्ञापक रहा होगा। यह निपातन है। 'सिद्धान्त कौमुदी-वृत्ति' भी इसे 'निपातन नाम' कहती है—'एतानि सुसट्कानि निपात्यन्ते नाम्नि।'

इसके अतिरिक्त अन्य प्रमाणों से भी यह ज्ञात होता है कि पाणिनीय परम्परा किसी व्यक्ति का पारस्कर नाम होने के विरुद्ध नहीं है। 'ब्राह्मणो जानपदाख्यायाम्' (अष्टा० ५.४.१०४) प्रभृति पाणिनीय सूत्रों से ज्ञात होता है कि भिन्न-भिन्न स्थानों पर बस जाने के कारण ब्राह्मणों व जनपद-वाचक पृथक्-पृथक् नामकरण की परम्परा

---

४. ऋक्तन्त्रम्, ४-५-१०.

५. महाभाष्य, ६-१-१५७ वें सूत्र पर भाष्य.

६. पाणिनिकालीन भारतवर्ष, पृष्ठ ६६, प्रथम संस्करण.

चल पड़ी थी। डॉ० वा० श० अग्रवाल ने भी इससे अपनी सहमति व्यक्त की है कि जनपदों के अनुसार ब्राह्मणों के नामों की प्रवृत्ति स्वयं पाणिनि के ही काल में विकसित होने लगी थी। केवल इतना ही नहीं, अन्य नामों की तुलना में स्थानवाची नामों से बनने वाले व्यक्ति-नाम या विशेषणों का प्रचलन अधिक हो चला था।

जहाँ तक पाणिनि और पारस्कर के मध्य सांस्कृतिक भिन्नता की बात है, वैसी भिन्नता तो दो गृह्यसूत्रों के मध्य में ही मिल जाती है। इसका आधार क्षेत्रीय प्रचलन है।

यदि यह भी मान लिया जाये कि पाणिनि ने अपने उपर्युक्त 'पारस्करप्रभृतीनि संज्ञायाम्' सूत्र में गृह्यसूत्र प्रणेता का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है, तब भी इस संभावना का निराकरण नहीं किया जा सकता कि उनसे पहले या उनके समकालिक पारस्कर नामक किसी व्यक्ति विशेष का अस्तित्व था और उसी ने प्रस्तुत गृह्यसूत्र का प्रणयन किया। इस सन्दर्भ में पहली बात तो यह कि पाणिनि के समक्ष गृह्यसूत्रकारों का परिचय प्रस्तुत करने का लक्ष्य नहीं था। वे तो व्याकरण की विभिन्न प्रक्रियाओं का ज्ञानमात्र अपने पाठकों को कराना चाहते थे। सभी पूर्ववर्ती वैयाकरणों, शब्द-शास्त्रियों, नैरुक्तों और प्रातिशाख्यकारों के नाम भी तो अष्टाध्यायी में नहीं मिलते। दूसरी बात यह कि वैयाकरण की दृष्टि प्रधानतया शब्द या धातु के रूपात्मक पक्ष पर अधिक केन्द्रित रहती है। अर्थ पर विचार करते समय वह उसके प्रातिपदिक या नित्यार्थ पर विशेष बल देता है। शब्दों का व्यक्तिवाचकत्व नित्य नहीं है। फिर एक ही साथ कई व्यक्तियों का नामकरण भिन्न-भिन्न स्थानों पर एक ही शब्द से हो सकता है। वैयाकरण उस पद पर विचार करते समय केवल यौगिक अर्थ पर ही अधिक ध्यान देगा। नदी, पर्वत, प्रदेश आदि भी व्यक्ति की तुलना में अधिक स्थायी हैं, इसलिये उनका भी आपेक्षिक दृष्टि से अधिक महत्त्व है। गंगा, यमुना, कैलाश, विन्ध्य आदि के नाम पर व्यक्तियों के नाम हो सकते हैं किन्तु व्याकरण या कोशग्रन्थों में कहीं भी ऐसा उल्लेख नहीं मिलता कि अमुक पिता के पुत्र का नाम कैलाश है। व्यक्ति आनन्त्य के कारण ऐसा सम्भव ही नहीं है।

अतः यह निश्चित हो जाने पर कि उक्त पाणिनीय सूत्र से पारस्कर नामक किसी व्यक्ति का अस्तित्व बाधित नहीं होता, परम्परा पर भी दृष्टिपात आवश्यक है।

पारस्कर गृह्यसूत्र पर भाष्यों, पद्धतियों और अन्य तत्परक ग्रन्थों की एक सुदीर्घ शृङ्खला प्राप्त होती है, जिसके पीछे कर्मकाण्ड की घनीभूत परम्परा रही है। यह परम्परा ऐतिहासिक दृष्टि से भी अनुपेक्षणीय है क्योंकि प्राचीन भाष्यकारों

ने अपने सम्प्रदाय और शाखानुसार गुरुमुख से गृह्यसूत्रान्तर्गत सामग्री का सैद्धान्तिक और व्यावहारिक अध्ययन-अनुभव के अनन्तर ही व्याख्यान किया होगा। इस सन्दर्भ में सभी प्रमुख भाष्यकारों ने प्रकृत गृह्यसूत्र को पारस्कर प्रणीत ही बतलाया है यथा—

कर्क—

पारस्करगृह्यकृतस्मार्तसूत्रव्याख्या गुरूक्तितः ।
कर्कोपाध्यायकेनेयं तेने नत्वा जगद्गुरुम् ।।

हरिहर—

पारस्करकृते गृह्यसूत्रे व्याख्यानपूर्विकाम् ।
प्रयोगपद्धतिं कुर्व वासुदेवादिसम्मताम् ।।

जयराम और गदाधर ने यद्यपि ऐसा कोई उल्लेख नहीं किया है, तथापि विरोधी वचनों के न मिलने से उन्हें भी कर्क से सहमत ही समझना उपयुक्त है।

विश्वनाथ ने तो सूत्रकार आचार्य को भूत-भविष्यद्रष्टा तथा सूक्ष्मदर्शी भी कहा है—'कथं वाऽतीतानागतद्रष्टा आचार्यः सूक्ष्मदर्शी मांसलधीसापेक्षं वदेत् ।' ग्रन्थान्त में उनका कथन है—

'पारस्करस्य गृह्यस्य पञ्चखण्डावशिष्टकम् ।'

निष्कर्ष यह कि पारस्कर को ही इस गृह्यसूत्र का रचयिता मानना उचित है। कात्यायन निःसन्देह शुक्ल यजुर्वेद के प्रमुख रूप से मान्य आचार्य रहे हैं, उनके श्रौतसूत्र की परम्परा में ही शाखानुयायियों ने अतिशीघ्र पारस्कर प्रणीत गृह्यसूत्र को भी ग्रहण कर लिया। 'कातीय' विशेषण का भी यही अभिप्राय है।

# भगवान् बुद्ध का *धर्मनगर**

वैद्यनाथ लाभ

दिल्ली

The Bauddha preceptor Nagasena disproves the doubts raised by Milinda on the authenticity of Buddha's very existence. The author in this paper throws light on the allegory presented by Nagasena regarding the architectural plan of Buddha's *dhammanagara* (dharmanagara), referred to in the fifth chapter of *Milndapañha.*

भगवान् बुद्ध के धर्मनगर का उल्लेख पालि अनुपिटक काल के प्रसिद्ध व लोकप्रिय ग्रन्थ "मिलिन्दपञ्ह" के पञ्चम अध्याय "अनुमानपञ्ह" में हमें उपलब्ध होता है। बुद्ध के पाँच सौ वर्षों के अन्तराल में लोकमानस में उद्भूत बुद्ध के अस्तित्वविषयक सन्देहों का उद्गीरण इण्डो-ग्रीक राजा मिनाण्डर (जिसे प्रस्तुत ग्रन्थ में "मिलिन्द" के नाम से अभिहित किया गया है) के मुख से तथा उनका निराकरण बौद्ध आचार्य नागसेन के द्वारा किया गया है और उसी के परिणाम-स्वरूप भगवान् बुद्ध का धम्मनगर (सं०—धर्मनगर) हमारे समक्ष उद्घाटित हुआ है।

---

* ऑल इण्डिया ओरिएण्टल कॉन्फ्रेन्स (३२वें अधिवेशन), नवम्बर १९८५, गुजरात विश्वविद्यालय अहमदाबाद में प्रस्तुत।

नागसेन बुद्ध के अस्तित्व की सत्यता को सिद्ध करने के लिए अनुमान को ही आधार बनाते हैं और सामान्य नगरों की रचना, उनमें बसने वाले विभिन्न जाति, वर्ण, व्यवसाय, शिल्प आदि को अपनाने वाले नागरिकों तथा उनकी प्रशासन-व्यवस्था से बुद्धोपदेश का सादृश्य स्थापित करते हैं।

## धर्मनगर की स्थापत्य योजना

किसी नगर को सुव्यवस्थित ढंग से बसाने के उद्देश्य से नगरशिल्पी सर्वप्रथम एक सुरक्षित व उपयुक्त स्थान की खोज करता है जो कि विभिन्न प्रकार के उपद्रवों (यथा चोरी-डकैती, बाढ़, गृहदाह आदि), भयों व आशंकाओं से मुक्त हों। उपर्युक्त दृष्टिकोणों से स्थान की उपयुक्तता का परीक्षण करने के उपरान्त, वह उसे अच्छी तरह स्वच्छ करवा कर, कण्टककुशादि को हटवा कर, उसे पूर्णतया समतल करवाता है। तदुपरान्त, वह नगर का एक स्पष्ट मानचित्र बनाता है तथा तदनुसार उस स्वच्छीकृत भूमि को विभिन्न भागों में विभक्त कर, उसके परितः परिखा तथा प्राकार, दृढ गोपुर, उच्च अट्टालिकाएँ, पृथक्-पृथक् चतुष्पथ व उद्यान, स्वच्छ राजमार्ग व अन्य मार्ग, बीच-बीच में आपणों की पंक्तियां, विश्रामस्थल, तडाग, पुष्करिणी, कूप, देवस्थल आदि से प्रतिमण्डित व सभी प्रकार से दोषरहित नगर को सुव्यवस्थित करता है।

एक कुशल नगरशिल्पी की भाँति बुद्ध भी अपने धर्मनगर की स्थापना के मार्ग में कण्टकों व पाषाणों के सदृश मार व उसके सैनिकों को पराजित कर, मिथ्यादृष्टिरूपी जाल को छिन्न-भिन्न कर, अविद्यारूपी अन्धकार को विद्या व धर्मरूपी उल्का (मशाल) के सहयोग से नष्ट कर देते हैं। ऐसा करने से धर्मनगर स्थापना के लिए चयित भूमि पूर्णतः निरुपद्रव, निष्कण्टक, विघ्नरहित व दोषमुक्त हो जाती है। बुद्ध यतः सर्वज्ञ व संग्रामविजयी हैं, अतः वे एक आदर्श नगर का मानचित्र तैयार करते हैं, एक ऐसे नगर का जो कि सर्वथा दोषमुक्त, अनाविल और पवित्र है, जिसके निवासी सदैव धर्मानुरागी व परहितकारी हैं।

बुद्ध के इस धर्मनगर के परितः शील का उच्च प्राकार है जिसके चलते शत्रुओं के आक्रमण से नगर तथा नगर के निवासी सुरक्षित रहते हैं। किसी भवन के निर्माण हेतु आधारस्वरूप प्रतिष्ठित शिला की भाँति ही आध्यात्मिक जीवनरूपी भवन का आधार शील है। इसी से कहा भी गया है—"सिला अत्थेन सीलं", "सीलन अत्थेन सीलं" इत्यादि। "मिलिन्दपञ्ह" के रचनाकार ने भी शील का लक्षण बतलाते हुए लिखा है—"पतिट्ठानलक्खणं, महाराज, सीलं सब्बेसं कुसलानं

धम्मानं।"[1] इसके अनुसार, जितने भी कुशल धर्म (यथा-इन्द्रिय, बल, बोध्यङ्ग, आष्टाङ्गिक मार्ग, स्मृत्युपस्थान सम्यक् प्रधान, ध्यान, विमोक्ष, समाधि, समापत्ति आदि) हैं, वे सभी शील पर ही प्रतिष्ठित हैं। 'संयुत्तनिकाय" में भी बहुलतया चर्चा हुई है। शील का आचार्य बुद्धघोष ने भी "विसुद्धिमग्ग" के आरम्भ में ही उल्लेख कर शील की महत्ता को प्रतिष्ठापित किया है—

"सीले पतिटठाय नरो सपञ्ञो, चितं पञ्ञं च भावयं।
आतापी निपको भिक्खु, सो इमं विजटये जटं" ति।।"

ऐसी स्थिति में यदि धर्मनगर के प्राकार सील से निर्मित हैं तो अकुशल धर्म जैसे शत्रु इससे आवृत्त व सुरक्षित किए गए लोगों को कभी प्रभावित नहीं कर सकते।

धर्मनगर की रचना के क्रम में इसके शिल्प की दूसरी विशिष्टता शील के प्रकार के परितः खुदी हुई 'ह्री' की परिखा है, जो कि बाह्य आक्रमणकारियों को नगर के प्राकार तक भी पहुँचने से रोकती है। "हिरीयति कायदुच्चरिता दीहि जिगुच्छतीति हिरी[2], अर्थात् जो कायिक दुष्कर्मादि से घृणा करती है वह 'ह्री' है, इसका लक्षण है पाप से घृणा करना। चित्त में 'ह्री' की उपस्थिति से पापमूलक प्रवृत्तियाँ विकसित नहीं हो सकतीं।

प्राचीनकाल में नगर को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्राचीरबद्ध करने के उपरान्त उसके परितः परिखा खोद दी जाती थी, जिसमें विपुल मात्रा में जल तथा जल में विषैले सर्पादि छोड़ दिए जाते थे, और आक्रमणकारियों को उनका शिकार होना पड़ता था। इसी प्रकार, ह्री धर्मपथ के अनुरागी और शीलव्रती व्यक्ति की, पापों या दुष्कर्मों के करने से, रक्षा करती है।

धर्मनगर का द्वारकोष्ठक ज्ञान से निर्मित है। इसकी स्थिति नगरद्वार के ऊपर होती है, जिसमें बैठकर प्रहरी अपनी सतर्क दृष्टि से चारों ओर देखता रहता है तथा नगर में प्रवेश करने वाले शत्रुओं व मित्रों की पहचान करता रहता है।

---

१. मिलिन्दपञ्हपालि, सम्पादक—द्वारिकादास शास्त्री, बौद्ध भारती, वाराणसी, पृ०—२५।

२. अभिधम्मत्थसङ्गहो विभावनी टीका सम्पा० भदन्त रेवतधर्म शास्त्री, बौद्ध स्वाध्याय सत्र, वाराणसी, पृ० ४६

ज्ञान का तात्पर्य प्रज्ञा से है[३], जिसका लक्षण है अज्ञानान्धकार को छेदकर सत्य की तह तक पहुँचना तथा सत्य को प्रकाशित करना।[४] अविद्यारूपी अन्धकार के विनष्ट हो जाने से चारों आर्यसत्य स्पष्टतः दृष्टिगोचर होने लगते हैं और योगावचर "अनित्य, दुःख व अनात्म"—वस्तुओं के स्वरूप के इन तीनों लक्षणों को भली भाँति जान व समझ लेता है। ज्ञान की सहायता से व्यक्ति अपने चरित्र व्यक्तित्व व चित्त के ऊर्ध्वमुखी विकास में सहायक व विरोधी तत्वों को सरलता से समझ व परख सकता है।

नगर-द्वार पर बने द्वारकोष्ठक का कोई अर्थ नहीं रह जायेगा यदि उसमें आगन्तुकों पर ध्यान रखने के लिए द्वारपाल तत्परता से स्थित न हों। अपने नियत स्थान से बिना विचलित हुए, नगर में प्रविष्ट होने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर वह जागरूक दृष्टि रखता है। धर्मनगर की रक्षा के लिए बुद्ध ने "स्मृति" को द्वारपाल नियुक्त किया है। स्मृतिवान् पुरुष सीखी गई बातों व सद्शिक्षाओं को सदैव स्मरण रखता है। उससे यह अपेक्षा की जाती है कि वह निरन्तर काया को काया, वेदना को वेदना, चित्त को चित्त तथा धर्म को धर्म के ही रूप में देखे। स्मृतिरूपी द्वारपाल जब ज्ञाननिर्मित द्वारकोष्ठक में स्थित होकर प्रहरी का कार्य करता है तो फिर सेवितव्य, वाञ्छित व कुशल धर्म ही अन्दर प्रविष्ट हो पाते हैं, असेवितव्य, अवाञ्छित व अकुशल धर्म प्रवेश पाने से वञ्चित रह जाते हैं।

नगरद्वार के सम्मुख नगरशिल्पी ने श्रद्धा का स्तम्भ भी निर्मित किया है। अपने स्थान पर अविचलित भाव से स्थित यह स्थिर स्तम्भ नगरनिवासियों के चित्त में सद्धर्म के प्रति अडिग व गहन श्रद्धा का द्योतक है।

नगर में वीर्य की बृहदाकार अट्टालिकाएँ भी निर्मित हैं। वीर्य का लक्षण दृढ़ करना है और जिन पुण्य धर्मों को यह दृढ़ कर देता है वे कभी भी अपने स्थान से स्खलित नहीं होते, बल्कि अडिग रहते हैं।[५] सुत्तनिपात[६] में आध्यात्मिक कृषि के सन्दर्भ में बुद्ध ने वीर्य को अपना वृषभ बतलाया है—"विरियं मे धुरधोरय्हं....।"

---

३. "यञ्ञेव ञाणं सा येव पञ्ञा"; मिलिन्दपञ्हपालि, पृ० ३२.

४. "छेदनलक्खणा पञ्ञा" ति। अपि च ओभासनलक्खणा पञ्ञा "ति।" मिलिन्दपञ्हपालि, पृ० ३०.

५. "उपत्थम्भनलक्खणं विरियं। विरियुपत्थम्भिता सब्बे कुसला धम्मा न परिहायन्ती "ति।" वही, पृ० २८.

६. कसिभारद्वाजसुत्त.

वीर्य एक शक्ति है, आध्यात्मिक क्षेत्र में उन्नति के लिए व्यक्ति के अन्दर बल और उत्साह भरने वाला एक कारक है। धर्मनगर की अट्टालिकाएँ वीर्य से निर्मित होने के कारण वहाँ के निवासी चारित्रिक उन्नयन व परिशुद्धि के लिए स्वतः सबल और उत्साहपूर्ण होते हैं।

सूत्रान्तों (सुत्तन्त) अथवा धर्मोपदेश के सूत्रों का चच्चर (संस्कृत-"चत्वर") भी धर्मनगर में दृष्ट होता है। "चच्चर" शब्द के विभिन्न अर्थ प्राप्त होते हैं, यथा–रिज डेविड्स[७] तथा चाइल्डर्स[८] के अनुसार, चतुष्कोणीय स्थान, वर्ग, आङ्गन, चौरास्ता आदि; भिक्षु जगदीश काश्यप[९] के अनुसार, उद्यान। सूत्रान्तों के चत्वर की भाँति ही धर्मनगर में अभिधर्म का चतुष्क भी निर्मित है, जहाँ स्मृत्युपस्थान के मार्ग आकर मिलते हैं।

"विनय" बौद्ध संघ का संविधान है, उसके जीवन का आधार है, उसके शरीर का मेरुदण्ड। इसमें करणीय-अकरणीय धर्मों का विश्लेषण है, तथा किए गए अपराधों के लिए दण्डादि की व्यवस्था भी है। अतः विनय का न्यायालय धर्मनगर में होना स्वाभाविक व सर्वथा न्यायसंगत ही है।

वीथियाँ स्मृत्युपस्थान की निर्मित हैं। बौद्ध दर्शन में चार स्मृत्युपस्थान माने गये हैं—कायानुपश्यना, वेदनानुपश्यना, चित्तानुपश्यना, तथा धर्मानुपश्यना।[१०] स्मृत्युपस्थान की ये वीथियाँ व्यक्ति को काय, वेदना, चित्त तथा धर्म के वास्तविक स्वरूपों से परिचित कराती हुई उन विभिन्न मार्गों से समाधि की श्रेष्ठ अवस्था तक ले जाती हैं।

## धर्मनगर का बाजार (आपण)

सामान्य नगरों की भाँति धर्मनगर में भी वहाँ के नागरिकों के उपभोग हेतु विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के आपण स्मृत्युपस्थान की वीथियों के दोनों ओर सुसज्जित हैं, यथा–विभिन्न प्रकार की संज्ञाओं (अनित्य, अशुभ, आदीनव, प्रहाण

---

७. पालि-इंगलिश डिक्शनरी, पृ० २७०

८. डिक्शनरी ऑफ द पालि लैंग्वेज, पृ० ९७.

९. मिलिन्दप्रश्न (मिलिन्दपञ्ह का हिन्दी अनुवाद).

१०. मज्झिमनिकाय (सतिपट्ठानसुत्त).

आदि) रूपी पुष्पों के आपण; शीलरूपी सुगन्धि के आपण; स्रोतापत्तिफल, सकृदागामी-फल, अनागामीफल, अर्हत्फल, अप्रणिहितफल, समापत्तिफल आदि फलों के आपण; चार आर्यसत्यों के रूप में विषहर भैषज्य के आपण; चार स्मृत्युपस्थान, चार सम्यक् प्रधान, चार ऋद्धिपाद, पाँच इन्द्रियां, पाँच बल, सात बोध्यंग तथा आष्टाङ्गिक मार्गरूपी औषधि के आपण; कायगतास्मृतिरूपी अमृत का आपण; शील, समाधि, प्रज्ञा, विमुक्ति, विमुक्तिज्ञानदर्शन, प्रतिसंविद, बोध्यङ्ग आदि रत्नों के आपण; तथा नवाङ्गयुक्त बुद्धवचन, उनकी शरीरधातु, चैत्य तथा संघरत्न आदि सामान्य वस्तुओं के आपण इत्यादि ।

इन विभिन्न प्रकार की सम्पत्तियों (वस्तुओं) का क्रय करने के लिए शील का अनुपालन तथा सत्कर्म का संचय बहुत आवश्यक है, क्योंकि ये ही इन वस्तुओं के क्रय के लिए उचित मूल्य हैं । इनका अनुपालन जितना निष्ठा व लगन से किया जाय, पालनकर्ता के चित्त का परिष्कार उतना ही अधिक होता है, उसके नैतिक व चारित्रिक बल में उतनी ही अधिक वृद्धि होती है तथा धर्मनगर के आपणों से वस्तुएँ क्रय करने के लिए मूल्य का संचय होता जाता है ।

## धर्मनगर-विहारी

सामान्य नगरों की भाँति धर्मनगर में भी विभिन्न स्वभाव, गुण, विशेषता आदि से सम्पन्न लोग रहते हैं । यद्यपि ग्रन्थ की उपलब्ध सामग्री के आधार पर समाज में उन्हें प्राप्त स्थिति एवं उनके कार्यों के बारे में कुछ अधिक पता नहीं चल पाता, तथापि कम-से-कम इतना तो स्पष्ट हो ही जाता है कि चूंकि वे धर्मनगर के निवासी हैं, अतः उनके हर कार्य के मूल में धर्मोद्देश्य निहित रहता है । अस्तु, ये निवासी हैं—

**"सुत्तन्तिका"**, अर्थात् ऐसे लोग जो सुत्तपिटक को जानने और समझने में पारङ्गत हैं; **"वेनयिका"**, अर्थात् बौद्धशासन के संविधानस्वरूप विनयपिटक को जानने व समझने में पारङ्गत लोग; **"अभिधम्मिका"**, अर्थात् अभिधम्मपिटक के ज्ञान में पण्डित; **"धम्मकथिका"**, अर्थात् बुद्धोपदिष्ट तीनों पिटकों को सरल, सुबोध तथा सरस बनाकर जनमध्य वितरण करने वाले लोग; **"जातकभाणका"**, अर्थात् जातक कथाओं के जानकार तथा उनके अर्थ, उद्देश्य, व आदर्शों को सरल तथा बोधगम्य शैली में जनमध्य प्रसारित करने वाले लोग; **'दीघभाणका"** अर्थात् दीघ-निकाय के सूत्रों का अनुशीलन कर लोगों के बीच सरल, सुबोध ढंग से उसमें निहित आदर्शों का वाचन करने वाले व्यक्ति; **"मज्झिमभाणका"** अर्थात् मज्झिमनिकाय के

सूत्रों का अध्ययन कर उनके आदर्शों का जनमध्य वाचन करने वाले; इसी प्रकार "संयुत्तभाणका", अङ्गुत्तरभाणका", तथा "खुद्दकभाणका" अर्थात् **संयुक्तनिकाय अङ्गुत्तरनिकाय** तथा **खुद्दकनिकाय** के ज्ञाता तथा जनसामान्य के मध्य उनका वाचन करने वाले लोग धर्मनगर में विहार करते हैं।

इसके अतिरिक्त वहाँ **"सीलसम्पन्ना"**, अर्थात् विभिन्न प्रकार के शीलों का पालन करने वाले; **"समाधिसम्पन्ना"**, अर्थात् समाधि की भावना करने वाले; **"पञ्ञासम्पन्ना"**, अर्थात् सत्य तथा संसार के त्रिलक्षणों को जानने वाले; **"बोज्झङ्ग-भावनारता"**, अर्थात् सात बोध्यङ्गों के अभ्यास में संलग्न; **"विपस्सका"**, अर्थात् सम्यक् रूप से देखने या अन्तर्वेक्षण का अभ्यास करने वाले; **"सदत्थमनुयुता"** अर्थात् सदर्थ (जो पारम्परिक रूप से निर्वाण का गमक है) की प्राप्ति के लिए अनुयुक्तः विभिन्न प्रकार के **धुताङ्गधारीगण**; **"पटिपन्नका"** अर्थात् निर्वाणोन्मुख मार्ग (स्रोतापत्ति, सकृदागामी, अनागामी व अर्हत्) पर आरूढ़लोग; **"फलट्ठा"** अर्थात् निर्वाणगामी मार्ग के चारों या उनमें से एक या कुछेक फलों को प्राप्त करने वाले; **"सेक्खा"**, अर्थात् जिन्हें परम ज्ञान की प्राप्ति अभी नहीं हुई है और वे इसे सीखने व जानने के प्रयास में संलग्न हैं; स्रोतापन्न, सकृदागामी, अनागामी व अर्हत्; **"तेविज्जा"**, तीन प्रकार की विद्याओं[११] से सम्पन्न व उनमें निपुण लोग; **"छलभिञ्ञा"** अर्थात् छः प्रकार की अभिज्ञाओं[१२] से सम्पन्न लोग; **"इद्धिमन्तो"**, अर्थात् आठ प्रकार की ऋद्धियों को प्राप्त; **"पञ्ञायपारमिगता"**, अर्थात् ऐसे लोग जिन्होंने प्रज्ञापारमिता का परिपूरण कर लिया है।

धर्मनगर में निवास करने वाले उपर्युक्त नागरिकों के नाम, गुण व उनके कार्यों को देखते हुए ऐसा स्पष्ट आभास होता है कि इन नागरिकों पर नगर के श्रेष्ठ शिल्पी (भगवान बुद्ध) के विचारों, उनके द्वारा दिए गए उपदेशों आदि का बहुत गम्भीर प्रभाव पड़ा है।

---

११. **डिक्शनरी ऑफ दि पालि लैंग्वेज—चाइल्डर्स**, पृ० ५७. **दीघनिकाय**—भिक्षु जगदीश काश्यप, नालन्दा संस्करण, पृ० २१३.

१२. (i) अनेक प्रकार से ऋद्धिशक्तियों का अनुभव, (ii) विशुद्ध अमानुष दिव्य श्रोत्रधातु, (iii) दूसरे प्राणियों के चित्त-व विचारों का ज्ञान, (iv) अनेक प्रकार के पूर्वजन्मों का स्मरण (v) विशुद्ध अमानुष दिव्य चक्षु से प्राणियों के जन्म-मरण, सुगति-दुगति का प्रत्यवेक्षण तथा (vi) आस्रवों के क्षय होने से आस्रवरहित चित्तविमुक्ति तथा प्रज्ञाविमुक्ति का इसी जन्म में साक्षात्कार, वही पृ० २२३.

# धर्मनगरीय प्रशासन

यद्यपि ग्रन्थकार ने धर्मनगर के प्रशासक के बारे में पृथक् से कुछ भी नहीं कहा है, तथापि इतना तो स्पष्ट ही है कि वे प्रशासक भगवान् बुद्ध स्वयं हैं और इसकी सुव्यवस्था का सम्पूर्ण दायित्व व श्रेय उन्हें ही प्राप्त है ।

प्राचीनकाल के नगर-प्रशासन को ध्यान में रखकर ही सम्भवतः नागसेन ने धर्मनगर में भी कुछेक महत्वपूर्ण पदों व पदाधिकारियों की अवधारणा का प्रतिपादन किया है । इनके नाम, कर्तव्य, व उनकी अर्हताएँ निम्नानुसार संक्षिप्ततः उल्लिखित हैं—

**धर्मसेनापति**—धर्म के सेनापति होने के कारण यह पदाधिकारी न सामान्य युद्ध ही करता है और न किसी प्रकार की हिंसा ही । यदि युद्ध करना भी है तो अज्ञान से, सांसारिक आसक्तियों से व तृष्णाओं से । ये अज्ञान. सांसारिक बन्धन व तृष्णा ही धर्म के शत्रु हैं, अतः इन्हें पराजित करने के लिए धर्मसेनापति का अपरिमित श्रेष्ठ ज्ञान से समन्वित होना, अनासक्त, सांसारिक बन्धनों से पूर्णतः विमुक्त, अतुल्य गुण, वल व तेज का धारक होना, धर्मचक्र का प्रवर्तक तथा प्रज्ञा-पारमिता को प्राप्त होना सर्वथा उचित ही है ।

**पुरोहित**—इसके मुख्य कार्य प्रायः पूजा-पाठ कराना, प्रशासक को घरेलू व प्रशासनिक कार्यों में प्रधानमन्त्री के रूप में सहायता देना आदि होते थे । धर्मनगर के पुरोहित में चार ऋद्धियों (छन्द. वीर्य, चित, मीमांसा); चार प्रतिसंविदाएँ (अर्थात् ज्ञान के चार प्रकार यथा—अर्थ, धर्म, निरुक्ति तथा प्रतिभान); चार वैशारद्य (जिन्हें प्राप्त करने के बाद व्यक्ति के अन्दर यह ज्ञान आ जाता है कि उसने (i) सर्वज्ञता प्राप्त कर ली है (ii) मानवीय या सांसारिक तृष्णाओं से अपने आप को मुक्त कर लिया है (iii) धार्मिक व नैतिक जीवन के मार्ग में आने वाली सभी बाधाओं की सम्यक् व्याख्या कर ली है, तथा (iv) मुक्ति के मार्ग को सम्यक् रूप से उपदिष्ट कर दिया है); अतुलनीयता, अनतिक्रम्यता आदि योग्यताएँ उपलब्ध होती हैं ।

**अक्खदस्स (अक्षदर्शक)**—शब्दतः आँख से देखने वाला, किन्तु विशेषार्थ में न्यायाधीश का द्योतक यह पदाधिकारी विभिन्न प्रलोभनों से अप्रभावित, अल्पेच्छ तथा सन्तुष्ट प्रकृति के होने के गुणों के साथ ही धुताङ्गों के अनुपालन में अग्रगण्य, जीविकोपार्जन के अनुचित साधनों से घृणा, शरीर तथा जीवन के प्रति निरपेक्ष आदि गुणों से समन्वित होता है । धर्मनगर के न्यायाधीश के पास तो धर्म का बल

होता है, नैतिक शक्ति होती है, अतः चारित्रिक रूप से उसका सबल होना दूसरों के लिए एक अच्छा दृष्टान्त व मार्गदर्शक हो सकता है ।

**धम्मरक्ख (धर्मरक्षक)**—किसी ग्राम के रक्षक की भाँति धर्मनगर का धर्मरक्षक भी धर्म की सूक्ष्म-स्थूल बातों से सुपरिचित होता है। धर्मनगर के इस रक्षक की योग्यताओं और विशेषताओं का उल्लेख करते हुए मिलिन्दपञ्ह के रचनाकार ने लिखा है कि वह बहुश्रुत, अर्थात् अत्यन्त श्रेष्ठ ज्ञान से समन्वित, शास्त्रों का सुवेत्ता, मातृकाधर; शिथिल, ध्वनित, दीर्घ, ह्रस्व, गुरु, लघु आदि ढंग से अक्षरों के विभाजन व उच्चारण में कुशल, तथा नवाङ्गयुक्त बुद्धवचन को हृदयंगम करने वाला होता है। स्पष्ट है कि इतना सुयोग्य रक्षक धर्मनगर की सुरक्षा करने के सर्वथा योग्य है ।

**रूपदक्ख (रूपदक्ष)**—शाब्दिक अर्थ, आकार, रूप, वर्ण, सौन्दर्य आदि (के परिवर्तन) में कुशल होते हुए भी धर्मनगर के सन्दर्भ में इसका वास्तविक अभिप्राय किस अधिकारी से है, यह ठीक-ठीक पता नहीं चल पाता। सम्भवतः यह न्याय से सम्बद्ध कोई छोटा पदाधिकारी होता होगा, जिसने कि विनय में विद्वत्ता प्राप्त की हो। इस पदाधिकारी की योग्यताओं में विनयज्ञ अर्थात् विनय के ज्ञाता; विनयकोविद अर्थात् विनय के प्रकाण्ड पण्डित, सत्य और असत्य निष्कर्षों को समझने में दक्ष, नियमों के अतिक्रमण-अनतिक्रमण, गुरु-लघु, क्षम्य-अक्षम्य, उत्थान, उसकी वैधानिक स्वीकृति, विश्लेषण, संयम, दण्डित भिक्षुओं के संघ में पुनर्प्रवेश, निष्कासन, प्रतिसारण आदि की जानकरी में कुशल, तथा विनय की चरम सीमा तक पहुँचने की योग्यताएँ सम्मिलित हैं ।

**नगरगुत्तिक (नगरगुप्तिक)**—रिज़ डेविड्स ने इसे "नगर आरक्षी अधीक्षक[१३] तथा पुनः ग्रन्थ के अनुवाद में "वाचमैन" अर्थात् "प्रहरी" बताया है। भिक्षु जगदीश काश्यप कृत ग्रन्थ के हिन्दी अनुवाद से भी यह पहरेदार ही प्रतीत होता है। वह जिस प्रकार रात-रात भर जागकर घूमते हुए समय बिता देता है, सतत् जागरूक रहता है, उससे भी वह प्रहरी ही लगता है। यह व्यक्ति रात्रि के प्रथम पहर से अन्तिम पहर तक जागते हुए ही अभ्यास करता रहता है, एक स्थान पर बैठकर, खड़े होकर या चलते हुए समय व्यतीत करता है, भावना के

---

१३. पालि-इंग्लिश डिक्शनरी—रिज डेविड्स तथा स्टेडे, पी० टी० एस०, लन्दन ।

अभ्यास में सतत् संलग्न रहता है; तथा क्लेशों (राग, द्वेष, मोह आदि) को धोकर बहा देने के लिए अच्छे अर्थ की प्राप्ति में सदा यत्नशील रहता है।

**धर्मापणिक (अधिवक्ता)**—धर्मनगर के सन्दर्भ में यह अधिवक्ता का वाचक है। अपराधी भिक्षु को समुचित दण्ड तथा निर्दोष भिक्षु की रक्षा के लिए प्रयास, ये ही दो मुख्य कर्तव्य हैं धर्मापणिकों के। जिस प्रकार अधिवक्ता राज्य में प्रचलित संविधान के विधि-विधानों का सूक्ष्म से सूक्ष्म ज्ञान रखता है, उसी प्रकार धर्मनगर के धर्मापणिक भी नवाङ्गयुक्त बुद्धवचन को अर्थ से, व्यञ्जन, नय (तर्क से), कारण से, हेतु से और उदाहरण से बांचते अर्थात् उनकी शिक्षा देते हैं, दूसरों को बतलाते रहते हैं।

**विस्सुतधम्मिक (विश्रुतधार्मिक)**—ग्रन्थ के अंग्रेजी[१४] तथा हिन्दी[१५] अनुवादों में इसके अर्थ क्रमशः विख्यात विधि-निष्णात (डिस्टिंग्विश्ड मास्टर्स ऑफ लॉ) तथा "बैरिस्टर" मिलते हैं जो कि वस्तुतः विरोधात्मक नहीं हैं। इसका कारण यह है कि प्रथम अर्थ जहाँ विशेषणवाची है वहीं द्वितीय अर्थ पदनामवाची है। अस्तु, धर्मनगर के इन विख्यात विधिवेत्ता बैरिस्टरों में निम्न योग्यताएँ पायी जाती हैं— ये लोग श्रेष्ठ (बुद्ध) देशना का प्रतिवेधन कर उसके रहस्य तक पहुँचने वाले, ध्यान हेतु निर्दिष्ट आलम्बन (विषय) के विभाग व निर्देश (तात्पर्य) का अभ्यास पूर्ण कर चुकने वाले, तथा शिक्षा के गुण की चरम सीमा (सूक्ष्मतम शिक्षागुणों) को प्राप्त कर चुके होते हैं।

धर्मनगर के इन कुछेक अधिकारियों के अतिरिक्त मिलिन्दपञ्ह के रचनाकार ने व्यवसायी वर्ग के भी कुछेक सदस्यों की चर्चा की है, यथा—

**पुप्फापणिक (पुष्प विक्रेता)**—धर्मनगर में पुष्पों के आपण में विभिन्न संज्ञाओं के रूप में पुष्प उपलब्ध होते हैं, जिनकी सुगन्धि को पाकर व्यक्ति राग, द्वेष, मोह, मान, मिथ्यादृष्टि आदि के पाश से मुक्त हो जाता है। इन्हीं श्रेष्ठ विमुक्तिरूपी पुष्पों की माला का धारक, धर्मनगर का माली (पुष्पविक्रेता) होता है। वह विमुक्तिरूपी श्रेष्ठ पुष्पों की माला का धारक उत्तम, अमूल्य व श्रेष्ठ अवस्था को प्राप्त, तथा अपने स्वभाव व व्यवहार से लोगों में प्रिय व आदरणीय होता है।

---

१४. **द क्वेश्चन्स ऑफ किंग मिलिन्द।**

१५. **मिलिन्द प्रश्न**—भारतीय बौद्ध शिक्षा परिषद्, लंकारामय, श्रावस्ती।

**फलापणिक**—धर्मनगर के फलविक्रेता चार आर्य सत्यों के स्पष्ट ज्ञाता हैं; उनके गह्वर में प्रविष्ट होकर उनके वास्तविक स्वरूप से साक्षात्कार करने वाले हैं; चारों श्रामण्यफलों में सन्देहरहित चित्त वाले हैं, उन फलों का आस्वादन कर चुकने वाले हैं; परोपकारिता की भावना से ओतप्रोत हैं तथा उन फलों का प्रेमपूर्वक विक्रय करते हैं।

**गन्धापणिक**—शील की श्रेष्ठ सुगन्धि का विक्रेता गन्धी स्वयं श्रेष्ठ शील-रूपी गन्ध से अनुलिप्त, अनेक प्रकार के सद्गुणों का धारक तथा क्लेशरूपी मल की दुर्गन्ध को नष्ट करने वाला होता है। शील की सुगन्ध सभी सुगन्धों से श्रेष्ठ है। मिलिन्दपञ्ह में रचनाकार बतलाता है—

"चन्दनं तगरं वा पि, उप्पलं अथ वस्सिकी।
एतेसं गन्धजातानं, सीलगन्धो अनुत्तरो।।
अप्पमत्तो अयं गन्धो, स्वायं तगरचन्दनं।
यो च सीलवतं गन्धो, वाति देवेसु उत्तमो।।"

**धम्मसेट्ठिनो (धर्मश्रेष्ठिन्)**—धर्मश्रेष्ठिन् अर्थात धर्मरूपी सम्पत्ति के बड़े बड़े श्रेष्ठि (सेठ) धर्मरूपी रत्न के भोग व त्रिपिटक के श्रवण से उसमें प्रवीणता प्राप्त व तज्जनित सुख के भोगी; धर्म के निर्देश, स्वर, व्यञ्जन व लक्षण (के अन्तः) में प्रविष्ट तथा विज्ञ हैं।

**सोण्डापिपासा (शौण्डपिपासा)**—शौण्ड अर्थात् मद्य के अन्वेषण में संलग्न तथा उसे प्राप्त कर व उसका पान कर उसकी मादकता में मत्त रहने वाले मद्यपों की संख्या भी कम नहीं है धर्मनगर में। मद्य ही उनके लिए जीवनामृत हैं। किन्तु, धर्मनगर का धर्मरूपी मद्य सामान्य मद्य से सर्वथा भिन्न प्रकृति का है, क्योंकि जहाँ सामान्य मद्य शरीर व मस्तिष्क को रोगग्रस्त बना देता है, वहीं धर्मरूपी मद्य व्यक्ति को नैतिकता व आध्यात्मिकता के उच्च से उच्चतर शिखर पर पहुँचा देता है। इन मद्यपों की विशेषताएँ ये हैं कि वे धर्म के ही आकांक्षी होते हैं, धर्मरूपी मद्य के पान के बाद और भी विनम्र और मृदुभाषी हो जाते हैं, अभिधर्म व विनय में अत्यन्त आनन्द लेने वाले होते हैं; सर्वत्र धर्मरस का ही पान करते हैं; शरीर, वचन व मन से केवल धर्म के श्रेष्ठ रस में निमग्न रहते हैं, धर्म में अत्यन्त प्रतिभासम्पन्न होते हैं; जहाँ कहीं भी अल्पेच्छता, सन्तुष्टि, विवेक, सांसारिक तृष्णाओं से विरक्ति, सत्कार्यों के लिए उद्योग की कथाएँ, शील, समाधि, प्रज्ञा, विमुक्ति, विमुक्तिज्ञान, दर्शन की कथाएँ होती हैं, वहीं-वहीं जाकर उन कथाओं का रसपान करते हैं।

धर्मनगर का प्रशासन तथा उसके अधिकारियों एवं वहाँ के कुछेक व्यवसायियों के नाम, उनकी विशेषताओं व योग्यताओं के बारे में उपलब्ध वर्णन से ग्रन्थ के रचनाकालीन (अर्थात् प्रथम शती ई० पू०–प्रथम शती ई०) प्रशासन व्यवस्था की थोड़ी बहुत झलक हमें अवश्य ही मिल जाती है। वस्तुतः यदि देखा जाए तो धर्मनगर की प्रशासन व्यवस्था न केवल तत्कालीन समाज में विद्यमान बल्कि आधुनिक युग में चल रही राजकीय प्रशासन-व्यवस्था के लिए भी एक नैतिक पृष्ठभूमि तथा प्रशासकों के लिए अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान् बने रहने की दिशा में एक आदर्श ही प्रस्तुत करती है।

धर्मनगर के उपर्युक्त विवरण और प्रशासन व्यवस्था से प्राचीन भारतीय नगरों के स्वरूप, वास्तुकला, व्यवसाय, आर्थिक समृद्धि आदि का सुन्दर आदर्श तथा उसी प्रकार के सुव्यवस्थित धर्म के स्वरूप का विवरण उपलब्ध होता है। वर्तमान समय की जटिलताओं, तनावों, शास्त्रों की होड़ आदि समस्याओं से ग्रस्त मानवजाति को शान्ति, पारस्परिक सौहार्द्र व सहिष्णुता, सांस्कृतिक एकता तथा चारित्रिक-नैतिक उन्नयन हेतु यह धर्मनगर एक मार्गदर्शक हो सकता है। आज आवश्यकता है इस धर्मनगर की अवधारणा को सही रूप में समझने की, इसकी सही रूप में व्याख्या कर जीवन में उतारने की।

● ●

# वैखानसागमीय ब्रह्मतत्त्व

डॉ० राघव प्रसाद चौधरी

जम्मू

The Supreme Reality according to *Vaikhānasa* Āgama texts is Absolute, Immaterial, Immutable and All-pervasive but when invoked by *mantras* manifests itself in images etc. as Fire in *Araṇis* and accepts offerings of devotees. Vaikhānasa accepts the Saguṇa nature of Brahma for practical purposes.

वैष्णव आगम की दो प्रसिद्ध शाखायें हैं। वैखानस तथा पाञ्चरात्र आगम ग्रन्थों में सामान्यतः चार तरह के विषय प्रतिपादित हैं। इसी विषय की प्रकृति के आधार पर पाञ्चरात्रागम की पाद्मसंहिता को ज्ञान, योग, क्रिया तथा चर्यापदों के रूप में चार भागों में विभाजित किया गया[1] है। यद्यपि सभी वैष्णवागम ग्रन्थों का विभाग इन चार पादों के रूप में नहीं देखते, फिर भी प्रायः सभी ग्रन्थों में वर्णित विषय के अन्तर्गत ज्ञान, योग, क्रिया तथा चर्या विषयों का समावेश सहज देखा जा सकता है। ज्ञानपाद के अन्तर्गत सामान्यतः वे विषय आते हैं, जिनमें वासुदेवादि आराध्य देवताओं के स्वरूप, भेद-प्रभेद, सृष्टि-प्रक्रिया, सृष्टितत्व तथा इस प्रकार के अन्य दार्शनिक विषय वर्णित होते हैं। योगपाद के अन्तर्गत मुख्य रूप से अष्टाङ्ग योग का वैष्णव संस्करण संकीर्तित होता है। क्रिया से तात्पर्य वैसे विषयों से है, जो देवाराधन के साधन के रूप में अत्यन्त आवश्यक हैं। जैसे भूपरीक्षण, कर्षण, शिलादारु आदि का संग्रहण, आलयकल्पन तथा मूर्तिकल्पन आदि विषयों का विस्तृत विवेचन क्रियापाद के

---

१. पाञ्चरात्रपरिशोधनपरिषद्, मद्रास-१९७४.

अन्तर्गत देखते हैं। चर्या के अन्तर्गत भगवान के नित्य तथा विविध नैमित्तिक आराधनों का साङ्गोपाङ्ग वर्णन किया गया है। यही वैष्णवागम ग्रन्थों में प्रतिपादित विषयों का अत्यन्त संक्षिप्त रूप है।

विमानार्चनकल्प के अनुसार विष्णु वासुदेव अर्थात् परमात्मा सर्वाधार, सनातन, अप्रमेय, अचिन्त्य, निर्गुण तथा निष्कल है। वह तिल में तेल, पुष्प में गन्ध, फल में रस तथा काष्ठ में अग्नि की तरह सर्वव्यापक[२] है। इसी ग्रन्थ में अन्यत्र परमात्मा को सकल शाश्वत अशरीरि होते हुए भी सभी भूतों में अवस्थित, अतिसूक्ष्म, अनिर्देश्य, अतिमात्र, अतीन्द्रिय, अव्यक्त प्रकृतिमूल, अनादिनिधन, अखिल जगत् सृष्टि-स्थिति-लयकारण, अप्रमेय तथा सत्तामात्र होना कहा[३] है।

इस आगम के अनुसार ब्रह्म के दो तत्त्व हैं। मूर्ततत्त्व तथा अमूर्ततत्त्व। क्षर-अक्षर रूप ये दो तत्त्व सभी भूतों में अवस्थित हैं। परब्रह्म अक्षर तत्त्व तथा सारा जगत् क्षर तत्त्व के रूप में निर्दिष्ट[४] है। ये क्षर तथा अक्षर तत्त्व भगवदाराधन क्रम में वर्णित हैं। आराधन के क्रम में कहा गया है कि जिस प्रकार सभी जगह काष्ठ में विद्यमान अग्नि अरणी में मन्थन के द्वारा उत्पन्न तथा प्रकट होता है उसी तरह सर्वत्र विद्यमान विष्णु (ब्रह्म) ध्यानरूप मन्थन के वाद कुंभ या भक्त के हृदय में सन्निहित होता[५] है। खिलाधिकार ने ब्रह्म को निःसङ्ग, निर्गुण, चित्स्वभाव, अयोनिज निरौपम्य निगूढात्मा, काष्ठ में अग्नि की तरह विद्यमान, एक, व्यापी, समशुद्ध प्रकृति से परे, जन्मवृद्धचादि से रहित, आत्मा सर्वगत तथा अव्यय रूप कहा[६] है। इस प्रकार ये सब ब्रह्म के अमूर्ततत्त्व कहे जा सकते हैं।

क्रियाधिकार ने हृदय के अन्दर पद्मकोशप्रतीकाशविश्वायतन के अन्दर अग्नि-शिखा मध्य में परमात्मा की स्थिति कही है। साधक लोग ध्यान के द्वारा उसका सूक्ष्म अव्यय रूप देखते हैं। वह परमात्मा निवातदीपार्चि तथा आकाश में विद्युल्लेखा

---

२. विमानार्चनकल्प, पटल-३, तिरुपति सं० १६२६.

३. विमानार्चनकल्प, पटल-२ पृ. ४.

४. खिलाधिकार, अ० १७. श्लो० १८-२०.

५. विमानार्चनकल्प, ५०-३१; खिलाधिकार १७.२१.

६. खिलाधिकार, १७-२६-२७,

की तरह होता है। यह ईश्वरात्कज्योति अक्षर पुरुष कहा गया है। यह शुद्धज्ञानात्मक ब्रह्म अक्षर[७] है। वह ईश्वर अर्थात् विष्णु निर्मल निर्गुण नित्य अक्षर सर्वकारण निष्कल सकल तेजोभासुरभासित कहा गया[८] है।

क्रियाधिकार ने हृदय के अन्दर पद्मकोशप्रतीकाशविश्वायतन के अन्दर अग्नि-शिखा मध्य में परमात्मा की स्थिति कही है। साधक लोग ध्यान के द्वारा उसका सूक्ष्म अव्यय रूप देखते हैं। वह परमात्मा निवातदीपार्चि तथा आकाश में विद्युल्लेखा की तरह होता है। यह ईश्वरात्म ज्योति अक्षर पुरुष कहा गया है। यह शुद्ध-ज्ञानात्मक ब्रह्म अक्षर[७] है। वह ईश्वर अर्थात् विष्णु निर्मल निर्गुण नित्य अक्षर सर्व-कारण निष्कल सकल तेजोभासुरभासित कहा गया[८] है।

आनन्दसंहिता ने हरि अर्थात् नारायण को देवों का परमदेव, पति, विश्वात्मेश्वर, शाश्वत शिव, अच्युत, परब्रह्म, परमात्मा तथा परअव्यय कहा है। इसके अनुसार वह ब्रह्म शिव इन्द्र अक्षर परमश्वराद् एक ही पुरुष रूप था। उसे अणु से भी लघु तथा महत् से भी महान् कहा गया है। गुहा में उसकी स्थिति कही गई है। यह हरिदेव जगत् स्रष्टा, पाता तथा अखिल हर्ता है। त्रिगुणों का आश्रय, नित्य, निर्गुण तथा अतीन्द्रिय है। ब्रह्म वेदमूर्ति, लोकमूर्ति, भूतमूर्ति, एवं त्रयीमय कहा गया है। यह पुण्यमूर्ति यजुर्मूर्ति तेजोमूर्ति चिन्मय आनन्दमूर्ति सन्मूर्ति अमूर्तिमान है। ब्रह्म विश्वचक्षु विश्वमुख विश्वात्मा विश्ववेत्ता विश्वगर्भ अजर तथा अमर है। यह विश्वेन्द्रियगुणाभास तथा विश्वेन्द्रिय विवर्जित है। यह सम्पूर्ण जगत् उसी ब्रह्म में है और उस से ही सारे जगत् की उत्पत्ति कही गई है। गुहाशय ब्रह्म सर्वग, परं धाम, परंज्योति, एवं गुणातीत है। वह ज्ञान ज्ञेय ज्ञातृहीन विज्ञानबहुल एवं अक्षर है। ब्रह्म जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति एवं तुरीयावस्था में अवस्थित रहता है। वह अन्तःप्रज्ञ बहिःप्रज्ञ तथा प्रज्ञाप्रज्ञ के रूप में अवस्थित है। ब्रह्म वैश्वानराभास रूप में स्थित हृदयाकाशगोचर है। यह हृदयपद्माग्निशिखा के मध्य ज्वलनयुक्तकनकप्रभा के समान है। ब्रह्म को वात रहित परिवेश में दीप की अर्चि तथा आकाश में विद्युल्लेखा की तरह ज्ञान ज्ञेय एव सुसंवेद्य कहा गया है ब्रह्म सत्य एकाक्षर तथा सदसद् का उपकारक है। ओंकारमय ब्रह्म नित्य अनन्त तथा परम निष्कल है। यह अनन्तानन्द चैतन्य तेजोरूप अरूप की तरह है। क्षीर में सर्पिष् तथा अरणी में आग की तरह

---

७. क्रियाधिकार, ७.२६-२८.

८. क्रियाधिकार, ७.३१.

स्थित ज्ञानदीप प्रकाशक सर्वाधार ब्रह्म पुराणपुरुषोत्तम के नाम से अभिहित है। यह विष्णु सर्वश्वर श्रीमान् तथा सभी कारणों का कारण[९] है।

उपर्युक्त रूप में आनन्दसंहिता ने वैष्णवों के परम आराध्य नारायण विष्णु के स्वरूप का वर्णन किया है। अन्य वैखानसागम ग्रन्थों में भी वासुदेव विष्णु के रूप वर्णन क्रम में प्रायः इसी तरह का स्वरूप निर्देश देखते हैं। इन रूपों को देखने के पश्चात् यदि सामान्य रूप से विचार करें तो कहा जा सकता है कि यह आगमिक ब्रह्म स्वरूप न्यूनाधिक रूप में औपनिषदिक ब्रह्म स्वरूप के समान सा प्रतीत होता है जहाँ 'अणोरणीयान् महतो महीयान्'' आदि रूप में परमतत्त्व का निर्देश देखते हैं।[१०] कुछ वर्णन वैदिक ऋचाओं (पुरुषसूक्त) में वर्णित परमपुरुष (ब्रह्म) के स्वरूप के समान स्पष्ट दिखते हैं। जैसे-विश्वतश्चक्षुः विश्वतो मुखम् आदि में उक्त भावों को देखा जा सकता[११] है।

विमानार्चनकल्प ने ब्रह्म के मूर्त तथा अमूर्त दो तत्त्वों का निर्देश किया है। अग्नि में हवन करके जो अर्चन होता है, अर्थात् यागकर्म के द्वारा किया गया अर्चन या आराधन अमूर्तार्चन तथा प्रतिमाराधन को समूर्तार्चन कहा गया[१२] है। समूर्तार्चन, मूर्तप्रतिमा के प्रतिष्ठापक यजमान के अभाव में भी प्रवर्तित होता रहता है और अनन्त काल तक चलता है अतः यह अमूर्ताराधन की अपेक्षा श्रेष्ठ कहा गया है। ऊपर वर्णित रूपों का सम्बन्ध सामान्यतः अमूर्ततत्व से कहा जा सकता है। वैखानसागम ग्रन्थों में ब्रह्म के मूर्ततत्त्व का स्वरूप भी अनेकत्र निर्दिष्ट है। उन मूर्त तत्त्वों के स्वरूप को हम आगे की पंक्तियों में देखने का प्रयास करेंगे।

खिलाधिकार का सत्रहवाँ अध्याय प्रतिष्ठाध्याय है। उसने भी विमानार्चन कल्प की तरह ब्रह्म के मूर्त तथा अमूर्त दो रूपों का निर्देश करते हुए कहा है कि जैसे एक ही विशुद्ध मणि उपाधि के आधार पर भिन्न-भिन्न तरह का अनेक रूप में दृष्टिगोचर होता है उसी तरह सनातन विष्णु भी प्रादुर्भावादि के रूप में एक तरह का, बहुत तरह का, सौ तरह का अथवा सहस्र तरह का दृष्टिगोचर होता है। आगे बताया गया है कि जिस तरह ईंधन के द्वारा समृद्ध अग्नि महान होकर प्रकाशित होता है उसी तरह सर्वग विष्णु ध्यानरूप ईंधन के द्वारा आकाश तथा अन्य सगुण रूपों को

---

९. आनन्दसंहिता, १.१२-२९

१०. कठोपनिषद्, १.३.२०.

११. ऋग्वेद, १०.९०.

१२. विमानार्चनकल्प, प० २. पृ० २.

ग्रहण करता है । अन्त में यहाँ कहा गया है कि प्रभु विष्णु अर्थात् निर्गुण ब्रह्म को कुछ लोग सगुण के रूप में कल्पित देखते[१३] हैं । विमानार्चन कल्प में अत्यन्त संक्षेप में ब्रह्म को ध्यान कथन संकल्प से सफल होना कहा[१४] है । वेणुरन्ध्र भेदों के कारण भेदरहित व्यापक वायु में भी षड्ज आदि अनेक भेदों की तरह ही उस व्यापी ब्रह्म के भी अनेक भेद प्रतीत होते हैं । वस्तुतः वह परम तत्त्व एक ही है । आकाश में पक्षियों के तथा पानी में जलचरों के पदचिह्न जिस प्रकार दृष्टिगोचर नहीं होते उसी तरह स्थित ब्रह्म को भी हम देख नहीं पाते । उसे केवल तत्त्वविद् ही जान पाते हैं । एक ही आकाश जैसे नील, पीतादि अनेक वर्ण का प्रतीत होता है । उसी प्रकार भ्रान्तचित्त व्यक्ति को एक ही ब्रह्म अनेक तरह का दीखता है । साकार या सगुण ब्रह्म के विषय में भी उपर्युक्त की तरह ही कल्पना की जानी चाहिए और साकार नारायण का ध्यान किया जाना चाहिए । खिलाधिकार के अनुसार उसी नारायण ब्रह्म में यह सम्पूर्ण जगत् ओतप्रोत है । सम्पूर्ण जगत् उस ब्रह्म से आया है और उसी में स्थित है । ब्रह्म ही सारा जगत् है । क्षर तथा अक्षर रूप विष्णु सम्पूर्ण जगत् का भरण-पोषण करता[१५] है ।

पूर्ण-पाद-अर्ध तथा त्रिपाद गुण भागों के न्यूनाधिक भाव के कारण पुरुष, सत्य, अच्युत तथा अनिरुद्ध इन चार मूर्तियों का उद्भव क्रमशः निर्दिष्ट है । ये प्रकार नारायण ब्रह्म के ही हैं । जिस प्रकार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, तथा शूद्र चार वर्ण, भूः भुवः स्वः तथा महर् ये चार लोक वर्ण समाश्रित हैं तथा ईष्टापूर्तिरूप यागादि इनके लिए चिह्नित हैं उसी प्रकार गुणों के उपर्युक्त चार तरह के न्यूनाधिक तारतम्य के आधार पर पुरुषादि भी चार तरह से भिन्न कहे गये हैं । जिस प्रकार एक ही अग्नि आहवनीय, अन्वाहार्य, गार्हपत्य तथा आवसथ्य कुण्ड भेद से चार तरह से भिन्न कहे गये हैं उसी प्रकार पुरुष, सत्यादि भी एक ही नारायण ब्रह्म के चार भेद कहे गये हैं । अर्थात् देव विष्णु को अनेक नहीं कह सकते । पुरुष, सत्य, अच्युत, अनिरुद्ध ये चार मूर्तियां क्रमशः कान्ति, पुष्टि, सुख तथा इष्टार्थ प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध हैं । ये मूर्तियां श्रौतप्रिय श्रुतिग्राह्य वैदिकों के लिए वरदायक, ब्रह्मप्रिय, परब्रह्म, ब्रह्मण्य ब्रह्मण्यप्रिय, ब्रह्मण्याराधित परब्रह्म प्राप्ति के लिये प्रशस्त[१६] हैं ।

---

१३. खिलाधिकार, १७.२२-२५

१४. विमानार्चन कल्प, प० २. पृ०-२

१५. खिलाधिकार, १७.२८-३२;

१६. आनन्द संहिता, १.२९-३६

आनन्दसंहिता ने स्थावर तथा जङ्गम सम्पूर्ण जगत् को विष्णुमय कहा है। फिर भी पृथ्वी तल पर विष्णु के अनेक रूप दृष्टिगोचर होते हैं। विष्णु के अर्चावतार मूर्तरूप भक्तों के पाप हरने वाले कहे[१७] गये हैं।

भगवान् विष्णु के द्वारा धारण किए गये आभूषण तथा अस्त्र आदि के साथ विष्णु स्वरूप ध्यान के क्रम में परमतत्त्व नारायण के स्वरूप पर प्रकाश पड़ता है। विष्णु के वक्षस्थल पर स्थित कौस्तुभमणि का ध्यान इस जग की आत्मा, निर्लेप, अगुण, अमल तथा सरूप कहा गया है। प्रधान को संस्थानवर श्रीवत्स अनन्त में तथा बुद्धि को गदा में समाहित कहा है। भूतादि तथा इन्द्रियाँ क्रमशः विष्णु के शङ्ख तथा शार्ङ्ग रूप कहे गये हैं। अत्यन्त तीव्र गतिशील वायु तथा मन विष्णु के कर में स्थित चक्ररूप कहा गया है। सर्वभूत कारण रूप पञ्चतत्त्व भगवान की पञ्चवर्णात्मिका वैजयन्ती माला है। पांच ज्ञानेन्द्रियों तथा कर्मेन्द्रियों का विष्णु के शर के रूप में ध्यान करना विहित है। अच्युत जिस अतिनिर्मल असिरत्न को धारण करता है उसे विद्यामय ज्ञान कहा गया है। रूपरहित भगवान का भूषण संस्थान अविद्याकर्म संज्ञक उसकी माया मानवों के श्रेयस् के लिए है। कला काष्ठा निमेष दिन ऋतु आयन तथा हायन कालरूप विष्णु का स्वरूप है। भूर्भुवः स्वः महः जनः तथा सत्यादिलोक लोकमूर्तिधर विष्णु का स्वरूप कहा गया है। देव मनुष्य पशु आदि भूतसमूह भगवान का भूतमूर्तिधर रूप है। ऋग् यजुः साम तथा अथर्व ये चार वेद, इतिहास-पुराण-उप-वेद, वेदान्त, सभी वेदाङ्ग एवं मन्वाद्युक्त अशेष शास्त्र अनुवाक् आदि सारे काव्यालाप एवं गीतिकाएँ विष्णु नारायण का शब्दमूर्तिधर रूप कहा गया है। इस प्रकार परम-तत्त्व भूत नारायण का स्वरूप, लोकमूर्तिधर तथा शब्दमूर्तिधर रूप में वर्णित है अर्थात् सभी मूर्त तथा अमूर्त पदार्थ जो जगत् में दृष्टिगोचर होते हैं वे सभी विष्णु ब्रह्म के शरीर स्वरूप हैं। इस तरह की भावना करते हुए गुरु अपने को नारायण रूप में अनुभव करता[१८] है। इस सारे प्रकरण के अनुशीलन से स्पष्ट प्रतीत होता है कि परमतत्त्व विष्णु के अन्तर्गत समाहित ये सभी पदार्थ मूर्ततत्त्व के रूप में विद्यमान हैं ऐसा वैखानसागम का मत है।

इससे यह कहना असंगत नहीं होगा कि वैखानस आगम के द्वारा स्वीकृत परमतत्त्व नारायण विष्णु परमार्थतः मूल रूप में अगुण अर्थात् गुण रहित ही

---

१७. आनन्द, संहिता, १.१६-१७

१८. खिलाधिकार, १७.३३-४७

है। सामान्यतः नारायण का स्वरूप अद्वैत वेदान्त सम्प्रदाय में स्वीकृत निष्कल निर्गुण अद्वितीय आनन्द स्वरूप ब्रह्म के समान प्रतीत होता है। खिलाधिकार में परमतत्त्वादि के विविध रूपों के ध्यान वर्णन प्रसंग में अविद्यामाया रूप भगवान् के अस्त्रों तथा आभूषण संस्थानों के उल्लेख को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि वैखानसागमाचार्यों ने माया तथा अविद्या को भी किसी न किसी रूप में अङ्गीकार किया है लेकिन इन दोनों के स्पष्ट स्वरूप का विवेचन निश्चित ही नहीं हो पाया है।

जहाँ तक जगत् तथा प्रपञ्च को प्रवृत्ति तथा सृष्टि का प्रश्न है उस विषय में वैखानसागम में प्रायः वे ही तत्त्व स्वीकृत हैं जो मूलत. सांख्य दर्शन में प्रदर्शित तथा अन्य भारतीय दर्शनों में भी सृष्टि प्रक्रिया के लिए स्वीकृत हैं। खिलाधिकार ने ध्यान के क्रम में जिन तत्त्वों का निर्देश किया है वे सांख्यशास्त्रीय तत्त्व ही तो हैं। जैसे—प्रधान, बुद्धि, भूत, इन्द्रिय, अहंकार, मन, पृथ्वी, अप्, तेजस्, वायु, आकाश, (भूतमाला) ज्ञानेन्द्रियां तथा कर्मेन्द्रियाँ।[१९]

सामान्यतः यह स्वीकार करने पर कि परमतत्त्व विष्णु निर्गुण निर्विकार निष्कल स्वरूप है, यह स्वाभाविक प्रश्न होता है कि निर्गुण निष्कल निर्विकार विष्णु सगुणोपासन क्रम में साकार तथा सगुण किस प्रकार होता है। साथ-साथ यह भी प्रश्न होता है कि सर्वत्र व्याप्त सर्वव्यापी वासुदेव तत्त्व का प्रतिमादि में आवाहन की युक्तियुक्तता किस प्रकार सिद्ध की जा सकती है। इन प्रश्नों के उत्तर में कहते हैं कि मन्त्रों से आवाहित देव परमात्मा प्रतिमा में स्थण्डिल में, कूर्च में तथा कुंभ में स्थित होकर भक्तों को अनुगृहीत करता है और पूजा स्वीकार करता है। अरणी में विद्यमान अग्नि जिस प्रकार मन्थन के बाद उत्पन्न होता है, सर्वत्र व्यापक वायु व्यजन के द्वारा अनुभूत होता है उसी तरह सर्वव्यापी परमात्मा ब्रह्म आवाहन के बाद भक्त के हृदय में अथवा प्रतिमादि में प्रत्यक्ष[२०] होता है।

इस प्रकार वैखानस-आगम ग्रन्थों में उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर ब्रह्म (परमतत्त्व) का जो रूप हमने यहाँ देखा उसे अद्वैतवेदान्त प्रतिपादित सर्वथा निर्गुण निष्कल शुद्ध एक चिद्रूप ब्रह्म के सर्वथा समान नहीं कह सकते। इसी तरह भगवान्

---

१९. खिलाधिकार, १७.३४-३७

२०. खिलाधिकार, १७.२१.

रामानुजाचार्य के द्वारा विशेष प्रचारित विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त की तरह चिदचिद्विशिष्ट अद्वैतरूप ब्रह्म भी नहीं कह सकते। इस आगम में मुख्य रूप से प्रतिष्ठा अर्चादि व्यावहारिक क्रियाकलाप संपादन सौकर्य के लिये परमतत्त्व को सगुण सकल स्वरूप स्वीकारा गया है। अन्यथा आलयार्चाक्रियाकलाप, जो इस आगम का मुख्य प्रतिपाद्य विषय है, व्यवस्थित रूप से नहीं सम्पन्न हो सकता। परमार्थतः परमतत्व नारायण वैखानसों के मत में निष्कल निर्गुण ही स्वीकृत है।

● ●

# संस्कृत की सप्तपदी पृष्ठभूमि

प्रोफेसर कृष्णदत्त वाजपेयी

सागर

The history of the origin and development of the Indian civilization is contain:d in the Sanskrit literature. The scientific study of Sanskrit and Archaeology with its many branches has been the vital source for truely understanding the religion, philosophy, language, literature, art and life of the people of India from ancient period to modern times Both are supplementary to each other. The author has discussed in this paper the role of Sanskrit in the cause of National Integrity.

भारतोय सभ्यता के उद्भव और विकास के साथ संस्कृत विशेष रूप से जुड़ी हुई है। सप्तसिंधु प्रदेश में जो पुरातात्त्विक तथा साहित्यिक सामग्री उपलब्ध हुई है उससे स्पष्ट है कि हड़प्पा सभ्यता तथा वैदिक सभ्यता का घनिष्ठ संबंध था। हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, चन्हुदड़ो, लोथल आदि अनेक स्थलों पर उत्खनन-कार्य किये गये हैं, जिनसे वास्तुकला, मूर्तिकला तथा लेखनकला की रोचक जानकारी हुई है। इस सभ्यता को पहले 'सिंधु घाटी सभ्यता' नाम दिया गया। पिछले चार दशकों में सप्त-सिंधु प्रदेश के बाहर जो सर्वेक्षण तथा उत्खनन के कार्य हुए हैं उनसे ज्ञात हुआ है कि इस सभ्यता की सीमाएँ उत्तर में पंजाब से लेकर दक्षिण में ताप्ती नदी तक तथा पश्चिम में बलूचिस्तान और सिंध से लेकर पूर्व में मेरठ और सहारनपुर जिलों तक थीं। इस सभ्यता की बहुसंख्यक मुहरें मिली हैं, जिन पर लेख अंकित हैं। पिछले कुछ समय से इन लेखों के वाचन का प्रयास चल रहा है। अनेक विद्वानों ने

इस बात की पुष्टि की है कि हड़प्पा संस्कृति के इन लेखों में प्रायः वैदिक-सूक्त लिखे हैं।

हाल में ऐसी बहुसंख्यक अभिलिखित मुहरें बहरीन-क्षेत्र से मिली हैं। उनसे ज्ञात हुआ कि आद्य ऐतिहासिक युग में भारत के व्यापारिक संबंध बहरीन क्षेत्र के साथ थे। अनेक वर्षों पहले बोगासकुई नामक स्थान में प्राप्त पुरालेखों में कई भारतीय देवताओं तथा दशरथ आदि राजाओं के नामों से यह जानकारी मिली थी कि प्राचीन सुमेरु तथा ईरान के क्षेत्र के साथ भारत के सांस्कृतिक संबंध थे।

हड़प्पा सभ्यता का समय ईसवी पूर्व तीसरी सहस्त्राब्दी के लगभग आरंभ से लेकर ई० पूर्व १७०० तक आँका गया है। यह वह समय था जब आर्य संस्कृति का भी प्रसार विविध रूपों में हो रहा था। इस संस्कृति ने अनेक तत्त्वों को ग्रहण किया। इन तत्त्वों को आर्य सभ्यता का अंग बना लिया गया और इस प्रकार एक संश्लिष्ट सभ्यता अस्तित्व में आ गयी। इसके प्रमाण हमें वैदिक साहित्य तथा अनेक पुराणों में मिलते हैं। ऋग्वेद तथा परवर्ती वेदों, ब्राह्मण ग्रंथों, आरण्यकों तथा उपनिषदों में भाषा तथा विवेच्य विषयों के जो रूप उपलब्ध हैं वे तात्कालिक संस्कृति पर प्रकाश डालते हैं। वैदिक युग में समन्वयात्मक प्रवृत्ति का जो उदय हुआ उसका विकास परवर्ती युगों में भी देखने को मिलता है। आर्य धर्म तथा वैदिक भाषा के प्रसार में भरत, पंचाल, इक्ष्वाकु, विदेह आदि जनों का योगदान विशेष उल्लेखनीय है।

संस्कृत के संबंध में जो दूसरी विचारणीय बात है वह यह कि उसका उद्भव मुख्यतः ऋषियों के आश्रमों में हुआ। इन आश्रमों में उसे पल्लवित-पुष्पित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। संस्कृत को राज्याश्रय भी मिला। राजाओं तथा अन्य वर्गों के जनों ने इस भाषा को आश्रमों में उत्पन्न तथा संवर्धित, दिव्य वाणी के रूप में स्वीकार किया और उसका अध्ययन-प्रसार अपना विशेष कर्तव्य माना। संस्कृत विद्या के जो अनेक केन्द्र ऐतिहासिक काल में मिलते हैं वे प्रायः राजधानियों से दूर स्थित थे। उनमें तक्षशिला, कपिशा, मार्तण्ड, वलभी, उज्जयिनी, मथुरा, वाराणसी, नालंदा, मिथिला, नवद्वीप, पुरी, कांची आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

आश्रमों में तत्पश्चात् मुख्य विद्या-केन्द्रों में संस्कृत का जो विकास हुआ उसमें तत्त्वज्ञान तथा भौतिक मानव जीवन के साथ-साथ प्रकृति का विशेष स्थान द्रष्टव्य है। प्रारम्भ से ही लोकजीवन का भी महत्व इस देश में स्वीकार किया गया।

तीसरी उल्लेखनीय बात यह है कि पाणिनि के समय में वैदिक संस्कृत का जो भाषागत संस्कार हुआ उसमें धार्मिक तथा सामाजिक संस्कार भी जुड़ गये।

पाणिनि (लगभग ई० पूर्व पाँचवी शती) के पहले वर्णाश्रम धर्म, संस्कार तथा पुरुषार्थ चतुष्टय का महत्व प्रतिपादित कर विभिन्न क्रियाकलापों का उपबृंहण हो चुका था। धार्मिक, सामाजिक संस्कारों की व्यवस्था में संस्कृत का विशेष योगदान रहा है। ये संस्कार प्रायः संपूर्ण देश में मान्य हुए। उनमें मानव-मूल्यों का महत्व निर्धारित था, अतः उन्हें भारत के बाहर, विशेषतः दक्षिण-पूर्व एशिया के अनेक देशों में मान्यता मिली। इस प्रकार मानव-संस्कार की भाषा के रूप में संस्कृत को व्यापकता प्राप्त हुई और राष्ट्रीय, भौगोलिक तथा भावनात्मक एकता में वृद्धि हुई।

चौथी विशेष बात है संस्कृत की सूत्र-प्रणाली। विविध शास्त्रों का सूत्र रूप में निरूपण जैसा संस्कृत में हुआ है वैसा किसी अन्य प्राचीन भाषा में नहीं। पाणिनि की अष्टाध्यायी, कौटिल्य का अर्थशास्त्र तथा वात्स्यायन का कामसूत्र इस विधा के प्रमुख उदाहरण हैं। षड्दर्शन तथा विविध धर्मसूत्र, गृह्यसूत्र-ग्रंथ भी इस दृष्टि से विशेष उल्लेखनीय हैं।

पाँचवीं विशेषता है मानव मूल्यों के प्रतिनिधि-रूप में संस्कृत का विकास। वैदिक युग से लेकर अर्वाचीन समय तक संस्कृत में अपार साहित्य का सृजन हुआ। इसका मुख्य ध्येय मानवता है, जो विचारपूर्ण नैतिकता से संवलित है। स्वतंत्र चिंतन के साथ-साथ "वसुधैव कुटुंबकम्" की भावना भारतीय साहित्य का मूल स्वर है। यह स्वर भारतीय जीवन-दर्शन के रूप में संस्कृत के माध्यम से संवर्धित हुआ। इस विकास में प्राकृत तथा संस्कृत-प्राकृत से निःसृत अन्य अनेक भारतीय भाषाओं का योगदान रहा। जो राजनैतिक, सामाजिक तथा धार्मिक मूल्य निर्धारित हुए उनमें मानव की प्रतिष्ठा को प्राथमिकता दी गयी "न हि मानवात् श्रेष्ठतरं हि किंचित्।" जैन-बौद्ध-जैसे प्रमुख ब्राह्मणेतर दर्शनों में भी वैदिक पौराणिक समाज-संबंधी धार्मिक सिद्धान्तों में आस्था व्यक्त की गयी। वर्णाश्रम धर्म, पुरुषार्थ चतुष्टय, मंदिर-मूर्ति पूजन के उदात्त विचारों के प्रति जैन-बौद्ध अनुयायियों ने असहमति नहीं प्रकट की। उन्होंने उन सभी सामाजिक प्रवृत्तियों में सहयोग प्रदान किया जो देश के हित में थीं।

संस्कृत के महत्व को देखकर बौद्ध, जैन तथा अन्य मतावलंबियों ने भी अपने साहित्य का सृजन संस्कृत में किया। इससे उनके साहित्य तथा धर्म को व्यापकता मिली। संस्कृत के विद्वानों ने पालि-प्राकृत भाषाओं के प्रति अवमानना नहीं प्रकट की, अपितु उन्होंने इन जनसभाओं के विकास में प्रभूत योगदान किया। भास, कालिदास, भवभूति, राजशेखर आदि का साहित्य इसका प्रमाण है। एशिया के अनेक देशों में बौद्ध धर्म के प्रचार में संस्कृत में लिखित साहित्य की विशेष भूमिका रही है।

संस्कृत का छठा वैशिष्ट्य उसका माधुर्य और नाद-सौंदर्य है। ऋग्वेद के अनेक सूक्तों में इन तत्वों का आविर्भाव मिलता है। श्रेण्य या क्लासिकी साहित्य में इन दोनों का समन्वय विशेष रूप से द्रष्टव्य है। अश्वघोष से लेकर मध्यकालीन कवियों, नाट्यकारों आदि ने अपनी रचनाओं में रस और रीति के साथ साहित्य के गेय पक्ष को वरीयता प्रदान की।

संस्कृत काव्यामृत की उपमा कामधेनु के धवल-पोषक दुग्ध से दी गयी है। इस काव्य में अद्भुत नाद-सौंदर्य है। देवेश्वर कवि के "कविकल्पलता" ग्रंथ (पृ० ६५) में इस विशिष्टता को इस श्लोक द्वारा व्यक्त किया गया है :

स्वर्धेनु-दुग्धसवयांसि वचांसि वाणी,
मंजीरमंजुल-निनाद-सहोदराणि ।
एतान् निषेव्य कवयः कविताऽमृतानि,
विद्वत्-सभासु सविलासमुदीरयध्वम् ।।

महाकवि कालिदास ने कहा है कि पार्वती की वाणी में अमृतरस तथा मधुर तंत्री-नाद दोनों विद्यमान थे। उनका स्वर कोकिल की कूक से कहीं अधिक मनोरम था :

स्वरेण तस्यां अमृत-स्रुतेव प्रजल्पितायां अभिजातवाचि ।
अप्यन्यपुष्टा प्रतिकूलशब्दा, श्रोतुर्वितंत्रीरिव ताड्यमाना ।।

(कुमारसंभव, सर्ग प्रथम, ४५)

संस्कृत साहित्य का सप्तम गुण उसका, साहित्येतर विविध ललितकलाओं के साथ घनिष्ट संबंध रहा है। इस देश के विभिन्न क्षेत्रों में तथा देश के बाहर भारतीय शिल्प सिद्धान्तों के आधार पर वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला तथा नाट्य-संगीत का संवर्धन हुआ। मौर्यकाल से लेकर उत्तर-मध्यकाल तक बहुसंख्यक मंदिरों, स्तूपों, प्रतिमाओं आदि का निर्माण हुआ। उनमें धार्मिक तथा लौकिक तत्वों के मूर्त अंकन किये गये, जिनमें मूर्ति-विज्ञान के साथ चारुत्व तत्व का निदर्शन है। इनका अध्ययन समसामयिक साहित्य के साथ करने से ललित कलाओं के विकास और स्वरूप की सम्यक् जानकारी होती है। साथ ही विभिन्न युगों की राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक दशा का प्रामाणिक ज्ञान प्राप्त होता है। दुष्यन्त-शकुंतला, उदयन-वासवदत्ता, शूर्पारक-कुमुद्वती, नंद-सुंदरी आदि की रोचक प्रेम-कथाएँ प्राचीन

कला में उत्कीर्ण की गयीं। कलाकारों ने संस्कृत के साहित्यकारों से विशेष प्रेरणा ग्रहण की।

गीत-वाद्य-नृत्य तथा नाट्य के प्रति भारतीय जनरुचि बहुत प्राचीनकाल से रही है। प्राचीन कला और साहित्य का साथ-साथ अध्ययन करने से इस बात की पुष्टि होती है। यहाँ के अति प्राचीन रंगमंडप की चर्चा की जाती है। यह मध्य प्रदेश के सरगुजा (अंबिकापुर) जिला में आज भी विद्यमान है। इसका समय ईसा पूर्व तीसरी और दूसरी शती है। यह स्थल रामगढ़ के नाम से प्रसिद्ध है। जिस पर्वत-गुहा में रंगशाला मिली है उसे अब सीतामढ़ी कहा जाता है। रंगशाला की दीवारों पर मौर्यकालीन ब्राह्मी लिपि में कई लेख उत्कीर्ण हैं। उनमें वाराणसी से आये हुए "रूपदक्ष", देवदत्त तथा उसकी प्रेमिका "देवदासी" सुतनुका के नाम लिखे हैं। "रूपदक्ष", शब्द इस बात का द्योतक है कि वाराणसी से इस क्षेत्र में आया हुआ देवदत्त नाट्यकला में प्रवीण था।

सीतामढ़ी में ही एक अन्य लेख खुदा हुआ था। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि उस मढ़ी में निवास करने वाले किसी अज्ञानी व्यक्ति द्वारा वह लेख नष्ट कर दिया गया। जर्मन विद्वान् ब्लॉश ने उस लेख को १९०७ ई० में प्रकाशित किया था। लेख का वाचन इस प्रकार किया गया था :

> आदीपयंति हृदयं स्वभावगुरुकवयः।
>
> ये रातियं दूरे वासंतिया हासानुभूते हारस्फीतं एव आलिंगंति ।।

इसका भावार्थ यह है कि "उत्तम स्वभाव वाले कवि, हृदय को आलोकित कर देते हैं। रात्रि में आनंद की अनुभूति कराने वाली वसंतलक्ष्मी उपस्थित नहीं हैं; अतः वे (कवि) मोटी पुष्पमालाओं का आलिंगन कर दर्शकों में हास्य उमगाते हैं।

देवदत्त-सुतनुका नाम वाले लेख तथा उक्त सरस छंद इस बात के द्योतक हैं कि रंगशाला में सरस-सुखद नाटिकाओं का मंचन होता था, जिसका आनंद आसपास के निवासी दर्शक लेते थे। उक्त मंडप के नीचे दर्शकों के बैठने के लिए सीढ़ियाँ सुचारु ढंग से काट काटकर बनायी गयी हैं।

प्रसिद्ध नाट्यशास्त्रकार भरतमुनि ने इस प्रकार के शैलगृह-मंडप के आकार वाले दुमंजिले नाट्यगृह की चर्चा की है :

"कार्यः शैलगृहाकारो द्विभूमिर्नाट्यमंडपः ।"

नाट्यशास्त्र का रचनाकाल ईसवी दूसरी शती माना जाता है। अश्वघोष, कालिदास आदि लेखकों की रचनाओं में तथा पुराणों में पर्वत-गुफाओं या शैलगृहों में नृत्यादि मनोरंजनों के उल्लेख प्राप्त होते हैं। कालिदास ने विदिशा के पास उन पहाड़ियों का उल्लेख किया है जो सुन्दरियों की नुपूर-ध्वनि से गूंजती रहती थीं। रैवतक पर्वत आदि में भी ऐसे मनोविनोदों के वर्णन मिलते हैं। हो सकता है कि कालिदास, भास, शूद्रक, भवभूति आदि प्रख्यात कवियों के नाटक एवं लोक-नाट्य शैलगृहों में भी खेले जाते रहे हों। कुछ विद्वानों का अनुमान है कि सीतामढ़ी, जोगी-मढ़ा, उड़ीसा की हाथीगुम्फा तथा नासिक के पास पुलुमई नामक गुफा में जिन नाट्यमंडपों का रूप मिलता है वे भारत के आदिवासियों द्वारा प्रयोग में लाये जाते थे। आर्यों ने उनके स्थान पर खुले नाट्य मंडपों का प्रयोग किया जो आकार में बड़े होते थे। राजाश्रय में नगरों में इन बड़े आकार वाले रंगमंचों की उन्नति हुई। काशी, उज्जयिनी, पाटलिपुत्र आदि नगरों में ऐसे रंगमंचों की चर्चा साहित्य में मिलती है।

आचार्य पाणिनि के समय शिष्ट समाज में प्रचलित जो भाषा थी वह वैदिक संस्कृत का सम्मानपूर्ण स्थान ले चुकी थी। पाणिनि ने उसका विस्तृत वैज्ञानिक व्याकरण लिखकर भाषा को व्यवस्था प्रदान करने का महान् कार्य संपन्न किया। उनके कार्य को कात्यायन, पतंजलि, काशिकाकार आदि मनीषियों ने आगे बढ़ाया। पतंजलि के महाभाष्य से ज्ञात होता है कि ई० पूर्व दूसरी शती में कंसवध, बलिबंधन आदि नाटक खेले जाते थे, जो बहुत लोकप्रिय थे।

गुप्त-युग के पहले जिन रचनाकारों ने संस्कृत भाषा का भंडार भरा उनमें वाल्मीकि, व्यास, कौटिल्य, मनु, अश्वघोष, याज्ञवल्क्य आदि के नाम विशेष उल्लेख-नीय हैं। मथुरा, विदिशा, गिरिनगर आदि कई केन्द्रों में प्राञ्जल संस्कृत भाषा में शिलालेख लिखे गये।

गुप्त-काल संस्कृत की समृद्धि तथा विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईसवी चौथी शती के मध्य में गुप्त-सम्राट् समुद्रगुप्त ने राजनीतिक चक्रवर्तित्व भावना के साथ-साथ संस्कृत को राष्ट्रभाषा का रूप प्रदान करने का कार्य संपन्न किया। प्रयाग के विशाल स्तंभ पर इस शासक का लेख तथा उसकी स्वर्ण मुद्राओं पर संस्कृत लेख इसके साक्षी हैं। समुद्रगुप्त तथा उसके वंश के अन्य शासकों चंद्रगुप्त द्वितीय, कुमारगुप्त तथा स्कंदगुप्त के प्रयासों से संस्कृत को बड़ा विकास मिला। वह मध्यदेश की प्रमुख भाषा बन गयी जिसका प्रभाव सारे देश में व्याप्त हुआ। गुप्त-नरेशों के

अलावा दक्षिण के वाकाटक, कदंब तथा पल्लववंशी नरेशों ने इस दिशा में विशेष भूमिका निबाही।

राज्यवंशों द्वारा संवर्धन प्राप्त होने के साथ इस काल में तथा उसके पश्चात् अनेक मेधावी लेखक हुए। संस्कृत की सर्वतोमुखी उन्नति में भास, कालिदास, भारवि, भवभूति, बाणभट्ट, माघ, राजशेखर, बिल्हण, श्रीहर्ष आदि के नाम अमर हैं।

## कालिदास की श्रुतिमहती वाणी

कालिदास ने 'श्रुतिमहती'' विशेषण से संस्कृत वाणी को महिमा-मंडित किया। उनका निम्नांकित भरत-वाक्य महाकवि की उत्कट राष्ट्रीय भावनाओं का मार्मिक अभिव्यक्ति है :

प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः
सरस्वती श्रुतिमहती महीयताम्।
ममापि च क्षपयतु नीललोहितः
पुनर्भवं परिगतशक्तिरात्मभूः ॥

(अभि० शाकुंतल, ७, ३५)

संस्कृत-भारती का जो यश गुप्तकाल में देश और उसके बाहर फैल गया था उससे आनंद-विभोर होकर कालिदास ने यह उद्गार व्यक्त किया :

आरूढमद्रीनुदधीन् वितीर्णं
भुजंगमानां वसतिं प्रविष्टम्।
ऊर्ध्वं गतं यस्य न चानुबंधि
यशः परिच्छेत्तुमियत्तयाऽलम् ॥

(रघुवंश, ७, ७७)

यहाँ तीनों लोकों में रघुवंश के प्रताप का विस्तार भारतीय संस्कृति के व्यापक प्रसार का द्योतक है, जो संस्कृत के माध्यम से सफल हो सका।

पाणिनि, कालिदास, बाणभट्ट जैसे इने-गिने साहित्य-स्रष्टा ऐतिहासिक युग में अवतीर्ण हुए, जिन्होंने, किसी असाधारण दैवी प्रसाद के फलस्वरूप, अमर रचनाओं के कीर्तिस्तंभ स्थापित किये।

## दक्षिण-पूर्व एशिया

गुप्तयुग में तथा उसके पश्चात् दक्षिण-पूर्व एशिया के कई देशों में संस्कृत और भारतीय संस्कृति का जो उत्थान हुआ उसके बहुसंख्यक उदाहरण कंबुज, स्याम, जावा-सुमात्रा आदि क्षेत्रों में मिले हैं। भारत में जन्म और साहित्यिक विकास प्राप्त करने वाली वाणी अनेक पुरालेखों में "भारती" संज्ञा से व्यक्त की गयी, जो विद्यादेवी सरस्वती की द्योतक है।

कंबुज (आधुनिक कंपूचिया) के बंते-केदेयि नामक स्थान में एक संस्कृत शिलालेख उत्कीर्ण है। इसमें ४५ श्लोक हैं और इसका रचनाकाल ईसवीं शती का आरंभ है। इसके लेखक का नाम शिवाचार्य दिया है। लेख से ज्ञात होता है कि प्रसिद्ध अंकोर क्षेत्र के अनिंदितपुर नामक स्थल पर शिव, उमा, देवी भारती आदि की प्रतिमाएँ निर्मित की गयीं, जिनका ध्यान शिलालेख के आरंभिक श्लोकों में लिपिबद्ध है। उमा तथा भारती का ध्यान क्रमशः इस प्रकार किया गया है :

नमाम्युमां मुखं यस्याः स्मितमीशस्य दर्शने।
पूर्णचन्द्रायते चन्द्रखण्डं मूर्ध्नीव निन्दितुम् ।।४।।

(अर्थात्' उमा के मुख को मैं प्रणाम करता हूँ। शिव के दर्शन से उस मुख पर जो मुसकान फैल गयी है उससे वह पूर्ण-चंद्र जैसा सुंदर लगता है; मानों वह शिव की जटा पर स्थित खंडित चंद्र का उपहास कर रहा है।)

सर्व्वत्र व्यापिनीं वंदे भारतीं भूरिभारतीम्।
सुधावदन-पूर्णेन्दु-कला-पीयूषवर्षिणीम् ।।५।।

अथ त्, भारतदेशीया भारती की मैं वंदना करता हूँ जिसकी व्याप्ति सर्वत्र है। पूर्ण चंद्रवदना उस भारती की कलाएँ अमृत की वर्षा करती हैं।)

भारतीदेवी और उसकी प्रतिनिधिरूपा संस्कृत वाणी के प्रति उक्त कीर्ति-गान वस्तुतः सराहनीय है।

दक्षिण-पूर्व एशिया में अन्य वैदिक-पौराणिक देवालयों के साथ भारती के मंदिरों तथा प्रतिमाओं की प्रतिष्ठापना बड़ी श्रद्धा के साथ संपन्न की जाती थी। कंबुज के सीम-राव नामक स्थल पर स्थित प्राह-ईनकोसी देवालय पर वहाँ के शासक जय-वर्मा-पंचम का एक महत्वपूर्ण शिलालेख उत्कीर्ण है। उस पर अंकित तिथियों के

अनुसार लेख का एक अंश ८६० ई० में और शेष ८६२ ई० में लिखा गया। इस शिलालेख का भावार्थ इस प्रकार है :

भारतीय कौंडिन्य तथा सोमा से आविर्भूत वंश में अनंदितपुर का राजा बालादित्य हुआ। उसके वंश में राजेन्द्रवर्मा नामक शासक उत्पन्न हुआ। उसकी पुत्री इंद्रलक्ष्मी थी, जिसका विवाह यमुनातट पर बसी हुई पवित्र मथुरा नगरी से कंबुज को गये हुए ब्राह्मण दिवाकरभट्ट के साथ हुआ। इंद्रलक्ष्मी और दिवाकरभट्ट ने मिलकर राज्य के अनेक स्थलों पर विविध कार्य संपन्न किये। उनके कार्यों में भद्रेश्वर शिव तथा विष्णु की मूर्तियों की स्थापना, एक चिकित्सालय का निर्माण तथा 'सद्भारती देवी' की प्रतिमा-प्रतिष्ठा सम्मिलित थी।

गुप्तकाल के पश्चात् के पुरालेख कई सौ की संख्या में अब तक दक्षिण-पूर्व एशिया के विभिन्न भागों से मिल चुके हैं। ये सभी संस्कृत में हैं, जिससे इस भाषा की महत्ता का आकलन किया जा सकता है। इस काल में भारत के अनेक भागों में लोकभाषा के रूप में प्राकृतों का व्यवहार होता था। मध्यकाल में जैन लेखकों ने इस दिशा में विशेष ध्यान दिया, जिसके फलस्वरूप प्राकृत और अपभ्रंश का प्रचुर साहित्य उपलब्ध है।

## संपर्क भाषा

ईसा पूर्व पाँचवीं शती से लेकर प्रायः अठारहवीं शती तक पाणिनीय संस्कृत को भारत की प्रमुख तथा संपर्क भाषा होने का असाधारण गौरव प्राप्त हुआ। संसार की अन्य कोई भाषा इतने दीर्घकाल तक जीवित-जागृत नहीं रही। इस लंबे समय में संस्कृत ने अपनी "सप्तपदी"-संवलित परंपरा का निर्वाह किया। उसकी सृजनात्मकता देशकाल के अनुरूप गतिशील रही। देश पर विदेशी आधिपत्य के समय अनेक यातनाओं को संस्कृत ने साहस के साथ झेल कर अपनी तथा भारत की अस्मिता की रक्षा की। ऐसा इसीलिए संभव हो सका कि संस्कृत का आधार स्तंभ अत्यंत दृढ़ था। जनकल्याणी भाषा के रूप में अपनी पूर्वोक्त विशेषताओं के साथ वह कोटि-कोटि जन को प्रकाश देती रही है।

वैदिक संस्कृत की समयावधि को यदि पाणिनीय संस्कृत के कालक्रम के साथ जोड़ कर देखा जाये तो संस्कृत के समूचे विकास का समय लगभग चार सहस्त्र वर्ष होता है। काल की दृष्टि से किसी अन्य भाषा का ऐसा उदाहरण उपलब्ध नहीं है। संस्कृत इतने लंबे समय तक, महाद्वीप के समान विस्तृत, बृहत्तर भारत की मुख्य भाषा ही नहीं रही, उसने इस बड़े क्षेत्र को असाधारण सांस्कृतिक एकता और दृढ़ता

प्रदान की हैं। ऐसी भाषा की किसी प्रकार उपेक्षा या अवहेलना नहीं की जा सकती ।

महाकवि कालिदास ने संस्कृत को स्वर तथा संस्कार-संपन्न ऋचा कहा है और उसकी तुलना सीता के साथ की है :

स्वरसंस्कारवत्यासौ पुत्राभ्यामथ सीतया ।
ऋचेवोदर्चिषं सूर्यं रामं मुनिरुपस्थितः ।।

(रघुवंश, १५, ७६)

(अर्थात्, वाल्मीकि सीता और लव-कुश पुत्रों को साथ लेकर श्रीराम के पास गये । उस समय सीता की छवि ऐसी थी मानों वे स्वर और संस्कारवती वेद की ऋचा हों ।)

संस्कारपूता वाणी का एक अन्य मनोरम उल्लेख कालिदास ने कुमारसंभव में ''उमापरिणय'' सर्ग में इस प्रकार किया है ।

द्विधा प्रयुक्तेन च वाङ्मयेन
सरस्वती तन्मिथुनं नुनाव ।
संस्कारपूतेन वरं वरेण्यं,
वधूं सुखग्राह्यनिबंधनेन ।।

(कुमार० ७, ९०)

(शिव-पार्वती के परिणय के अनंतर सरस्वती देवी ने उन्हें आशीर्वाद दिया । शिव की उन्होंने संस्कारपूता संस्कृत भाषा में, तथा पार्वती की सुखग्राह्या प्राकृत भाषा में शुभाशंसा की ।)


ईसवी बारहवीं शती के प्रख्यात लेखक श्रीहर्ष ने अपने ग्रंथ ''नैषधीयचरित'' में एक अत्यंत महत्वपूर्ण तथ्य की ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया है । उनके वर्णन से ज्ञात होता है कि उनके समय में भारत के विविध क्षेत्रों में अनेक स्थानीय भाषाएँ प्रचलित थीं । कुछ लोग वैदिक संस्कृत के भी ज्ञाता थे । परंतु सभी के पारस्परिक विचार-विनिमय के लिए संस्कृत भाषा ही उपयुक्त सिद्ध हुई । यह प्रसंग दमयन्ती-स्वयंवर का है, जिसमें विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ सौवर्ग (देवजन) का भी उल्लेख है । इन सभी जनों को पारस्परिक व्यवहार के लिए तत्कालीन संस्कृत ही सुकर लगी । यह श्लोक इस प्रकार है—

अन्योऽन्यभाषानवबोधभीतेः
संस्कृत्रिमाभिर्व्यवहारवत्सु ।
दिग्भ्यः समेतेषु नरेषु वाग्भिः,
सौवर्गवर्गो न जनैरचिह्नि ॥

(नैषध, सर्ग १०, ३४)

इससे मध्ययुग में लोकभाषा या संपर्क भाषा के रूप में संस्कृत के महत्व पर रोचक प्रकाश पड़ता है ।





# त्रिपुरी तीर्थपट्ट : त्रिपुरी का एक पौराणिक निरूपण

डॉ० सुशील कुमार सुल्लेरे

जबलपुर

The tradition of preparing *"paṭṭa"* on cloths, metal sheets and stones related with gods, tīrthas and festivals is very old and evinced by literary and archaeological sources. It represents a fine blending of form and symbol worship. The capital city Tripurī was famous as a centre of literary and political activities and was regarded as a holy place, having Śiva as its presiding deity. The *Tripurī tīrtha paṭṭa* depicting the slaying of *Andhakāsura* by *Śiva* has been critically examined in this paper.

पुण्य सलिला नर्मदा के तट पर स्थित त्रिपुरी की गणना प्राचीन भारत के प्रमुख नगरों में की जाती है। प्रागैतिहासिक काल से लेकर पूर्व मध्यकाल तक इस नगर का सतत् महत्व पुरातात्त्विक एवं साहित्यिक साक्ष्यों से प्रमाणित होता है। प्राचीन काल में त्रिपुरी का महत्व भौगोलिक, व्यापारिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से था। यह कलचुरियों की राजधानी होने के साथ ही साथ साहित्यिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केन्द्र था। राजशेखर के समय में यह नगरी अपने गौरव के चरमोत्कर्ष पर थी। कन्नौज के राजाश्रय को छोड़कर राजशेखर का त्रिपुरी आना इस तथ्य को इंगित करता है कि कन्नौज का क्रमशः अधःपतन होने लगा था तथा कलचुरियों के अधीन त्रिपुरी का उत्कर्ष हो रहा था, जिससे आकृष्ट होकर वे त्रिपुरी आये थे। उनकी कृतियों में त्रिपुरी का जो विवरण मिलता है, उससे त्रिपुरी की

गरिमा का उद्घाटन होता है । विद्धशाल भञ्जिका में त्रिपुरी को ऐश्वर्य सम्पन्न और नर्मदा की लहरों से मुखरित कहा गया है ।[1] बाल रामायण में त्रिपुरी की उत्पत्ति भगवान शिव द्वारा ध्वस्त असुर के तीन पुरों के भूमि पर गिरे हुए खण्ड से निरूपित की गई है[2] । राजशेखर की कृतियों का प्रभाव त्रिपुरी और रतनपुर के कलचुरियों के अभिलेखों में कुछ परिवर्तनों से परिलक्षित होता है ।[3]

त्रिपुरी अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण होने के साथ ही साथ एक तीर्थस्थल के रूप में भी महत्वपूर्ण थी । त्रिपुरी के इस पक्ष का उद्घाटन सम्यक् रूप से अब तक नहीं हुआ है । मत्स्य पुराण में त्रिपुरी एक पितृतीर्थ के रूप में वर्णित है जिसके दर्शन से पाप नष्ट होता है और यहाँ किये हुए श्राद्ध से अनन्त फल प्राप्त होता है[4] । तीर्थसार में उल्लेख है कि त्रिपुरी क्षेत्र के माहात्म्य का वर्णन करना स्वयं इन्द्र के लिए भी सहस्र वर्षों में भी सम्भव नहीं है[5] ।

देव, तीर्थ एवं पर्वों से सम्बद्ध पट्ट निर्माण की सुदीर्घ परम्परा का परिचय साहित्यिक एवं पुरातात्विक साक्ष्यों से मिलता है । पट्टों का आकार प्रायः वर्गाकार अथवा आयताकार मिलता है ।

ऐसा लगता है कि पट्ट पहले कपड़े पर, धातुपत्रों पर निर्मित होते थे तथा कालान्तर में पाषाण पर निर्मित किये जाने लगे । पट्टों की वर्ग-आयत आकृति इनका सम्बन्ध हड़प्पा के मुहरों से जोड़ती है जिन पर देवताओं और विभिन्न पशुओं का अंकन मिलता है तथा अनुमान लगाया जा सकता है कि इनका उद्देश्य भी पूजा से सम्बन्धित था । इसके उपरान्त पट्ट निर्माण परम्परा बौद्धों और जैनों में दिखाई देती है । इनमें प्रतिमा पूजा और प्रतीक पूजन दोनों का सुन्दर समन्वय स्थापित किया गया है । प्रतीकों की दृष्टि से स्वस्तिक पट्ट, चक्रपट्ट और चैत्य पट्ट बहुत महत्व के हैं[6] ।

---

१. विद्धशालभंजिका, ४.२१ स्वस्ति श्रीमत् त्रिपुर्याम तुहिनकर वाचालितायाम्.

२. बालरामायण, ३.३८.

३. अजयमित्र शास्त्री, त्रिपुरी, पृ० १२२.

४. मत्स्यपुराण, २२.४३-४५.

५. तीर्थसार (नृसिंह प्रसाद का एक अंश), पृ० १००.

६. वासुदेव शरण अग्रवाल, भारतीय कला, पृ० २३८.

जैन आगमों में पुहमी शिलापट्ट का उल्लेख मिलता है[७] जिसका अर्थ पृथ्वी देवी की पूजा के लिए स्थापित किया गया शिलापट्ट है। कालान्तर में पृथ्वी का जगह दूसरे देवों की पूजा "पूजापट्टों" द्वारा होने लगी। जैन आयाग पट्ट, पूजा शिलापट्ट प्रतीकात्मक और तीर्थंकर-प्रतिमा संयुक्त दोनों प्रकार के हैं। मध्यमिका के नारायण वाटक में संकर्षण और वासुदेव की पूज के लिए इसी प्रकार की पूजा शिला शुंगकाल में स्थापित की गई[८]। यह शिला पट्टों के सम्बन्ध में प्रथम अभिलेखीय साक्ष्य कहा जा सकता है। इसके उपरान्त नासिक अभिलेख में पट्ट का उल्लेख मिलता है[९]। शक-कुषाण कालीन मथुरा के अभिलेखों में "श्री शिलापट्ट" स्थापित करने का उल्लेख मिला है[१०]। अभिलेखीय साक्ष्य ई० पू० द्वितीय शताब्दी से लेकर पूर्व मध्यकाल तक पट्ट पूजा परम्परा पर प्रकाश डालते हैं। कालंजर से प्राप्त अप्रकाशित अभिलेखों में उमा महेश्वर पट्ट[११] तथा वैकुण्ठ पट्ट[१२] के निर्माण का उल्लेख मिलता है। पट्ट-पूजा की यह देव, तीर्थ तथा पर्वों से सम्बद्ध परम्परा अभी भी नागपट्ट, कृष्णपट्ट, तीर्थपट्ट के रूप में विद्यमान दिखायी देती है।

पूर्व मध्य काल के लगभग दस शिल्प शिलापट्ट मिले हैं जिनमें ऊपरी भाग पर चौदह शिव लिंगों की पंक्ति है, केवल विदिशा शिल्प पट्ट इसका अपवाद है, इसमें द्वादश शिव लिंगों की पंक्ति है[१३]। इनमें से दो पट्टों में नदी का अंकन मिलता है[१४]। इसके साथ ही इनमें प्रायः पाँच प्रमुख देवताओं का अंकन मिलता है। इन पट्टों का

---

७. पूर्वोक्त.

८. एपीग्राफिया इंडिका, भाग १६, पृ० २५.

९. परमेश्वरी लाल गुप्त, प्राचीन भारत के प्रमुख अभिलेख, पृ० १६०.

१०. एपिग्राफिया इंडिका, भाग २९, पृ० ९७.

११. त्रिपूरी तीर्थ पट्ट (अप्रकाशित अंग्रेजी शोध पत्र, पाद टिप्पणी); क० आ० स० रि०, भाग २१.

१२. मेरा शोध पत्र 'कालंजर वैकुण्ठ पट्ट' भारतीय इतिहास कांग्रेस, गोरखपुर अधिवेशन में प्रस्तुत, वर्ष १९८९.

१३. एन० पी० जोशी : 'वाराणसी शिलापट्ट एण्ड सिमिलर अदर स्लेब्स' अप्रकाशित शोधपत्र।

१४. पूर्वोक्त.

अध्ययन अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। प्रथम ये शिल्प पट्ट प्रतिमा विज्ञान के शास्त्रीय निर्देशों से आबद्ध नहीं है। कलाकारों ने इनके अंकन में मौलिकता का परिचय दिया है तथा स्थानीय कला अभिप्रायों एवं अलंकरणों का प्रयोग किया है। यह तथ्य इन पट्टों के विस्तृत विवेचन से स्पष्ट होता है।

उपर्युक्त पट्टों के अध्ययन और महत्व की ओर हाल ही में भुवनदेवाचार्य की अपराजितपृच्छा[१५] के आधार पर डॉ एन० पी० जोशी ने ध्यान आकृष्ट किया तथा इन पट्टों को वाराणसी शिला पट्ट की संज्ञा प्रदान की है[१६]। उन्होंने ग्वालियर, झांसी, लखनऊ, कालंजर आदि पट्टों का विवेचन किया।

त्रिपुरी पट्ट का सर्व प्रथम प्रकाशन डॉ० राखालदास बनर्जी द्वारा "अन्धकासुर वध" के रूप में किया गया[१७]। तदुपरान्त इस पट्ट का वर्णन डॉ० अजयमित्र शास्त्री ने अपनी कृति 'त्रिपुरी' में इसी रूप में किया।[१८] अब विभिन्न पट्टों के तथा क्षेत्रीय अभिलेखीय सामग्री के सन्दर्भ में इस पट्ट की नवीन व्याख्या आवश्यक प्रतीत होती है।

"त्रिपुरी तीर्थ पट्ट" वर्गाकार है और प्रत्येक ओर से इसका आकार २'४" है। यह पट्ट पत्र पताका पद्धति से अलंकृत है, जिसका उल्लेख कालंजर अभिलेख में प्राप्त होता है।[१९] इसका ऊपरी सिरा और दोनों बाजू तरंगित पत्र लता से अलंकृत है। ऊपरी पट्टी में पत्र लता के अन्तरालों में छः लिंग बने हुए हैं। इस तरंगित पत्र-लता पट्टिका में तैरते हुए मत्स्य, कच्छप और मकर अंकित हैं, जिससे नदी का अंकन सूचित होता है। ऊपरी पट्टिका के बांयी ओर में कोण पर एक सुन्दर युवती की आकृति में मकरारूढ़ नर्मदा का अंकन है। इसके अधो भाग में चर्तुदश सिद्ध लिंगों की पंक्ति है। यह लिंग पंक्ति इन पूर्व मध्यकालीन पट्टों की प्रमुख विशेषता है जो प्रायः इन पट्टों में अंकित मिलती है। इस लिंग पंक्ति के साथ नर्मदा का अंकन स्कंद पुराण

---

१५. अपराजितपृच्छा, सूत्र ७८, २०-३१, पृ० १८४-८५.

१६. एन० पी० जोशी, 'वाराणसी शिलापट्ट'


१७. आर० डी० बैनर्जी : एम० ए० एस० आई०, नं० २३, पृ० ६२.

१८. त्रिपुरी, पृ० ६२.

१९. विश्वम्भर शरण पाठक, स्मार्त रिलीजस ट्रैडीशन, पृ० १०४ पर टिप्पणी २११.



त्रिपुरी तीर्थपट्ट



के "ध्यान" से सादृश्य रखता है।[20] इनके नीचे पट्ट पाँच आड़ी समानान्तर पट्टियों में विभाजित है, जिनकी ऊँचाई क्रमशः कम होती जाती है। इन पट्टियों के बीच में अन्दर की ओर धंसा हुआ आयताकार कोष्ठ है, जिसमें अन्धकासुर का वध करते हुए शिव की मूर्ति अंकित है। इनका बाँया ऊपर की ओर उठा हुआ पैर धराशायी असुर को रौंदता हुआ दिखाया गया है। वे चर्तुभुजी हैं, उनके ऊपरी दाँये हाथ में डमरू और निचले बाँये हाथ में कपाल है। शेष दो हाथों में वे शूल लिए हुए हैं, जिसके ऊपर अन्धकासुर का शरीर टँगा हुआ है। पहली आड़ी पट्टी के मध्य में वृषभारूढ़ उमा-महेश्वर की वरेश्वर रूप की प्रतिमा उत्कीर्ण है। पट्ट का मध्य भाग दो भागों में विभक्त है। शिव शक्ति के दोनों ओर छः छः की पंक्ति में सूर्य हैं। बांयी ओर का अर्ध भाग एक आसन पर बैठे सिद्ध पुरुष पर समाप्त होता है। दायें आधे भाग का आरंभ बैठे हुए सिद्ध पुरुष योग पट्ट के अंकन से होता है। इसके बाद तीन स्थानक विष्णु की मूर्तियाँ है। तीसरी पंक्ति में बांयी ओर पांच स्थानक स्त्री मूर्तियाँ हैं। इन्हें पंच कन्या स्वीकार किया जा सकता है, जिनका प्रायः स्मरण वरदायी होता है। इनका अंकन इस कारण से अभिप्रेत है कि स्वयं नर्मदा की कल्पना एक कुमारी के रूप में की गई है।[21] पंच कन्याओं के दाँयी ओर आसनस्थ तीन गणेश हैं। चौथी पंक्ति में दो घुटने टेके हुए उपासक हैं, उनके दाईं ओर मेढारूढ़ अग्नि, गजारूढ़ इन्द्र हैं। मध्य मूर्ति के दायें ओर पुनः तीन आसनस्थ गणेश हैं। अधिकांश पट्टों में पंच गणेश अंकित हैं, जबकि इस पट्ट में छः गणेशों का अंकन मिलता है[22]। पांचवी पंक्ति में चर्तुदश बांयी ओर अंकित प्रतिमायें चौदह लोकों के स्वामी हैं। मुख्य मूर्ति के नीचे हाथ ऊपर किये हुए स्त्री रूप में पृथ्वी का अकन मिलता है। दांयी ओर दस नागों का दस दिक्-पालों के रूप में अंकन है।

उपर्युक्त त्रिपुरी पट्ट नर्मदा के अंकन के कारण विशेष महत्वपूर्ण है। नर्मदा मध्य प्रदेश की जीवन रेखा तथा पवित्रतम नदियों में से एक है। मध्य प्रदेश के महत्वपूर्ण नगर और तीर्थ स्थल इसके तट पर स्थित है। साहित्यिक परम्परा में नर्मदा की कल्पना कुमारी के रूप में की गई है तथा शिव के आवास स्थल में उद्भूत

---

२०. मकरासनसमारूढा प्रत्यक्षसप्तकल्पगा-स्कन्दपुराण, रेवा, २५, १२.

२१. एम० ए० एस० आई०, २३, पृ० १३३.

२२ जोशी, 'वाराणसी शिलापट्ट'.

बतलाई गई है।[२३] नर्मदा को दक्षिण की गंगा कहा गया है[२४]। मन्दसौर अभिलेख में नर्मदा की उत्पत्ति चन्द्रमा से बतलाई गई है[२५]। मलयसिंह के कलचुरि संवत् ९४४ (११९२ ई०) के अभिलेख में नर्मदा को कुमारी कहा गया है तथा शिव के अधिवास अमर कंटक से उद्भूत विपुल जलवाली कही गई है, जिसके दर्शन मात्र से पापों का अन्त हो जाता है।[२६] इस प्रकार से १२ वीं शताब्दी में नर्मदा एक पवित्र एवं कुमारी नदी के रूप में प्रतिष्ठित थी। नर्मदा की अनेक प्रतिमायें मिली हैं। नर्मदा की एक प्रतिमा चौंसठ योगिनी मन्दिर में मिली है[२७]। एक अन्य प्रतिमा नर्मदा माई के रूप में तेवर में पूजित है[२८]। दसोई की नर्मदा प्रतिमा स्कंद पुराण में वर्णित नर्मदा प्रतिमा से मेल खाती है[२९]।

नर्मदा की धाराओं के संगीत से प्रतिध्वनित त्रिपुरी राजधानी नगर[३०] का प्रागैतिहासिक काल से पुरातन इतिहास मिलता है। कलचुरि काल में यह नगर साहित्यिक और राजनीतिक गतिविधियों का केन्द्र था तथा अपने गौरव में चरमोत्कर्ष पर था, इसकी पुष्टि साहित्यिक साक्ष्यों से होती है[३१]। यह पवित्र तीर्थ स्थल भी था[३२]। शिव और त्रिपुरी एक दूसरे के पूरक और पर्याय थे तथा शिव इस स्थल के अधिष्ठाता देव थे। यह तथ्य त्रिपुरी तीर्थ पट्ट से उद्घाटित होता है।

त्रिपुरी तीर्थ पट्ट पौराणिक और ब्रह्मांडिकी रूप में त्रिपुरी का निरूपण प्रस्तुत करता है। इस पट्ट में शिव का उग्र तथा सौम्य (वरेश्वर) दोनों रूपांकन मिलता है। यह रूप राजशेखर की काव्यमीमांसा में वर्णित शिव के दोनों रूपों से सादृश्य रखता

---

२३. मत्स्य पुराण, ९१

२४. स्कन्द पुराण, ४

२५. डॉ० सी० सरकार, सेलेक्ट इंस्क्रिप्शन्स, भाग १ पृ० ३९९

२६ एम० ए० एन० आई०, २३, पृ० १३३.

२७. क० आ० स० रि०, भाग ९, पृ० ६७.

२८. पूर्वोक्त, भाग ६, पृ०-५८

२९. भारतीय विद्या, भाग, १२, पृ० १०२-.७७.

३०. त्रिपुरी चेदि राजधानी, हेमचन्द्र नाममाला. ४, ४१


३१. विद्धशालभंजिका, ४ २१.

३२. मत्स्यपुराण, २२, ४३-४५.

है[३३]। इस पट्ट में पंचदेव स्मार्त उपासना का नर्मदा के साथ निरूपण है। यहाँ पर शैव धर्म की प्रधानता थी इस कारण सर्वोपरि पंक्ति शिव लिंगों की है। त्रिपुरी शिव, नर्मदा' कलचुरियों एवं राजशेखर से सम्बद्ध नगरी कही जा सकती है। त्रिपुरी तीर्थ-पट्ट के माध्यम से कलाकारों ने दक्षतापूर्वक पंचदेव उपासना द्वारा धार्मिक समभाव एवं धार्मिक स्थिति का निरूपण किया है।



३३. काव्यमीमांसा (विश्व राष्ट्रभाषा परिषद्) अध्याय १६, पृ० २२२.



# न्याय-वैशेषिक दर्शन में परमाणु

डा० हरिदत्त शर्मा

सोलन (हि० प्र०)

The Theory of परमाणु is the basic principle of Vaiśeṣikas for explaining the process of creation. Their परमाणु is non-aggregate, eternal and indivisible. The visible *Paramāṇus* are the cause of all the manifestations. In fact, the principle of the नित्यत्व of परमाणु is defective.

परमाणुवाद वैशेषिक दर्शन का एक महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त है। वैसे तो परमाणु की सत्ता को किसी न किसी प्रकार से सभी दर्शनकार स्वीकार करते हैं तथापि वर्तमान वैज्ञानिक युग में तो परमाणु वैज्ञानिकों के लिये महत्त्वपूर्ण अन्वेषणों का विषय बना हुआ है। वैशेषिक दर्शन का तो यह परमाणु आधार स्तम्भ ही है। इसी परमाणुवाद के आधार पर यह दर्शन वस्तुवादी सिद्ध होता है। असत्कार्यवाद तथा आरम्भवाद इसी की मूलभित्ति पर आधारित हैं। यही परमाणुवाद दृश्य जगत् को अवयवों का रूप देकर उसे कार्य तथा जन्य सिद्ध कर जगत् के कर्ता तथा जनक की खोज के सरल मार्ग का निर्माण करता है। इस प्रकार भले ही कई विचारकों की दृष्टि में वैशेषिक दर्शन अनीश्वरवादी प्रतीत होता हो परन्तु है यह ईश्वरवादी दर्शन।

परमाणु शब्द में "अणु" शब्द का अर्थ वह छोटा अवयव है जिसका ग्रहण, त्याग आदि तो न हो परन्तु जो ग्रहण, त्याग के योग्य अवस्था के निर्माण की सामर्थ्य से युक्त हो

शब्दार्थक ''अण्'' धातु से 'उ'' प्रत्यय करने पर यह शब्द निष्पन्न होता है। परम शब्द साथ लगने पर इसका अर्थ होता है—परम = सर्वाधिक, अणु = छोटा अवयव। इस प्रकार परमाणु वह छोटे से छोटा अवयव है जिसका अन्य कोई भी भाग नहीं किया जा सकता तथा जिससे छोटा कोई भी अवयव नहीं हो सकता। न्याय वैशेषिक सिद्धान्त में परमाणु को निरवयव, मूर्त, क्रियावान्, अतीन्द्रिय, जन्य द्रव्यों का अवयव तथा नित्य माना गया है। वैशेषिक सूत्रों में चतुर्थाध्याय के प्रथमाह्निक के प्रारम्भ में नित्य द्रव्यों की चर्चा के प्रसंग में सत्ता वाले, कारणरहित, नित्य द्रव्य को परमाणु कहा गया है।[1] उसके कार्यों से उसका अनुमान किया जाता है। न्यायसूत्रकार महर्षि गौतम ने त्रुटि (त्रसरेणु या द्वयणुक) से परवर्ती एवं उससे सूक्ष्म अवयव को परमाणु कहा है।[2] मुक्तावली की टीका रामरुद्री में परमाणु सिद्धि के प्रकरण में एक स्मृति वचन के अनुसार छिद्र द्वारा भीतर प्रविष्ट सूर्य रश्मि में दृश्यमान सबसे सूक्ष्म रजकण को त्रसरेणु कहा गया है।[3] तीन रेणुओं वाले अवयवी का नाम त्रसरेणु माना गया है। रेणु द्वयणुक को कहते हैं। इस प्रकार त्रसरेणु का छठा भाग परमाणु सिद्ध होता है। महर्षि वेदव्यास ने पुराणों में परमाणु का स्वरूप वर्णन इस प्रकार किया है—कि जो विशेषों (पृथिव्यादि स्थूल द्रव्यों) का अन्तिम अवयव, सत् = विद्यमान्, अनेक, सदा असंयुक्त, अयवयी में ऐक्य भ्रम का कारण हो वह परमाणु कहलाता है।[4] वेदों में ''अणोरणीयान्'' कह कर अनेक स्थलों पर अणु का परिचय दिया गया है। इस प्रकार समस्त संस्कृत साहित्य में यत्र-तत्र परमाणु की चर्चा उपलब्ध होती है।

शास्त्र वचनों के अतिरिक्त परमाणु की सत्ता में न्यायवैशेषिकाचार्यों द्वारा अनुमान प्रमाण भी प्रस्तुत किया जाता है। सूर्य रश्मि स्थित सूक्ष्म रजकण (त्रसरेणु) से परमाणु का अनुमान किया जाता है। वह त्रसरेणु सावयव है, चाक्षुष द्रव्य होने अथवा महत्परिमाण वाला होने से जो भी द्रव्य महत्परिमाण वाला होता है वह

---

१. ''सदकारणवन्नित्यम्'' तथा ''तस्य कार्यं लिंगम्''। वेदान्तदर्शन ४.१.१,२.

२. ''परं वा त्रुटेः'' न्याय दर्शन ४-२-१५.

३. जालसूर्यमरीचिस्थं यत्सूक्ष्मं दृश्यते रजः।
प्रथमं तत् प्रमाणानां त्रसरेणुरिति स्मृतः॥ न्याय सिद्धान्त मुक्तावली, रामरुद्री टीका—पृ० ११७.

४. चरमः सद्विशेषाणामनेकासंयुतः सदा।
परमाणुः सः विज्ञेयो नृणामैक्यभ्रमो हि सः॥ श्रीमद्भागवत पुराण, ३-१२-१.

अवयवों वाला भी होता है।[५] जैसे घट, कपाल, पट आदि। यह भी सावयव व्याप्य महत्त्व वाला है। अतः यह अवयवों वाला है, इस अनुमान द्वारा त्रसरेणु सावयव है, यह सिद्ध होता है। त्रसरेणु के यही अवयव वैशेषिक मतानुसार द्वयणुक कहलाते हैं। वे एक त्रसरेणु में तीन होते हैं। द्वयणुक का प्रत्यक्ष न होने के कारण उसका महत्परिमाण नहीं है अपितु अणु परिमाण है। उनका वह अणु परिमाण त्रसरेणु के महत्परिमाण का कारण नहीं है। क्योंकि त्रसरेणु का परिमाण एक तो विजातीय है तथा दूसरा वह उत्कृष्ट नहीं है। परिमाण का यह सर्वत्र दृष्ट नियम है कि वह सजातीय और अपने से उत्कृष्ट परिमाण का ही कारण होता है। अतः बहुत्व संख्या के कारण होने से तीन द्वयणुकों के त्रसरेणु का कारण माना जाता है। यह द्वयणुक भी अन्तिम अवयवी नहीं माना जा सकता। इसमें अनुमान ही मुख्य प्रमाण है। जैसे—कपाल आदि में सर्वत्र अव्यभिचारी रूप से यह व्याप्ति सिद्ध है—कि महत्परिमाण वाले अवयवी द्रव्य के आरम्भक अवयव भी सावयव ही होते हैं अतः द्वयणुक भी सावयव है। महत्परिमाण वाले त्रसरेणु द्रव्य का आरम्भक होने के कारण घटादि के आरम्भ कपाल आदि की तरह। इस अनुमान द्वारा सिद्ध द्वयणुक का अवयव ही परमाणु कहलाता है। इस परमाणु की भी द्वित्व संख्या ही द्वयणुक के अणुपरिमाण की कारण मानी जाती है, अणुपरिमाण नहीं, क्योंकि यहाँ भी पूर्व नियम के अनुसार परमाणु के अणु परिमाण से द्वयणुक के अणु परिमाण के उत्कृष्ट (अणुतर) न होने से उसे कारण नहीं माना जाता किन्तु इसकी संख्या को ही कारण माना जाता है। अनेकत्व में सबसे पहली द्वित्व संख्या हो कारण मान ली जाती है। अतः दो परमाणुओं को द्वयणुक का कारण माना जाता है। अणु परिमाण किसी भी परिमाण का कारण नहीं माना जा सकता। इसी अणु परिमाण को वैशेषिक परिमण्डल नाम से भी कहते हैं।[६] द्वयणुक के इसी अवयव को अन्तिम अवयव माना गया है। इसका अन्य अवयव न हो पाने से इसे निरवयव, नित्य तथा समवायि कारण से हीन माना गया है। इससे छोटा और अणु सम्भव न होने से इसे परमाणु कहा गया है। इससे आगे इसके अन्य अवयव वैशेषिक इस लिए नहीं मानते हैं—कि इस प्रकार आगे से आगे अनन्त अवयव मानने से अनवस्था दोष प्राप्त होगा। दूसरा दोष यह भी प्रात होता है कि द्रव्यों में छोटे बड़े का निर्णय करने के लिए कोई माप दण्ड न रहेगा। उल्लिखित परमाणु की स्थिति में तो मापदण्ड यह है—कि बड़ी वस्तु वह है जिसके अवयव अधिक हैं तथा छोटी वह है जिसके अवयव बड़ों की अपेक्षा

---

५. "कारणबहुत्वाच्च महत्त्वम्" वैशेषिक सूत्र—७-१-९.

६. पारिमाण्डल्यभिन्नानां कारणत्वमुदाहृतम्। भाषापरिच्छेद, कारिका १५.

कम हैं। यदि प्रत्येक अवयवी द्रव्य के अनन्त अवयव होंगे तो सभी वस्तुओं के परिमाण में समानता प्राप्त होगी। इस प्रकार और तो क्या, अपितु एक सरसों के बीज तथा सुमेरु पर्वत में भी छोटे बड़े का अन्तर सिद्ध नहीं किया जा सकेगा। इन दोषों के परिहार हेतु त्रसरेणु का छोटा अवयव ही परमाणु है तथा वह नित्य है, यही सिद्धान्त मानना होगा। नित्य इसलिए, कि यदि उसे अनित्य मानेंगे तो इसका समवायिकारण कोई अवयव न होने से असमवेत भाव कार्य की उत्पत्ति स्वीकार करनी पड़ेगी। ऐसा करने पर इस सर्वव्यापक नियम का भंग हो जाएगा कि जो भी भावात्मक कार्य होता है उसका कोई समवायिकारण अवश्य होता है। इसी कारण परमाणु नित्य माना जाता है।

परमाणु की मान्यता में एक तर्क और भी दिया जाता है—कि जैसे अतिशय परिमाणयुक्त घट-पट आदि के महत्परिमाण की पूर्णता सर्वव्यापक विभु आकाशादि नित्य द्रव्यों में मानी जाती है उसी प्रकार की पूर्णता (अन्तिम सीमा) कहीं न कहीं अवश्य मानी जानी चाहिए। वह जहाँ होगी वही परमाणु कहलाएगा।

"द्वौ अणू यस्मिन्" इस विग्रह के अनुसार दो परमाणुओं से आरब्ध द्रव्य द्वयणुक कहलाता है। दो ही अणुओं से द्वयणुक की उत्पत्ति क्यों? एक अथवा तीन से क्यों नहीं? इस प्रश्न का नैयायिकों द्वारा प्रतिपादित समाधान इस प्रकार है कि अकेला परमाणु द्वयणुक का आरम्भक ही नहीं हो सकता[७]। ऐसा होने पर उसके निरवयव होने से द्वयणुक परमाणु के समान नित्यता प्राप्त होगी। दो संख्याओं को छोड़ तीन या उससे अधिक परमाणुओं से द्वयणुक की उत्पत्ति का स्वीकार तब उपयोगी होता यदि अवयवों की बहुत संख्या से द्वयणुक में महत्परिमाण की उत्पत्ति अपेक्षित होती। परन्तु द्वयणुक में तो अणु परिमाण ही माना जाता है। अतः अनेकत्व में प्रथमोपस्थित दो परमाणुओं से द्वयणुक का आरम्भ माना जाता है। "त्रिभिः सहितो रेणुः" इस अवयवार्थ के अनुसार त्रसरेणु का आरम्भ तीन द्वयणुकों से इसलिए माना जाता है कि त्रसरेणु के दृश्य होने से उसमें महत्परिमाण अपेक्षित है तथा उसकी उत्पत्ति अवयवों (द्वयणुकों) की बहुत्व संख्या से ही सम्भव है[८]। अतः बहुत्व में प्रथमोपस्थित तीन द्वयणुकों से त्रसरेणु का आरम्भ माना जाता है।

---

७. द्वयणुकं तु द्वाभ्यामेव परमाणुभ्यामारभ्यते। एकस्यानारम्भकत्वात् त्र्यादि-कल्पनायां प्रमाणाभावात्। तर्कभाषा, पृ० १८५.

८. तर्कभाषा—पृ० १८५-१८६.

तथा

संख्यातः परिमाणाच्च प्रचयादपि जायते। भाषापरिच्छेद, कारिका १११.

यहाँ यह आशंका हो सकती है कि द्व्यणुक त्रसरेणु आदि की कल्पना के बिना ही सीधे परमाणुओं से पृथिव्यादि महावयवी की उत्पत्ति मानने में क्या आपत्ति है ? इसका एक उत्तर तो यह है– कि ऐसा मानने पर "आरम्भवाद" नहीं बन पाएगा बल्कि बौद्धाभिमत "संघातवाद" प्राप्त होगा। दूसरा प्रत्यक्षबाध भी प्राप्त होता है। क्योंकि प्रत्यक्ष देखा जाता है कि जब घट आदि किसी अवयवी वस्तु का नाश होता है तब सदा कपाल कपालिका आदि खण्ड अवयवियों के रूप में ही होता है। यदि सीधा परमाणु समुदाय घटादियों का आरम्भक होता तो विनाशकाल में भी परमाणुओं के रूप में बिखर जाता, परन्तु ऐसा होता नहीं। अतः खण्ड अवयवियों के माध्यम से ही कार्य वस्तुओं का निर्माण माना जाता है।

**निष्कर्ष**— सृष्टि के विश्लेषण की दृष्टि से परमाणुवाद वैशेषिक दर्शन का आधारभूत सिद्धान्त है। समान तन्त्र होने से न्याय दर्शन को भी यह पूर्णतया मान्य है। इसके स्वीकार में न्याय दर्शन में यह तर्क दिया गया है— कि इस व्यक्त जगत् की उत्पत्ति का कारण भी व्यक्त ही होना चाहिए[६]। रूपादि से युक्त समस्त घटपटादि व्यक्त वस्तुओं की उत्पत्ति उन्हीं जैसे रूपादि युक्त कारणों से पाई जाती है। अतः इस व्यक्त जगत् का मूल कारण रूपादि से युक्त परमाणुओं को ही मानना उचित है। अवयवों से भिन्न अवयवी का स्वीकार तथा आरम्भ आदि बहुत से सिद्धान्त इसी परमाणुवाद पर आश्रित हैं।

**आलोचना**—परमाणु की सत्ता का स्वीकार यद्यपि न्याय वैशेषिक के समान अन्य सभी दर्शनकारों तथा वर्तमान वैज्ञानिकों को भी अभिप्रेत है, परन्तु परमाणु के नित्यत्व पर मतभेद पाया जाता है। वर्तमान वैज्ञानिकों ने तो परीक्षणों से सिद्ध कर दिया है कि परमाणु खण्डित किया जा सकता है। अतः परमाणु के नित्यत्व स्वीकार में वैशेषिक सिद्धान्त पूर्णतया वास्तविक नहीं माना जा सकता। यद्यपि इसमें यह युक्ति दी जा सकती है कि वैशेषिक का परमाणु वर्तमान वैज्ञानिकों के भेद्य परमाणु (एटम) से भिन्न है। क्योंकि वैशेषिकों ने जिसे परमाणु माना है, वह अवयवरहित तत्त्व है। वैज्ञानिक तो त्रसरेणु को ही एटम मानते हैं। द्व्यणुक और परमाणु तो उनके कारणरूप से केवल अनुमानगम्य है। यदि परमाणु के भी अवयव माने जाएँ तो प्रश्न उपस्थित होगा, कि वे अवयव तथा उनका परिमाण परमाणु से तथा उसके परिमाण से निश्चित रूप से भिन्न होना चाहिए। यह सम्भव इसलिए नहीं है कि न्याय वैशेषिक में परमाणु उसे माना है जिससे अल्प अन्य न हो उस अन्तिम अल्प

---

६ व्यक्ताद्व्यक्तानामुत्पत्तिः प्रत्यक्षप्रामाण्यात्। न्यायदर्शन ४।१।११.

(अणु को ही परमाणु माना है[10]। अत: जिसका भेदन सम्भव है वह अवश्य परमाणु से आरब्ध कोई सूक्ष्म यन्त्र दृश्य त्रसरेणु ही होना चाहिए। अस्तु! वैज्ञानिकों के लिए तो इस तर्क के आधार पर उत्तर दिया जा सकता है, परन्तु सांख्य, वेदान्त आदि दर्शनों के मतभेद का यह उत्तर नहीं हो सकता क्योंकि वहाँ तो प्रकृति या आत्मा से सृष्टि की उत्पत्ति मानी जाती है, जो कि वेद द्वारा भी समर्थित है[11]। अतः उनके समन्वय के लिए यही मानना उचित है कि जगत् कारण के प्रकाशन में दर्शनों का शाखारुन्धती न्याय से स्थूल से सूक्ष्म की ओर पहुँचने का क्रम है जिसमें अति स्थूल बुद्धि में जगत् के कारण का प्रवेश कराने के लिए न्याय-वैशेषिक दर्शनों ने व्यक्त परमाणुओं को जगत् का मूल कारण स्वीकार किया है। अतः पारमार्थिक दृष्टि से परमाणुनित्यत्व का सिद्धान्त सदोष ही है। केवल स्थूल बुद्धि के प्रबोधन की दृष्टि से ही इसका औचित्य प्रतीत होता है।



---

१०. यतश्च नाल्पीयोऽस्ति तं परमाणुं प्रचक्ष्महे। न्यायदर्शन, वात्स्यायन भाष्य, पृ० ५६२.

११. अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां....तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः। श्वेताश्वतर उपनिषद्—४।५.

# संस्कृत नाटकान्तर्गत प्राकृत षष्ठ्यन्त रूपों का संस्कृत में छायानुवाद*

डा० वसन्तकुमार म० भट्ट

While rendering the *Prākṛta* utterances of the female and lower (*adhama*) characters of Sanskrit plays, the editors and commentators Generally put Sanskrit words in Genitive forms, even though they might have been used in Dative sense. This practice is wrong. All these Sanskrit renderings must be revised and critically edited.

( १ )

प्राकृत भाषाओं में चतुर्थी विभक्ति के स्थान में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग प्रायः प्रचलित हुआ है । डा० रिचार्ड पिशल ने अपने "प्राकृत भाषाओं का व्याकरण" ग्रन्थ में, प्राकृत में कहाँ कहाँ पर चतुर्थ्यन्त रूपों की प्राप्ति होती है, उसका परिगणन किया है ।[१] लेकिन यह परिगणन तो प्राकृतसाहित्य में अवशिष्ट रूप से प्राप्त होते हुए, केवल प्रकीर्ण रूपों का है ।

---

*33rd Session of the All India Oriental Conference, Calcutta, Oct 1987 में प्रस्तुत किया गया शोधपत्र ।

१. पैरा. ३५१ (पृ० ५१२-५१४).

( २ )

चतुर्थी का षष्ठी में पर्यवसान होता जा रहा है ऐसा देखकर प्राकृत व्याकरण-कारों ने तो सूत्र ही बना दिया है कि—

[क] **चतुर्थ्याः षष्ठी ।** हेमचन्द्र ८, ३-१३१ (वृत्तिः) **चतुर्थ्याः स्थाने षष्ठी भवति । मुणिस्स । मुणीण देइ । नमो देवस्स । देवाण ।**

**अर्थात्**—चतुर्थी विभक्ति के स्थान में षष्ठी विभक्ति होती है । जैसे कि **मुणिस्स (=मुनये) मुणीण देइ-(=मुनिभ्यः) देहि । नमो देवस्स-(=नमः देवाय) । देवाण (=देवेभ्यः) ।**

[ख] **तादर्थ्यङेर्वा ।** हेमचन्द्र, ८, ३-१३२ ।

**(वृत्ति)—तादर्थ्यविहितस्य ङेश्चतुर्थ्येकवचनस्य स्थाने षष्ठी वा भवति । देवस्य । देवाय । देवार्थमित्यर्थः । ङे रिति किम् । देवाण ।**[२]

अर्थात्—तादर्थ्य में विहित चतुर्थी एक वचन का जो ।-ङे-। प्रत्यय, उसके स्थान में षष्ठी विभक्ति विकल्प से होती है । उदा. देवस्य । देवाय ।

"देवार्थम्" (देव के लिए) ऐसा अर्थ होगा ।

यहाँ प्रश्न होता है कि सूत्रकार ने "ङे" प्रत्यय के स्थान में ऐसा क्यों कहा है ? उत्तर—देवाण देवानाम् । यहाँ पर "देवेभ्यः" ऐसा तादर्थ्य चतुर्थी **बहुबचन** का रूप है, (ङे चतुर्थी एकवचन का रूप नहीं) है इसलिए विकल्प अवस्था में भी चतुर्थी का रूप यथावत् नहीं रह सकता है । उसके देवेभ्यः के स्थान में देवानाम् देवाण रूप ही बनेगा/मिलेगा ।[३]

---

२. चतुर्थ्याः षष्ठी । **प्राकृतप्रकाश (६-६४)**

३. तादर्थ्य में विहित चतुर्थी एकवचन का षष्ठी विभक्ति में पर्यवसान नहीं होता है । उसका एक उदाहरण :—

**शाकुन्तल** (अङ्क-६) पच्छा अहके शे विक्कआअ दंशअंते गहिदे भावमिश्शेहिं । (पश्चादहं तस्य विक्रयाय दर्शयन् गृहीतो भावमिश्रैः ।) (पृ० ५१२).

इससे ज्ञात होता है कि प्राकृतभाषाओं में चतुर्थी विभक्ति के स्थान में षष्ठी विभक्ति का प्रचलन विपुलतया दिखाई पड़ता रहा होगा। अन्यथा प्राकृतव्याकरण-कार ऐसे नियम नहीं बनाते।

( ३ )

संस्कृत नाटकों में प्रायः स्त्रीवर्ग एवं नीच पात्रसृष्टि प्राकृतभाषा में व्यवहार करती है।[४] अतः संस्कृत नाटकों के टीकाकार एवं संपादक ऐसे पात्रों की प्राकृत उक्तियों का संस्कृत में जब छायानुवाद प्रस्तुत करते हैं, तो यह आवश्यक है कि वह विद्वान् टीकाकार और संपादकश्री प्राकृत भाषा के व्याकरण से अनभिज्ञ न हो।

निदर्श रूप से हम "अभिज्ञानशाकुन्तलम्" कृति लेते हैं।[५] इस कृति में कति-पय स्थान ऐसे प्राप्त होते है कि जहाँ षष्ठी विभक्ति का संस्कृत छायानुवाद करते समय चतुर्थी विभक्ति के रूप में परिवर्तन करना आवश्यक था। लेकिन केवल ध्वनिविकार के परिवर्तन को ध्यान में रखा गया है। चतुर्थ्यर्थक षष्ठी विभक्ति का संस्कृत में चतुर्थ्यन्त रूप देना ही अनिवार्य है, परन्तु यह नियम विस्मृत हो गया है।

( ४ )

**शाकुन्तलम् अङ्क-१**

**अनसूया**[६]—सुणादु अज्जो; गोदमीतीरे पुरा किल तस्स राएसिणो उग्गे तवसि वट्टमाणस्स किंवि जादसंकेहि देवेहिं मेणआ णअम अच्छरा पेसिदा णिअमविग्घ-कालिणी।

---

४. स्त्रीणां तु प्राकृतं प्रायः शौरसेन्यधमेषु च।
पिशाचात्यन्तनीचादौ पैशाचं मागधं तथा ॥ —(दशरूपकम् II-६४)

५. प्रस्तुत लेख में "शाकुन्तलम्" की पांच विभिन्न आवृत्तियों का उपयोग किया गया है–१. श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी, २. Monier Williams, ३. श्री एस० के० बेलवलकर, ४. श्री एम० आर० काले एवं ५. पण्डित श्री सीताराम चतुर्वेदी।

६. यहाँ पर जो वाक्य उद्धृत किये गये हैं, वे श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी द्वारा संपादित आवृत्ति से लिए गये हैं।

(श्रृणोतु आर्यः, गौतमतीरे पुरा किल तस्य राजर्षेः उग्रे तपसि वर्तमानस्य किमपि जातशङ्कैर्देवैर्मेनका नामाप्सराः प्रेषिता नियमविघ्नकारिणी ।[७]

**अङ्क-२**

**विदूषक**—होदु । से ओसरं ण दाइस्सं ।

(भवतु । अस्यावसरं न दास्यामि ।)[८] (पृ० ४५१)

**अङ्क-३**

**शकुन्तला**—वलवं खु मे अहिणिवेसो इदाणिं वि सहसा एदाणं ण सक्कणोमि निवेदिदुं ।

(बलवान्) खलु मेऽभिनिवेशः । इदानीमपि सहसा एतयोर्न शक्नोमि निवेदयितुम् ।[९] (पृ० ४६२)

**शकुन्तला**—सहि, कस्स वा अण्णस्स कहइस्सं ?

---

७. पृ० ४४० । श्री रेवाप्रसाद द्विवेदी इत्यादि पूर्वोक्त सभी संपादकों ने यहाँ प्राकृत षष्ठ्यन्त रूप का संस्कृत में भी षष्ठ्यन्त रूप से छायानुवाद किया है । लेकिन यहाँ चतुर्थी में ही रूपान्तर करना चाहिए ।

८. द्रष्टव्य–पादटि. ७ । टीकाकार राघवभट्ट ने भी षष्ठ्यन्तरूप से ही, इस प्राकृत उक्ति का संस्कृत में छायानुवाद किया है–"अस्यावसरं वर्णनावसरं न दास्ये" । (काले, पृ० ६९) । पाणिनि (१-४-३२) सूत्रोक्त संप्रदान संज्ञा की अन्वर्थता स्वीकृत नहीं है । गौण सम्प्रदान में भी चतुर्थी का प्रयोग पतञ्जलि ने किया है । महाभाष्य-प्रदीप में कैयट ने लिखा है–तथा स्वत्वनिवृत्त्यभावेऽपि ददातेः प्रयोगो दृश्यते । "न शूद्राय मतिं दद्यादिति । खण्डिकोपाध्यायशिष्याय चपेटां ददातीति" च । (महाभाष्य, पृ० २५७)

९. द्रष्टव्य–पादटि. ७. राघवभट्ट टीकाकार ने भी "एतदोः" (पृ० ९७) लिखा है । बेलवलकर ने एदाणं एतयोः पाठ को स्वीकार नहीं किया है ।

(सखि, कस्य वा अन्यस्य कथयिष्यामि ।)[१०] (पृ० ४६३)

अङ्क-४

**अनसूया**–ता इदो अहिण्णाणं अङ्गुलीअअं से विसज्जेम ।

(तदितः अभिज्ञानमङ्गुलीयकं तस्य विसृजावः ।)[११] (पृ० ४८१)

**अनसूया**–.....ण पारेमि पवासपडिणिउत्तस्स तादकस्सवस्स दुस्संतपरिणीदं आवण्णसत्तं सउंदलं णिवेदिदुं ।

(.....न पारयामि, प्रवासप्रतिनिवृत्तस्य तातकाश्यपस्य दुष्यन्तपरिणीताम् आपन्नसत्त्वां शकुन्तलां निवेदयितुम् ।)[१२] (पृ० ४८१)

**अनसूया**—अह केण सूइदो तादकस्सवस्स अअं वुत्तंतो ?

(अथ केन सूचितः तातकाश्यपस्य अयं वृत्तान्तः ।)[१३] (पृ० ४८२)

**गौतमी**–एत्तिओ वहूजणस्स उवदेसो ।

(एतावान् वधूजनस्य उपदेशः ।)[१४] (पृ० ४६१)

**सख्यौ**—सहि । जइ णाम सो राआ पच्चहिण्णाणमंथरो भवे तदो से इमं अत्तणामहेअअंकिअं अंगुलीअअं दंसेहि ।

---

१० द्रष्टव्य–पादटि. ७ मोनि. विलि. ने टीकाकार शंकर को उद्धृत किया है : यदि कथनीयम् तदा भवतीभ्याम् । (पृ० १०६) इससे सूचित होता है कि यहाँ पर "**कस्य वा अन्यस्य**" के स्थान में" **कस्मै वा अन्यस्मै**" चतुर्थ्यन्त रूपान्तर करना अनिवार्य है ।।

११. द्रष्टव्य–पादटि. ७.

१२. द्रष्टव्य–पादटि. ७.

१३. द्रष्टव्य–पादटि. ७ । टीकाकार राघवभट्ट ने भी संस्कृत छायानुवाद में षष्ठ्यन्त रूप दिया है । (काले, पृ० १२६)

१४. द्रष्टव्य–पादटि. ७.

(सखि । यदि नाम स राजा प्रत्यभिज्ञानमन्थरो भवेत् ततः तस्य इमाम् आत्मनामधेयांकितमंगुलीयकं दर्शय ।)[१५] (पृ० ४६२)

अङ्क-६

**श्यालः**—⋯जाव इमं अंगुलीअअं जहागमणं भट्टिणो णिवेदिअ तदो सासणं पडिच्छिअ णिक्कयामि ।

(⋯यावदिदमङ्गुलीयकं यथागमनं भर्तुर्निवेद्य, ततः शासनं प्रतीष्य निष्क्रामामि[१६] ।) ( पृ० ५१३)

**मधुकरिका**—तुमं सि मए चूदङ्कुर दिण्णो कामस्य गहीदचावस्स ।

(त्वमसि मया चूताङ्कुर दत्तः कामाय गृहीतचापाय ।)[१७] (पृ० ५१७)

अङ्क-७

**शकुन्तला**—अदो सहीहिं संदिट्ठम्हि भत्तुणो अंगुलीअअं दंसइदव्वं त्ति ।

---

१५. द्रष्टव्य–पादटि. ७ टीकाकार राघवभट्ट ने भी षष्ठ्यन्तरूप दिया है (काले पृ० १५३ ) । किन्तु मोनियर विलियम्स (पृ० १७६) एवं श्री एम० आर० काले (पृ० १५४ ) ने संस्कृत छायानुवाद में चतुर्थी का रूप दिया है । जैसे कि–"ततोऽस्मायिदम् आत्मनामधेयाङ्कितम् अङ्गुलीयकं दर्शय ।" यह साधु अनुवाद है ।

१६. द्रष्टव्य–पादटि. ७ टीकाकार राघव भट्ट ने लिखा है कि—भर्तुरिति चतुर्थ्यर्थे षष्ठी । तेन "भर्त्रे निवेद्य ततः शासनमाज्ञां प्रतीष्य गृहीत्वा निष्क्रामामि ।। (पृ० १६७) अर्थात् प्राकृत "भट्टिणो' षष्ठ्यन्त रूप का संस्कृत में चतुर्थ्यन्त "भर्त्रे निवेद्य" पाठ दिया है ।।

१७. द्रष्टव्य–पादटि. ७ । केवल रेवाप्रसाद द्विवेदी "⋯⋯कामाय गृहीतचापाय" और पं० सीताराम चतुर्वेदी ने "....कामाय गृहीतधनुषे' ऐसा चतुर्थ्यन्त अनुवाद किया है ।

(अतः सखीभ्यां संदिष्टास्मि भर्तुः अङ्गुलीयकं दर्शयितव्यमिति [१८]) (पृ० ५५८)

उपर्युक्त वाक्यों में जहाँ जहाँ षष्ठी विभक्ति का प्रयोग हुआ है, वहाँ वहाँ "चतुर्थ्याः षष्ठी" (हेम. ८, ३-१३१) सूत्रानुसार चतुर्थी विभक्ति के स्थान में (indirect object के लिए) षष्ठी विभक्ति का प्रयोग हुआ है। अतः इन प्राकृत-उक्तियों का जब संस्कृत में छायानुवाद करना हो तो षष्ठी विभक्ति के स्थान में चतुर्थी विभक्ति रखनी चाहिए। परन्तु "शाकुन्तल" की प्रचलित आवृत्तियों में (प्राकृत) षष्ठी विभक्ति का (संस्कृत) षष्ठी विभक्ति से ही प्रायः रूपान्तर किया गया है, जो असाधु है।

( ५ )

इस प्रकार से अन्य संस्कृत नाटकों में भी परीक्षण किया जाय तो ऐसी अशुद्धियाँ प्राप्त हो सकती हैं। एक ही उदाहरण पर्याप्त है-

अज्ज जेव्व पच्चाअदस्स राएसिणो जणअस्स भअवदा वम्मीइणा दहिमहूहिं जेव्व णिव्वत्तिदो महुवक्को।

(अद्यैव प्रत्यागतस्य राजर्षेर्जनकस्य भगवता वाल्मीकिना दधिमधुभ्यामेव निर्वर्तितो मधुपर्कः।)

--उत्तररामचरितम् (अङ्क-४)

यहाँ पर भी प्राकृत-उक्ति में चतुर्थी विभक्ति के अर्थ में ही षष्ठी विभक्ति का प्रयोग हुआ है। अतः जब इस प्राकृत-उक्ति का संस्कृत में छायानुवाद करना हो तो षष्ठ्यन्त रूप का चतुर्थ्यन्त रूप में परिवर्तन करना ही चाहिए। लेकिन श्री पी० वी० काणे महाशय ने संस्कृत में षष्ठ्यन्त रूप ही लिखा है। उत्तररामचरित के टीकाकार घनश्याम इस उक्ति का संस्कृत छायानुवाद इस प्रकार देते हैं— ....अद्यैव प्रत्यागताय राजर्षये भगवता वाल्मीकिना दधिमधुभिरेव निर्वर्तितो मधुपर्कः। (८६, ८७) इस प्रकार यहाँ चतुर्थ्यन्त रूपान्तर करना ही उचित है।

---

१८. द्रष्टव्य–पादटि. ७. डॉ० वेलवलकर ने एक और अशुद्धि उत्पन्न की है। जदो सहीहिं अच्चादरेण यतः सखीभिरत्यादरेण ...ऐसा अनुवाद किया है। प्राकृत में द्विवचन का अभाव है। अतः अनसूया एवं प्रियंवदा दो सखी के लिए प्राकृत में "सहीहिं" बहुवचन का रूप लिखा है। परन्तु संस्कृत में उसका छायानुवाद "सखीभ्याम्" से करना चाहिए।

( ६ )

अभिज्ञानशाकुन्तलम् जैसा विश्वविख्यात संस्कृत नाटक भी अद्यावधि सर्वमान्य सही रूप से समीक्षित-आवृत्ति के रूप में उपलब्ध नहीं है । भविष्य में जब भी इस दिशा में (महाभारत की समीक्षित आवृत्ति, भ.ओ.रि.इ., पूना के समान) कालिदास की रचनाओं की समीक्षित आवृत्ति संपादित करने का भगीरथ कार्य किसी विद्वद्वर के द्वारा अङ्गीकृत किया जाय, तो उस समय उपर्युक्त दूषित स्थलों का संशोधन अपेक्षित है ।

यहाँ निदर्श रूप से "शाकुन्तल" के लिए जो कहा गया है, वह अन्य सभी संस्कृत रूपकों के लिए ध्यानार्ह है । जहाँ जहाँ संस्कृत नाटकान्तर्गत प्राकृत उक्तियों में (चतुर्थ्यर्थक) षष्ठी विभक्ति का प्रयोग हुआ है; उसका संस्कृत में छायानुवाद करते समय चतुर्थ्यन्त रूपान्तर करना ही सही है, अनिवार्य है ।

## (ग्रन्थसूची)


1. **उत्तररामचरितम्** (with the commentary of घनश्याम) by **P. V. KANE, Motilal Banarsidass, Delhi, 1962.**

2. **कालिदास-ग्रन्थावली**–सं० सीताराम चतुर्वेदी, अखिल भारतीय विक्रम परिषद्, काशी के लिए भारत प्रकाशन मन्दिर, अलीगढ़ द्वारा प्रकाशित तृतीय संस्करण, सं० २०११ वि० (१९६२ A. D.)

3. **दशरूपकम्**–ed. by **A. N Pandey**, Bharatiya Vidya Prakashan, **Delhi, 1979**

4. **प्राकृत भाषाओं का व्याकरण**–लेखक आर० पिशेल, (मूल जर्मन से हिन्दी) अनुवाद डॉ० हेमचन्द्र जोशी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, १९५९.

5. व्याकरण-महाभाष्यम् (भाग-१) (प्रदीपोद्योतसहितम्) मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, १९६७.

6. *Kālidāsa-Granthāvali*—Critically Edited by Reva Prasada Dvivedi Banaras Hindu University, Varanasi, 1976.

7. *Prākrit-Prakāśaḥ of Vararuchi*—ed. by Dr. C. Kunhan Raja, The Adyar Library, Madras, 1946


8. *Prakrit Grammar of Hemacandra* -Revised Edition by Dr. P. L. Vaidya, Poona, 1958.

9. *Śakuntalā*—ed. Monier Williams, Oxford, at the Clarendon Press, Second edition, 1876.

10. *The Abhijñānaśākuntala*—ed. by S. K. Belvalkar, Sahitya Akademi, New Delhi, 1965.

11. *The Abhijñāna-Śākuntala*—ed. by Late M. R. Kale, Bombay (Ninth edition) 1961.





# ऋग्वैदिक सोम विकिरण ऊर्जा

डा० विष्णुकान्त वर्मा

बिलासपुर

The word *Soma* is sometimes used in the *Vedas* for *radiation energy*. There it is not a drink but an all pervasive flow of radiation. The creation was started with a tremendous explosion which was called *Hiranyagarbha* (the *big bang* of modern Science) in *Ṛgveda*. The author in this paper discusses the points of similarity between the *Ṛgvedic Soma* and the *radiation* of modern Science.

सोम शब्द वेदों का प्रिय शब्द है। यह ऋग्वेद में कई अर्थों में आया है किन्तु सोमरस की लोकप्रियता के कारण जहाँ भी सोम शब्द आता है वहाँ 'सोमरस' अर्थ ग्रहण करने की प्रवृत्ति देखी जाती है। वेद में सोम शब्द आत्मज्ञान-रस, भक्ति-रस आदि अर्थों के अतिरिक्त भौतिक विकिरण ऊर्जा के लिये भी प्रयुक्त हुआ है। अतएव संदर्भानुसार ही अर्थग्रहण करना उपादेय है।

**विज्ञान की परिकल्पना**—भौतिक सत्ता प्रकृति जगत में दो रूपों में उपलब्ध है—एक द्रव्य (matter) तथा दूसरा विकिरण (radiation)। इन दो वर्गों में परस्पर आवर्तन-प्रत्यावर्तन (conversion of one into the other) संभव है। द्रव्य का मौलिक स्वरूप कण (particle) वाला है। कण दो प्रकार के हैं—कण तथा प्रतिकण या विरोधीकण (particle and antiparticle)। ये विपरीत विद्युत (charge) धारण करते हैं। एक धनात्मक है तो दूसरा ऋणात्मक। कण एवं प्रति-कण के संयोग से, घर्षण से दोनों अपने अस्तित्व को विलीन करते हुए विकिरण ऊर्जा

में परिवर्तित हो जाते हैं। इस प्रकार द्रव्य से विकिरण की उत्पत्ति होती है, इसी के विपरीत ताप की यथोचित परिस्थिति होने पर विकिरण ऊर्जा की इकाई जिसे फोटोन (photon) कहते हैं कण एवं प्रतिकण में विभक्त हो जाती है। इस प्रकार विकिरण से मौलिक द्रव्य कण प्रादुर्भूत होते हैं।

विकिरण ऊर्जा भी दो प्रकार की है। आधुनिक वैज्ञानिक 'कास्मॉलाजी' के अनुसार आदि सृष्टि काल एक महा विस्फोट से आरंभ होता है जिसे वैज्ञानिक भाषा में बिग बैंग कहते हैं। एक प्रकार का विकिरण बिग बैंग के समय का अवशेष है जिसे कॉस्मिक विकिरण कहते हैं। इस विकिरण की खोज अत्यधिक आधुनिक (सन् १९७२) है जिसको खोजने का श्रेय श्री आरनो पेन्नियाज़ एवं राबर्ट विलसन को है। यह विकिरण समस्त जगत में व्यापक तथा एक से मान (value) वाली है। विश्व व्यापक गुरुत्वाकर्षण बल (universal force of gravitation) के कारण गैलेक्सिएँ (आकाश गंगाएँ) एवं समस्त लोक सन्तुलित हो अपनी अपनी दीर्घाओं पर भ्रमण करते हैं। अभी तक इस समग्र गुरुत्वाकर्षण बल का कारण अज्ञात था। पूर्वोक्त खोज के अनन्तर अब यह निश्चित हो चुका है कि समग्र गुरुत्वाकर्षण बल की आधारभूता यह कॉस्मिक विकिरण है। दूसरे प्रकार की विकिरण वह है जो सूर्य की तरह प्रज्ज्वलित लोकों से प्रकाश के रूप में प्रसारित होती रहती है।

आदिकाल में बिग बैंग के समय द्रव्य भाग पर विकिरण का वर्चस्व था। उस समय विकिरण एवं द्रव्य के मध्य घर्षण एवं आदान प्रदान की प्रक्रिया चल रही थी। उस समय द्रव्य भाग अष्टवर्गी था।

**ऋग्वैदिक परिकल्पना**—ऋग्वेद में मूल आद्या शक्ति को अदिति नाम से प्रतिष्ठित किया गया है। यह शक्ति ईश्वर की तरह ही शाश्वत ईश्वर की कार्य शक्ति है। पुरुष सूक्त (मंडल १०) का पुरुष देहभूत उपादान कारण प्रकृति सहित अधिष्ठातृ भूत ईश्वर (व्यापक चेतन) को सन्निहित करता है। 'पुरि शेते इति पुरुषः' निर्वचन से पुरुष का देह होना आवश्यक है। यह देह मूल आद्या शक्ति (प्रकृति) अदिति है। ऋग्वेद में मूल प्रकृति के लिये अदिति, देवी, माता आदि पद आये हैं। अदिति त्रिवर्गी मूल तत्वों का संघात है। सृष्टि रचना के हेतु नियोजित होते ही त्रिवर्गी तत्व क्रियाशील हो जाते हैं। प्रकृति की इस अवस्था को आपः या माया प्रतीक से कहा गया है[३]।

प्रकृति की तीन मूल शक्तियाँ वरुण, मित्र एवं अर्यमा हैं। वरुण, मित्र कण रूप हैं व प्रकृति का द्रव्य (मैंटर) भाग बनाते हैं तथा अर्यमा स्वरूप से विकिरण

तरंगें हैं[४] । सृष्टि में नियोजित होते ही विकिरण की ऋग्वैदिक संज्ञा सोम हो जाती है । सोम कोई पेय नहीं है । सोम विकिरण का विश्वव्यापक प्रवाह है जो लोकों के स्थूल पिण्डों को पार करने में समर्थ है ।

ऋग्वेद के अनुसार आदि सृष्टि काल में, जिसे प्रतीकात्मक भाषा में उषाकाल कहा गया है, बृहत् अग्नि ताण्डव हुआ था जिसे ऋग्वैदिक प्रतीकात्मक भाषा में हिरण्यगर्भ कहते हैं । यह आधुनिक विज्ञान का महाविस्फोट (बिग बैंग) है । यह प्रकरण पृथक् लेख का विषय है । महा अग्निकाण्ड के अवसर पर सोम (विकिरण) का महत्वपूर्ण योगदान था । उस समय सोम का वर्चस्व था । इस तथ्य की विज्ञान की अवधारणा से तुलना करने पर महत्वपूर्ण साम्य प्रस्थापित होता है ।

**ऋग्वैदिक सोम का स्वरूप**—ऋग्वेद का सोम आधुनिक विज्ञान की ऊर्जा है । ऋग्वेद का सोम भी दो प्रकार का है । एक प्रकार का वह है जो आदि-काल में मूल तत्वों (कणों, प्रतिकणों) के घर्षण से उत्पन्न हुआ था । यह सोम ज्योतिर्पिण्डों के सन्तुलन में आधारभूत पृष्ठभूमि का कार्य करता है । यह विश्व व्यापक है । इसकी विश्व व्यापक विद्यमानता से ही समग्र गुरुत्वाकर्षण बल उद्‌भूत हुआ है । इस विकिरण के विश्वव्यापक महासागर में ज्योतिर्पिण्ड तैरते हुए से अपनी अपनी कक्षाओं में गतिमान् होते हुए संतुलन में आवद्ध हुए हैं । दूसरे प्रकार का सोम वह है जो सूर्य की तरह प्रकाशित लोकों से उत्पन्न होकर प्रसारित होता है । सोम लोकों को पार करने में समर्थ है । सोम-तरंगें आकर्षण, ताप, प्रकाश के रूप में फैलीं । 'लक्षण-प्रमाणाभ्यां वस्तुसिद्धिः ।' लक्षणों के आधार पर ही किसी वस्तु का स्वरूप निर्धारित होता है । अतः सोम के लक्षण व गुणों की सादृश्यता से यह सिद्ध होता है कि सोम आधुनिक विज्ञान का विकिरण है । सोम के लक्षण मन्त्रों में सुरक्षित हैं ।

**वेदों में वर्णित सोम पेय नहीं है**—यह तथ्य सुस्पष्ट शब्दों में ऋ० १०।८५।३ में कहा गया है कि सोम एक औषधि, वनस्पति भी है जिससे सोमरस बनता है किन्तु वेद मंत्रों में जिस सोम की बात है, वह पीने योग्य पेय नहीं है वरन् उससे भिन्न वस्तु है । अतः वेद की भावना के अनुरूप सोम का अर्थ कुछ और ही है ।

सोमं॑ मन्यते पपि॒वान् यत् सं॑पि॒षन्त्योष॑धिम् ।
सोमं॒ यं ब्र॒ह्माणो॑ वि॒दुर्न तस्या॑श्नाति॒ कश्च॒न ॥

**सोम नक्षत्रों के सन्तुलन में आधारभूत शक्ति है**—ऋग्वेद ३.४६.३-४ में आदिकाल का (कास्मिक) विकिरण का विवरण है। उत्पन्न होने के समय से ही स्वभाव से अत्यन्त तेजस्वी सोम विकिरण जगत में व्यापक हो स्थायी रूप से जगत का आश्रयभूत है। यह जगत में सब ओर से प्रवेश किये हुए है।

ऋग्वेद १०.८५.२ में सोम को नक्षत्रादि के सन्तुलन की आधारभूत सत्ता निरूपित किया गया है—

सोमेनादित्या बलिनः सोमेन पृथिवी मही।
अथो नक्षत्राणामेषामुपस्थे सोम आहितः ॥

सौर्यमंडल में ग्रहों को नियंत्रित करने वाला सूर्य केन्द्रीभूत शक्ति है। इस शक्ति का कारण सूर्य की मात्रा (mass) का निरन्तर नाभिक शक्ति में परिवर्तित होना है, जो निरन्तर विकिरण (सोम) का स्रोत है। इस प्रकार सोम के कारण सूर्य बलवान् है। गुरुत्वाकर्षण के कारण पृथ्वी पर वनस्पति एवं जीवन संभव हुआ है अतः पृथ्वी की महानता का कारण गुरुत्वाकर्षण है किन्तु गुरुत्वाकर्षण का कारण सोम (विकिरण) है। सोम के उत्तम प्रकार से निहित होने के कारण समस्त लोक, नक्षत्र गण आकाश में सन्तुलन में स्थित हैं। समग्र गुरुत्वाकर्षण (universal gravitation) का कारण सोम हैं। ऋग्वेद ९।२।५ में भी यही बात स्पष्ट की गई है।

**सोम विकिरण विश्व व्यापक प्रवाह है**—ऋग्वेद ९।१।६ मन्त्र में बताया गया है कि सोम विकिरण का विस्तार स्थायी है। सूर्यादि प्रज्ज्वलित लोक निरंतर सोम (विकिरण) की पूर्ति करते रहते हैं जिससे ऊर्जा का स्थायी विस्तृत कोष संरक्षित रहता है। इसी प्रकार मंत्र ९.३.८ एवं ९.२२.४ भी ध्यातव्य हैं।

**वैदिक वाङ्मय में सोम की व्युत्पत्ति सम्बन्धी वचन**—आदिसृष्टि काल में सोम अग्निमय मंडलाकार वायुरूपी पिण्ड था। उस समय नित्य प्रकृति आठ वसुओं सहित वर्तमान थी*। मत्स्य पुराण का विवरण वैज्ञानिक कास्मालॉजी के अक्षरशः अनुरूप है। उषा सृष्टि काल का वैदिक प्रतीक है। ऐतरेय ब्राह्मण (१।४।९) में कहा गया है—'द्यावापृथिव्योर्वा एष गर्भो यत् सोमो राजा'। शतपथ ब्राह्मण (३।२।४) के अनुसार "दिवि वै सोमो आसीत्"—सोम आकाश में अवस्थित है। ऐतरेय

* आपो ध्रुवश्च सोमश्च धरश्चैवानिलोऽनलः। प्रत्यूषश्च प्रभासश्च वसवोऽष्टो कीर्तिताः (हलायुधकोशः)

ब्राह्मण (१।३।२) में तै० सं० (६-१-६-१) का उल्लेख करते हुए सायण ने अपने भाष्य में कहा है कि सोम द्यु-लोकवर्ती द्रव्य है जो ईश्वरीय ज्ञान क्रिया बल रूप गायत्री शक्ति के द्वारा लाया गया है।

**सोम मूल शक्ति का अंश**—आपः मूल तत्व की क्रियाशील अवस्था है। ऐतरेय ब्राह्मण में सूत्र (१।२।१) आता है 'सौम्या ह्यापः'। आपः सोम से संबंधित है। इससे यह प्रकट होता है कि सोम मूल शक्ति से संबंधित प्रकृति की अवस्था विशेष है। इसी सूत्र के भाष्य में सायण ने सोम का लक्षण दर्शाया है--(सोमस्यामृत-किरणत्वात्) कि सोम अमृत किरण रूप है। अस्तु, सोम मूल शक्ति का विकिरण (रेडियेशन) अंश है। ऋग्वेद ९।१०७।११ के अनुसार सोम विकिरण एवं द्रव्यांश (कण प्रतिकण) के बीच प्रतिस्पर्धा में सफल हो सोम ने वर्चस्व स्थापित किया। कण प्रतिकण के घर्षण से विद्युतरहित उदासीन अर्थात् शुद्ध तत्व सोम उद्भूत हुआ।

**सोम का आदिकाल में जन्म**—सोम विकिरण ने सूर्य को उत्पन्न किया, यह तथ्य ९।२३।२ में कहा गया है—

अनु प्रत्नास आयवः पदं नवीयो अक्रमुः। रुचे जनन्त सूर्यम् ॥

प्राचीनकाल में सोम आदि सृष्टि में जन्मा था जिसे (कास्मिक) आदि विकिरण कहते हैं। नवीन क्रम से सोम सूर्य से प्रकाश के रूप में उद्भूत हुआ।

**विकिरण आकाशस्थ लोकों से उद्भूत होती है**—ऋग्वेद ९।६८।८ में कहा गया है कि सोम शक्ति का निवास आकाश में है। सोम विकिरण गुप्त रहस्यमय रूप से सर्वत्र व्याप्त है, यह तथ्य विज्ञान को आज विदित हुआ है। सोम आकाशीय पिण्डों की पृष्ठभूमि में फैला व्यापक विकिरण है।

**आदिकाल में सोम (विकिरण) मूल कणों से अधिक प्रभावी था**—सोम मूलतत्वों का अग्रगामी परिणाम है। इस विषय पर ऋग्वेद ९.३७.४ में प्रकाश डाला गया है।

प्रकृति के दो रूप द्रव्य (मैटर) एवं विकिरण (रेडियेशन) हैं। आदिकाल में विकिरण का घनत्व द्रव्य के घनत्व से अधिक होता है। यह स्थिति महा अग्नि काण्ड (बिग बैंग) के समय होती है। मन्त्र का कथ्य आधुनिक वैज्ञानिक परिकल्पना के

**सोम नक्षत्रों के सन्तुलन में आधारभूत शक्ति है**—ऋग्वेद ३.४६.३-४ में आदिकाल का (कास्मिक) विकिरण का विवरण है। उत्पन्न होने के समय से ही स्वभाव से अत्यन्त तेजस्वी सोम विकिरण जगत में व्यापक हो स्थायी रूप से जगत का आश्रयभूत है। यह जगत में सब ओर से प्रवेश किये हुए है।

ऋग्वेद १०.८५.२ में सोम को नक्षत्रादि के सन्तुलन की आधारभूत सत्ता निरूपित किया गया है—

सो॑मेनादि॒त्या ब॒लिन॒: सोमे॑न पृथि॒वी म॒ही।
अथो॒ नक्ष॑त्राणामे॒षामु॒पस्थे॒ सोम॒ आहि॑तः ॥

सौर्यमंडल में ग्रहों को नियंत्रित करने वाला सूर्य केन्द्रीभूत शक्ति है। इस शक्ति का कारण सूर्य की मात्रा (mass) का निरन्तर नाभिक शक्ति में परिवर्तित होना है, जो निरन्तर विकिरण (सोम) का स्रोत है। इस प्रकार सोम के कारण सूर्य बलवान् है। गुरुत्वाकर्षण के कारण पृथ्वी पर वनस्पति एवं जीवन संभव हुआ है अतः पृथ्वी की महानता का कारण गुरुत्वाकर्षण है किन्तु गुरुत्वाकर्षण का कारण सोम (विकिरण) है। सोम के उत्तम प्रकार से निहित होने के कारण समस्त लोक, नक्षत्र गण आकाश में सन्तुलन में स्थित हैं। समग्र गुरुत्वाकर्षण (universal gravitation) का कारण सोम हैं। ऋग्वेद ९।२।५ में भी यही बात स्पष्ट की गई है।

**सोम विकिरण विश्व व्यापक प्रवाह है**—ऋग्वेद ९।१।६ मन्त्र में बताया गया है कि सोम विकिरण का विस्तार स्थायी है। सूर्यादि प्रज्ज्वलित लोक निरंतर सोम (विकिरण) की पूर्ति करते रहते हैं जिससे ऊर्जा का स्थायी विस्तृत कोष संरक्षित रहता है। इसी प्रकार मंत्र ९.३.८ एवं ९.२२.४ भी ध्यातव्य हैं।

**वैदिक वाङ्मय में सोम की व्युत्पत्ति सम्बन्धी वचन**—आदिसृष्टि काल में सोम अग्निमय मंडलाकार वायुरूपी पिण्ड था। उस समय नित्य प्रकृति आठ वसुओं सहित वर्तमान थी*। मत्स्य पुराण का विवरण वैज्ञानिक कास्मालॉजी के अक्षरशः अनुरूप है। उषा सृष्टि काल का वैदिक प्रतीक है। ऐतरेय ब्राह्मण (१।४।९) में कहा गया है—'द्यावापृथिव्योर्वा एष गर्भो यत् सोमो राजा'। शतपथ ब्राह्मण (३।२।४) के अनुसार "दिवि वै सोमो आसीत्"—सोम आकाश में अवस्थित है। ऐतरेय

---

* आपो ध्रुवश्च सोमश्च धरश्चैवानिलोऽनलः। प्रत्यूषश्च प्रभासश्च वसवोऽष्टो कीर्तिताः (हलायुधकोशः)

ब्राह्मण (१।३।२) में तै० सं० (६-१-६-१) का उल्लेख करते हुए सायण ने अपने भाष्य में कहा है कि सोम द्यु-लोकवर्ती द्रव्य है जो ईश्वरीय ज्ञान क्रिया बल रूप गायत्री शक्ति के द्वारा लाया गया है।

**सोम मूल शक्ति का अंश**—आपः मूल तत्व की क्रियाशील अवस्था है। ऐतरेय ब्राह्मण में सूत्र (१।२।१) आता है 'सौम्या ह्यापः'। आपः सोम से संबंधित है। इससे यह प्रकट होता है कि सोम मूल शक्ति से संबंधित प्रकृति की अवस्था विशेष है। इसी सूत्र के भाष्य में सायण ने सोम का लक्षण दर्शाया है–(सोमस्यामृत-किरणत्वात्) कि सोम अमृत किरण रूप है। अस्तु, सोम मूल शक्ति का विकिरण (रेडियेशन) अंश है। ऋग्वेद ९।१०७।११ के अनुसार सोम विकिरण एवं द्रव्यांश (कण प्रतिकण) के बीच प्रतिस्पर्धा में सफल हो सोम ने वर्चस्व स्थापित किया। कण प्रतिकण के घर्षण से विद्युतरहित उदासीन अर्थात् शुद्ध तत्व सोम उद्भूत हुआ।

**सोम का आदिकाल में जन्म**—सोम विकिरण ने सूर्य को उत्पन्न किया, यह तथ्य ९।२३।२ में कहा गया है—

अनु प्रत्नास आयवः पदं नवीयो अक्रमुः। रुचे जनन्त सूर्यम् ॥

प्राचीनकाल में सोम आदि सृष्टि में जन्मा था जिसे (कास्मिक) आदि विकिरण कहते हैं। नवीन क्रम से सोम सूर्य से प्रकाश के रूप में उद्भूत हुआ।

**विकिरण आकाशस्थ लोकों से उद्भूत होती है**—ऋग्वेद ९।६८।८ में कहा गया है कि सोम शक्ति का निवास आकाश में है। सोम विकिरण गुप्त रहस्यमय रूप से सर्वत्र व्याप्त है, यह तथ्य विज्ञान को आज विदित हुआ है। सोम आकाशीय पिण्डों की पृष्ठभूमि में फैला व्यापक विकिरण है।

**आदिकाल में सोम (विकिरण) मूल कणों से अधिक प्रभावी था**—सोम मूलतत्वों का अग्रगामी परिणाम है। इस विषय पर ऋग्वेद ९.३७.४ में प्रकाश डाला गया है।

प्रकृति के दो रूप द्रव्य (मैटर) एवं विकिरण (रेडियेशन) हैं। आदिकाल में विकिरण का घनत्व द्रव्य के घनत्व से अधिक होता है। यह स्थिति महा अग्नि काण्ड (बिग बैंग) के समय होती है। मन्त्र का कथ्य आधुनिक वैज्ञानिक परिकल्पना के

अनुरूप है। प्रकृति की तीन मूल शक्तियाँ हैं मित्र, वरुण (मैटर, एन्टीमैटर) एव अर्यमा (रैडियेशन)।

मंत्रों से विदित होता है कि सोम त्रिवर्गी मूलतत्व का अंश अर्यमा है। सृष्टि रचना में नियोजित होने पर इसका नाम सोम हो जाता है। यह आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान है कि आदिकाल में (बिग बैंग के समय) विकिरण (सोम) की मात्रा द्रव्य भाग (मैटर) से अधिक थी।

**आदि सृष्टि काल में सोम का योगदान**—प्रकृति अपने आपको दो रूपों में व्यक्त करती है। प्रकृति का द्रव्य भाग (मैटर) मित्र वरुण में निहित है, अर्यमा प्रकृति का विकिरण भाग है। सृष्टि में नियोजित होने के उपरान्त विकिरण की संज्ञा सोम है। आदिकाल में प्रारंभिक क्रियाओं में सोम का क्या योगदान है इस विषय पर ऋ. १०.१०९.२ में प्रकाश डाला गया है। ऋचा में कहा गया है कि प्रकृति का द्रव्य भाग वरुण. मित्र, (पार्टिकिल, एन्टीपार्टिकिल) क्रियाहीन थे। विकिरण सोम ने इन्हें क्रियाशील किया। आदिकाल में द्रव्य भाग पर सोम (विकिरण) का वर्चस्व था।

**उपयुक्त समय पर मूल तत्व पकाये गये**—ऋग्वेद ९।६५,६ के अनुसार आदिकाल में सोम कण (फोटोन पार्टिकिल्स) मूल तत्वों के साथ पकाये गये। उस उच्चतापमान पर विकिरण प्रखर तेज से कार्यरत हुई। आदिकाल में मैटर व विकिरण का मंथन हुआ। इस सम्बन्ध में ऋग्वेद ९।१०।५ एवं ९।२०।६ भी ध्यातव्य हैं।

इनके अनुसार आदिकाल में सूर्यों के समान प्रज्ज्वलित सहस्रों कणों का समग्र पिण्ड उत्पन्न होता है तब मूल कणों का विस्तार होता है। सोम आदिकाल में अति दुस्तर रूप धारण कर कणों, प्रतिकणों की सेना पर कार्यरत हुआ। उस समय कणों (मैटर, एन्टीमैटर) एवं विकिरण में मंथन हुआ तथा अत्यन्त उच्चताप निर्मित हुआ।

इस प्रकार सोम के विषय में निम्नलिखित तथ्य प्रस्थापित हुए—

सोम दो प्रकार का है। आदिकाल में द्यु-लोक के परे उत्पन्न हुआ सोम आधुनिक विज्ञान का कॉस्मिक विकिरण है, यह लोकों को पार करके प्रवाहित हो रहा है, इसका निवास रहस्यमय है। यह लोकों, नक्षत्रों, ग्रहों के सन्तुलन में आधार-भूत तत्व है जो उन उन लोकों को दीर्घाओं में नियंत्रित करता है। आदिकाल में इस

विकिरण का द्रव्य भाग पर वर्चस्व था। आदिकाल में जो रूपक भाषा में इन्द्र द्वारा सोमपान किया जाना कहा गया है वह वास्तव में ईश्वर द्वारा विकिरण का एकत्रीकरण है, जिसके वर्चस्व से महाअग्निकाण्ड होता है।

दूसरे प्रकार का सोम सूर्यादि प्रज्ज्वलित लोकों से निरन्तर उद्भूत होता रहता है। इस प्रकार ऋग्वैदिक सोम एवं आधुनिक विज्ञान के विकिरण में अद्भुत साम्य दर्शनीय है।



# वैयाकरणों तथा साहित्यशास्त्रियों द्वारा शब्द तत्त्व की दार्शनिक व्याख्या

डा० हरिराम मिश्र

इलाहाबाद

The authoı in this paper has presented a comparative study of the nature of *Śabdatattva* of Grammarians viz. Yāska, Patañjali and Bhartṛhari with that of Rhetoricians.

शब्द एवं अर्थ के स्वरूप का निर्धारण व्याकरण शास्त्र का मुख्य प्रतिपाद्य है। इनके सूक्ष्मतत्त्वों का दार्शनिक स्वरूप वेद, ब्राह्मण एवं उपनिषद् ग्रन्थों में स्पष्ट किया गया है। शब्द ब्रह्म है तथा समस्त संसार-प्रपञ्च की इस शब्द-ब्रह्म से उत्पत्ति होती है।[1] वैयाकरणों ने वेदों में प्रतिपादित शब्द-ब्रह्म विषयक इस धारणा को और अधिक स्पष्ट किया है। इन्होंने समस्त दार्शनिकवादों को विवेचित करते हुए उस परम तत्त्व को जगत् का मूल कारण तथा नित्य, सर्वव्यापक एवं सर्वातीत माना है। मोक्ष की प्राप्ति के लिए शब्दस्वरूपावबोधक व्याकरण को परम उपाय मानने वाले भर्तृहरि शब्दतत्त्व को अनादि, अनन्त तथा अक्षर मानते हैं। इन्होंने इसी शब्दतत्त्व से अर्थरूप में समस्त जगत् का विवर्त स्वीकार किया है।[2]

---

१. ऋग्वेद, १०. १२५. ७, ८, स्वाध्याय मण्डल, सतारा।

२. भर्तृहरि, वाक्यपदीयम् १ १, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, १९७६.

भर्तृहरि द्वारा शब्दतत्त्व के इस स्वरूप के व्याख्यान का आधार विवरणकार कात्यायन का "सिद्धे शब्दार्थसम्बन्धे" वार्तिक, वाजप्यायन का "जातिशक्तिवाद", व्याडि का "द्रव्यशक्तिवाद" तथा महाभाष्यकार पतंजलि का एतद्विषयक अत्यन्त महत्वपूर्ण विवेचन है।

शब्द को नित्य मान लेने पर भी व्याकरण की आवश्यकता को प्रतिपादित करते समय पतंजलि ने व्याडि का नाम लिया है। इन्होंने लिखा है कि व्याडि ने अपने संग्रह ग्रन्थ में शब्द की नित्यता या अनित्यता के विषय में विस्तार के साथ विचार किया है। दोनों पक्षों में उन्होंने दोषों तथा प्रयोजनों का उपपादन कर निष्कर्ष रूप में शब्द को नित्य तथा अनित्य माना है[३]। संग्रहग्रन्थ अनुपलब्ध हैं, अतः अन्य आचार्यों ने व्याडि का जो मत माना है उसी को प्रमाण मानना पड़ता है। भाष्यकार के अनुसार उन्हें शब्द का नित्यत्व एवं अनित्यत्व दोनों अभिप्रेत था। सम्भव है पारमार्थिक दृष्टि से उन्होंने शब्द को नित्य माना हो तथा व्यावहारिक दृष्टि से अनित्य। व्याडि का व्यक्तिशक्तिवाद या द्रव्याभिधानवाद प्रसिद्ध है। आचार्य भर्तृहरि ने इनको प्रमाण मानकर द्रव्य के पारमार्थिक स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसे नित्य माना है। दार्शनिकों द्वारा व्याख्यात आत्मा, वस्तु, स्वभाव तथा शरीर तत्त्व द्रव्य के पर्याय हैं तथा यह द्रव्य नित्य है[४]। भाष्यकार पतंजलि विचार करते हुए "सिद्धे शब्दार्थसम्बन्धे" वार्तिक की व्याख्या में द्रव्य को नित्य तथा आकृति में परिवर्तन करते हैं[५]। द्रव्य का व्यावहारिक रूप भी आचार्यों को मान्य है। अतः व्याडिदर्शन के अनुसार समस्त शब्द द्रव्य के अभिधायक हैं। इसी प्रकार आचार्य वाजप्यायन के "जातिशक्तिवाद" की समालोचना में भर्तृहरि ने प्रतिपादित किया है कि परमार्थतः जाति एक है, सत् है तथा महासत्तारूप यह जाति परब्रह्मस्वरूप है। इस नित्य जाति में भेद का आरोप किया जाता है, वस्तुतः वह एक ही है। गोत्वादि जातियाँ महासत्ता से भिन्न नहीं है, तद्रूप ही हैं उसी महासत्ता में डित्थादि शब्द वाचकत्वेन व्यवस्थित हैं।[६] समस्त प्रातिपदिक तथा धातुएँ इसी महासत्ता का अभिधान करते हैं। यह महासत्ता नित्य तथा महास्वरूपा है। "त्व" "तल्" आदि

---

३. पतंजलि, महाभाष्य पस्पशा० पृ० ३७, निर्णय सागर प्रेस बम्बई, १६५१।

४ वाक्यपदीय, द्रव्यसमुद्देश पृ० ४१,

५. महाभाष्य पस्पशा०, पृ० ४३.

६. वाक्यपदीयम् जातिसमुद्देश पृ० ४१,

प्रत्यय इसी का अभिधान करते हैं ।[७] इस प्रकार इन आचार्यों की दृष्टि केन्द्राभिमुखी थी, विवेच्य सबका एक ही परमतत्त्व है, केवल दृष्टि का भेद है ।

महर्षि पतंजलि परमतत्त्व शब्दब्रह्म की गम्भीर व्याख्या कर यह प्रतिपादित करते हैं कि वह परमतत्त्व सर्वत्र व्याप्त है जो कुछ दिखायी पड़ रहा है वह सब उसी के कारण है ।

चत्वारि शृङ्गा त्रयो' अस्य पादा
द्वे शीर्षे सप्त हस्ता'सो अस्य ।
त्रिधा बद्धो वृषभो रो'रवीति
महो देवो मर्त्याँ आ विवेश ।। ऋ० ४।५८।३

**ऋग्वेद** के इस मन्त्र की व्याख्या दार्शनिक आचार्यों ने अपने अपने दर्शन एवं शाखाओं के आधार पर प्रस्तुत की है। **निरुक्तकार** यास्क ने मन्त्र में आये हुए "महादेव" को यज्ञ-पुरुष कहकर उसकी वैदिक व्याख्या प्रस्तुत की है।[८] वैयाकरण आचार्य इसी मन्त्र की शाब्दिक व्याख्या कर अपने सिद्धान्त को दृढ़ता प्रदान करते हैं। व्याख्येय सबका वही एक परम तत्त्व है। महर्षि पतंजलि इस मन्त्र की व्याख्या में मानते हैं कि उस महान् देव शब्दब्रह्म के नाम, आख्यात, उपसर्ग, निपात रूप चार सींगें हैं, भूत, भविष्यत्, वर्तमान काल रूप तीन पैर हैं, दो शिर हैं, अर्थ शब्दब्रह्म के नित्य तथा अनित्य दो स्वरूप हैं, प्रथमा, द्वितीया आदि सात विभक्तियाँ सात हाथ हैं । वह शब्दब्रह्म हृदय, कण्ठ तथा सिर तीन स्थानों से बँधा हुआ है। अर्थतत्त्व का वर्षण करने के कारण इसे वृषभ कहा जाता है। इससे ही ध्वनि की सत्ता है, यह महादेव शब्दतत्त्व ही है तथा सभी मनुष्यों में समाविष्ट है।[९] भर्तृहरि ने भी इस महादेव की शब्दरूपता का स्पष्ट प्रतिपादन किया है। इनकी मान्यता है कि प्रयोक्ता के शरीर में अन्तः अवस्थित आत्मस्थानीय शब्दतत्त्व को कामों की वृष्टि करने के कारण परब्रह्म स्वरूप कहा गया है। मुमुक्षु लोग इस परब्रह्मरूप शब्दतत्त्व की इच्छा करते हैं, क्योंकि परब्रह्म से तादात्म्य स्थापित होना ही परम पुरुषार्थ है ।

---

७. वही, पृष्ठ ४१ ।

८. यास्क, निरुक्त पृ० ८७३-७४, क्षेमराज श्रीकृष्णदास, बम्बई ।

९. महाभाष्य पस्पशा० पृ० २४

पतंजलि द्वारा की गयी शब्दब्रह्म की व्याख्या अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इस व्याख्या में इन्होंने शब्द के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसके नित्य तथा अनित्य दोनों रूपों की कल्पना की है। महर्षि पतंजलि के अभिप्राय को वाक्यपदीय की स्वोपज्ञवृत्ति में इस प्रकार स्पष्ट किया गया है—शब्दतत्त्व के दो रूप हैं–नित्य तथा अनित्य। स्थान, कारण आदि के द्वारा अविवृत्त नित्य है तथा स्थान कारण आदि के द्वारा विवृत्त शब्द अनित्य है। अनित्य शब्द वैखरीरूप है, व्यावहारिक है, इससे सम्पूर्ण लोकव्यवहार प्रवृत्त होता है। यह परावाणीरूप पुरुष के प्रतिबिम्ब अर्थात् सादृश्य को गृहीत करता है तथा समस्त व्यवहार का निमित्त कारण है। नित्य शब्द तो समस्त साध्यसाधनव्यवहार तथा पदपदार्थ भेदव्यवहार का उपादान कारण है। यह क्रमरहित, सभी प्राणियों के अन्तःकरण में आत्मरूप से सन्निविष्ट विकृतियों का प्रभवस्थान, कर्मजन्य पुण्यपापरूपी वासनाओं का आश्रय तथा सुख-दुःख का अधिष्ठान है। यद्यपि यह सर्वेश्वर होने के कारण अबाधित शक्ति वाला है तथापि घटादिनिरुद्ध प्रदीपप्रकाश की तरह भोग के लिए शरीर धारण कर सुख-दुःख आदि का अनुभव करता है। यह समस्त विकारों की उपादान रूप प्रकृति है। जिस प्रकार स्वप्नावस्था में समस्त भावों का विलय तथा जाग्रदवस्था में उदय हो जाता है उसी प्रकार प्रलय में उसी परावाग्रूप पुरुष में सभी भावों का विलय हो जाता है तथा सृष्टि के आदि में उसी से समस्त भावों का जन्म होता है; अतः यह शब्दतत्त्व सर्वप्रबोध रूप से तथा गो गवय आदि सर्वप्रभेद रूप से स्वप्नप्रबोधानुकारी है। सृष्टि के आदि में इसी शब्दतत्त्व से जगत् की प्रवृत्ति होती है तथा प्रलय में इसी में जगत् की निवृत्ति होती है, अतः प्रवृत्ति एवं निवृत्ति से यह मेघ के समान प्रसवशक्तियुक्त एवं दावाग्नि के समान उच्छेदशक्तियुक्त है। इस प्रकार यह महान् शब्द-वृषभ सर्वेश्वर तथा सर्वशक्ति-सम्पन्न है। वाक्तत्त्व के ज्ञान से युक्त वैयाकरण अहङ्काराश्रित सम्पूर्ण संशयरूप तथा वासनारूप ग्रन्थियों को तोड़कर, भेद का नितान्त परित्याग कर इस शब्दब्रह्म में संसृष्ट हो जाता है अर्थात् ब्रह्म का साक्षात्कार करता है।[१०]

भर्तृहरि समस्त अर्थतत्त्व को शब्दतत्त्व का विवर्त मानते हैं। सम्पूर्ण विकारों की प्रलयावस्था में वर्ण, मात्रा, पद आदि आनुपूर्वीरहित अतएव संवर्तरूप तथा पदार्थों में परस्पर भेदावधारण न होने से अव्याकृत शब्दाख्य ब्रह्म से जगदादि सभी विकार उद्भूत होते हैं।[११] इसी मान्यता को स्पष्ट करते हुए स्वोपज्ञवृत्ति में हरिवृषभ ने—

---

१०. वाक्यपदीयम्, स्वोपज्ञवृत्ति १।१३०,

११. वही, १।१

"ब्रह्मेदं शब्दनिर्माणं शब्दशक्तिनिबन्धनम् ।
विवृत्तं शब्दमात्राभ्यस्तास्वेव प्रविलीयते ।।"[१२]

किसी अभियुक्त की इस युक्ति को उद्धृत किया है । इसका अभिप्राय यह है कि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड शब्दतत्त्व का ही परिणाम है, शब्दतत्त्व ही शब्द-शक्ति के रूप में सृष्टि को निबद्ध तथा सम्बद्ध किए हुए है। यह जगत् शब्दतत्त्व के तत्तदर्थानुकूल शक्ति से परिच्छिन्न अंशों से विवर्तरूप में उत्पन्न हुआ है तथा प्रलयावस्था में यह जगत् अपने उपादान कारण रूप शब्दमात्राओं में लीन हो जाता है । इसी अभिप्राय के प्रतिपादक एक दूसरे निम्नलिखित वचन को भी प्रमाण के रूप में स्वोपज्ञवृत्ति में उद्धृत किया गया है—"नित्याश्चानित्याश्च मात्रायोनयः, यासु रूपि चारूपि च सूक्ष्मं च स्थूलं चेदं भुवनं विषक्तम् ।"[१३] इसका अर्थ है–नित्य और अनित्य समस्त अर्थतत्त्व शब्द की मात्राओं अर्थात् सूक्ष्मशक्तियों से उत्पन्न हुआ है । इसमें पृथ्वी जलतेजरूप साकार, वाय्वाकाशरूप निराकार तथा सूक्ष्म-स्थूल-समस्त विश्व अभिन्न रूप से सम्बद्ध है ।

भर्तृहरि शब्द की सर्वशक्तिमत्ता को स्वीकार करते हुए मानते हैं कि शब्दों में संसार को एक सूत्र में बांधने की शक्ति विद्यमान है सभी वस्तुओं का ज्ञापन होने से शब्दतत्त्व नेत्रस्वरूप है, बुद्धि का विषय होता हुआ शब्द ही वाच्यवाचक रूप से भिन्न प्रतीन होता है ।[१४] इन्होंने समस्त लोक व्यवहार को शब्द के ही आधीन माना है ।[१५] संसार में ऐसा कोई ज्ञान नहीं है जो शब्दानुगम के विना भी सम्भव हो । सम्पूर्ण ज्ञान शब्द से नित्य संसृष्ट रूप में प्रतीत होता है ।[१६] भर्तृहरि ने यह भी माना है कि शब्दतत्त्व से ही सम्पूर्ण आन्वीक्षकी त्रयी, वार्ता आदि विद्याएँ, सभी शिल्पशास्त्र तथा गीत, वाद्य, नृत्य आदि सभी कलाएँ सम्बद्ध हैं । ज्ञान की वाग्रूपता के कारण ही शब्दशक्ति द्वारा अभिव्यक्त समस्त वस्तुओं का विवेचन और विभाजन किया जाता है ।[१७]

---

१२. वही, पृ० १०
१३. वही, पृ० २६
१४. वाक्यपदीयम् १।११८
१५. वही, १।१२०
१६. वही, १।१२३
१७. वही, १।१२५

वैयाकरणों की ही तरह साहित्यशास्त्रियों ने भी शब्दतत्त्व के इस पारमार्थिक स्वरूप की व्याख्या प्रस्तुत की है। नाट्यतत्त्व के मर्मज्ञ आचार्य भरत शब्दतत्त्व के इस स्वरूप से पूर्णतः परिचित थे। उनकी धारणा है कि वाणी ही सबका कारण है, वाणी से परे कुछ भी नहीं है। वाचिक अभिनय की व्याख्या में **नाट्यशास्त्र** में आचार्य भरत अपने मन्तव्य को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं—यहाँ विद्यमान सभी शास्त्र वाणी से ओत प्रोत हैं, वाङ्मय हैं तथा वाणी पर ही आश्रित हैं। इसलिए वाणी से परे कुछ भी नहीं है, वाक्तत्त्व ही सबका कारण है।[१८] आचार्य भरत का शब्द की व्यापकता का प्रतिपादक यह विचार वैयाकरणों की शब्दविषयक व्याख्या से पूर्णतः सङ्गत है। अभिनवगुप्त ने **नाट्यशास्त्र** के इस अंश के अभिप्राय को अभिव्यक्त करते हुए प्रतिपादित किया है कि भरत की मान्यता का आधार "वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे" यह श्रुति है। इसका अर्थ है—वाक्तत्त्व से ही सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति हुई है तथा भर्तृहरि आदि वैयाकरण आचार्यों ने प्रमाणोपन्यासपुरस्सर जगत् के शब्दविवर्तादिरूपत्व का जो व्याख्यान किया है उसका यहाँ भी अनुसरण कर लेना चाहिए।[१९]

भर्तृहरि से प्राचीन वैयाकरण आचार्यों ने भी शब्दतत्त्व की व्यापकता, विश्वरूपता आदि का जो बहुशः विवेचन किया है वही विवेचन यद्यपि भर्तृहरि के लिये आधार तथा प्रमाण है किन्तु अधिकांश भर्तृहरि का ही साहित्यशास्त्रियों ने प्रमाण के रूप में तथा उद्धरणादि प्रस्तुत कर उल्लेख किया है। इसका कारण सम्भवतः भर्तृहरि का व्यवस्थित तथा स्पष्ट विवेचन है। भर्तृहरि के विचार से प्रभावित अभिनवगुप्त भरत द्वारा प्रतिपादित वाक्तत्त्व की व्यापकता को और अधिक स्पष्ट करते हुए लिखते हैं कि भगवती भारती चारों पुरुषार्थों में चतुर्थ मोक्षरूप पुरुषार्थ के लिए उपाय है। यह परमपुरुषार्थ मोक्षस्वरूप है तथा विश्व का कारण है, वाणी ही सम्पूर्ण तत्त्वों की अवभासिका तथा समस्त व्यवहार की निर्वाहिका है। अवभासना अर्थात् तत्त्वों का प्रत्यायन ही परमार्थतः निर्वाण है।[२०] अभिनवगुप्त के इस विवेचन में भर्तृहरि का स्पष्ट प्रभाव है। भर्तृहरि ने शब्दतत्त्व की विश्वकारणता, सर्वव्यवहार-निर्वाहिकता आदि का जो विस्तृत व्याख्यान किया है उसी को अभिनवगुप्त ने आधार बनाया।

---

१८. भरत नाट्यशास्त्र १४।३, गायकवाड ओरिएन्टल सीरीज, बड़ौदा, १९३४।

१९. नाट्यशास्त्र, अभिनवभारती, १४।३ ,, ,,

२०. वही, १४।३ ,, ,, ,,


भर्तृहरि शब्दतत्त्व को प्रकाशों का भी प्रकाशक मानते हैं तथा प्रतिपादित करते हैं कि यदि ज्ञान में नित्यसन्निहित शब्दशक्ति न रहे तो किसी भी वस्तु का बोध सम्भव नहीं है, उस अवस्था में ज्ञान की स्थिति चैतन्यरहित आत्मा या निस्तेज अग्नि के समान होगी।[२१] शब्द की प्रकाशस्वरूपता से सम्बद्ध भर्तृहरि के इन विचारों का स्पष्ट प्रभाव दण्डी पर परिलक्षित होता है। काव्यादर्श में शब्द से ही लोकव्यवहार की सिद्धि को प्रतिपादित करते हुए कहा गया है कि यदि शब्दस्वरूप ज्योति सारे संसार में प्रदीप्त न हो तो यह त्रिभुवन अन्धकारमय हो जाय, शब्द के प्रकाश से ही सम्पूर्ण लोक आलोकित होता है।[२२] भर्तृहरि के सदृश ही दण्डी भी समस्त लोकव्यवहार को शब्द के ही आधीन मानते हैं। शिष्टों द्वारा अनुशासित वाणी की सहायता से ही लोकव्यवहार प्रवृत्त होता है। इन्होंने साधु तथा असाधु समस्त शब्दों को वाचक माना है।[२३]



२१. वाक्यपदीयम् १।१२४.

२२. दण्डी, काव्यादर्श १।४ मेहरचद लक्ष्मण दास, दिल्ली १९७३

२३. वही, १।३



# प्रहसनकारः बोधायनः

डॉ० उमेशदत्त भट्टः

इलाहाबाद

Discusses the date, birth-place, identity and personality of Bodhayana, the writer of *Bhagavadajjukīyam*.

## १—बोधायनस्य कालनिर्णयः

**बाह्यसाक्ष्यम्—**

१ —भगवदज्जुकीयमित्यस्य प्रथमत उल्लेखः पल्लवनरेशस्य महेन्द्रविक्रमवर्मणः ममन्दूरशिलालेखे रिव्रष्टीयसप्तमशतकप्रारम्भे (६१०) संदृश्यते।

२—अस्य प्रहसनस्य[२] अप्रकाशितायां व्याख्यायां मद्रासनगरस्थितायां भरतवाक्यस्य[३] पद्यद्वयमधोऽङ्कितं समुल्लिखितमस्ति—

> शिवमस्तु सर्वजगतां परहितनिरता भवन्तु भूतगणाः।
> दोषाः प्रयान्तु नाशं सर्वत्र सुखी भवतु लोकः॥
> बोधायनकविरचितं बोधायतनं विमुक्तशास्त्राणाम्।
> प्रहसनरत्नं प्रत्नं भवतु मुदे भगवदज्जुकीयम् वः॥

---

१. एम. कृष्णमाचारियर-हिस्ट्री आफ क्लासिकल संस्कृत लिटरेचर १९३७ अनुच्छेद-५८९

२. भगवदज्जुकीयं प्रहसनम्-सम्पा०-पी० अनुजन अचन-१९२५-पृ० ५०-५१,

३. तथैव-पृ०-८७

अत्र दत्तावधानः धीधनः शिवमस्तु इति पद्यं नागानन्दनाटकस्य भरतवाक्यरूपेण प्रथमतः पश्यति ।[४]

३—नाटकलक्षणरत्नकोषे प्रहसनस्य स्वरूपनिर्णयावसरे सागरनन्दी (ख्रिष्टीय-एकादशशताब्दभवः) प्रहसनमिदं संकीर्णप्रहसनरूपमित्यकथयत्—

"तद्द्विविधं शुद्धं संकीर्णं च । आद्यं परिव्राट् तापसद्विजैरन्यैरपि हास्य-कुशलैरारब्धम् । संकीर्णं वेश्याविटनपुंसकादिभूषितं प्रथमं शशिविलासादि द्वितीयं भगवदज्जुकादि" ।[५]

४—सुकुमारकविः (ख्रिष्टीयद्वादशशताब्दभवः)[६] रघुवीरचरिते बोधायनस्य श्रेष्ठां सूक्तिं प्रशंसयति—

'यैर्बोधायनसूक्तिपुष्पकलिकाः कर्णावतंसीकृताः'[७]

५—प्रसङ्गेऽस्मिन् शिंगभूपालः (ख्रिष्टीयचतुर्दशशताब्दभवः) भगवदज्जुकीयम् प्रहसनमधिकृत्य एवमुल्लिखति—[८]

"शुद्धं कीर्णं वैकृतं च तच्च प्रहसनं त्रिधा ॥
शुद्धं श्रोत्रियशोभादेर्वेषभाषादिसंयुतम् ।
चेटचेटीजनव्याप्तं तस्य लक्ष्यं निरूप्यताम् ॥
आनन्दकोशप्रमुखं तथा भगवदज्जुकम् ।

**अन्तः साक्ष्यम्—**

अत्र न तादृशमन्तःसाक्ष्यमुपलभ्यते यदाधारतया परिगृह्य अस्य प्रहसनस्य निर्मातुः बोधायनस्य कालनिर्णयः शक्यक्रियः स्यात् । डा० एम० विंटरनिट्जमहोदयः 'नाटकप्रकरणोद्भवासु'[९] वारेहामृगडिमसमवकारव्यायोगभाणसंलापकवीथ्युत्सृष्टिकाङ्केषु

---

४. श्रीहर्षप्रणीतं नागानन्दम्-सं० हरिवंश लाल लूथड़ा-१६५८ ई०, अंक-५ श्लोक-४१,

५ नाटकलक्षणरत्नकोष-सागरनन्दी

६. हिस्ट्री आफ क्लासिकल संस्कृत लिटरेचर, ५८६

७. "भगवदज्जुकम्-१६७६ ई० पृ०-५

८. नाटकपरिभाषा-शिंगभूपाल-पृ० २३-२४, सं० कलि कुमार दत्ता-१६६७ ई०

६. भगवदज्जुकीयम्-पृ०-४-५

दशजातिषु' प्रयुक्ते वारसंलापकपदे वीक्ष्य बोधायनं प्राचीनतमकाले प्रतिष्ठापयति। अयं हि ब्रह्मसूत्रकृतः प्रहसनकृतश्च बोधायनयोरैक्यं प्रतिपादयति[10]। परमत्र युक्तिर्नैव दृश्यते। कृतिं वीक्ष्यैतद्वक्तुं शक्यते यदस्य प्रहसनस्य तदानीं निर्माणमभूत् यदा बौद्धधर्मस्य पराभवः भारते प्रारभत। समाजे तन्त्रमन्त्रयोः प्रभावः शैवधर्मस्य प्रचारः क्रमशः प्रवर्द्धमान आसीत्।

## पूर्वापरनिर्धारणम्—

अस्य प्रहसनस्य रचयितुः पूर्वापरसमयनिर्धारणावसरे बाह्यसाक्ष्यं यथा पर्याप्त-मुपकरोति तथैव अन्तःसाक्ष्यं मूकतां भजते। प्रागेवाभिहितं महेन्द्रविक्रमवर्मणः पल्लवनरेशस्य ममन्दूरशिलालेखेऽस्य प्राथम्येन समुल्लेख इति। अनन्तरं नागानन्द-नाटके भगवदज्जुकीयमिति प्रहसनस्य भरतवाक्यस्य समुद्धरणं स्फुटं तस्मात् बोधायनस्य प्राचीनतां व्यनवित।

डा० वीरबाला शर्मा प्रतिपादयति मत्तविलासतः भगवदज्जुकीयं[11] प्राचीनतर-मित्युभयत्र चित्रितया सामाजिकदशया कोऽपि परिज्ञातुं प्रभवति।

डॉ० रामजी उपाध्यायः महाकविशूद्रकविरचितस्य मृच्छकटिकप्रकरणस्य प्रभावमस्मिन् प्रहसने पञ्चधा निरूपयति[12] यत् खलु युक्तिपूर्णं प्रतिभाति।

बौद्धधर्मपराभवस्येतिहासः मन्त्रयानवज्रयानाभिधोपशाखयोः प्रादुर्भावेन सह प्रारभते। खिष्टीयपंचशतकात् दशमं शतकं यावत् बौद्धधर्मस्य कृते सनातनधर्मस्य च कृते उपयुक्तः कालः नासीत्। सहजयानशाखा बौद्धधर्मं गर्ते न्यक्षिपत्।

बौद्धदर्शनस्य योगाचारसंप्रदायः तत्त्वज्ञानापेक्षया धर्माचरणेऽधिकां रुचिमात्मीयां प्रादर्शयत्। अस्मिन् सम्प्रदाये तदानीं तन्त्रमन्त्रयोः धर्मकर्मणोः योगविज्ञानयोश्चाधिपत्य-मासीत्[13]। प्रकृतप्रहसने वैद्येन कृतस्य सर्पदंशे मन्त्रतन्त्रप्रयोगस्य[14] महत्त्वं स्पष्टी-भवति। तस्मात् तद्युगस्य प्रभावोऽस्यां कृतौ स्फुटं परिलक्ष्यत एव।

---

१०. तथैव, प्रीफेस

११. संस्कृत में एकांकी रूपक, डा० वीरबालाशर्मा १४४

१२. डा० रामजी उपाध्याय-मध्यकालीन संस्कृत नाटक, अ०-१२

१३. संस्कृत साहित्य का इतिहास-वाचस्पति गैरोला, पृ० ४०१-४०२

१४. भगवदज्जुकीयम्-पृ०-८३-८४

मृच्छकटिकमिति प्रकरणस्य रचयितुः महाकवेः शूद्रकस्य समयः खिष्टीय-पंचशतकः विदुषां स्वीकृतोऽस्ति ।[१५] तत् प्रकरणस्य पात्राणां कथानकानाञ्च प्रभावोऽत्र[१६] प्रहसने संदृश्यते । तस्मात् तत्परवर्तिना प्रहसनकृता बोधायनेन भवितव्यम् । अथ चोक्तशिलालेखे प्रहसनस्यास्य समुल्लेखः मत्तविलासप्रहसनतः पूर्ववर्तित्वमस्य स्पष्टयति । तस्मात् खिष्टीयषष्ठशतकस्योत्तरार्द्धः प्रहसनकृत बोधायनस्य कालः निर्णेतुं शक्यः । यतो हि पल्लवनरेशः खिष्टीयसप्तमशतकस्य प्रथमचरणस्थितः आसीत्[१७] ।

डा० डे महाशयस्यानुमतं[१८] किञ्चिद्भिन्नमेव वर्तते । यतो हि अयं लटकमेलक प्रहसनात् खिष्टीयद्वादशशताब्दतोऽस्य भगवदज्जुकीयस्य प्रहसनस्य रचनां स्वीकरोति ।

डा० वाचस्पतिगैरोला भगवदज्जुकीयमिति प्रहसनस्य रचनां खिष्टीयप्रथम-द्वितीयशताब्द्योर्मध्ये सञ्जातेति कथयति ।[१९]

डा० कृष्णमाचारी[२०] खिष्टीयप्रथमशताब्दे तस्मादपि प्रागस्य रचना सञ्जातेति सम्भावयति ।

## २—बोधायनस्य स्थाननिर्णयः

भगवदज्जुकीयमिति प्रहसनस्य रचयिता बोधायनः जन्मना कं देशं व्यभूषयदिति स्पष्टं न परिज्ञायते । अन्तःसाक्ष्यमस्य दक्षिणदेशीयत्वं समर्थयति यतो हि अत्र पात्रं दक्षिणदेशीयभोजने[२१] स्वकीयां रुचिं प्रदर्शयति । अत्र च यमपुर्याः मार्गनिर्देशनावसरे कविः दक्षिणभारतीया नदीः कृष्णा-कावेरी गोदावरी-ताम्रपर्णी-प्रभृतीः मलयगिरिं मोक्ष-दायिकां काञ्चीं नगरीं च साधु वर्णयति । ततोऽपि दूरं दक्षिणोदधिमुल्लंघ्य लंकापारे धर्मदेशः यमपुरी वेति प्रदर्शितमत्र[२२] । तस्माद् दक्षिणभारतेन सह कविः नितरां परिचितो विद्यते योह्यस्य तत्रोद्भवं समर्थयति । वैदेशिकस्य तथा देशपरिचयः नैव

---

१५. संस्कृत साहित्य का इतिहास-डा० बलदेव उपाध्याय, पृ०-५१५
१६. मध्यकालीन संस्कृत नाटक-डा० रामजी उपाध्याय, अ०-१२
१७. प्राचीन भारत का इतिहास, डा० विमलचन्द पाण्डेय पृ० २८३
१८. हिस्ट्री आफ संस्कृत लिटरेचर- डे एण्ड दास गुप्ता ।
१९. संस्कृत साहित्य का इतिहास- वाचस्पति गैरोला, पृ० ८२२
२०. हिस्ट्री आफ क्लासिकल संस्कृत लिटरेचर-५८९,
२१. भगवदज्जुकीयम् पृ०-५१, ५४
२२. भगवदज्जुकीयम्-श्लोक-२५

सम्भवति यथात्र वर्णितं कविना । परं बोधायन इति नाम दक्षिणे नैव प्रसिद्धम् । उत्तर-भारते तु वादरायणचारायणादि[२३] नामसाम्येन अस्योत्तरभारतीयत्वं प्रसाधयति । सम्भावयामि यदयं कविः उत्तरभारते जन्मासाद्य दक्षिणभारतस्य पल्लवनरेशस्य विष्णुवर्मणः राज्याश्रयं लब्ध्वा जीवनं तत्रैवायापयत् किन्तु बिना प्रमाणेन किमपीद-मित्थंतया वक्तुं न शक्यम् ।

## ३—बोधायनस्य वैयक्तिकपरिचयः

अस्य प्रहसनस्य रचयिता दार्शनिको विप्रः इत्यत्रान्तः साक्ष्यं वयं विलोकयामः । उपासनापद्धतौ योगमार्गस्य महत्त्वं प्रशस्तिश्चानेन निरूपितेति दृश्यते—

अवार्यमक्षोभ्यमचिन्त्यमव्ययं
महन्मया योगफलं निषेव्यते ।।[२४]

कविः योगं रागद्वेषरहितं द्वन्द्वनाशकं ज्ञानमूलं तपसः सारं कथयतीत्यस्य पातञ्जलयोगं प्रति निष्ठाधिक्यस्य परिचायकम्—

ज्ञानमूलं तपस्सारं तत्त्वस्थं द्वन्द्वनाशनम् ।
मुक्तं द्वेषाच्च रागाच्च योग इत्यभिधीयते ।।[२५]

प्रमाणस्य महत्त्वं प्रतिपादयन्नयं कथयति —

प्रमाणं कुरु यल्लोके प्रमाणीक्रियते बुधैः ।
नाप्रमाणं प्रमाणस्थाः करिष्यन्तीति निश्चयः ।।[२६]

योगं प्रशंसता कविना अणिमाद्यष्टविधैश्वर्याणामथ च भूतभविष्यत्वर्तमान-कालिकानां ज्ञानजातानां साधनं योग इति प्रतिपादितमत्र । यथाक्रमं ज्ञानविज्ञानसंयम-तपोभ्योऽयं योगः समुत्पद्यत इत्यपि साधु निरूपितम्—

ज्ञानाद्भवति विज्ञानं, विज्ञानात्संयमः संयमात्तपः तपसो योगप्रवृत्तिः योग-प्रवृत्तेरतीतानागतवर्तमानतत्त्वदर्शनं भवति[२७] एतेभ्योऽष्टगुणमैश्वर्यं लभते[२८] ।

---

२३. डा० कीलहार्न-इण्डियन एण्टीक्वेरी, जुलाई-१८७६
२४. भगवदज्जुकम्-देवभाषा प्रकाशनम्, प्रयागः पृ०-१६
२५. तथैव
२६. तथैव-पृ० १५
२७. तथैव पृ० १५
२८. अष्टौ गुणा पुरुषं दीपयन्ति
प्रज्ञा च कौल्यं च दमः श्रुतं च ।

एवमेव सांख्यदर्शनस्यापि पाण्डित्यमत्र कविना प्रदर्शितम्—

"अष्टौ प्रकृतयः षोडशविकाराः आत्मा पञ्च वायवः त्रैगुण्यं मनः संचरः प्रतिसंचरश्चेति"[२९] इति सांख्यसिद्धान्ता एव अत्र प्रतिपादिताः। अत्र सांख्यदर्शनरीत्या सम्पूर्णसृष्टिप्रक्रियाया. चित्रणं समाहितम्। अत्र समागते संचरप्रतिसंचरपदे पारिभाषिके[३०] तत्त्वसमासनाम्नि ग्रन्थे समुपलभ्येते। तत्त्वसमासस्तु सांख्यकारिकातोऽपि प्राक्तनी[३१] रचनेति ऐतिह्यविदां मतम्।

अस्य नाट्यशास्त्रीयपरिज्ञानेन विना प्रहसनस्य रचनमेव न सम्भवति। तथाप्ययं "नाटकप्रकरणोद्भवासु"[३२] इति पंक्तिसु स्वकीयं नाट्यशास्त्रपरिचयं प्रदर्शयत्येव।

शुभाशुभकर्मणः फलं प्राणिभिः भुज्यत एव इति भारतीयः संस्कारः कविनानेनापि समर्थितः—

स्वकर्म भोक्तुं जायन्ते प्रायेणैव हि जन्तवः।
क्षीणे कर्मणि चान्यत्र पुनर्गच्छन्ति देहिनः॥[३३]

सुखदुःखयोर्भयहर्षयोश्च ताटस्थ्येन[३४] भाव्यमित्यादर्शः भारतीयसंस्कारानुरूपः बोधायनेनापि समर्थित इत्यस्य दार्शनिकत्वं परिज्ञायते—

"सुखेषु दुःखेषु च नित्यतुल्यतां
भयेषु हर्षेषु च नातिरिक्तताम्।"[३५]

तस्मात् मन्ये बोधायनः दर्शनसाहित्यविद्ययोः अभिज्ञश्चरित्रसम्पन्नश्चासीदिति। अतएव स्वयमयं कथयति "कण्ठप्रसक्तयज्ञोपवीते ब्राह्मण्यमात्रपरितुष्टे कुले प्रसूतः[३६]" इति।

---

पराक्रमश्च बहुभाषितं च
दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च॥-महाभारतम्

२९. भगवदज्जुकम् पृ०-१७।
३०. भारतीय दर्शन का इतिहास-देवराज पृ० २५
३१. सिक्स सिस्टम आफ इंडियन फिलासफी, मैक्समूलर-पृ०-२६४
३२. भगवदज्जुकम् पृ०-७
३३. तथैव-पृ० २१
३४. श्रीमद्भगवद्गीता-२।३८, ५६
३५. भगवदज्जुकम्-पृ० १०
३६. तथैव-पृ० ८

## ४ भगवदज्जुकीयस्य कृतिकारः कः ?

यद्यपि अस्य प्रहसनस्य रचयिता बोधायनः इत्यस्माकं सुदृढं मतं तथापि अत्र विद्वद्भिः समुत्थापिता विवादाः प्रस्तूयन्ते यतः आलोचनेन मतस्य पुष्टिः दृढता प्रामाणिकता च समायान्ति । कस्यचन विदुषः मते अस्य निर्माणं नाट्याचार्येण भरतेन[३७] विहितम् । परमत्र तस्य विदुषः नाम नैव निर्दिष्टं वर्तते । मतमेतत् केवलं प्रतिपादितम् परवर्तिना सुधियालोचकेन । यदीयं कृतिः भरतमुनेः स्यात् तदावश्यं नाट्यशास्त्रे कस्मिंश्चित्प्रसङ्गे अस्याः नामोल्लेखोऽभविष्यत् । यदि च तत्समये लब्धप्रसिद्धापीयं स्यात् तदाप्यस्यास्तत्र समुद्रमन्थनत्रिपुरदाहाभ्यां[३८] सहोल्लेखोऽभविष्यत् । यतः नैवं दृश्यते अतः नेयं कृति. भरतप्रणीतेति वक्तुं शक्यते ।

कस्यचन मते अज्ञातनाम्नः[३९] लेखकस्य रचनेयम् । यतोऽस्याः अप्रकाशितायां[४०] टीकायां बोधायनस्य कृतिकर्तुः स्पष्टमुल्लेखोऽत एतदपि न सम्भवति । यद्यपि प्रहसने अस्य नाम्नः चर्चा नास्ति तथापि व्याख्याकृता यदि नाम दीयते तर्हि तस्य अप्रामाण्ये प्रमाणं न पश्यामः अन्यथा भासनाटकचक्रस्यापि निर्मातृत्वं महाकवेर्भासस्यासिद्धं स्यात्, तत्रापि प्रणेतुः नाम निर्देशाभावात । पिशरोती महाशयः प्रहसनमेतत् संकलनात्मकम-ज्ञातनाम्ना लेखकस्य रचनेति अकथयत् । अत्र जिज्ञासा कस्तावत् संकलयिता कुतः संकलनम् । यतः संकलनं तत्र इयानंशः उपलभ्यते न वा । अस्य समाधानेन विना कथ-मुक्तमहोदयस्य मतं ग्राह्यतां यातु ।

डा० राघवनमहोदयानुसारेण[४१] मत्तविलासप्रहसनस्य प्रणेतुः पल्लवनरेशस्य महेन्द्रविक्रमवर्मणः कृतिरेव भगवदज्जुकीयम् । यतो हि शिलालेखे मत्तविलासप्रहसनेन सह भगवदज्जुकीयम् इत्यस्य नाम्नः उल्लेखो दृश्यते । कश्चनांशोऽपि भगवदज्जुकीयस्य तत्र शिलालेखे अंकितोऽस्ति । अत्र विचार्यते एवं सति—

(क) उभयोः प्रहसनयोः शिल्पविधाने साम्यं स्यात् यतः एकस्या एव व्यक्तेः

---

३७. तथैव-पृ० ३

३८. नाट्यशास्त्र ४।१०

३९. पिशारोति, एल० सी० पी० ४० नोट्स भगवदज्जुकीयम्-प्रोफेस एम० विंटर-निट्ज सं० पी० अनुजन अचन

४०. भगवदज्जुकीयस्य अप्रकाशितटीका-पालियाम लाइब्रेरी जयन्तमङ्गलम् ।

४१. वाई महालिंगशास्त्रिणा विरचितं—शृङ्गारनारदीयं प्रहसनम्—प्रोफेसर—डा० वी० राघवन् ।

महेन्द्रविक्रमवर्मणः कृतिद्वयमिति। किन्तु न तथा दृश्यते। मत्तविलासस्य प्रस्तावनायां नटीसूत्रधारयोः वार्ता प्रस्तुत प्रहसने तु सूत्रधारविदूषकयोः। किञ्च।

(ख) भगवदज्जुकीये प्रहसने प्रस्तावनायां सूत्रधारः कथयति "अद्य सप्तमेऽहनि राजकुले तव प्रेक्षा भविष्यतीति"।[४२] किं यदि नृपः स्वयमस्य रचयिता तथा पराक्रमी महेन्द्रविक्रमवर्मा स्यात्, तदेतद् वाक्यं प्रस्तावनायां योजयितुं सोऽर्हति। अस्माकं तु धारणा यत् कस्याश्रितायाः व्यक्तेः रचनेयम्। अतस्तां प्रति प्रस्तावनावाक्यं युज्यत एव। किञ्च ममोक्तिपरिपोषाय वाक्यान्तरमपि तत्र विद्यते। "त्वत्प्रयोगपरितुष्टेन राज्ञा दत्तां महतीश्रियमवाप्स्यतीति"[४३], किञ्च मत्तविलासप्रहसने रचयितुः एतद-भिनयस्य च स्पष्टमुल्लेखः विद्यते। भगवदज्जुकीये तु न तथा।

(ग) यदि पल्लवनरेशस्य महेन्द्रविक्रमवर्मणः कृतिरियं स्यात् तर्हि निश्चित-रूपेणामुखे मत्तविलासप्रहसनस्येवास्य नाम्नः उपाधेश्च गुणभरशत्रुमल्लादेरुल्लेखः स्यात्। तस्माद् भगवदज्जुकीये नान्यस्य कस्यचिद् रचनेति अस्माकं धारणा।

शिल्पविधानदृष्ट्या यद्यपि महाकवेर्भासस्य साम्यमिह प्रहसनेऽवलोक्यते तथापि उभयत्र चर्चितयोः सामाजिकदशयोः पर्याप्तमन्तरं विलोक्य अस्य प्रणयितृत्वं भासस्य कथमपि न संगच्छते। महाकविर्भासः खलु विक्रमपूर्वस्य चतुर्थस्य पंचमस्य वा शताब्दस्य[४४] दक्षिणभारतीय इति विदुषां धारणा। तदानीं दक्षिणभारते बौद्ध-धर्मस्य पराभवः प्रारब्ध एव न हि। फाह्यान यात्री स्वकीययात्राविवरणे कथयति यत् ख्रिष्टीयपंचमशताब्दस्य प्रारम्भे उज्जैननगर्यां पाटलिपुत्रे तक्षशिलायां वैशाल्यां कान्यकुब्जप्रदेशे च बौद्धधर्मस्य स्थितिः सुदृढा आसीत्। परं दक्षिणभारते[४५] तस्य धर्मस्य पराभवः प्रारभमाण आसीत्। अस्मिन्नवसरे दक्षिणभारते पाशुपतधर्मस्य शैवदर्शनस्य वा विकासः क्रमशः विवर्धमान आसीत्। तस्मात् प्रहसनमिदं न भासकालिकी रचना न वा भासेन रचिता इति निश्चितम्।

मद्रासनगरस्य एकस्मिन् मातृकागारे अस्य प्रहसनस्य अद्य यावत् अप्रकाशितायां टीकायां पद्यमेकं दृश्यते येनास्य रचयितारमधिकृत्य किमपि विवृतम् विद्यते। तथा हि—

---

४२. भगवदज्जुकीयम् पृ० ४।

४३. तथैव।

४४. संस्कृत साहित्य का इतिहास—ब० उपाध्याय, पृ० ४६१।

४५. "Beginning of the Decline of Buddhism in India"—**Studies in the Buddhistic Culture of India**, लक्ष्मण जोशी मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी, १९८७

बोधायनकविरचितं बोधायतनं
विमुक्तशास्त्राणाम् ।
प्रहसनरत्नं प्रत्नं भवतु मुदे
भगवदज्जुकीयम् वः ॥[४६]

अस्यैव पुस्तकालयस्य अन्य यामप्रकाशितायां टीकायामन्यत् पद्यमुपलभ्यते --

बोधायनकविरचिते विख्याते भगवदज्जुकीभिहिते ।
अभिनेयेऽति गभीरे विशदानधुना करोमि ग्रन्थार्थान् ॥[४७]

एताभ्यां पद्याभ्यामस्य प्रहसनस्य निर्माता बोधायन एवेति निर्णीतं भवति । सुकुमारकविविरचिते रघुवीरचरिते पद्यमेकमपि अत्र मदुक्तिं परिपुष्णाति—

यैर्बोधायनसूक्तिपुष्पकलिकाः कर्णावतंसीकृता ।
येषां बिल्हणसूक्तिमौक्तिकसराः कण्ठानऽलंकुर्वते ॥[४८]

इदानीमन्या समस्या अत्र मुखं व्यादाय तिष्ठति । बोधायन इति नाम बहुत्र श्रूयते, तस्मात् कोऽयं बोधायनः इत्यस्य निश्चयार्थम् प्रमाणस्य आवश्यकता वर्तते । एकस्तावत् बोधायनः श्रौतसूत्रधर्मसूत्रयोः प्रणेता । अयं च ख्रिष्टाब्दात् पंचशतक-वर्षपूर्ववर्ती[४९] । अयं बौधायनः (बाधायनः) आपस्तंबश्च धर्मसूत्रकृत्दाक्षिणात्या[५०]विति प्रसिद्धिः । अनेन साकमस्य प्रहसनस्य रचयितु साम्यं न सम्भवति । कालस्यैवात्र बाधकत्वात् ।

अपरश्च बोधायनः ब्रह्मसूत्राणां वृत्तिकृत् श्रीभाष्ये भगवता रामानुजाचार्येण

---

४६. पालियम पुस्तकालय जयन्तमङ्गलम्—भगवदज्जुकीयम् सं० पी० अनुजन अचन, पृ० ६७।

४७. भगवदज्जुकं प्रहसनम्—पृ० ५.

४८. तथैव.

४९. हिस्ट्री आफ संस्कृत लिटरेचर—वी० वरदाचार्य अनुवादक डा० कपिलदेव द्विवेदी पृ० ४५, ७६ (१६५६).

५०. उपाध्याय-प्राचीन भारत का इतिहास—(संस्कृत साहित्य का इतिहास) वाचस्पति गैरोला.

समुल्लिखितः। अनेन दशोपनिषदां भगवद्गीतायाश्च[५१] व्याख्यानं कृतमिति श्रूयते। नास्य समयः निर्धारितः, तस्मादनेनापि प्रहसनकृतः साम्यं न सम्भवति। अमुमधिकृत्य गवेषकाणामभिमतं किंचिदीदृशम्—

ख्रिष्टाब्दस्य तृतीयचतुर्थशतकयोः मध्ये प्राकृतभाषायामुत्कीर्णितैः त्रिभिस्ताम्रपत्रैः परिज्ञायते यत् पल्लवराजवंशस्यादिपुरुषः बप्पदेवः दक्षिणभारते काञ्चीं धान्याटकञ्च[५२] नगर्यौ स्वकीयराजधानितया निर्मापितौ। पश्चात् बप्पदेवस्य पुत्रः शिवस्कन्दवर्मा अनन्तरं विष्णुगोपालवर्मा च पल्लवराज्यस्य उत्तरसाधकावभूताम्। अवरेणात्र समुद्रगुप्तस्य समक्षं कदाचिदात्मा समर्पितः। एषां राज्ञां समयः ख्रिष्टीयतृतीयशतकात् षष्ठशतकं यावदिति श्रूयते। अस्मिन् वंशे सिंहविष्णुवर्मा नामकः प्रतापशाली भूपालः नवीनया रीत्या पल्लवराज्यं प्रतिष्ठापितवान्। पश्चादस्य पुत्रः महेन्द्रविक्रमवर्मा ख्रिष्टीयसप्तमशताब्द्यां राज्यभारं[५३] गृहीतवान्। अस्य वंशस्य राज्यकाले धर्मस्य कलायाः साहित्यस्य च बहुतरोन्नतिः सञ्जाता। संस्कृतभाषायाः भारतीयविद्यायाश्च प्रचारार्थं तात्कालिकानां संस्कृतज्ञानां सत्कारार्थञ्च पल्लवराज्ञां प्रयासः इतिहासे नैव विस्मरणीयतां याति।

राजधानीतया काञ्च्याः सर्वतोमुखस्य विकासस्य कृते राज्ञां चेष्टा स्वाभाविकी आसीत्। तस्मादेव नगरीयं कवीनामप्याकर्षणकेन्द्रमभूत्। प्रस्तुतस्य प्रहसनस्य[५४] निर्मातारमपि बोधायनं नगरीयमाकृष्टवती। पल्लवनरेशः सिंहविष्णुवर्मा स्वकीये राज्यकाले माघाभिधं कविवरं सादरमामन्त्र्य[५५] सममानयत्। तस्मात् प्रतीयते यत् प्रस्तुतं प्रहसनमपि अस्मिन्नेवावसरेऽभिनीतमभवत्। कविश्च बोधायनोऽस्यैव पल्लवनरेशस्य सिंहविष्णुवर्मणः राज्याश्रित आसीदिति।

मन्ये आश्रयदातुरस्य नृपालस्य आदेशानुपालनविधावेव प्रहसनमिदं विद्वद्वर्येण

---

५१. कैटालॉगस कैटालागरम, थियोडोर ऑफरेख्ट, I १९६२, ३७७.

५२ हिस्ट्री आफ दि पल्लवाज आफ काञ्ची, गोपालन-पृ० ३२, (संस्कृत साहित्य का इतिहास-वाचस्पति गैरोला १९७५, पृ० ५९७)

५३. तत्रैव.

५४. भगवदज्जुकीयम्-श्लोक २५.

५५. वाचस्पति गैरोला, संस्कृत साहित्य का इतिहास, पृ० ५९८.

बोधायनेन लिखितम् न तु स्वातन्त्र्येण आत्मप्रशस्तये वा । यथा प्रहसनस्यामुखं स्पष्टयति —"अद्य सप्तमेऽहनि तव राजकुले प्रेक्षा भविष्यति ।"[५६]

पल्लवनरेशस्य सिंहविष्णुवर्मणः पुत्रः महेन्द्रविक्रमवर्मा विद्वद्वरेण्यस्य बोधायनस्य प्रतिभया प्रभावित आसीत् । तस्मादेव स्वकीये शिलालेखे भगवदज्जुकीयमिति प्रहसनमुत्कीर्णितमकरोत् । तस्मात् सिद्ध्यति प्रहसनमिदं रचयिता चास्य महेन्द्रविक्रमवर्मणः प्रिय आसीत् । अयं च नृपालः नितरां महत्वाकाक्षया युक्त आसीत् । अतएव स्वकीये मत्तविलासप्रहसने आत्मप्रशस्तौ गुणभरशत्रुमल्लादिपदानां प्रयोगमकरोत् । बोधायनस्तु दार्शनिकः । अथ च स्वात्मगुणतुष्टः तथा प्रयोगमात्मानमधिकृत्य नाकरोदिति स्वाभाविकमेव ।

अत्र प्रहसनस्य कथावस्तुनि परकायप्रवेशस्य निवेशनं कियदौचित्यमावहतीत्यपि विचारणीयम् ।

विन्ध्यस्योत्तरस्यां दिशि तीर्थराजस्य प्रयागस्य नेदीयसि प्रतिष्ठानपुरी नाम ग्रामटिका (आधुनिक झूंसी) विद्यते । अत्र नाथसम्प्रदायप्रवर्तकः मत्स्येन्द्रनाथः[५७] महाराजस्य त्रिविक्रमदेवस्य[५८] मृतशरीरे आत्मानं प्रवेश्य तदानीमद्भुतकर्मा संवृत्तः । अस्य मत्स्येन्द्रनाथस्य शिष्यपरम्परायां महादार्शनिकोऽभिनवगुप्तः द्वाविंशतितमः । अभिनवगुप्तस्य च समयः[५९] ख्रिष्टीयेकादशशताब्दस्य प्रारम्भः[६०] । एवं च मत्स्येन्द्रनाथस्य परकायप्रवेशात्मकं कर्म तात्कालिकराजानं पल्लवनरेशं सिंहविष्णुवर्माणं प्रबुद्धसमाजञ्च विशेषेण प्रभावितमकरोत् । अपरं च दक्षिणभारते पाशुपतदर्शनमपि विकाशशीलमासीत् । अतएव परकायप्रवेशः विशेषेण तदानीं चर्चितोऽभवत । बोधायनस्तु दार्शनिकः, अतएव अमुं विषयमुपादाय योगशक्तेः प्राबल्यं प्रथयितुं बौद्धविचाराणां हेयत्वं प्रदर्शयितुं च प्रायतत । चातुर्येण कविः प्रहसनानुरूपममुं विषयमकरोत् ।

महाकवेर्माघस्य सत्कारार्थमायोजिते महोत्सवे योगशक्तेः महत्वं प्रथयितुं परकायप्रवेशस्यात्राभिनये निवेशः कृत इति मन्ये । अथ चान्येषां दार्शनिकभावनामिह प्रहसने निवेशनं कवेर्बोधायनस्य सभाचातुर्यं बुद्धिवैलक्षण्यं च प्रसाधयति ।



---

५६ भगवदज्जुकीयम्-आमुख पृ० ४.

५७. अखण्ड ज्योति (पत्रिका) अखण्डज्योति संस्थान, मथुरा-१९८१, पृ० ३९.

५८ ज्योतिष मार्तण्ड (पत्रिका) जन० ८५, बापूनगर जयपुर, पृ० ८४.

५९. महाकाल संहिता-प्रखण्ड भूमिका, डा० किशोरनाथ झा, गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, प्रयाग ।

६०. काव्यप्रकाशः, भूमिका, सं० आचार्य विश्वेश्वरः पृ० ५१.

# अलंकारशास्त्रोद्भवप्रसंगे दिव्यसिद्धान्तनिरासः प्राचीनताप्रकाशश्च

डॉ० हरिनारायणदीक्षितः

**नैनीतालः**

**The technical and scientific study of 'Rhetorics' is found in Yaska's *Nirukta* and Paṇini's *Aṣṭādhyāyī*. There we first find different kinds of *upamā*, the basis of other *alaṃkāras*. The science of Grammar has much contributed to *alaṃkāra* śāstra. This proves it's antiquity but not necessarily it's divine origin.**

संस्कृतसाहित्याकाशे काव्यमीमांसाकारस्य श्रीमतो राजशेखरस्य नाम नक्षत्रमिव प्रकाशमानं राजतेतराम् । सर्वे एव साहित्यजुपस्तं जानन्ति । तेन अलंकारशास्त्रोद्-भवप्रसंगे स्वकृतकाव्यमीमांसायाः श्रीगणेशे एव एका कथा लिखितास्ति । तया एतस्य शास्त्रस्य प्राचीनता एवमलौकिकता स्फुटति । सा च कथेत्थमस्ति—

अथातः काव्यं मीमांसिष्यामहे, यथोपदिदेश श्रीकण्ठः परमेष्ठिवैकुण्ठादिभ्यश्चतुः-षष्टये शिष्येभ्यः । सोऽपि भगवान् स्वयंभूरिच्छाजन्मभ्यः स्वान्तेवासिभ्यः । तेषु सार-स्वतेयो वृन्दीयसामपि वन्द्यः काव्यपुरुष आसीत् । तं च सर्वसमयविदं दिव्येन चक्षुषा भविष्यदर्थदर्शिनं भूर्भुवः स्वस्त्रितयवर्तिनीषु प्रजासु हितकाम्यया प्रजापतिः काव्यविद्या-प्रवर्तनायै प्रायुङ्क्त । सोऽष्टादशाधिकरणीं दिव्येभ्यः काव्यविद्यास्नातकेभ्यः सप्रपञ्चं प्रोवाच । तत्र कविरहस्यं सहस्राक्षः समाम्नासीत्, औक्तिकमुक्तिगर्भः, रीतिनिर्णयं सुवर्णनाभः, आनुप्रासिकं प्रचेताः, यमकं यमः, चित्रं चित्रांगदः, शब्दश्लेषं शेषः, वास्तवं पुलस्त्यः, औपम्यमौपकायनः, अतिशयं पराशरः, अर्थश्लेषमुतथ्यः, उभयालंकारिकं कुबेरः, वैनोदिकं कामदेवः, रूपकनिरूपणीयं भरतः, रसाधिकारिकं नन्दिकेश्वरः, दोषाधिकरणं धिषणः, गुणौपादानिकं कुचमारः, इति । ततस्ते पृथक् पृथक् स्व-

क्रीडारम्भेषु सद्यश्चलकरचरणोऽयं ललाटूलबालः
सार्द्धं वक्त्रेण दृग्भ्यां हसति शकलयन् बालसूर्यस्य तेजः।

उभरे लिलार वाला शिशु कमल-पुष्प जैसे लुभावने मस्तक पर गीले भौंरो की तरह घुंघराले केश और मृणाल सरीखे अंगों में सेंवार की कोमलता रखता हुआ, खेल के प्रारंभ में तेजी से हाथ पैर चलाकर जब चितवन और होठों में मुस्कराता है तो मानों (क्षितिज पर उगे हुए) बालसूर्य की उजास के टुकड़े कर के रख देता है।

( १४ )

मायूरी चन्द्रिकेयं प्रथमशबलिता रङ्कुरेखा नु चान्द्री
साकूतं टङ्किता वा सकरुणजननी-नेत्रयोः काऽपि तारा,
दृक् सेयं किं तृतीया मदनमदहरा दृश्यमाना पुरस्ता-
दित्थं लोको ललाटे कलयति च शिशोः कज्जलावर्त्तलेखाम्।

यह पहले पहल चितकबरा होता हुआ मोरपंख है या चन्द्रमा में हिरन की उभरती तस्वीर है? जानबूझ कर टाँकी गई माँ की दुलार भरी आँख की पुतली है या वही तीसरा नेत्र दिखलाई पड़ रहा है, जिसने कामदेव का गर्व चूर किया था? बच्चे के ललाट पर लगी हुई काजल की बिंदी को देख कर लोग इस तरह के गुनतारे में डूब जाते हैं।

( १५ )

मात्रा वाङ्नेत्रमैत्री सहजपरिचितो मातृवात्सल्यगन्धः
संलापो मातृभाषा-प्रचलितवचनच्छायया कम्रकाकुः,
मात्रङ्के स्तन्यपानं कपिकुलकलया सर्पणं मातृभूमौ
विश्वं मातुः स्वरूपे भवति परिणतं गर्भरूपाय तस्मै ।

माँ से बतियाने और टुकुर टुकुर निहारने की लगन, अपने आप चीन्ही गई उसकी दुलार-सुगन्ध, बोलने में मातृभाषा के ही आरोह-अवरोह, माँ की गोद में दूध पीना और मातृभूमि पर बंदर की तरह सरकना ...नन्हें बालक के लिए सारा विश्व ही माँ के स्वरूप में सिमट आता है ।

( १६ )

हिन्दोला बर्हदोला क्वणित-परिसरा किङ्किणीमालिकाभिः
पित्रोरुत्सङ्गबन्धः सततमुखरितो रोमवीणानुबन्धः,
आस्तीर्णा क्षेत्रकोणे कवक-तृणमये वाऽस्तु कन्था विशीर्णा
बालस्याङ्गुष्ठपाने छुरितमधुरिमा लक्ष्यते निर्विशेषः ।

घुंघरुओं से मुखरित मोरपंख की तरह डोलता पालना हो, माँ और पिता की घनी पुलकभरी गोद हो, चाहे सूखे कुकुरमुत्तों वाले खेत के कोने में पड़ी तार-तार गुदड़ी हो—अंगूठा पोते शिशु की मीठी मुस्कान में कोई अन्तर नहीं पड़ता ।

( १७ )

मत्पार्श्वे खेलसर्पी प्रवलय ललितं प्रीतकण्ठं स्वजेथाः
पर्यङ्कस्थः प्रकामं स्वरय मृदुकलं शब्दयुग्मं कथञ्चित्,
स्वीकर्त्तुं क्षीरधारां विवृणु च वदनं भुङ्क्ष्व किञ्चित् त्वरायाः-
मित्थं बालो जगत्यामतिथिरिव नवः केन नाराध्यते प्राक् ।

मचलते हुए पास आओ, कितने अच्छे लगते हो....गले तो लगो, फिर पलँग पर लेटे हुए धीरे से अपनी बातें कहो । पहले दूध पीने को तनिक मुँह खोलो और जल्दी से कुछ खा भी लो .......यूँ नए मेहमान की तरह दुनिया में नन्हें शिशु की कौन आवभगत नहीं करता ।

( १८ )

रम्याकारः कणोऽसौ कलम-कणिशतो बीजवज्जायमानः
क्ष्मागोलं शून्यदोलं रचयति पृथुकः सौरभास्वादलोलम्,
तं वृद्धा लालयन्तां न च सदृशचरं सोऽनुरागं विधत्ते
श्वेतच्छत्रेषु तेषु प्रसृमरजडतापिण्डितेष्वोदनेषु ।

शिशु के रूप में...धान की बाली से चटखता हुआ सुन्दर सा बीज, बेसहारा घूमती हुई धरती को अपनी सुगन्ध से आकृष्ट कर लेता है । उसे बूढ़े कितना भी दुलराएं, उन्हें सफेदी (फफूंदी) से आवृत बासी भात समझता हुआ वह बराबर अनुराग नहीं दे पाता ।

( १९ )

बालः सोऽयं स्वतन्त्रो विलसति शबलं स्वीयवेषं दधानः
स्निग्धो माधुर्यशालो नव इव तनुमान् काव्यबन्धो विधातुः,
विद्यायै बालखिल्यो भवति किमविदा संघवेषे निबद्धः
कण्ठे दोलायमानं दधदिव लघुकं नीलगोमायुपुच्छम् ।

बच्चा एकदम स्वच्छन्द, रंगबिरंगे कपड़ों में ही अच्छा लगता हैं .. जैसे सलोना और मिठास भरा सृष्टिकर्ता का एक नवीन काव्यबन्ध मानवशरीर धारण कर सामने आ गया हो, फिर पढ़ाई के नाम पर उसे गणवेष में सीमित और गले में नीले शृगाल की सी पूँछ लटकाने को बाध्य (ब्रह्मा के रोम से उत्पन्न साठ हजार अँगूठे के आकार वाले) बालखिल्यों की श्रेणी में क्यों खड़ा कर दिया जाता है ?

( २० )

दृष्टिः संविद्धमात्रा स्वनयति न किमु स्नेहयात्राप्रसारं
विश्रब्धा मेघमाला विशदयति न किं भाविनीं शस्यलक्ष्मीम्,
सुस्निग्धः पल्लवाग्रः प्रथमविदलितो नाह किं वृक्षवृत्तिं
बालस्यारम्भिणी च प्रगतिकलरुचिः किन्न सर्वं व्यनक्ति ।

क्या चितवन मिलते ही स्नेहयात्रा का विस्तार नहीं कह देती, घहराती हुई बदलियाँ आगे की फसल का संकेत नहीं दे देतीं, पहली कोंपल से फूटा पत्ता पेड़ की प्रगति नहीं सूचित कर देता और बालक की प्रतिभा-सम्पन्न रुचि सारा भविष्य नहीं बतला देती ।

( २१ )

कं चित्रात्मप्रबन्धं न तरति तरसा छात्रमानी सतर्षं
काञ्च क्रीडां न काङ्क्षत्ययमनुभवितुं कौतुकाकृष्टचेताः,
किं किं नो कीर्ति-वित्तं तिरयति सहसा स्वीकृतस्वर्णमुद्रः
श्मश्रुच्छायाऽभिषेके स्मितमित-वयसि स्पृष्टकैशोरकेऽसौ ।

भिनते मसों की बौछार और मुस्कान से नहाई किशोरावस्था छू जाते ही विद्यार्थी बनने के स्वाभिमान से कितनी चित्रात्मक पुस्तकें यह एक बैठक में नहीं पढ़ डालता, नई उमंग लिए कितने खेल नहीं सीख लेता और किसी क्षेत्र में स्वर्णपदक पा गया तो इन कीर्ति-सम्पदाओं को भी ओछी नजर से देखने लगता है ।

( २२ )

नायं बालो युवा वा विलसति नितरां न क्षुपो नापि वृक्षः
प्रोन्मीलन्नीलशृङ्ग-क्षुभितनिटिलकः केवलं कृष्णसारः,
शाखास्वासज्य शीर्षं निभृतखुरलिकामञ्जसा शिक्षमाणः
कान्तारे कीचकेभ्यः सततविलुलितां सेवते रागमैत्रीम् ।

न यह शिशु रहा....न युवक, न झाड़ी...न वृक्ष ही । यह तो उभरती नीली सींगों से बौखलाए लिलार वाला चितकबरा हिरन है... जहाँ तहाँ डालियों में सिर फँसाकर अकेले ही जूझता, वनवीथियों के छिद्रयुक्त बाँसों से पझरते स्वरों के सरगम पर कान लगाए रहता है ।

( २३ )

अस्य स्वापो दुरापो भवति पृथगहो स्वप्नसम्मोहनीभिः
स्यूताभिः सङ्कटाभिः सुरधनुरुदयत्सप्तवर्णच्छटाभिः,
तेन स्वीकृत्य विश्वम्भर-भरविसरं सन्धिकालप्रवृत्तिः
शेते सम्पातभीत्या निशि निशि वियतः सोऽयमुत्तानपादः ।

इसे वह नींद कहाँ मिले, जिसमें घने उलझे सपनों का सतरंगी इन्द्रधनुष न निकला हो—तभी तो अपने ऊपर समूची सृष्टि का भार कल्पित करके वयःसन्धि का राही रातों में आकाश टूट पड़ने के डर से घुटने उठाए हुए शयन करता है ।

( २४ )

निध्यायत्येष दृश्यं सपदि चिरतरं धीरमार्जारवृत्ती
रक्तोऽप्यास्ते च तूष्णीं वक इव पयसि न्यस्तनेत्रः किशोरः,
यद् वै कश्छद्मभोजी भयमभिनयते प्रोञ्छ्य पुच्छेन वक्त्रं
केयं निर्धूय शल्कं प्रसरति शफरी पल्वलाम्भः प्रलुब्धा ।

लुब्ध मन से पानी में चुपचाप आँखें पिरोए हुए बगुले और ठिठके बिलाव की तरह यह प्रत्येक दृश्य को देर तक निरखता रहता है....कि धोखे से माल चख कर, पूँछ से मुँह पोंछकर कौन भय का अभिनय करता है और कौन सी मछली डैने झाड़कर मटमैले पानी की ओर सरकी जा रही है ।

( २५ )

मञ्चाद् वाचाटकानां विचलति चपलो निह्नुते गीतगोष्ठ्याः
साकूतं केकराक्षः पठनपरवशो नेक्षते नाट्यवीथीम्,
मुद्रा शाकुन्तलेयी छलयति नियतिं कीदृशी शुक्रतीर्थे
तन्नूनं दूरदर्शी सपदि विविदिषत्येकतानः किशोरः ।

चपल मन किशोर प्रवचन के मंचों से विचलित होता है, गीत-गोष्ठियों में जाने से कतराता है और अध्ययन की व्यस्ततावश नाटिकाएँ भी तिरछी आँखें मिचमिचा कर नहीं देखता—एकचित्त होकर दूरदर्शन का वह दृश्य ही समझना चाहता है, जब शकुन्तला की मुद्रा शुक्रतीर्थ पर समूची नियति से छल करने लगती है ।

( २६ )

आस्येनासौ नखास्यं शकलयति समं शान्तिभिर्देहलीना-
मुत्कीर्य क्षामकेशान् स्थिरयति नयनं सार्धमुत्कैर्गवाक्षैः,
गीतैरर्धप्रगीतैर्ज्वरयति निलयं प्रातिवेश्यैर्मनोभिः
कैशोरे कूर्चलेखां क्षुरति रतिवशात् साकमर्थेन पित्रोः ।

किशोर मुँह से कुतर डालता है, नाखूनों का सिरा और घर-दरवाजे की शान्ति । रूखे बाल बिखेर कर चपलताएँ करता है कि आँख और उत्कण्ठित खिड़कियों की टकटकी लगी रहे । आधे टेरे गए गीतों से अपना घर और पड़ोसियों के मन सुलगाए रहता है । शौकिया ही सही, दाढ़ी के साथ बड़ों की जेब भी साफ करना सीख जाता है ।

( २७ )

उत्पन्नः सद्मकोणे स्नुतकलशिकया लालितः कन्दलोऽयं
सञ्जातः क्षीरवाही तदिति परिगतं प्रीतचुम्बैः कुटुम्बैः,
सम्प्रत्यानीलशाखो नवपरुरुदयत्कुड्मलास्वादसान्द्रै-
रेष ग्रामस्य शान्तिं चुलुकयतितरां खेचरीणां विरावैः ।

घर के कोने में उपजा और झज्झर सुराहियों से दुलराया गया पौधा.... दूधदार हो गया...ऐसा प्यार से चूमने वाले परिवारजन जान गए थे, पर अव तो अँकुराई नई कोपलें चखने को आकुल चिरैयों की चहचहाहट से यही सुरमई डाल वाला....बस्ती का सुख-चैन चुल्लू में भर कर पिये जा रहा है ।

( २८ )

को नाम श्रान्तिलेशः किमिव च शयनं गाहते मोघतन्द्रा
के व्यायाम-प्रयोगा अशनविनियमा वेत्ति वेवेत्ति नायम्,
कूर्दन् क्रीडत्यजस्रं द्रुत इव विपिने तित्तिरिः क्ष्वेडशीलः
स्वैरं कीरप्रवृत्त्या फलमपि विरसं सर्वदा सास्वदीति ।

थकान की अनुभूति कैसी होती है, बिस्तर पर झपकियाँ कैसे ली जाती हैं, क्या होते हैं व्यायाम और भोजन के नियम....यह सब किशोर नहीं जानता । वह तो जंगल में चराए जा रहे तीतर की तरह चहकता उछल-कूद के खेल खेलता रहता है, जब जी चाहा कच्चे तथा सीठे फल भी तोते की तरह स्वाद से कुतर कुतर कर खा लेता है ।

( २९ )

स्वेदस्नातो विवर्णः क्षतरदवसनो व्यस्तपिण्डीरकेशः
कोऽयं गायत्यजस्रं स्वयमिव मुदिरो निर्जने बालभिल्लः,
घर्मस्पर्शानभिज्ञः श्वसितपुलकितो दंशितस्फूर्त्तशम्पः
स्वैरङ्गैर्मीनगर्भैः सपदि तरलयन् शस्यसम्पद्बलाकाः ।

पसीने में नहाया, बदरंग, फटे होंठ और मटमैले केशों वाला कौन भील बालक वीराने में अलाप छेड़ रहा है। यह धरती पर उतरा कोई बादल का टुकड़ा है ...धूप से बेखबर, अपनी ही उसांसों से रोमाञ्चित हो लेता है, दाँत भींचता है तो बिजली कौंध उठती है, अंगों में छिपाए है—मछलियों (उभरती मांसपेशियां) का बाँकापन और फसल रूपी बगुलियों को अकेले दम पर लहरा देता है।

( ३० )

अध्येया शिल्परीतिः सरणिरुत कलासाधकानां निषेव्या
भैषज्यं भावनीयं नियुतनिधिमयी यान्त्रिकी वाऽस्विरस्तु,
शास्तिर्लोकस्य सेवा लसतु फलवती वाऽपि वाणिज्यवृत्तिः
सौदर्येवं चतुष्के कलयति च धृतिं केवलोऽयं किशोरः ।

दस्तकारी सीखें अथवा कला में विशेषज्ञता प्राप्त करें, चिकित्साशास्त्र में प्रवेश लें या करोड़ों की तिजोरी यान्त्रिकी पढ़ें, प्रशासन सेवा से लाभ मिलेगा अथवा व्यापार से. ऐसे विकट चौराहे पर विसूरता हुआ किशोर ही धीरज रख पाता है।

( ३१ )

सोऽयं स्विद्यत्-कराग्रैरुपसरति रविः कम्प्रवानीरवाटीं
सद्यो वात्या वहन्ती स्थगनपरवशा जायते शस्यमूर्ध्नि,
कूटोत्पातः प्रपातो मसृणयति मुहुः सैकतोद्भिन्नतीर्थं
तन्मन्ये दुर्ललन्ती तरुणिमकलना स्पन्दते लोभनीया ।

काँपते वेंतों के झुरमुट पर पसीने से चुभचुभाई किरणों (हथेलियों) वाला सूरज उतरने लगा, फैलती आँधी अचानक फसल की नोक पर टिक गई और शिखर से फिसलता झरना बालुका तट के अन्तराल बुहारने लगा....लगता है सपनीला और नटखट यौवन कहीं निकट से ही दस्तक दे रहा है ।

( ३२ )

व्याली व्यालीढगात्री दशति शितरदा चेदिमं वेदिलग्ना
दुर्लक्षैः श्लेषचित्रैः परिचयपृथुला कृत्तविज्ञानमूर्तिः,
एतस्या दंशलेशं सकृदपि तरुणः प्राप्य विभ्रान्तचेताः
कश्चिद् वैद्यं विषाणां रहसि मृगयते व्यालिकां कोऽपि भूयः ।

अबूझी संश्लिष्ट पहचान से आज की जानकारियाँ तोड़ देने वाली, वेदी पर कुण्डली मारे बैठी कोई नागिन बदन चाटकर पैने दाँत चुभो देती है—तो एक दंश से उन्माद का अनुभव करता हुआ कोई तरुण एकान्त में ओझा तलाशने लगता है तो कोई फिर से उसी नागिन को ।

( ३३ )

कूजन्तं काननान्तं मदिरयतितरां मञ्जरी मञ्जुलाऽऽम्री
नैदाघी वातवृष्टी रसयति सुरभि स्तोकसञ्चारधीरा,
हैमन्ती तूलशय्या कलयति पुलकश्लोकनं रागपूर्वं
मध्यावस्था च सेयं प्रथमसमुदिता मोहनं वेवयीति ।

चहकते वन को प्रथम विकसित आम्रमंजरी उन्मत्त बना देती है, तपिश की फुहार थम कर वातावरण में सोंधापन भर देती है, हेमन्ती रुईदार सेज रोमाञ्चित मनावन करती है और नई युवावस्था (तन-मन में) वशीकरण का जाल सा बुन देती है ।

( ३४ )

नेत्रद्वन्द्वे कुरङ्गः शिरसि कलभको जल्पितेऽयं कलापी
पञ्चास्यः प्रोन्नतांसे स्फिचि वरजघने स्फायमानोऽथ खड्गी,
दोष्णोः किञ्च प्रपातप्रगुणितलहरी राजते निर्झरिण्या
यूनो गात्रच्छलेन प्रविशति नगरीं जङ्गमा जङ्गलश्रीः ।

यह दोनों आँखों से हिरन, सिर से हाथी का बच्चा, बोली से मोर, ऊँचे कन्धों से शेर और कूल्हे से गैंडा लगता है । इसकी बाहों से नदी के दो झरने बिछल रहे हैं—युवक के गठीले बदन का बहाना लिए मानों जङ्गल शहर में घुसा चला आ रहा है ।

फा० —३

( ३५ )

कह्लारद्वन्द्वलीला किसलययुगली सैयमेलालतायाः
कम्प्रा कुद्दालशाखा मदिररयभरा माधवी मारुतश्रीः,
अन्तर्वह्निः कुशोर्वी प्रथमजललवैः सौरभं स्त्यायमानं
संक्रान्ते फाल्गुनेऽमी स्वत इव मुखराः सायकाः षड् भवन्ति ।

दो सिहरते कमल, इलायची के जुड़वाँ पत्ते, कचनार की लचकीली डाली, माधवी लता से छनती उन्मन हवाएँ, भीतर से सुलगती कुसैली धरती और पहले पानी से फैलता भीनापन ...फागुन लगते ही ये छः प्रकृति रेखाएँ अपने आप तीर सी वेग-वाचाल हो जाती हैं ।

( ३६ )

पद्मप्रख्ये तदीये क्षणविनिमयतः सञ्चरन्मीनसख्ये
माद्यन्मातङ्गखर्वे वक-परिणिहिते गृध्रसंकाशगर्वे,
पर्यायात् खञ्जनाभे पृषतशिशुनिभे सैरिभाभे वृकाभे
किं नेत्रे नेन्द्रजालं सपदि कलयतः पक्ष्म-वेतालमित्रे ।

बरौनियों के बेताल से मिली भगत करके आँखें क्या-क्या इंद्रजाल नहीं करतीं ...कभी कमल बन जाती हैं, कभी बलखाती मछलियाँ, अगले क्षण मतवाले मातंग की आँखों जैसी चौंधी, बगुले की तरह एकाग्र और गीध सी गर्वीली दिखने लगती हैं, सीधे देखती हुई खंजन और पलट कर निहारती हुई चितकबरे हिरन, भैंसे और भेड़िए की भी प्रविधियाँ अपना लेती हैं ।

( ३७ )

उत्सङ्गे निष्कुटानां विपणिपरिसरे सैकते वा नदीनां
नित्यं यात्राविनोदी प्रकृतिमनुसरन् स्वैरमिन्दिन्दिराणाम्,
आकाङ्क्षत्येष पार्श्वे तरलपरिमलां वल्लरीं सज्ज्यमानां
कौसुम्भैः शङ्कुदम्भैरगरुमधुरकैः कोरकैरुन्मिषद्भिः ।

निकुञ्ज, नगरवीथी या नदीतट पर नित्य यात्रा-विनोदी भ्रमर तो चाहेगा ही कि एक सुरभित लता निकट लगी रहे और उस पर चटखते रहें तीखे अगरु से स्पृहणीय केसरिया मुकुल ।

( ३८ )

साक्षादग्रेऽवतीर्णो यदि नवयुवकं राजराजोऽनुयुङ्क्ते
किन्ते प्रेयो नितान्तं वद भयरहितो यौवनं वा धनं वा,
तत्तूर्णं सोऽभिदध्यात् प्रथमचयनिका रोचते देव मह्यं
यत्ते वस्तु द्वितीयं तदु निजवसतौ किन्नरेभ्यः प्रदेयाः ।

यदि कभी कुबेर सामने आकर नवयुवक से पूछें कि निर्भय होकर बताना—तुम्हें क्या अधिक प्रिय है, यौवन या धन ? तो वह शीघ्र ही कह देगा—देव मुझे पहले का चयन अच्छा लगता है, जो आपकी दूसरी वस्तु है--उसे अपनी बस्ती में किन्नरों को बाँट दीजिए ।

( ३९ )

पाठी पाठीनवृत्त्या परिवहसलिलेऽप्येष याति प्रतीपं
वाजीवाजीवहेतोः श्वसितपरिमितं धावति स्तब्धकर्णः,
भोगी भोगीव चारात् तरलयति फणां तुम्बिकागीतलुब्धः
स्वापी स्वापीतिशङ्कामजगरसदृशो नैव वित्ते वयस्थः ।

युवक अध्ययन करता है—पहुना मछली की तरह, कितना भी उफनता पानी हो—उल्टे ही चलता है । नौकरी के लिए साँस रहते, कान चौकन्ना किए घोड़े की तरह दौड़ता है, विलासिता की ओर उन्मुख हुआ तो साँप की तरह दूर से तुमड़ी के संगीत पर फन डुलाने लगता है और सोने लगा तो अजगर की तरह विनाश के खटके भी नहीं समझ पाता ।

( ४० )

प्रातः सायं दिवाऽयं जलधरमलिनादभ्रतः शुभ्रतो वा
लोलालोलं मृगापं मदिरनयनयोः सञ्चिनोतीह यावत्,
तारुण्यं तावदेव प्रतिपलविलसत्स्वप्नसंरम्भरम्यं
वर्णव्यत्यासतोषी किमपि न सरटो वेत्ति तेजोबिभीतः ।

प्रातः, संध्या या दिन में, निरभ्र आकाश या बदलियों में झलझलाती मृगमरीचिकाएँ मदिर नेत्रों में समाई रहती हैं—हर पल सपनों से सुहानी लगने वाली तरुणाई तभी तक होती है । प्रकाश से भयभीत, रंगबदल से संतुष्ट रहने वाला गिरगिट यह रहस्य नहीं समझ पाता ।

( ४१ )

एकाकिन्या भ्रुवाऽयं वरयति तरुणो भाविनीमङ्कलक्ष्मी-
मेकस्मात् कम्प्रशब्दाद् भवति च विजितो निष्प्रतीकार एव,
एकान्तस्वप्नशीलः　　प्रथमयुगलिका-कौतुकाकृष्टचेता
एकस्मिन् ग्राम्यगीते गतिमयचरणो जायतेऽसौ गृहस्थः ।

एकान्त-स्वप्नदर्शी तरुण एक भौंह के इशारे से भावी अंकलक्ष्मी का वरण करता है, एक लरजते शब्द से बेवस आत्म-समर्पण कर देता है और (आदि मानव के) युगलकौतूहल से आकर्षित एक देसी धुन पर पैर चलाता हुआ गृहस्थ बन जाता है ।

( ४२ )

गृह्णीते पीतपाणिं हरति नववधूं स्थण्डिलादात्मगेहं
वर्षातन्तुव्यवायैर्दिवमिव वरटां हर्षिकां राजहंसः,
सुप्तिप्रायं प्रभूतं गमयति समयं द्वेष्टि जाग्रद्गुरुभ्यः
प्राप्ते चोद्वेगलेशे परमुखमुखरो वक्ति सद्यः प्रवासम् ।

वेदी से वधू की पीली हथेली पकड़े —वर्षातन्तु के विच्छिन्न होते ही प्रमुदित हंसिनी को संग लिए आकाश में तिरते राजहंस की तरह वह घर पहुँचता है, पर नींद भरे समयचक्र में जागरणशील गुरुजनों से खीझकर कभी पराए मुँह कहला देता है—हमें प्रवास पर जाना है ।

( ४३ )

छायाव्याजेन रासो रहसि यदनिशं मन्दहासो वितेने
जङ्घे जानूभुजाली यदपि बहुतरं त्रोटिताः स्वीयभारैः,
अभ्यस्तैरङ्गहारैर्निशि परिववृधे निद्रयाऽह्नःप्रकाशे
तन्नूनं भाणशिक्षां नवलपरिणयोऽयं गृही जर्गृहीति ।

नित्य-प्रति परछाईं के बहाने (अंगों में) जो नृत्यमुद्रा की लोच आ रही है, अकेले में दबी हँसी फूटती है, अपने ही बोझ से जाँघें, घुटने और बाहें टूटी जा रही हैं, रातों को अंगहार और दिन की उजास में नींद के अभ्यास चल रहे हैं—तो नव-परिणीत निश्चय ही भाणनाट्य सीखने लगा है ।

( ४४ )

गात्रोष्मा स्निग्धगन्धो हरति धृतिचयं योषितोऽमुष्य कश्चित्
कम्रो झङ्कारराव: स्फुरित इव वने स्फीतकर्णस्य रङ्कोः,
तेनाकृष्टः स रागी विसृजति बहुशो लोचनद्वन्द्वमीलां
क्वाधीतिः क्वाप्तसेवा स्मरणमपि कुतो नित्यनैमित्तिकानाम् ।

जीवन-मित्र की स्नेह-सुरभित ऊष्मा इसे उसी तरह अधीर बनाती है जैसे जगल में अनुगुञ्जित एक मनहर झंकार कान खड़े किए हिरन को । उसकी ओर खिंचा हुआ रागी कई बार पलकें झपकाना भूल जाता है । अध्ययन, बड़ों की सेवा और नित्य-नैमित्तिक कार्य उसे कैसे याद रहेंगे ?

( ४५ )

ऋक्षो माक्षीककोशात् स्वदत इह न वै विप्रुषं स्यन्दमानां
जम्बूको वृक्कमांसं कवलविलुलितं नैकलः क्वापि भुङ्क्ते,
नैवेद्यं तौ नयेते सपदि निलयकं नर्मलक्ष्मीप्रसत्त्यै
स्तोकं निर्माल्यमेव स्मितपुटनिहितं साग्रहं प्राप्तुकामौ।

रीछ शहद के छत्ते से टपकती हुई एक बूंद रास्ते में नहीं चखता, सियार भी अपने मुख से खण्डित कलेजे की बोटियाँ अकेले नहीं खाता। वे इन्हें अपनी रति-लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिये नैवेद्य के रूप में घर ले जाते हैं. मन में केवल यह लालसा रहती है कि उसकी मुस्कान और मनुहार के दोने में रखा हुआ थोड़ा सा प्रसाद हमें मिल जाय।

( ४६ )

पर्वस्वेष प्रमत्तः समुदितसुहृदां नेत्रहालाविलासै-
र्विद्युद्दीपालिकायां ललति रुचिझरीजालिकायां निशासु,
द्यूतोल्लासं बतास्मै वितरति कमला सन्निकर्षे निषण्णा
हेरम्बो मञ्चवर्त्ती बधिरयति रसन् किञ्च दिक्चक्रवालम्?

त्यौहारों पर जुटे मित्रों की नेत्र-मदिरा से बेहाल, बिजली की झालरों से झिलमिलाती रातों में यह उत्सव मनाता है। इन मौकों पर, बगल में विराजमान लक्ष्मी ही क्या इसे द्यूत के लिए उल्लसित करती हैं और (ध्वनि-विस्तारकों से) क्या गणेश ही ऐसा चिग्घाड़ते हैं जिससे आस पास की दिशाएँ बहरी हो जायें?

( ४७ )

सोऽयं काङ्क्षत्यजस्रं लसतु परिमल-स्फारसौभाग्यधीरा
मल्ली फुल्लत्प्रवल्ली मदिरपरिणतिः केवलं मे निकुञ्जे,
नासौ शक्नोति रागी दरकिसलयितं लक्षितुं लोचनाभ्यां
पुण्यं गुण्यं परेषामजिरतरलितं बालदूर्वालवालम् ।

यह चाहता है कि पुष्पभार से लदी तेज़ सुगन्ध वाली नेंवारी (वेला) निरन्तर मेरे ही बगीचे में लहलहाए। रसिया को दूसरे के आँगन में लगी हुई पवित्र एवं गुणवती तथा हरे-भरे अंकुरों से युक्त, छोटी सी दूब की क्यारी भी नहीं सुहाती।

( ४८ )

पौषे जीवातुहेतोरहमहमिकया क्षेत्रशायी निशीथे
कुल्यापानीयपङ्कीभवति जडतनुः कोऽपि कौपीनवासाः,
आगत्यागत्य गेहं सुषिरपटवृतां खण्डितच्छद्मनिद्रां
वह्नीभूय स्वकान्तां कृषिरतयुवकस्तर्पयत्यर्पिताङ्गीम् ।

पूस की रातों में रोजी के लिए आपाधापी से लगभग लेट कर खेत की सिंचाई करता और ठिठुरता हुआ यह लंगोटधारी तरुण नहर के पानी का कीचड़ बन जाता है। बेचारा बार-बार घर पहुँचकर अपने को ही आग बनाता है और चिथड़ों में लिपटी, बनावटी नींद से उठ कर अंक में सिमट आयी अपनी जीवन-संगिनी को सान्त्वनाएँ देता रहता है।

( ४९ )

धीपाषाणो धनाढ्यः प्रणयतरलितो व्याघ्ररंहा विलासी
मिथ्यास्मेरः सदैव स्मरणविरहितो हैरिकः स्वत्रुटीनाम्,
नेत्राभ्यां रोरुदावानपि च लपनतो वीतलज्जं वनिष्णुः
कामिन्याः कश्चिदेव प्रभवति सुकृती यौवनाधीनगात्रः ।

कोई बुद्धि से पत्थर पूंजीपति, अनुराग में बाघ सा फुर्तीला, विलासी, झूठ में मुस्कराने वाला, अपनी त्रुटियाँ छुपाने में सधा हुआ चोर, आँखों से रुआँसा और वाणी से निर्लज्ज भिक्षुक भाग्यशाली युवक ही कामिनी को वशंवद रख सकता है ।

( ५० )

सङ्गीतं ताम्रमौलेः कपिशरुचिझरी सम्परीता प्रभाते
धीरस्पर्शः समीरः पुलकपरिचिता प्रीतसाहित्यगोष्ठी,
आम्लीका स्वादसृष्टिर्निभृतजललवैः सौरभं भूतधात्र्या
वात्सल्यं दन्तशल्यं त्रिदिवफलकृते मर्त्यलोके भवन्ति ।

धरती को मृत्युलोक भले कह लें, पर मुर्गे का संगीतमय स्वर, भोर में छिटकी केसरिया धूप, बदन गुदगुदाने वाली हवा, देर तक रोमाञ्चित साहित्यगोष्ठी, खट्टे स्वाद की छुअन, पहली फुहार का सोंधापन और दँतुलियाँ गड़ाता बचपन अनुभव करने को मिले, तो स्वर्ग की सुख-सम्पदा यहीं मिल जाती है ।

( ५१ )

नीडावासं विहङ्गो निजबिलमुरगः पल्वलं वा कुलीरः
किं कृत्वाऽयञ्च दीनो विरहयति युवा देहलीं जन्मभूमेः,
नूनं तत्रास्ति हेतुर्जठरकुहरके ध्मायमानो हुताशः
सौख्याभावेन किञ्च प्रतिहतपुलको मानिनी-बाहुपाशः ।

पक्षी अपना व्यवस्थित घोंसला, साँप सुरक्षित बिल, केकड़ा जाना पहचाना जलाशय और तरुण गृहस्थ जन्मभूमि की ड्योढ़ी क्यों छोड़ देते हैं ? निश्चय ही इनके सामने दो स्थितियाँ एक साथ आकर खड़ी होती हैं—उदरगर्त्त में धधक रही नई आग और सुविधाओं के अभाव में रोमांच रहित मानवती की बाहें ।

( ५२ )

निःशब्दं स्यन्दमाना रविरथसदृशी भासुरा लौहगन्त्री
शाश्वत् सञ्चार्यमाणा हरितरुचिमयैः खेचरैर्दीपवाहैः,
एनं लोष्टस्य हेतोरिह तरलयते वेल्लितुं प्रान्तभेदैः
कच्छान्तं पर्वतान्तं ज्वरित-तरुलतागह्वरं काननान्तम् ।

आकाशवर्ती हरे दीपक रूपी घोड़ों के सहारे निरन्तर निश्शब्द सरकती सूर्यरथ जैसी रेलगाड़ी चन्द सिक्कों के लिए इसे दूसरे प्रान्तों, समुद्रतटों, पर्वत-सीमाओं और सुलगते वृक्ष-लता-खन्दक वाले जंगली छोरों तक पहुँचने के लिए उतावला कर देती है ।

( ५३ )

मार्गार्द्धं यावदेष स्मरति गृहलतावेदिकां भुक्तमुक्तां
यानं दन्ध्वन्यतेऽस्मै मधुमयसमये मा गमो मा गमोऽस्मिन्,
अर्द्धादेवाध्वनस्तन्नदति च तरसा धिग्धिगेतं विमोहं
जिघ्रज्जिघ्रन्नुपेया नवलपरिमलप्रेङ्खितां पौरवीथीम् ।

यह आधी राह तक आँगन की मनभावन फुलवारी बिसूरता है—जिसे छोड़कर चला आया है । इसे रेलगाड़ी की समानान्तर ध्वनि कहती हुई लगती है—इन बासंती क्षणों में न जाओ । किन्तु आधे मार्ग से ही धड़कते यान के बदले सन्देश मिलते हैं—इस मोह को धिक्कार है । सुगन्ध के नए न्यौते देती निकुञ्जवीथियों तक पहचान की लकीर पकड़े पहुँच तो जाओ ।

( ५४ )

पत्राशा प्रातराशः परिचितसुहृदां सङ्गलाभश्च भोज्यं
स्नानं यानस्य धूली श्रमजलरचना रेखिता चन्दनश्रीः,
शय्या कुञ्जस्य शादो नयनपुटकयोर्व्याजमीलैव निद्रा
सञ्जाता विप्रवासे नियतिपरवशा भृत्यदैनन्दिनीयम् ।

प्रवासी भृत्य का भाग्यचक्र और दैनंदिनी क्या है ? नित्य प्रति चिट्ठी की उम्मीद नाश्ता बन जाती है, परिचित मित्रों से मुलाकात भोजन । सवारी गाड़ियों की धूल से स्नान होता है, पसीने की लकीरों से खिचती हैं चन्दन-रेखाएं । बिस्तर के नाम पर किसी निकुंज का घास भरा कोना और नींद के नाम पर आँखें झपकाने का नाटक हुआ करता है ।

( ५५ )

एकस्मिन् कक्षकोणे पचति रसवतीं स्नाति निद्राति भुङ्क्ते
शौचं कृत्वा च मित्रप्रचयपरिवृतः संविधत्ते समज्याम्,
उच्छिष्टं मार्ष्टि मन्दं नमति नियमतो देवतां भित्तिलोलां
गोपायन् गात्रवल्लीं हसति विलपति प्लुष्टधैर्यः प्रवासी ।

कमरे के एक कोने में रसोई बनाता है—स्नान, शयन और भोजन भी करता है । शौच संपन्न कर मित्रों के साथ गोष्ठी जमा लेता है । (वहीं) धीरे-धीरे बर्तन मलता, दीवाल में लटक रही देवी की नियमित पूजा कर लेता है । अधीर परदेशी अपनी अङ्गयष्टि छिपाए हँसता भी रहता है, रोता भी रहता है ।

( ५६ )

चक्षूरोचिष्करालो मृदुतरवचनैर्वावदूको विकालं
प्रज्ञाधीरः प्रमादादपठनरुचिमान् कोषवित्तो दरिद्रः,
पुष्टो देहेन किन्तु प्रतिपलमलसः संश्रयाणोऽन्यगेहं
प्रत्येयो नैव किञ्चिद् भवति तरुणिमन्येकलो यः प्रवासी ।

आँखों से क्रूर किन्तु यूँ ही रोचक बातें करने वाले, प्रतिभा होते हुए अध्ययन में रुचिहीन, खजाने में पैसा जमा करके दरिद्र बने हुए, शरीर से स्थूल पर आलस्यवश पराए घर में डेरा डाले, यौवन में अकेले दिन काटते परदेशी पर लोग भरोसा नहीं करते ।

( ५७ )

गोधा कण्ठप्रदेशं बिलमिव कलयेत् कन्धरां बाधमाना
बाहू नीरन्ध्रविद्धौ सपदि विदलतामङ्कुशैः पार्श्वभुग्नैः,
फुल्लं वक्षश्च पल्ली दशतु विषभरैः प्राणलीलापहन्त्री
किं वाऽमी चाटुचर्याः कमपि खलचरं कच्चरं श्लेषयेयुः ।

अच्छा होता कि गले में बिल बनाकर गोह कन्धों को खुरच डालती, काँटेदार अंकुशों से घनी गोदी गई भुजाएं टूट जातीं और फूली हुई छाती में मौत की दवाई भर देती- छिपकली । ये चाटु-परायण अंग किसी गन्दे और अधम व्यक्ति को गले तो न लगाते ।

( ५८ )

जिह्वाग्रं नागबाला दशतु जगदिरे येन वन्ध्यप्रणामा
नीचस्याग्रे विनम्रं ज्वलयतु निटिलं शाम्भवो नैटिलाग्निः,
पाणिञ्चैवापसव्यं मृदितखलपदं खण्डयेद् वज्रपाणिः
प्रायः सौशील्यवित्तः प्रणयविधुरितो ग्लायतीत्थं वराकः ।

जिस जीभ की नोक ने निष्फल प्रणाम किए, उसे काली नागिन डस लेती, नीच के समक्ष टेके गए मत्थे को कालरुद्र की ललाट-ज्वालाएं जला डालतीं और असज्जन के पैर छूती हथेली को कुचल देता इन्द्र का वज्र—कुछ याचना कर निराश हुआ सीधा-सादा परदेशी इसी तरह आत्मग्लानि करता है ।

( ५६ )

कूजत्कीराणि कूर्दच्चटुलकपिकुलानीव मित्राणि नित्यं
चेतः सन्तर्पयन्ते प्रजवभवसरित्तीर्थभूतानि नूनम्,
दूरीकुर्यात्ततो वै शुन इव पिशुनान् मक्षिकाः कच्छभिन्ना
लम्पाकान् क्षीबकाकान् विचरणकुसृतीन् भोगदर्पांश्च सर्पान् ।

संसार एक तेज धार वाली सरिता है, जिसके किनारे शुकों की आकर्षक बोली और बन्दरों की उछलकूद से लुभावने पवित्र तीर्थ जैसे अच्छे-अच्छे मित्र मिलते हैं। इनके परिवेश से श्वान जैसे पिशुनों, कछारी मक्षिकाओं सी कुलटा नारियों, काक सदृश मतवाले व्यक्तियों और सर्प जैसे यायावर विलासियों को दूर ही रखना चाहिए।

( ६० )

उद्यन्मैरेय-फेनव्यसन-सहकृता सेव्यते जीवनाशा
छद्मोपाधिव्यवस्था-मसृणितमनसा भज्यते भृत्यभावः,
औदासीन्यात् प्रभूणां व्रियत इषुमयी कापि विश्रान्ति-शय्या,
ज्येष्ठैः सम्बन्धनिष्ठैः परमभिलषितो भुज्यते विप्रवासः ।

अब तो उफनते हुए मीठे प्यालों के झाग से जीवन की बुदबुदाती आशा, नकली उपाधियों की जोड़तोड़ से मन को पिघलाकर जुटाई गई नौकरी, अधिकारियों की उदासीनता से कार्यहीनता की शरशय्या और सगे सम्बन्धियों के अन्तर्मन से देशनिकाला सामने है, तथा भुगता जा रहा है।

( ६१ )

जल्पाकान् सर्वकालं स्वजन-जनयितॄन् मन्यमानो भृतात्मा
नो भिक्षाकानिवारात् सुचिर-हितकरान् मङ्क्षु साक्षात्करोति,
शेते विश्रान्तगात्रो मुकुलितनयनः प्रेयसी-सन्निकर्षे
कामं साऽमुं विषाक्ता मधुमय-गुटिकाः प्राशयन्ती निहन्यात् ।

सेवक व्यक्ति प्रायः माता-पिता और पहले सहायता करने वाले लोगों को वाचाल और भिक्षुक मानता हुआ उनके सामने नहीं पड़ना चाहता । शरीर श्रान्त होने पर आँखें बंद किए प्रेयसी के निकट अलसाया रहता है, भले ही वह मधुर विषाक्त गुटिकाएं देकर घात करे ।

( ६२ )

एतस्मान्निर्विवेक - स्फुरितरदपट - स्फारजिह्वाफणाग्रं
फूत्कारैः फेनसारैः फलति च बहुधा फल्गुवाचां निगुम्फः,
एतेन स्वल्पभृत्यै निभृतभृतविभोः सह्यते गालिवाक्यं
सद्यः प्रोद्यद्दयावत् सरलमृदुतया मन्त्रविद्यादिवच्च ।

यह विवेकहीन होकर फड़कते हुए होठों से फन की नोंक जैसी जीभ निकाले गालियों की फेन-फुफकारें छोड़ता है, और स्वल्प वेतन के लिए एकान्त-पूजित अधिकारी की गालियाँ भी उमड़ती हुई करुणा की फुहारें मानकर मन्त्रविद्याओं की तरह सुनता और सह लेता है ।

( ६३ )

चक्षू रक्षाविभागे व्रजति विपुलतां नासिका न्यायकार्ये
कुल्यावेश्म-प्रबन्धे करतल-युगली शौण्डिके कण्ठनालः,
वक्षः शिक्षाप्रचारे जघनपटलिका नाट्यरङ्गाधिकारे
वाणिज्ये चारुवाणी कतिपयदिवसैः कुक्षिरङ्केक्षिकायाम् ।

रक्षा-विभाग में नेत्र, विधि में नासिका, नहर और भवन की व्यवस्था में हाथ, आबकारी में कण्ठनली, शिक्षा संकाय में सीना, नाट्य और कला-प्रतिष्ठानों में कटि, वाणिज्य में मधुर वाणी तथा अङ्केक्षण में पेट····अपने आप कुछ दिनों में बढ़ जाते हैं ।

( ६४ )

आखुर्गेहस्य भृङ्गः शतदलवसतेः काष्ठकुट्टो द्रुमाणां
नेत्रद्वन्द्वे निबद्धः परिचलचरणो गौर्गलिस्तैलिकस्य,
यां वा काकोदरो द्रागुपकृतिकलनां भूबिलानां विधत्ते
तामेवायं प्रयुङ्क्ते चतुरभृतिकरो निर्विशङ्कं नियोक्तुः ।

चतुर सेवक निःसंकोच अपने नियोक्ता अधिकारी का वही उपकार करता है जो— चूहा घर का, भौंरा कमल-सम्पुट का, कठफोड़वा पेड़ों का, दोनों आँखों में पट्टी से बँधा पैर चलाता गरियार बैल तेली का या पेट से चितकबरा साँप जमीन के अन्दर बने पराए बिलों का ।

( ६५ )

प्रातः कालेऽतिवेलं परिहृतशयनो नेत्रतापेन खिन्नः
कामं मध्याह्नकाले प्रभु-परिचरणैः शीर्षतापं प्रपन्नः,
सायं सालावृकाणां व्रजति विवशतां गात्रतापावसन्नः
शर्वर्यां जाग्रियाभिः श्वसिति च भृतकोऽनेकवारं विपन्नः ।

प्रातः देर से शय्या छोड़ने के कारण आँखों के ताप से उद्विग्न, दोपहर अधिकारी की सेवा में सिरदर्द से व्यथित, सायंकाल हरारती अवसाद लिए फालतू पशुओं की तरह कहीं जाने को विवश, अनिद्रा के कारण रातों में कई बार मर कर भी भृतक साँसें लेता रहता है ।

( ६६ )

कूर्चायामच्छविल्लो द्रुहिणगुरुतुलां कल्पयन्नात्मनीनां
कश्चिच्छैवालजालैः शबलजलरुहां सम्भ्रमं स्वीकरोति,
भूयः सत्यापनार्थं धयति च सुमनोमाधवीं श्वासलोलां
सायङ्काले प्रदुष्यन्मिहिरतरलितैरञ्चितां चञ्चरीकैः ।

दाढ़ियों से व्यक्तित्व संवारने वाला कोई कर्मचारी अपने को ब्रह्मा का जन्मदाता मानकर सेंवार से लिपटे कमल का रूप-विभ्रम धारण करता है । उसे सत्यापित करने के लिए सबेरे शाम सायंकाल, प्रदूषित सूर्य से खीझते हुए भौंरों की मनपसन्द, साँसों से बिखरने वाली पुष्प-माधवी का भी आचमन कर लेता है ।

( ६७ )

शीते स्वल्पा दिनश्रीः सुखयति जगतीं ग्रीष्मके स्वल्परात्रिः
स्वल्पीयः शब्दतन्त्रं वहति जनरुचिं प्राज्यमुद्वेजनाय,
रागः क्रीडा विहारो मदिरविलसितं प्रार्थना भोजनं वा
यत् स्वल्पं तत् सुमिष्टं यदपि बहुतरं तन्न मिष्टं विभाति ।

शीत ऋतु के छोटे दिन सुख देते हैं, गर्मी की छोटी रातें । थोड़ी सी बात सबकी समझ में आती है, अधिक से उद्वेग होने लगता है । आकर्षण, खेलकूद, विलास, मादकता, प्रार्थना और भोजन भी''''स्वल्प मात्रा में रहे तो मधुर लगते हैं । जैसे ही मात्रा अधिक हुई''''कोई मिठास नहीं रह जाती ।

( ६८ )

क्रोष्टा क्रोशेत् प्रकामं वनचरहरये यन्नु मह्यं प्रदेया
हृद्यं मांसं वरांशं हतहरिणतनोः क्षुत्परीहारहेतोः,
तज्जिह्मं सोऽनुगर्जेद्, विसृज शठ वनं कुत्रचिद् याहि गर्तं
स्वापत्यानाञ्च वक्त्रे बिभृहि शकलिकां दारुणोऽस्थीति कृत्वा ।

जंगल के शेर से भले ही शृगाल गिड़गिड़ाए कि मारे गए हिरन के कलेजे से एक अच्छी सी बोटी भूख मिटाने को मुझे भी दीजिए—पर वह पलट कर गर्जेगा—हरामी ! छोड़ दे यह जंगल, किसी खड्ड खाई में घुस जा । हड्डी बताकर बच्चों के मुंह में ठूंस दिया कर सूखी लकड़ियां ।

( ६९ )

कः सञ्जिघ्रेन्मनीषी क्षितिजसुरभितं व्योमरन्ध्रप्रसूनं
वीताकारस्य को नु प्रभवतु च विभोः कल्पितुं रूपरेखाम्,
कः स्तोकं वेत्तु धीरो यमसदनगतां चित्रगुप्तस्य वृत्तिं
विश्वस्यात् कश्च पत्रावलिपुट-पिहितां शासकीयां सपर्याम् ।

कौन प्रतिभाशाली क्षितिज पर महक रहे आकाशकुसुम सूँघने या निराकार ईश्वर की रूपरेखाएँ कल्पित करने में समर्थ हो सकता है ? यमलोक में चल रही चित्रगुप्त की मनःस्थितियाँ कौन साहसी भाँप सकता है तथा पन्ने पन्ने की फाइलों में बन्द सरकारी नौकरी का कौन भरोसा रख सकता है ?

( ७० )

वंशः पर्वप्रकर्षः प्रपदवसुमती-बद्धमूलः सहेलं
निश्शाखः स्वल्पपत्रो लघयति तरसा शाखिनो भूरिपत्रान्,
पश्चादाकाशवीथी - कुतुकपरिचयाद् वीतकार्योऽनुशायी
वारं वारं वराको विलुलितशिरसा वष्टि भूसन्निकर्षम् ।

पंजे भर जमीन में जड़ गड़ाए थोड़ी पत्तियों वाला पोर-पोर बढ़ता बिना डाली का बाँस बड़ी जल्दी पत्तियों से लदे डालदार वृक्षों को छोटा सिद्ध कर देता है, किन्तु बाद में आकाशवीथियों की रहस्यहीनता से अपने को व्यर्थ मानता हुआ, पछताता, जमीन के पास ही पहुँचना चाहता है ।

( ७१ )

यस्मिन् घस्रे स केशं प्रथमपलितकं बालचन्द्रप्रभासं
पश्यत्यग्रे विलोलं विशदविषभरं सूचिकाग्रं जरायाः,
तस्मिन् वैराग्यवृन्दां वपति हृदजिरे सिञ्चति स्तोत्रवेदीं
श्वासानामालवालं नियमयति चिरं वेपते चानुतापैः।

जिस दिन वह देखता है पहला पका हुआ केश—नन्ही जुन्हाई सा, ललाट पर लपकता बुढ़ौती का सफेद जहर भरा काँटा, उसी दिन हृदय के आँगन में, ईश्वर भजन की वेदी सींचकर, साँसों की बिखरती क्यारी सँवारकर, पछतावे से सिहरता हुआ एक निःसंग तुलसी का बिरवा लगा लेता है।

( ७२ )

सायासं म्लेच्छभाषाः सततरटनया वृत्तयेऽभ्यास योऽसौ
सम्प्रत्याविग्नचेताः पठितुमभिलषत्येकलां देववाणीम्,
तारुण्ये दीर्घशायी बत परियतते जागरायै प्रभाते
पूर्वं नास्तिक्य-धर्मा वहति मधुरिपौ प्रौढवत्मर्माऽनुरागम्।

प्रयत्नपूर्वक रटकर जो जीविका के लिए म्लेच्छ-भाषाओं का अभ्यास करता रहा, वही अन्तर्मन से उद्विग्न अब केवल संस्कृत का अध्ययन करना चाहता है। यौवन में देर तक सोने वाला....कष्ट से सही, ब्राह्म मुहूर्त में जागने का प्रयत्न करता है और कट्टर नास्तिक भी प्रौढ़ होकर भगवान् विष्णु पर अगाध श्रद्धा रखने लगता है।

( ७३ )

का चेमे कर्मनाशा मुखबिलकलना यत्कृता दन्तपातैः
पूर्वं पीयूषपुष्टा रदपदपटली धन्वलीलां वितेने,
माद्यद्भृङ्गालिनीला चिकुररुचिकला शुक्लिमानं जगाहे
राकाऽऽदर्शञ्च रूपं सपदि मलिनतां शिश्रिये दर्शकल्पाम् ।

किस कर्मनाशा का पानी पी लिया जो गिरते हुए दाँतों से मुख विवर बनने लगा है, अमृतरस से भरे होठ पठार बनने लगे हैं । मतवाले भौंरों के झुण्ड जैसे केश उजले पड़ते जा रहे हैं और पूरनमासी सा निखरा रूप अमावस की तरह मटमैला होता जा रहा है ।

( ७४ )

मोहप्रावृड् विपङ्का विषममदझरी वीतकण्ठप्रसेका
निष्कूजाऽनङ्गपूजा निभृतभयवती देशना शूरतायाः,
ह्रीशून्या भैक्ष्यवृत्तिर्जलधिमथनिका चैव नीरज्जुवृत्तिः
प्रौढा वेलाऽतिवेला प्रभवति परितो वेल्लयन्ती प्रतीपान् ।

प्रौढावस्था भी क्या है ? बिना दाग और कीचड़ की मोहभरी बरसात, गला तक न सींच पाने वाली मादकता, मन में चलने वाली कामनाओं की स्तोत्र-लहरी, भीतर से डरती शूरता की ललकार, सङ्कोच न करती हुई याचना और बिना रस्सियों के हिले समुद्रमन्थन की दुश्चेष्टा । यह आती है, तो विरोधाभासों की अटूट परम्परा संग-संग लिए आती है ।

( ७५ )

योगी सायुज्यभोगी रहसि विहरते सोऽहमस्मीति कृत्वा
भोगी विभ्रान्तयोगी भवति तनुरतिः साऽहमस्मीति कृत्वा,
रोगी दुःसाध्यमेधा विलपति करुणं नोऽहमस्मीति कृत्वा
रागी सत्काव्यवेधाः सृजति च भुवनं नाऽहमस्मीति कृत्वा ।

जब भी अकेला हुआ...योगी अपने को ब्रह्म मानकर अन्तश्चेतना में लीन हो जाता है, भोगी अस्थिर मन के कारण स्वयं को माया समझकर शृङ्गार में लग जाता है । अधेड़ रोगी अपने को असाध्य और महत्त्वपूर्ण मानकर करुण प्रलाप करता है तथा स्वयं को अच्छा इन्सान मानने वाला कवि नए विश्व की रचना में संलग्न हो जाता है ।

( ७६ )

प्रौढत्वे तुद्यमानः परगृहवलभीलम्बमानैर्मयूरैः
स्वीयं हेमन्तवात्या-निभृतविलुलितं बर्हमुद्यन्तुकामः,
सावित्रं दीप्रमन्त्रं जलनिधिमथनोद्भूत-भैषज्यतन्त्रं
निर्यन्त्रं सेवतेऽसौ किमु च न कृतकं नव्य-विज्ञानयन्त्रम् ।

प्रौढावस्था में पराई ढलवाँ छत से पंख लटकाए रंगीन मोर इसे झटका दे जाते हैं । यह....ठंडी हवा से विथरे हुए अपने मोरपंख फिर से सजाने के लिए आकाशीय ऊर्जा, समुद्री भैषज्य रसायन और नूतन विज्ञान के अनेक प्रसाधनों का प्रयोग कर डालता है ।

( ७७ )

प्राता रथ्यासु खेलाचटलचरणको वष्टि तारुण्यकान्तिं
कृच्छ्राद् वल्मीकशीर्षे प्रचल इव कलां वाहसः पन्नगस्य,
सायं नेपथ्यलीनो वितथ-नटकथा एष शृण्वन् सुहृद्भ्यः
साधारण्यं स्वकीयं न खलु जनकतो मन्यते लक्ष्मणेन।

दीमक की बाँबी पर चढ़कर जैसे अजगर काला नाग बनना चाहे, वैसे ही सबेरे सड़कों पर दुलकी दौड़ता हुआ यह आजकल तारुण्य चाहता है, सायंकाल नेपथ्य में छिपकर गप्पें बताने वाले मित्रों से नाटकीय कहानियाँ सुनता है तो अपने रसबोध का साधारणीकरण जनक से नहीं, लक्ष्मण से किया करता है।

( ७८ )

नो शुष्यत्पत्रराजी जनयति परितः सुप्रसारं समीरं
म्लानो वह्निर्न तापं कलयति जलदो नाश्विने बिन्दुपातम्,
न श्वभ्रं संविदध्यात् प्रहरशतचला शर्वला कुण्ठिताग्रा
नुन्नायुर्ना च नूनं नवलविलसनं नैव नेयो निनङ्क्षुः।

सूखते हुए पत्तों की पाँत तेज बयार नहीं उत्पन्न करती, मुरझाई आग से आँच नहीं निकलती, क्वार का बादल पानी की बौछार नहीं दे पाता, देर से भी गोंठी सावल धरती पर चिन्ह नहीं बना पाती...तो क्षरण और विराम रेखा की ओर बढ़ रहा व्यक्ति नई सज-धज के प्रति क्यों उन्मुख रहे।

( ७९ )

उत्पद्यन्तामवन्याः शबलितगगनप्रान्तरा लोलतारा
और्वो वह्निश्च नित्यं पुरि पुरि गृहिणां पूरयेत् पाकसौख्यम्,
कामं क्लिश्येत् पिनाकी द्विमुखडमरुकं दोलयन् शैलशृङ्गे,
नायं भूयो ढकारः प्रतिरवतरलां टङ्कृतिं कर्तुमीष्टे ।

अन्तरिक्ष के घन विरल तारे धरती से उगने लगें, बडवानल नगरों में फैलकर लोगों की रसोई के काम आने लगे और पिनाक-पाणि शंकर (नई वर्णमाला के लिए) दोमुहाँ डमरू बजाते बजाते थक जायँ, पर ढकार खनकती अनुगूँज वाला टकार न बन पाएगा ।

( ८० )

कालिन्दीं गाहमानः स्पृहयति मनसा द्रोणिकानिर्झरेभ्य-
स्तत्र स्नात्वाऽपि खिन्नो व्रजति स जवतः कोष्णकुण्डान्तराणि,
पर्यायैः कूपवापीह्रदगिरिसरितां कुम्भिकाः सेवमानः
प्रौढोऽयं दीनदीनः श्वितिपरिवलनं गङ्गया पोपवीति ।

यमुना में प्रवेश करता यह मन दौड़ाता है पठारी झरनों की ओर । वहाँ स्नान करके कुण्ठाएँ लिए बढ़ता है गरम पानी वाले खदानी पोखरों में । क्रमशः कुआँ, बावली, गहरे तालाब और पहाड़ी नदियों को जलकुम्भियाँ तोड़ता हुआ बेचारा अंगों की सफेद परत गङ्गा में धोकर पवित्र कर रहा है ।

( ८१ )

कृष्णत्वं वस्त्रकान्त्या कपिलपरिणतिः स्निग्धपालाशजात्या
किर्मीरत्वं कदर्थीकृतविधुरुचिना सद्मनां जालकेन,
मृत्कूटेनार्जुनत्वं यदपि च खलतौ भीमरूपे कपाले
किञ्चित्कालेन वेद्यं भवति तदविदा कोऽन्यथाकर्तुमीष्टे ।

कुछ दिनों में जैसे कपड़ों की उजास पर (कृष्ण सी) धूमिलता, चिकने पत्तों के रंग में (कपिल मुनि सा) पीलापन, चाँदनी को फीकी बनाने वाले महलों की चमक में (किर्मीर दैत्य सा) चितकवरापन आ जाता है वैसे इस पुतले के (भीम जैसे) अर्धखल्वाट शीर्ष पर (अर्जुन जैसी) सफेदी दिखने लगी । इसे कौन रोक सकता है ?

( ८२ )

जीनः केशैर्विहीनो लघयति सुषमां सौगतीं स्निग्धशीर्षा-
मष्टावक्रं स्वकट्या प्रचल-तलपटीरिष्टया संवृणीते,
प्रत्यङ्गस्यूतकिट्टैस्तुलयति लवशः किञ्च वाल्मीकिलीलां
दन्ताभावेन पुंसु प्रभवति मतिमान् सोऽनुभूतिस्वरूपः ।

वृद्ध खल्वाट होकर केशरहित बुद्ध का सौन्दर्य छोटा बना देता है, कूल्हों पर दुखती कमर से अष्टावक्र को मात कर देता है, शरीर की अंग प्रत्यंग की मैल से वाल्मीकि का अनुकरण करता है और अधिकांश दाँत गिर जाने से लोगों के बीच (पुंसु शब्दरूप की वैकल्पिकता से विख्यात) विशिष्ट विद्वान् अनुभूति-स्वरूपाचार्य बन जाता है ।

( ८३ )

प्रत्येकं वाद-वेद्यां विधिपरिविदुरो व्याधिते रोगहारी
यज्ञेऽध्वर्युः सभायामपि वरविदुषां मान्यमुख्यातिथिः सन्,
वर्षीयान् यावदुच्चैर्वदति बहुतरं माल्यनिर्माल्यविभ्राट्
तावद् वै घुर्घुराभिः पुरिशय-ललनाः साधु वर्धापयन्ति ।

प्रत्येक न्यायवेदी में विधि का ज्ञाता, रोगी के निकट वैद्यराज, यज्ञ में पुरोहित और विद्वानों की सभा में मुख्यातिथि बना हुआ वृद्ध मुरझाती पुष्पमालाएँ पहने गंभीरतापूर्वक बोलने लगता है तो बैठे बैठे सो लेने वाली महिलाएँ घर्र-घर्र ध्वनियों से उसे खूब अभिनन्दित करती हैं ।

( ८४ )

सर्वज्ञः सन् प्रकाशं प्रकटयतितरामज्ञतामात्मनीनां
संश्लिष्टो माययाऽयं पृथगिव रमते किञ्च कूटस्थशीलः,
रोषज्वालावलीभिः कलुषितकरणो नैव सत्त्वं लुनीते
ब्रह्मास्मीति प्रवृत्तिं सततमवहितो दर्शयन् यातयामः ।

मैं ब्रह्म हूँ, इस प्रवृत्ति का सावधानी से अभिनय करता हुआ वयोवृद्ध, सब कुछ समझकर भी लोगों के समक्ष अधिक जागरूकता प्रदर्शित नहीं करता । माया और मतलब से लिपट कर भी तटस्थ प्रसन्नता का आवरण रखता है और क्रोध की लपटों से अन्तर्मन झुलसते होने पर भी सरलता की साँकल तोड़ता नहीं ।

( ८५ )

सान्द्राभिर्दूषिकाभिः पथि पथि वृजिनं शीलितं लोचनाभ्या-
ञ्जीर्णः कर्णोपघातैरपि च निशमिताः पुष्कलाः फल्गुवार्त्ताः,
शुष्यद्गण्डप्रवृत्त्या न खलु विजहतीं प्रत्नपैशुन्यवृत्तिं
कम्पैर्गात्रस्य चष्टे यदहमकरवं यौवने भूरिपापम् ।

आँखों की बहती कीचड़ से गली घाट के दृष्टिदोष, मुद्रित कानों से (प्रयत्नपूर्वक) सुनी गई अनर्गल बातें, सूख कर भी हिल रही मलपटी से न छोड़ती हुई चिर-पिशुनता और पूरे शरीर की कंपकंपी से यौवन के अनेक पाप वृद्ध स्वीकार सा करता रहता है ।

( ८६ )

पुष्यत्स्वप्नाङ्कुरानो छुरितपरिमला लूयतेऽदृष्टकीटैः
कान्तस्मेरा प्रवालोपचयसुललिता म्लायति प्राणवल्ली,
प्रीतिच्छद्मालवालो विदलति तरसा शुष्कतामेति मूलं
संज्ञासूत्राणि शून्ये स्वरयति हतधीः सोऽयमुद्यानपालः ।

सपनों के प्रस्फुटित अंकुर, सुगंध बिखेरते-बिखेरते न जाने किन भाग्य-कीटों द्वारा कुतर दिए गए, प्राणों की लतर नई कोपलों से लहकती मुस्कराती मुरझाने लगी और स्नेहबन्धनों की बनावटी क्यारी जड़ सुखाती फूट चली । माली कितना बेसुध है, अब भी सूने में संज्ञाओं की डोर पकड़े बाँग लगाए जा रहा है ।

( ८७ )

उदबृंहत्कुक्षिकोषः स्वपिति न पुरतो वीक्षतेऽसौ क्षुधार्त्तं
दास्याः पुत्रं गृहान्तर्मलिनभृतिकरं क्षामवक्त्रं भुजिष्यम्,
तन्नीतं स्वादुपेयं घृतभरसुरभिव्यञ्जनं तत्प्रणीतं
तिक्तं कारुण्यबाष्पैरहरहरलसो मङ्क्षु भुङ्क्ते स्वधाभिः ।

कोई वृद्ध उदर पुष्ट कर सोने लगता है, घर में ही जूठन की प्रत्याशा में टहल कर रहे, भूख से मुरझाती आकृति वाले परिचर की अनदेखी कर देता है। जब कि आलस्यवश नित्य उसी के द्वारा लाए गए स्वादिष्ट पेय पीता है, चाहे वे करुणा के आंसुओं से कषायित ही क्यों न हों...और उसी के बनाए घृतसुरभित भोजन करता है, भले ही वे पिण्डदान की श्रद्धा से परोसे गए हों ।

( ८८ )

स्थूलः सूना-पिचण्डो वलित इव तरुः सर्जको जातगुल्मः
क्रीडावासः शिशूनां क्व न परिलभते थूत्कृतं कोटरेषु,
शङ्कन्ते तं हि लोका अवहृतकलशं स्तेयसम्पत्खनीनां
खाद्यानां दीनगेहादपि च परहितच्छद्मना लुञ्चितानाम् ।

तने की उभरी ग्रन्थि से झुके हुए सरई वृक्ष पर बच्चे खेलते और कोटरों में पानी गिराते हैं । कुछ ऐसा ही होता है अनावश्यक तोंद वाला स्थूल व्यक्ति । लोग सोचते हैं कि यह जमीन से निकाली गई माल की मटकी या परोपकार के बहाने निर्धनों से एकत्रित अनाज की बोरी छिपाए हुए है ।

( ८९ )

दुग्धं कस्मिन् मुहूर्ते क्वथन-परवशं कल्पते विक्रियायै
शस्यं केदारमध्ये मृदुलमिहिकया पत्रशोषं प्रयाति,
जिह्वातीर्थेऽशनायासरितमपि तरन् ग्रस्यते विप्रलब्धो
ग्रासग्राहेण लुब्धो जरठपुरुषकः प्राङ् न कोऽपि प्रवेद ।

उबलने की लाचारी में दूध किस क्षण फट जाएगा, खेत में खड़ी फसल ओस की किस फुहार से सूखा रोग पाल लेगी और जिह्वा-तीर्थ में भूख की नदी पार करता हुआ जरठ किस कौर रूपी मगरमच्छ द्वारा प्रलोभन के जबड़े में जकड़ लिया जाएगा ? पहले से कोई नहीं जानता ।

( ९० )

सुप्तः सम्राडुत श्वा भवति समरुचिः स्रस्तनिःशेषगात्रः
शश्वद् विस्फारशीलां श्वसितगुणनिकावैकृतीं सन्दधानः,
एकः स्वप्नायमानो विमृशति यदहं कर्हिचिच्छ्वा भवेयं
काङ्क्षत्यन्यश्च कामं भवितरि जनुषि स्यां कुतस्त्योऽपिराजा ।

सोया हुआ राजा या श्वान एक जैसा होता है । दोनों शरीर शिथिल किए साँसों का विकृत पहाड़ा दुहराते रहते हैं । एक सपने में सोचता है कि मैं कभी श्वान बनता और दूसरा उन्हीं घड़ियों में चाहता है—अगले जन्म में मैं कहीं का राजा बनूं ।

( ६१ )

वंशस्थो घ्राणलेशः सपदि नयनयोः स्यन्दते सोमराजी
कम्प्रे जानुप्रचारे व्रजति परिचयं तद् भुजङ्गप्रयातम्,
वातोर्मिः पृष्ठपार्श्वे प्रहरणकलिका वर्द्धते हृत्प्रदेशे
मन्दाक्रान्ता च रक्तप्रसृतिरनियतं जायते पुष्पिताग्रा ।

शरीर वेदनाओं का छन्दः शास्त्र बन गया है। सूंघ पाने की शक्ति (वंशस्थ) नाक के ऊपर सीमित रह गई है। आँखों में झलकती हैं (सोमराजी) कई चन्द्रलेखाएँ, डोलने में काँपते घुटनों से (भुजङ्ग-प्रयात) सर्प-गति का परिचय मिलता है, पीठ के पार्श्व भाग में (वातोर्मि) वात की लहर और हृदय में (प्रहरण-कलिका) घातक टीस बढ़ती है। रक्तप्रवाह की स्थिति अनियमित होकर (मन्दाक्रान्ता) मन्द रक्तचाप और कभी (पुष्पिताग्रा) उच्च रक्तचाप में परिणत हो जाती है।

( ६२ )

ज्ञानं प्राज्याभिमानं भजति भिदुरतां सन्धिभिः कीकसानां
कोषस्थं स्वापतेयं व्रजति ननु समं श्लेष्मभिर्नालिकासु,
सम्पन्ना मित्रमाला त्यजति परिचयं कृच्छ्रनिःश्वासकम्पैः
कालोऽयं क्विप्चरित्रो यजति न किमरे विश्वजित् सत्रमेव ।

अस्थि-सन्धियाँ और अभिमान भरे ज्ञान एक साथ दरक रहे हैं, कोष-संचित धन और कफ आदि विकार नालियों में बह रहे हैं, मित्र मण्डली और पीडा भरी साँसें संग-संग पहचान छोड़ रही हैं। (सर्वापहारी लोप वाले) क्विप् प्रत्यय की तरह, लगता है, यह अवस्था (अशेष दान का) विश्वजित् यज्ञ कर डालेगी।

( ९३ )

मृत्कूटो वार्द्धकेऽयं विविदिषतितरामङ्कुराणां विलासं
लास्यं जातीलतानां स्मृतिमवतरति स्थाणुशाखोटकस्य,
किन्तु क्रव्यानुरूपां पृथुतरकरकामञ्जसा सेवमानः
कीर्णत्रोटिः क्षणार्धे लवपरिलुलितो ध्वाङ्क्षवद्वाव्यथीति ।

माटी का पुतला चरम अवस्था में नए अंकुरों का उल्लसित रहस्य समझना चाहता है । सूखते सेंहुड़ की स्मृतियों में एक बार हरी भरी चमेलियाँ थिरक उठती हैं । किन्तु यह विभ्रम····सुडौल विनौलियों को कच्चे मांस के टुकड़े समझकर अचानक चखने वाले और चोंच टूटने से क्षण भर में नीचे लुढ़क जाने वाले कौए की तरह उसे चोट दे जाता है ।

( ९४ )

योऽसौ शाखामृगोऽभूत् तनुपदयुगलीं चालयन् बाल्यकाले
शार्दूलोदग्रलीलां तरुणिमनि नवां शिश्रिये धीरचारः,
प्रौढः स्तम्बेरमाणां व्यधितगतिविधिं हन्त धिक्कारपात्रं
सोऽयं खट्वानिलीनो ज्वरदजगरतां वार्द्धके वावहीति ।

जो शैशव में नन्हे पाँव सरकता हुआ शाखामृग बना था । यौवन में ठिठक कर चलता था वेगवान् चीतों की तरह । प्रौढ होने पर जिसकी प्रविधियों से मतवाले हाथियों की चाल-ढाल धिक्कार योग्य लगती थी, वही आज चारपाई पर पड़ा बुखार से तड़पते अजगर की स्थितियाँ झेल रहा है ।

( ९५ )

अल्पीयः पीतशेषं वितर हिमजलं तर्पणं पूर्वतो मे
को जानीते मुमूर्षा-कलुषितसमये स्यान्न वा पार्श्ववर्त्ती,
इत्थं वेश्मावहेलाविदलितरसनः कोऽपि वार्द्धक्यदीनः
पुत्रं दीर्घप्रवासान्निकटमुपगतं याचते क्षामकण्ठः।

पीने से बचा हुआ थोड़ा शीत जल मुझे भी देना, इसे पहले से तर्पण की अँजुरी मान लो। कौन जानता है, मृत्यु की छटपटाती घड़ियों में पास रह पाओ या नहीं? इस भाँति घर के तिरस्कारों से बेस्वाद किया गया कोई वृद्ध दीर्घप्रवास से लौटे हुए पुत्र से, सूखे गले, अनुरोध करता है।

( ९६ )

भावाः सञ्चारशीलाः समयगुणमिता विद्युदुन्मेषभासः
साहित्ये राजनीतौ युवजनचरिते जातुचिल्लक्ष्यमाणाः,
कीनाशे सन्निकाशे स्थितवति तरसाऽलात चक्रायमाणा
एकीभूय स्वकीयां परिचयपदवीं प्राणिनं प्रापयन्ति।

साहित्य, राजनीति और तरुणलीलाओं में अवसर तथा प्रकृति के अनुसार बिजली की कौंध के समान थोड़ी देर के लिए (तैंतीस में से) कुछ संचारी भाव दिखलाई पड़ जाते हैं, पर मृत्यु देवता के निकट पहुँचते ही तेज घूमती हुई अधजली लकड़ी की परिधि-रेखा बने हुए सब के सब एक साथ मरणोन्मुख को अपना परिचय देते हैं।

( ९७ )

कश्चिद् दुर्व्याधिदावानलपरिदलितो रङ्कुवत् प्रैति रङ्कुः
मृत्यां कोऽपि श्वचेष्टः प्रसृमरकरणो दीर्यते चक्रिकाभिः,
अन्यो दुर्वारशूलाद् बडिशतरलितां लम्बते मीनमुद्रां
धन्यो हंसश्च कश्चित् त्यजति निजतनुं योगनिद्राबलेन ।

कोई असाध्य व्याधि की जंगली आग में झुलसते हिरन की तरह मरता है, कोई मार्ग में वाहनों के पहिए से कटे हुए श्वान की तरह बिखर जाता है । दूसरा किसी तीव्र वेदना की अनुभूति से, काँटे में फँसा कर लटकाई गई मछली की तरह तलझता है । धन्य तो वह जीवन्मुक्त है जो अपना शरीर बिना किसी क्लेश के योगनिद्रा में ही छोड़ देता है ।

( ९८ )

कोऽयं कं कालमाप्तो भुवि चिरमुषितो हेतुना हन्त ! केन
स्वाहाकारेण दीनो व्यतरदपि हविः खर्वदेवाय कस्मै,
कस्माद् दोषान्मृतोऽभूद् द्रविणसमुदयं न्यक्षिपत् कस्य भाग्ये
कस्मिन् वा स्नेहपाशेऽस्वदत चिरतृषामित्यलं किंवदन्त्या ।

यह कौन है, किस स्थिति को पहुँच गया, इतने दिनों धरती पर क्यों रुका था ? बेचारा आहुति देकर किस खोटे देवता की पूजा करता रहा, किस दोष के कारण मरा, सारी सम्पत्ति किसके भाग्य में रख गया अथवा किस अधूरे स्नेहबंधन के लिए तरसता रहा इन बातों (किम् शब्द की रूपमालाओं) का सन्दर्भ अब नहीं रह गया ।

( ९९ )

देहो दुर्गन्धमाप्तो भवति तृणनिभा लालिता लोमराजी
रक्तं वारीयते द्रागुपलपरिजडा जायते कीकसालिः,
श्वासश्रेणीप्रमीला - गलितपरिचयस्यास्य मृत्सञ्चयस्य
श्लोको जागर्त्ति शेषः प्रतिरवकलया केवलं स्मर्यमाणः ।

शरीर में बास आ गई चिरलालित रोम तिनके बन गए। रक्त पानी और अस्थियाँ दृढ़ पत्थर बन गईं। श्वास-परम्परा के बन्द होते ही माटी के पुतले द्वारा सहेजे गए सारे परिचय समाप्त हो गए… केवल स्मरण करने पर अनुगूंज की तरह छन कर आती हुई कीर्ति (और कविता) में चेतना का अंश शेष रह गया है।

( १०० )

मृत्स्नायाः संप्रजातः सुचिरमवकलन्मृत्तिकाभिर्विनोदं
मृत्सार्थं सस्पृहोऽभूदुचितमनुचितं सर्वमर्थं व्यतार्षीत्,
सम्प्रत्येवञ्च लोष्टैरपिहितविवरे चत्वरेऽसौ मृदायाः
शेते विश्रान्तबोधो निपतति नियतं मृत्तिकायां मृदंशः ।

माटी से उपजा, माटी के खेल खेले। एक चिकनी मिट्टी पर ललचाया। अपनी-पराई धन-संपदाएँ लुटा दीं। अब तो ढेलों से ढँकी गई खाई पर बने माटी के ही चबूतरे में यह संज्ञाहीन होकर लेट गया है। मिट्टी का प्रत्येक आकल्पन मिट्टी में मिलने को बाध्य होता है।

—❁—

## TO OUR CONTRIBUTORS

The *Journal of the Gangānātha Jhā Kendrīya Sanskrita Vidyāpeetha* is a quarterly research Journal of Indology. Articles in all branches of Indology are invited from the scholars for publication in the Journal.

The articles should normally be written in English. However, those written in Sanskrit or Hindi may also be accepted. The journal also publishes small, hithertoo unknown Sanskrit works or those edited afresh with the help of new manuscripts material. The articles sent in for publication should be typed in double space with sufficient margin on the left on one side of the paper. Footnotes should be numbered in consecutive order. All Sanskrit and non-English words should be underlined. In Bibiliographical references the titles of journals and books should be underlined and the place as well as the year of the publication in respect of books should be mentioned at its first occurrence.

The joutual follows the international system of transliteration of Sanskrit words.

Each contributor is given 25 offprints of his article free of cost along with a copy of the issue of the Journal containing his paper. The authors are requested to give their full postal addresses and to supply a short *bio data* for favour of publication in the Journal.

The Journal also publishes obituaries of the Sanskrit scholars, comments on the articles published in this Journal, book reviews and other relevant material pertaining to the field of Indology. The publishers are requested to send two copies of the work that they want to get reviewed in the columns of this Journal.

All communications are to be addressed to :

*The Principal*

**G. N. Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeetha**
**Chandrashekhar Azad Park**
**ALLAHABAD-2**
(*India*)